तरियां जाणै सै?” यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, “इसतै पैहल्या के
फिलिप्पुस नै तेरे ताहीं बुलाया, तो मन्नै तेरे ताहीं देख्या था जिब तू
अंजीर कै दरखत तळै था।” 49 नतनएल नै उस ताहीं जवाब दिया, “हे
गुरु, तू परमेसवर का बेट्टा सै, तू इस्राएल का राजा सै।” 50 यीशु नै उस
ताहीं जवाब दिया, “मन्नै जो तेरे तै कह्या के मन्नै तेरे ताहीं अंजीर कै
दरखत तळै देख्या, के तू इस्से बात पै बिश्वास करै सै? तू इसतै भी बड़े-
बड़े काम देक्खैगा।” 51 फेर उसनै कह्या, “मै तेरे तै सच-सच कहूँ सूं,
के थम सुर्ग नै खुल्या होड़ अर परमेसवर के सुर्गदूत्तां ताहीं मुझ माणस
कै बेट्टे कै खात्तर नीच्चै उतरदे अर उप्पर जान्दे होए देक्खोगे।”

**2** फेर तीसरे दिन गलील परदेस कै काना नगर म्ह किसे का ब्याह
था, अर यीशु की माँ भी ओड़ैए थी। 2 यीशु अर उसके चेल्लें भी उस
ब्याह म्ह न्योंद राक्खे थे। 3 जिब अंगूर का रस खतम होग्या, फेर यीशु
की माँ उसतै बोल्ली, “उनकै धोरै अंगूर का रस कोनी रहया।” 4 यीशु नै
उसतै कह्या, “हे नारी, या बात तू मेरे तै क्यूँ कहवै सै? इब्बै मेरा बखत
कोनी आया।” 5 पर उसकी माँ नै नौकरां तै कह्या, “जो कुछ यो थारे
ताहीं कहवै, न्यूए करियो।” 6 यहूदी परम्परा के मुताबिक शुद्ध करण कै
खात्तर ओड़ै छः पत्थर के पैण्डे धरे थे, जिन म्ह दो-दो, तीन-तीन मण
पाणी आवै था। 7 यीशु नै उनतै कह्या, “पैंढ़ा म्ह पाणी भर द्यो।” अर
उननै वे मुँह तक भर दिए। 8 फेर यीशु नै नौकरां ताहीं कह्या, “इब
काढकै भोज कै प्रधान धोरै ले जाओ।” अर वे लेगे। 9 जिब भोज कै
प्रधान नै वो पाणी चाख्या, जो अंगूर का रस बणग्या था अर वे न्ही जाणै
था के वो कड़ै तै आया सै पर जिन नौकरां नै पाणी काढ्या था वे जाणै
थे फेर भोज कै प्रधान नै बन्दड़े ताहीं बुलाकै उसतै कह्या, 10 “हरेक
माणस पैहल्या बढ़िया अंगूर का रस देवै सै, अर जिब माणस पीकै
छिक्क जावै सै, फेर हल्का देवै सै, पर तन्नै बढ़िया अंगूर का रस इब
ताहीं राख राख्या सै।” 11 यीशु नै गलील परदेस के काना नगर म्ह
अपणा यो पैहला चिन्ह-चमत्कार दिखाकै अपणी महिमा जाहिर कर दी
अर जिसकी बजह तै उसके चेल्यां नै उसपै बिश्वास करया। 12 इसकै
बाद वो अर उसकी माँ अर उसके भाई अर उसके चेल्लें कफरनहूम
नगर म्ह गए अर ओड़ै कुछ दिन रहे। 13 यहूदियाँ का फसह का त्यौहार
लोवै था, अर यीशु यरुशलेम नगर म्ह गया। 14 उसनै मन्दर म्ह बळध,
भेड़ अर कबूतर बेच्चण आळे अर सर्राफां (पईसा का लेण देण करण
आळे) ताहीं बेठ्ठे होए पाया। 15 फेर उसनै जेवड़ियां का कोरड़ा बणाकै,
सारी भेड्डां अर बळधां ताहीं मन्दर तै काढ दिया, अर सर्राफां के पईसे
खिन्डा दिए अर उनके पीढ़े पलट दिए, 16 अर कबूतर बेचण आळा ताहीं
बोल्या, “इन्हनै उरै तै ले जाओ। मेरै पिता कै घर नै व्यापर का घर ना
बणाओ।” 17 फेर उसकै चेल्यां नै याद आया के पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या
होड़ सै, “तेरे घर की धुन मन्नै खा ज्यागी।” 18 इसपै यहूदी अगुवां नै
यीशु तै कह्या, “तू म्हारै ताहीं कौण सा अदभुत निशान दिखा सकै सै?”
जो इस तरियां के काम तू करै सै, यो साबित हो सकै, के तू उसका हक
राक्खै सै। 19 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “इस मन्दर नै ढ़ा दो, मै
इसनै तीन दिन म्ह बणा दियुँगा।” 20 यहूदी अगुवां नै कह्या, “इस मन्दर
कै बणाण म्ह छियालिस साल लाग्गे सै, अर के तू इसनै तीन दिन म्ह
बणा देवैगा?” 21 पर यीशु नै उनतै अपणी देह रूपी मन्दर कै बारै म्ह
कह्या था। 22 आखर म्ह जिब वो मरे होया म्ह तै जिन्दा होया, जिब
उसकै चेल्यां नै याद आई, के उसनै यो कह्या था, अर उननै पवित्र ग्रन्थ
के वचन जो यीशु के जिन्दा होण के बारें म्ह बतावै सै, अर उननै यीशु के
जरिये कहे होए वचनां पै बिश्वास करया। 23 फसह के त्यौहार के दिन्नां
म्ह जिब यीशु यरुशलेम नगर म्ह था, तो उसके जरिये करे गये चिन्ह-
चमत्कार के काम्मां नै देखकै घणे माणसां नै उसपै बिश्वास करया। 24
पर यीशु नै अपणे-आप ताहीं उनकै भरोसै पै कोनी छोड्या, ज्यातै वो
सारया नै जाणै था, 25 अर उसनै इस बात की जरूरत कोनी थी के
कोए आकै उसनै माणसां के बारै म्ह बतावै, क्यूँके वो खुदे जाणै था के
माणस कै मन म्ह के सै?

**3** फरीसियाँ म्ह तै नीकुदेमुस नाम का एक माणस था, जो यहूदियाँ का
प्रधान था। 2 उसनै रात नै यीशु के धोरै आकै उस ताहीं कह्या, “हे
गुरु, हमनै बेरा सै के तू परमेसवर की ओड़ तै म्हारे ताहीं सिखाण खात्तर
आया सै, ज्यातैए कोए इन चिन्ह-चमत्कारां नै जिननै तू दिखावै सै, जै
परमेसवर उसकै गेल्या ना हो, तो दिखा कोन्या सकदा।” 3 यीशु नै उस
ताहीं जवाब दिया, “मै थारे ताहीं सच कहूँ सूं, जै कोए नए सिरे तै ना
जन्म ले तो परमेसवर का राज्य देख न्ही सकदा।” 4 नीकुदेमुस नै उस
ताहीं कह्या, “माणस जिब बूढ़ा होज्या, तो किस ढाळ जन्म ले सकै सै?
के वो अपणी माँ कै गर्भ म्ह दुसरी बर भीत्तर बड़कै जन्म ले सकै सै।”
5 यीशु नै जवाब दिया, “मै तेरे तै सच कहूँ सूं, जिब ताहीं कोए माणस
पाणी अर आत्मा तै ना जन्मे तो वो परमेसवर के राज्य म्ह बड़ न्ही
सकदा। 6 क्यूँके मानव देह म्ह जन्म सिर्फ देह का जन्म सै, जिब के
आत्मा तै जन्म नया जन्म सै। 7 हैरान ना होवै, के मन्नै तेरे तै कह्या, के
थारे ताहीं नए सिरे तै जन्म लेणा जरूरी सै। 8 हवा जितोड़ चाहवै सै
उतोड़ चाल्लै सै, अर तू उसकी आवाज सुणै सै, पर जाण्दा कोनी, के वा
कड़ै तै आवै सै अर कितोड़ नै जावै सै? जो कोए पवित्र आत्मा तै जन्मा
सै वो इसाए सै।” 9 नीकुदेमुस नै उस ताहीं जवाब दिया, के या बात
किस ढाळ हो सकै सै? 10 या सुणकै यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया,
“तू इस्राएलियाँ का गुरु होकै भी के इन बात्तां नै कोनी समझदा?” 11
मै तेरे तै साच्ची-साच कहूँ सूं के हम जो जाणां सां, वो कह्यां सां, अर
जिस ताहीं हमनै देख्या सै उसकी गवाही देवां सां, अर जो हम कह्यां सां,
उसका थम बिश्वास कोनी करदे। 12 जिब मन्नै थारैतै दुनिया की बात
कही, अर थम बिश्वास न्ही करदे, तो जै मै थमनै सुर्ग की बात कहूँ, तो
फेर किस ढाळ बिश्वास करोगे? 13 अर कोए सुर्ग पै कोनी चढ़ा, सिर्फ
वोए एक सै जो सुर्ग तै उतरा यानिके मै माणस का बेट्टा। 14 अर जिस
ढाळ तै मूसा नबी नै जंगल-बियाबान म्ह कांस्सी का साँप बणाकै उस
ताहीं ऊँच्चे पै चढ़ाया, उस्से ढाळ तै जरूरी सै के मै माणस का बेट्टा भी
ऊँच्चे पै चढ़ाया जाऊँ। 15 ताके जो कोए मेरे पै बिश्वास करै वो अनन्त

जीवन पावै। (aiōnios g166) 16 क्यूँके परमेसवर नै दुनिया के माणसां तै
इसा प्यार राख्या के उसनै अपणा इकलौता बेट्टा दे दिया, ताके जो
कोए उसपै बिश्वास करै, वो नाश कोनी होवै, पर अनन्त जीवन पावै।
(aiōnios g166) 17 क्यूँके परमेसवर नै अपणा बेट्टा दुनिया म्ह इस खात्तर
न्ही भेज्या, के दुनिया पै दण्ड का हुकम देवै, पर इस खात्तर भेज्या के
दुनिया उसकै जरिये उद्धार पावै। 18 जो परमेसवर के बेट्टे पै बिश्वास करै
सै, उसपै दण्ड का हुकम कोन्या होन्दा, पर जो उसपै बिश्वास न्ही करदा,
वो कसूरवार बणैगा, ज्यांतै के उसनै परमेसवर के इकलौते बेट्टे कै नाम
पै बिश्वास कोनी करया। 19 अर दण्ड कै हुकम का कारण यो सै के
चान्दणा दुनिया म्ह आया सै, अर माणसां नै अन्धेरै ताहीं चाँदणे तै घणा
प्यारा जाण्या क्यूँके उनके काम बुरे थे। 20 क्यूँके जो कोए पाप करै सै,
वो चाँदणे तै बैर राक्खै सै, अर चाँदणे धोरै कोनी आन्दा, क्यूँके उसके
पाप उजागर हो जावैंगे। 21 पर जो सच्चाई पै चाल्लै सै वो चाँदणे धोरै
आवै सै, ताके ये साबित हो जावै के उसके काम परमेसवर की ओड़ तै
कराये गये सै। 22 फेर यीशु अर उसके चेल्लें यहूदिया परदेस म्ह पोहचे,
अर वो ओड़ै उनकै गेल्या रहकै माणसां ताहीं बपतिस्मा देण लाग्या। 23
यूहन्ना भी शालेम नगर कै धोरै ऐनोन नामक गाम म्ह बपतिस्मा देवै था,
क्यूँके ओड़ै घणाए पाणी था, अर माणस आकै बपतिस्मा लेवै थे। 24
यूहन्ना उस बखत ताहीं जेळखान्ने म्ह कैद न्ही करया था। 25 ओड़ै
यूहन्ना के कुछ चेल्यां का किसे यहूदी गेल्या पाणी तै शुद्धिकरण कै बारै
म्ह बहस होगी। 26 अर यूहन्ना कै चेल्यां नै आकै उस ताहीं कह्या, "हे
गुरु, जो माणस यरदन नदी कै परली ओड़ तेरी गेल्या था, अर जिसके
बारें म्ह तन्नै कह्या सै, देख, वो यीशु बपतिस्मा देवै सै, अर सारे उसकै
धोरै आवै सै।" 27 यूहन्ना नै जवाब दिया, "माणस नै तब तक कुछ न्ही
मिल सकता, जिब तक वो सुर्ग तै ना दिया जावै।" 28 थारे ताहीं तो
पैहले मन्नै बताया था के "मै मसीह कोनी, पर उसतै पैहले भेज्या गया
सूं।" 29 बन्दड़ा बन्दड़ी तै ब्याह करै सै, पर बन्दड़े का साथी जो खड्या
होया उसकी आवाज सुणै सै, बन्दड़े कै वचन तै घणा खुश होवै सै, अर
मै भी खुश सूं। 30 जरूरी सै के वो बधै अर मै घटूँ। 31 जो सुर्ग तै आवै
सै, वो सारया म्ह सबतै महान् सै, जो धरती कान्ही तै आवै सै वो धरती
का सै, अर धरतीए की बात कहवै सै: जो सुर्ग कान्ही तै आवै सै, वो
सारया तै उप्पर सै। 32 उसनै जो कुछ देख्या अर सुण्या सै, वो उस्से की
बात करै सै, पर उसकी गवाही कोए न्ही मानता। 33 जिसनै उसकी
गवाही अपणाई उसनै इस बात पै छाप लगा दी के परमेसवर साच्चा सै।
34 क्यूँके जिस ताहीं परमेसवर नै भेज्या सै, वो परमेसवर की बात कहवै
सै, क्यूँके परमेसवर उसनै बिना किसे माप के पवित्र आत्मा देवै सै। 35
पिता अपणे बेट्टे तै प्यार करै सै, अर उसनै सारी चीज उसकै हाथ्थां म्ह
दे दी सै। 36 जो बेट्टे पै बिश्वास करै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै,
पर जो बेट्टे की बात कोनी मान्दा, उसनै वो अनन्त जीवन कोनी मिलै,
इसकी बजाये उसपै परमेसवर का छो बण्या रहवैगा। (aiōnios g166)

**4** फेर जिब यीशु नै बेरा पाट्या के फरीसियाँ नै सुण्या सै के यीशु
यूहन्ना तै घणे चेल्लें बणावै सै अर उननै बपतिस्मा देवै सै। 2 (ऊतो
यीशु खुद न्ही बल्कि उसके चेल्लें बपतिस्मा देवै थे) 3 फेर वो यहूदिया
परदेस नै छोड़कै दुबारै गलील परदेस म्ह चल्या गया, 4 इस बार उसनै
सामरिया परदेस होकै जाणा पड्या था। 5 इस करकै वो सामरिया
परदेस के सूखार नामक एक नगर म्ह आया, यो नगर उस जगहां कै
धोरै था जो याकूब नै अपणे बेट्टे यूसुफ ताहीं दिया था। 6 अर याकूब
का कुआँ भी ओड़ैए था। यीशु सफर का थक्या होड़ उस कुएँ पै न्यूए
बैठग्या। दोपहर का बखत होरया था। 7 इतनै म्ह एक सामरी बिरबान्नी
पाणी भरण आई। यीशु नै उस ताहीं कह्या, "मन्नै पाणी पिया।" 8
क्यूँके उसके चेल्लें नगर म्ह खाणा मोल लेण जारे थे। 9 उस सामरी
बिरबान्नी नै उस ताहीं कह्या, "तू यहूदी होकै मेरे तै सामरी बिरबान्नी तै
पाणी क्यांतै माँग्गै सै?" (क्यूँके यहूदी सामरियाँ तै नफरत करै थे।) 10
यीशु नै जवाब दिया, "जै तू जाणदी के परमेसवर तन्नै के देणा चाहवै
सै, अर वो कौण सै, जो तेरे तै कहवै सै, 'मन्नै पाणी पिया,' फेर तू
उसतै माँगदी, अर वो तन्नै जीवन का पाणी देन्दा।" 11 बिरबान्नी नै उस
ताहीं कह्या, "हे प्रभु, तेरे धोरै पाणी भरण नै तो किमे सै भी कोनी, अर
कुआँ डून्घा सै, तो फेर वो जीवन का पाणी तेरे धोरै कड़ै तै आया? 12
के तू म्हारै पूर्वज याकूब तै बड्ड़ा सै, जिसनै म्हारै ताहीं यो कुआँ दिया,
अर खुद भी अपणे ऊलादां, अर अपणे डान्गरां सुधा इस म्ह तै पिया?"
13 यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, "जो कोए यो पाणी पीवैगा वो फेर
तिसाया होगा, 14 पर जो कोए उस पाणी म्ह तै पीवैगा जो मै उस ताहीं
दियुँगा वो फेर अनन्त काल ताहीं तिसाया कोनी होवैगा, बल्के जो पाणी
मै उस ताहीं दियुँगा वो उस म्ह तै एक चोवा बण ज्यागा जो अनन्त
जीवन खात्तर उमड़दा रहवैगा।" (aiōn g165, aiōnios g166) 15 बिरबान्नी
नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, वो पाणी मन्नै दे ताके मै तिसाई ना होऊँ
अर ना पाणी भरण नै इतनी दूर आऊँ।" 16 यीशु नै उस ताहीं कह्या,
"जा अपणे धणी नै याड़ै बुला ल्या।" 17 बिरबान्नी नै जवाब दिया, "मै
बिना धणी की सूं।" यीशु नै उस ताहीं कह्या, "तू ठीक कहवै सै, 'मै
बिना धणी की सूं।' 18 क्यूँके तन्नै पाँच धणी कर लिए सै, अर जिस
माणस कै गेल्या तू इब सै वो भी तेरा धणी कोनी। या तन्नै साच्ची-ए
कही सै।" 19 बिरबान्नी नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, मन्नै लाग्गै सै तू
नबी सै। 20 म्हारै सामरी पूर्वजां नै इस्से पहाड़ पै भगति करी, अर
यहूदी लोग कहवै सै, के वा जगहां जड़ै भगति करणी चाहिए यरुशलेम
नगर म्ह सै।" 21 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "हे नारी," मेरी बात का
भरोस्सा कर, के वो बखत आवै सै, के थम ना तो इस पहाड़ पै पिता की
भगति करोगे, ना यरुशलेम म्ह। 22 थम जिसनै कोनी जाणदे, उसकी
भगति करो सो, अर हम यहूदी लोग जिसनै जाणा सा उसकी भगति
करा सां, क्यूँके उद्धार यहूदियाँ म्ह तै सै। 23 पर वो बखत आवै सै,
बल्कि इब भी सै, जिसम्ह सच्चे भगत पिता की भगति आत्मा अर
सच्चाई तै करैगें, क्यूँके पिता अपणे खात्तर इसेए भगतां नै टोहवै सै।

24 परमेसवर आत्मा सै अर जरूरी सै के उसकी भगति करण आळे
आत्मा अर सच्चाई तै उसकी भगति करै। 25 बिरबान्नी नै उस ताहीं
कह्या, "मै जांणु सूं के मसीह" जो ख्रिस्त कुहावै सै, "आण आळा सै,
जिब वो आवैगा, फेर म्हारै ताहीं सारी बात बता देवैगा।" 26 यीशु नै उस
ताहीं कह्या, "मै जो तेरे तै बोल्लण लागरया सूं, मै वोए सूं।" 27 इतनै
म्ह उसके चेल्लें आण पोहचे, अर हैरान होण लागगे के वो बिरबान्नी तै
बतळावै था, फेर भी किसे नै कोनी बुझ्झया, "तू के चाहवै सै? या
क्यातै उसतै बतळावै सै?" 28 फेर बिरबान्नी अपणा पैंढ़ा छोड़कै नगर
म्ह चली गई, अर माणसां तै कहण लाग्गी, 29 "आओ एक माणस नै
देक्खो, जिसनै सारा किमे जो मन्नै करया मेरै तै बता दिया। कदे योए तो
मसीह न्ही सै?" 30 तब वे नगर के बासिन्दे गाम तै लिकड़कै यीशु कै
धोरै आण लाग्गे। 31 इस बिचाळै उसके चेल्यां नै यीशु तै या बिनती
करी, "हे गुरु, किमे खा ले।" 32 पर उसनै उन ताहीं कह्या, "मेरै धोरै
खाण खात्तर इसा खाणा सै जिसनै थम कोनी जाणदे।" 33 फेर चेल्यां
नै आप्पस म्ह कह्या, "के कोए उसकै खात्तर खाणा लेकै आया सै?"
34 यीशु नै उनतै कह्या, "मेरा खाणा यो सै के अपणे भेजण आळे की
मर्जी कै मुताबिक चाल्लुँ अर उसके काम नै पूरा करुँ जो उसनै कह्या
सै। 35 के थम कोनी कहन्दे, 'लामणीयां के इब्बै चार महिन्ने रहरे सै?'
अपणी आँखां तै देक्खों जितने माणस आण लागरे सै, वो उस खेत की
तरियां सै जो काट्टण खात्तर तैयार सै। 36 पैहले तै मजदूर काम करण
लागरया सै अर अपणी मजदूरी पाण लागरया सै, इसका मतलब यो
सै के वो माणसां नै कठ्ठा करण लागरया सै जो अनन्त जीवन पागे।
(aiōnios g166) 37 क्यूँके याड़ै या कहावत ठीक बेठ्ठै सै: बोणआळा और
सै, अर काट्टण आळा और। 38 मन्नै थारे ताहीं वो खेत काट्टण खात्तर
भेज्या जिसम्ह थमनै मेहनत कोन्या करी दुसरयां नै मेहनत करी अर थम
उनकी मेहनत कै फळ म्ह हिस्सेदार होए।" 39 उस नगर के घणखरे
सामरियाँ नै उस बिरबान्नी कै कहण तै यीशु पै बिश्वास करया, क्यूँके
उसनै कह्या था, के "उसनै सारा किमे जो मन्नै करया सै, मेरै तै बता
दिया।" 40 ज्यांतै जिब सामरी उसकै धोरै आए, तो उसतै बिनती करण
लागगे के म्हारै याड़ै रह। आखर म्ह वो ओड़ै दो दिन ताहीं रहया। 41
उसके वचन कै कारण और भी घणखरे माणसां नै बिश्वास करया 42
अर उस बिरबान्नी तै कह्या, "इब हम तेरें कहण तैए बिश्वास कोनी
करदे, क्यूँके हमनै खुदे सुण लिया, अर जाणगे सा के योए साच्चए म्ह
दुनिया का उद्धार करणीया सै।" 43 फेर दो दिनां कै पाच्छै वो ओड़ै तै
लिकड़कै गलील परदेस म्ह गया। 44 क्यूँके यीशु नै खुदे गवाही दी के
नबी अपणे गाम म्ह आदर मान कोनी पान्दा। 45 जिब वो गलील परदेस
म्ह आया, तो गलील परदेस के माणस राज्जी होकै उसतै मिले, क्यूँके
जितने काम उसनै यरुशलेम म्ह त्यौहार कै बखत करे थे, उननै उन
सारया ताहीं देख्या था, क्यूँके वे भी त्यौहार म्ह जारे थे। 46 फेर वो
दुबारै गलील परदेस कै काना नगर म्ह आया, जड़ै उसनै पाणी ताहीं
अंगूर का रस बणाया था। ओड़ै राजा का एक कर्मचारी था जिसका बेट्टा
कफरनहूम नगर म्ह बीमार था। 47 वो या सुणकै के यीशु यहूदिया
परदेस तै गलील परदेस म्ह आ रहया सै, उसकै धोरै गया अर उसतै
बिनती करण लागग्या के चालकै मेरै बेट्टै नै ठीक कर दे: क्यूँके वो मरण
आळा था। 48 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जिब ताहीं थम चमत्कार अर
अचम्भे के काम कोनी देखदे जद ताहीं कदे भी बिश्वास कोनी करोगे।"
49 राजा कै कर्मचारी नै उसतै कह्या, "हे प्रभु, मेरै बाळक की मौत होण
तै पैहल्या चाल।" 50 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जा, तेरा बेट्टा जिन्दा
सै।" उस माणस नै यीशु की कही होई बात का बिश्वास करया अर
चल्या गया। 51 वो रास्ते म्ह था के उसके नौक्कर उसतै आ मिले अर
कहण लाग्गे, "तेरा छोरा जिन्दा सै।" 52 उसनै उसतै बुझ्झया, "किस
बखत वो ठीक होण लागग्या?" उननै उस ताहीं कह्या, "काल दोफहरै
एक बजे उसका बुखार उतर गया।" 53 फेर बाप जाण गया के यो उस्से
बखत होया जिस बखत यीशु नै उस ताहीं कह्या, "तेरा बेट्टा जिन्दा
रहवैगा," अर उसनै अर उसके सारे कुण्बे नै बिश्वास करया। 54 यो
दुसरा अचम्भे का काम था जो यीशु नै यहूदिया परदेस तै गलील परदेस
म्ह आकै दिखाया।

**5** इन बात्तां कै पाच्छै यहूदियाँ का एक त्यौहार आया, अर यीशु
यरुशलेम नगर म्ह गया। 2 यरुशलेम म्ह भेड़-फाटक कै धोरै एक
कुण्ड सै जो इब्रानी भाषा म्ह बैतहसदा कुह्वावै सै, उसके पाँच घाट सै।
3 इन म्ह घणखरे बीमार, आन्धे, लंगड़े अर सूखे अंगआळे (पाणी कै
हाल्लण कै आस म्ह) पड़े रहवै थे। 4 (क्यूँके खास बखत पै परमेसवर
के सुर्गदूत कुण्ड म्ह उतरकै पाणी नै हलाया करै थे। पाणी हाल्दे जो
कोए पैहल्या उतरदा वोए ठीक हो जान्दा चाहे उसकै कोए बीमारी क्यूँ
ना हो।) 5 उड़ै एक माणस था, जो अड़तीस साल तै बीमारी म्ह पड्या
था। 6 यीशु नै उस ताहीं पड्या होया देखकै अर न्यू जाणकै के वो घणे
दिनां तै इसी हाल्लत म्ह पड्या सै, उसतै बुझ्झया, "के तू ठीक होणा
चाहवै सै?" 7 उस बीमार नै उस ताहीं जवाब दिया, "हे प्रभु, मेरै धोरै
कोए माणस कोनी के जिब पाणी हलाया जावै, तो मन्नै कुण्ड म्ह उतारै,
पर मेरे पोंहोचदे-पोंहोचदे दुसरा मेरतै पैहल्या पाणी म्ह उतर जावै सै।"
8 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "उठ, अपणे बिस्तर ठाकै, हाँड-फिर।" 9
वो माणस जिब्बे ठीक होग्या, अर अपणे बिस्तर ठाकै हाँड़ण-फिरण
लागग्या। 10 वो आराम का दिन था। ज्यांतै यहूदी उस ताहीं जो ठीक
होया था, कहण लाग्गे, "आज तो आराम का दिन सै, तेरा बिस्तर ठाणा
नियम-कायदा के मुताबिक ठीक कोनी।" 11 उसनै उन ताहीं जवाब
दिया, "जिसनै मेरै ताहीं ठीक करया, उस्से नै मेरै ताहीं कह्या, 'अपणा
बिस्तर ठा अर हाँड-फिर।'" 12 उननै उसतै बुझ्झया, "वो कौण माणस
सै जिसनै तेरे तै कह्या, 'बिस्तर ठा, अर हाँड-फिर?'" 13 पर जो ठीक
होया था वो कोनी जाणै था के वो कौण सै, क्यूँके उस जगहां पै भीड़
होण कै कारण यीशु ओड़ै तै चला ग्या था। 14 इन बात्तां कै पाच्छै वो
यीशु नै मन्दर म्ह मिल्या। यीशु नै उस ताहीं कह्या, "देख, तू ठीक होग्या
सै: दुबारा पाप ना करिये, इसा ना हो के इसतै कोए भारी संकट तेरे पै

आण पड़ै।” 15 उस माणस नै जाकै यहूदियाँ तै कह दिया के जिसनै मेरै
ताहीं ठीक करया वो यीशु सै। 16 इस कारण यहूदी अगुवें यीशु नै तंग
करण लाग्गे, क्यूँके वो इसे काम आराम कै दिन करया करदा। 17 इसपै
यीशु नै उन ताहीं कह्या, “मेरा पिता सारी हाण काम करै सै, अर मेरे
ताहीं भी करते रहणा सै।” 18 यीशु की बात के कारण यहूदी अगुवें और
भी घणे उस ताहीं मारण खात्तर कोशिश करण लाग्गे, क्यूँके वो ना
सिर्फ आराम कै दिन का नियम तोड्या करदा, पर परमेसवर नै अपणा
पिता कहकै खुद ताहीं परमेसवर कै बरोबर भी ठैहरावै था। 19 इसपै
यीशु नै उस ताहीं कह्या, “मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, बेट्टा खुद तै
किमे न्ही कर सकदा, सिर्फ वो जो पिता नै करदे देक्खै सै, क्यूँके जिन-
जिन काम्मां नै वो करै सै उननै बेट्टा भी इस्से ढाळ करै सै। 20 क्यूँके
पिता बेट्टै तै प्यार करै सै अर जो-जो काम वो खुद करै सै, वो सारे उसतै
दिखावै सै: अर वो इसतै भी बड़े काम उस ताहीं दिखावैगा, ताके थम
हैरान होओ। 21 जिसा पिता मरे होया नै ठावै अर जिवांवै सै उस्से ढाळ
बेट्टा भी जिननै चाहवै सै उननै जिवांवै सै। 22 पिता किसे का न्याय
कोनी करदा, पर न्याय करण का सारा काम बेट्टै ताहीं सौंप राख्या सै,
23 ताके सारे माणस जिस ढाळ पिता की इज्जत करै सै उस्से ढाळ बेट्टै
की भी इज्जत करै। जो बेट्टै की इज्जत कोनी करदा, वो पिता की भी
इज्जत कोनी करदा, जिसनै उस ताहीं भेज्या सै।” 24 मै थारैतै साच्ची-
साच कहूँ सूं, जो मेरा वचन सुणकै उसपै बिश्वास करै सै, जिसनै मेरै
ताहीं भेज्या सै, वो अनन्त जीवन पावै सै, अर उसपै दण्ड का हुकम
कोनी होन्दा, पर वो मौत नै पार करकै जीवन म्ह दाखल हो लिया सै।
(aiōnios g166) 25 “मै थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, वो बखत आवै सै, अर
इब सै, जिसम्ह मरे होड़ परमेसवर के बेट्टै का वचन सुणैगें, अर जो
सुणैगें वे जिवैंगे। 26 क्यूँके जिस ढाळ तै पिता खुद म्ह जीवन राक्खै सै,
उस्से ढाळ तै उसनै बेट्टै ताहीं भी यो अधिकार दिया सै के खुद जीवन
राक्खै। 27 बल्के मेरे ताहीं माणसां के न्याय करण का भी अधिकार
दिया सै, ज्यांतै के मै माणस का बेट्टा सूं।” 28 इसतै हैरान मतना होओ:
क्यूँके वो बखत आवै सै के जितने मरे होए लोग कब्रां म्ह सै वे मेरा
वचन सुणकै लिकड़ आवैगें। 29 जिन नै भले काम करे सै वे जीवन कै
पुनरुत्थान खात्तर जी जावैंगे अर जिन नै बुरे काम करे सै वे दण्ड के
पुनरुत्थान खात्तर जी जावैंगे। 30 “मै खुद तो कुछ कोनी कर सकदा,
जिसा सुणु सूं, उस्से तरियां न्याय करुँ सूं, अर मेरा न्याय साच्चा सै,
क्यूँके मै अपणी मर्जी कोनी पर अपणे भेजण आळे की मर्जी चाहूँ सूं।”
31 जै मै खुदे अपणी गवाही द्यूँ, तो मेरी गवाही साच्ची कोनी। 32 एक
और सै जो मेरा पिता सै, वो मेरी गवाही देवै सै, अर मै जाणु सूं, के मेरी
जो गवाही वो देवै सै, वा साच्ची सै। 33 थमनै यूहन्ना तै बुझवाया अर
उसनै सच्चाई की गवाही दी सै। 34 पर मै अपणे बारै म्ह माणसां की
गवाही कोनी चाहन्दा, फेर भी मै ये बात ज्यांतै कहूँ सूं के थारा उद्धार
हो। 35 यूहन्ना तो बळदे अर चमकदे होए दीवै कै समान था, अर थमनै
किमे वार ताहीं उसके चाँदणे म्ह मगन होणा भाया। 36 पर मेरै धोरै जो
गवाही सै वा यूहन्ना की गवाही तै बड्डी सै, क्यूँके जो काम पिता नै मेरै
ताहीं निपटाण नै सौप्या सै यानिके योए काम जो मै करुँ सूं, वे मेरे
गवाह सै के पिता नै मेरै ताहीं भेज्या सै। 37 अर पिता जिसनै मेरै ताहीं
भेज्या सै, उस्से नै मेरी गवाही दी सै। थमनै ना कदे उसका वचन सुण्या,
अर ना उसकी शक्ल देक्खी सै, 38 अर उसकै वचन ताहीं मन म्ह बणाए
कोनी राखदे, क्यूँके जिस ताहीं उसनै भेज्या थम उसका बिश्वास कोनी
करदे। 39 थम पवित्र ग्रन्थ म्ह टोव्हो सो, क्यूँके समझों सो के उस म्ह
अनन्त जीवन थारे ताहीं मिलै सै, अर यो वोए सै जो मेरी गवाही देवै सै,
(aiōnios g166) 40 फेर भी थम अनन्त जीवन पाण खात्तर मेरै धोरै आणा
कोनी चाहन्दे। 41 मै माणसां तै आदर कोनी चाहन्दा। 42 पर मै थमनै
जाणु सूं, के थारे म्ह परमेसवर खात्तर प्यार कोनी। 43 थम मेरे ताहीं
पसन्द न्ही करते जिब के मै अपणे पिता कै नाम तै आया सूं, जै दुसरा
कोए खुद कै नाम तै आवै, तो उसनै थम अपणा लोगे। 44 थम मेरै पै
किस तरियां बिश्वास कर सको सो? क्यूँके थम तो आप्पस म्ह एक-
दुसरे तै तारीफ सुणणा चाहो सो, अर उस तारीफ की ओड़ देखते भी
कोनी जो एकमात्र परमेसवर तै आवै सै। 45 न्यू ना समझियों के मै
पिता के स्याम्ही थारे म्ह खोट काढ्ढू सूं, थारे म्ह खोट काढणिया तो मूसा
नबी सै, जिसपै थमनै भरोस्सा करया सै। 46 क्यूँके जै थम मूसा नबी पै
बिश्वास करदे, तो मेरा भी बिश्वास करदे, ज्यांतै के उसनै मेरै बारै म्ह
लिख्या सै। 47 पर जै थम उसके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिक्खी होई बात्तां पै
बिश्वास कोनी करदे, तो मेरी बात्तां पै किस तरियां बिश्वास करोगे?

6 इन बात्तां कै पाच्छै यीशु गलील समुन्दर यानिके तिबिरियास की
झील कै धोरै गया। 2 अर एक बड्डी भीड़ उसकै गेल्या हो ली क्यूँके
जो अचम्भे के काम वो बिमारां पै दिखावै था वे उननै देख्या करै थे। 3
फेर यीशु पहाड़ पै चढ़कै अपणे चेल्यां कै गेल्या बैठग्या। 4 यहूदियाँ कै
फसह का त्यौहार लोवै था। 5 जिब यीशु नै अपणी आँख ठाकै एक बड्डी
भीड़ ताहीं अपणे कान्ही आन्दे देख्या, फेर फिलिप्पुस ताहीं कह्या, “हम
इनकै खाणे कै खात्तर कड़ै तै रोट्टी मोल ल्यावां?” 6 उसनै या बात उस
ताहीं आजमाण ताहीं बोल्ली, क्यूँके वो खुदे जाणै था के वो के करैगा।
7 फिलिप्पुस नै उस ताहीं जवाब दिया, “दो सौ दीनार (200 दिन की
मजदूरी) की रोट्टी भी उन खात्तर पूरी कोनी पड़ै के उन म्ह तै हरेक नै
माड़ी-माड़ी मिल जा।” 8 उसके चेल्यां म्ह तै शमौन पतरस का भाई
अन्द्रियास नै उस ताहीं कह्या, 9 “याड़ै एक छोरा सै जिसकै धोरै जौ की
पाँच रोट्टी अर दो मच्छी सै, पर इतने माणसां खात्तर वे के सै?” 10 यीशु
बोल्या, “माणसां नै बिठा द्यो।” उस जगहां घणी घास थी: फेर माणस
जिन म्ह आदमियाँ की गिणती करीबन पाँच हजार की थी, बैठगे। 11
फेर यीशु नै रोट्टी ली अर परमेसवर का धन्यवाद करकै बैठण आळा
ताहीं बांड दी: अर उस्से ढाळ मच्छियाँ म्ह तै जितनी वे चाहवै थे, बांड
दी। 12 जिब वे खाकै छिकगे फेर वो चेल्यां तै बोल्या, “बचे होड़ टुकड़े
कठ्ठे कर ल्यो के किमे बगायां न्ही जावै।” 13 आखर म्ह उननै कठ्ठा
करया, अर जौ की पाँच रोटियाँ के टुकड्या तै जो खाण आळा तै बची

होड़ थी, बारहा टोकरी भरी। 14 फेर जो अचम्भे के काम उसनै कर
दिखाये उसनै वे माणस देखकै कहण लाग्गे, “वो नबी जो दुनिया म्ह
आण आळा था, पक्का योए सै।” 15 यीशु न्यू जाणकै के वे मन्नै राजा
बणाण खात्तर पकड़णा चाहवै सै, फेर पहाड़ पै एक्ला चल्या गया। 16
जिब साँझ होई, तो उसके चेल्लें झील कै किनारे गए, 17 अर किस्ती पै
चढ़कै झील कै परली ओड़ कफरनहूम नगर म्ह जाण लाग्गे। उस बखत
अन्धेरा होग्या था, अर यीशु इब ताहीं उनकै धोरै कोनी आया था। 18
अर आँधी कै कारण समुन्दर म्ह झांल उठ्ठण लाग्गी। 19 जिब वे खेते-
खेते तीन-चार कोस कै करीबन लिकड़गे, फेर उननै यीशु ताहीं समुन्दर
पै चाल्दे अर किस्ती कै धोरै आन्दे देख्या, अर डरगे। 20 पर उसनै उनतै
कह्या, “मै सूं, डरो मतना।” 21 आखर म्ह वे उसनै किस्ती पै चढ़ाण नै
राज्जी होए अर जिब्बे वा किस्ती उस जगहां पै जा पोहची जड़ै वे जाण
लागरे थे। 22 जो लोग गलील समुन्दर के उस पार रहगे थे, उननै दुसरे
दिन देख्या के याड़ै सिर्फ एक ए किस्ती थी, अर यीशु अपणे चेल्यां
गेल्या उस किस्ती पै कोनी चढ़या था, पर सिर्फ उसके चेल्लें एक्ले ए
चले गए थे। 23 तिबिरियास नगर की कुछ किस्ती उस जगहां कै धोरै
आकै रुकी, जड़ै प्रभु नै परमेसवर का धन्यवाद करकै भीड़ ताहीं रोट्टी
खुआई थी। 24 जिब भीड़ नै देख्या के याड़ै ना यीशु सै अर ना उसके
चेल्लें, फेर वे भी छोट्टी-छोट्टी किस्तियाँ पै चढ़कै यीशु नै टोन्दे होए
कफरनहूम नगर पोहचे। 25 गलील समुन्दर कै परली ओड़ जिब वे उसतै
मिले तो बोल्ले, “हे गुरु, तू याड़ै कद आया?” 26 यीशु नै उन ताहीं
जवाब दिया, “मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, थम मन्नै ज्यांतै कोनी
टोव्हो सो के थमनै अचम्भे के काम देक्खे, पर ज्यांतै के थमनै पेट भरकै
रोट्टी खाई थी।” 27 उस खाणे खात्तर मेहनत ना करो जो सड़ जावै सै,
पर उस खाणे खात्तर जतन करो जो कदे खराब न्ही होंदा अर अनन्त
जीवन देवै सै, मै माणस का बेट्टा यो खाणा थारे ताहीं देऊँगा, क्यूँके
पिता परमेसवर नै मेरे ताहीं इसा करण का हक दिया सै। (aiōnios g166)
28 वे उसतै बोल्ले, “परमेसवर के काम करण खात्तर हम के करा?”
29 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “परमेसवर चाहवै सै, के थम उसपै
बिश्वास करो, जिस ताहीं उसनै भेज्या सै।” 30 फेर वे उसतै बोल्ले,
“फेर तू कौण सा निशान दिखावै सै के हम उसनै देखकै तेरा बिश्वास
करा? तू कौण सा काम दिखावै सै? 31 म्हारै पूर्वजां नै जंगल-बियाबान
म्ह मन्ना खाया, जिसा पवित्र शास्त्र म्ह लिख्या सै, ‘परमेसवर नै उन
ताहीं खाण खात्तर सुर्ग तै रोट्टी देई।’” 32 यीशु नै उनतै कह्या, “मै थारे
ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के मूसा नबी नै थारे ताहीं वा रोट्टी सुर्ग तै
कोनी दी, पर मेरा पिता थमनै सुर्ग तै असली रोट्टी देवै सै। 33 क्यूँके
परमेसवर की रोट्टी वाए सै, जो सुर्ग तै उतरकै दुनिया के माणसां ताहीं
जिन्दगी देवै सै।” 34 फेर यो सुणकै यीशु तै बिनती करी, “के हे प्रभु, वा
रोट्टी हमनै सदा दिया कर।” 35 यीशु नै उनतै कह्या, “जीवन की रोट्टी मै
सूं: जो मेरै धोरै आवैगा, वो कदे भूक्खा कोनी रहवैगा, अर जो कोए मेरै
पै बिश्वास करैगा, वो कदे तिसाया कोनी होवैगा। 36 पर मन्नै थारे ताहीं
पैहले तै कह्या था, के थमनै मेरैताहीं देख भी लिया सै, फेर भी बिश्वास
कोनी करदे। 37 वे सारे जो पिता नै मेरे ताहीं दिये सै, वे मेरै धोरै आवैगें,
अर हर एक जो कोए मेरै धोरै आवैगा उसनै मै कदे भी कोनी छोड्डूंगा।
38 पर मै अपणी मर्जी कोनी पर अपणे भेजण आळे पिता की मर्जी पूरी
करण खात्तर सुर्ग तै उतरया सूं। 39 अर मेरै भेजण आळे की मर्जी
या सै के जो किमे उसनै मेरै ताहीं दिया सै, उस म्ह तै मै किसे नै ना
खोऊँ, पर उसनै आखर के दिनां म्ह दुबारै जिन्दा कर द्यूँ। 40 क्यूँके मेरै
पिता की मर्जी या सै के जो कोए बेट्टे नै अपणा कै उसपै बिश्वास करै,
वो अनन्त जीवन पावै, अर मै उसनै आखरी के दिनां म्ह दुबारै जिन्दा
करुँगा।” (aiōnios g166) 41 इसपै यहूदी उसपै बिरड़ाण लागगे, क्यूँके
उसनै कह्या था, “जो रोट्टी सुर्ग तै उतरी, वा मै सूं।” 42 अर वे बोल्ले,
“के यो यीशु सै, यूसुफ का बेट्टा, जिसकै माँ-बाप नै हम जाणां सां? फेर
वो किस ढाळ कह सकै सै के मै सुर्ग तै उतरया सूं?” 43 यीशु नै उन
ताहीं जवाब दिया, “आप्पस म्ह मतना बिरड़ाओ।” 44 कोए मेरै धोरै
कोनी आ सकदा जिब ताहीं पिता, जिसनै मेरैताहीं भेज्या सै, उसनै
खींच न्ही लेवै, अर मै उसनै आखर के दिनां म्ह फेर जिन्दा करुँगा।
45 नबियाँ के लेखां म्ह यो लिख्या सै: “वे सारे परमेसवर की ओड़ तै
सिखाए होए होवैगें।” जिस किसे नै पिता तै सुण्या अर सिख्या सै, वो
मेरै धोरै आवै सै। 46 किसे नै पिता ताहीं कोनी देख्या, सिवाए उसके,
जो परमेसवर की ओड़ै तै सै, सिर्फ उस्से नै पिता ताहीं देख्या सै। 47
मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए बिश्वास करै सै, अनन्त
जीवन उस्से का सै। (aiōnios g166) 48 जीवन की रोट्टी मै सूं। 49 थारे
पूर्वजां नै जंगल-बियाबान म्ह मन्ना खाया अर मरगे। 50 या वा रोट्टी सै
जो सुर्ग तै उतरी सै, ताके माणस उस म्ह तै खावै अर ना मरै। 51 जीवन
की रोट्टी जो सुर्ग तै उतरी सै, मै सूं। जै कोए इस रोट्टी म्ह तै खावै,
तो सारी हाण जिन्दा रहवैगा, अर जो रोट्टी मै दुनिया कै जीवन खात्तर
दियुँगा, वो मेरा माँस सै। (aiōn g165) 52 इसपै यहूदी न्यू कहकै आप्पस
म्ह बहस करण लागगे, “यो माणस किस ढाळ हमनै अपणा माँस खाण
नै दे सकै सै?” 53 यीशु नै उन ताहीं कह्या, “मै थारैताहीं साच्ची-साच
कहूँ सूं, के जिब ताहीं थम मुझ माणस कै बेट्टे का माँस ना खाओ, अर
मेरा लहू ना पियो, थारे म्ह जीवन कोनी। 54 जो मेरा माँस खावै अर मेरा
लहू पीवै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै, अर आखरी के दिनां म्ह मै
उसनै दुबारै जिन्दा कर दियुँगा। (aiōnios g166) 55 क्यूँके मेरा माँस सच
म्ह खाण की चीज सै, अर मेरा लहू सच म्ह पीण की चीज सै। 56 जो
मेरा माँस खावै अर मेरा लहू पीवै सै वो मेरै म्ह डटया रहवै सै, अर मै उस
म्ह। 57 जिसा जिन्दे पिता नै मेरैताहीं भेज्या सै, अर मै पिता कै कारण
जिन्दा सूं, उस्से ढाळ वो भी जो मन्नै खावैगा मेरै कारण जिन्दा रहवैगा।
58 जो रोट्टी सुर्ग तै उतरी सै याए सै, उस रोट्टी बरगी कोनी जो पूर्वजां नै
खाई अर मरगे, जो कोए या रोट्टी खावैगा, वो सदा ताहीं जिन्दा रहवैगा।”
(aiōn g165) 59 ये बात उसनै कफरनहूम नगर कै एक आराधनालय म्ह
उपदेश देन्दे बखत कही। 60 उसके चेल्यां म्ह तै घणखरा नै या सुणकै

कह्या, “या सख्त शिक्षा सै, इसनै कौण सुण सकै सै?” 61 यीशु नै
अपणे मन म्ह न्यू जाणकै के मेरे चेल्लें आप्पस म्ह इस बात पै बिरड़ावै
सै, उन ताहीं बुझ्झया, “के इस बात तै थारे ताहीं ठेस लाग्गै सै?” 62
जै थम मुझ माणस कै बेट्टे नै जड़ै मै पैहल्या था, ओड़ैए उप्पर जान्दे
देक्खोगे, तो के होगा? 63 आत्मा ए सै जो देह नै जीवन देवै सै, देह का
कोए महत्व कोनी, जो वचन मन्नै थारैतै कह्ये सै, वे आत्मा सै, अर
जीवन भी। 64 पर थारे म्ह तै किमे इसे सै जो बिश्वास कोनी करदे।
क्यूँके यीशु पैहल्या तै ए जाणै था के जो बिश्वास न्ही करदे, वे कौण सै,
अर कौण मेरै ताहीं पकड़वावैगा। 65 अर वो बोल्या, “ज्यांतै मन्नै थारे
ताहीं कह्या था के जिब ताहीं किसे नै पिता की ओड़ तै यो वरदान ना
मिलै तब ताहीं वो मेरै धोरै कोनी आ सकदा।” 66 इसपै उसकै चेल्यां म्ह
तै घणखरे उल्टे हटगे अर उसकै बाद उसकै गेल्या कोनी चाल्ले। 67 फेर
यीशु नै उन बारहां चेल्यां तै कह्या, “के थम भी चले जाणां चाहो सो?”
68 शमौन पतरस नै उस ताहीं जवाब दिया, “हे प्रभु, हम किसकै धोरै
जावां? अनन्त जीवन की बात तो तेरैए धोरै सै, (aiōnios g166) 69 अर
हमनै बिश्वास करया अर जाणगे सै के परमेसवर का पवित्र जन तूए
सै।” 70 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “के मन्नै थम बारहां चेल्यां ताहीं
कोन्या छाट्या? फेरभी थारे म्ह तै एक जन शैतान सै।” 71 यो उसनै
शमौन इस्करियोती के बेट्टे यहूदा कै बारै म्ह कह्या था, क्यूँके वोए जो
बारहां चेल्यां म्ह तै एक था, उस ताहीं पकड़वाण म्ह था।

**7** इन बात्तां कै हो लेण कै पाच्छै यीशु गलील परदेस म्ह सफर करण
लाग्या, वो यहूदिया परदेस म्ह जाणा कोनी चाहवै था, क्यूँके यहूदी
लोग उस ताहीं मारण की ताक म्ह थे। 2 यहूदियाँ का झोपड़ियाँ का
त्यौहार लोवै था। 3 ज्यांतै उसके भाईयाँ नै उस ताहीं कह्या, “याड़ै तै
यहूदिया परदेस नै जा, ताके जो काम तू करै सै उननै तेरे चेल्लें ओड़ै भी
देक्खै। 4 क्यूँके इसा कोए न्ही होगा जो मशहुर होणा चाहवै, अर लुह्क
कै काम करै। जै तू यो काम करै सै, तो खुद नै दुनिया म्ह साबित कर।”
5 क्यूँके उसके भाई भी उसपै बिश्वास कोनी करै थे। 6 फेर यीशु नै उनतै
कह्या, “मेरे खात्तर इब्बै सही बखत कोनी आया, पर थारे खात्तर सारा
बखत सही सै। 7 दुनिया थारे तै बैर कोनी कर सकदी, पर वा मेरै तै बैर
करै सै क्यूँके मै उसकै बिरोध म्ह या गवाही दियुँ सूं के उसके काम भुन्डे
सै। 8 थम त्यौहार म्ह जाओ, मै इब्बै इस त्यौहार म्ह कोनी जान्दा,
क्यूँके इब्बै मेरा सही बखत कोनी आया।” 9 वो उनतै ये बात कहकै
गलील परदेस म्ह रहग्या। 10 पर जिब उसके भाई त्यौहार म्ह जा लिए
तो वो खुद भी, जाहिर म्ह न्ही पर मान्नो गुप्ती तै गया। 11 त्यौहार म्ह
कुछ यहूदी लोग यीशु ताहीं टोह्न्दे होए पूछताछ करण लागरे थे, “के वो
कड़ै सै?” 12 फेर भी यीशु के बारें म्ह बड़ी बहस होण लागरी थी, कई
माणस कहवै थे, “के वो भला माणस सै।” अर कईयाँ का कहणा था,
“के ना, वो माणसां नै बहकावै सै।” 13 फेर भी यहूदियाँ कै डरकै मारे
कोए भी माणस यीशु कै बारै म्ह खुलकै कोनी बोल्लै था। 14 जिब
त्यौहार के आध्धे दिन बीतगे, फेर यीशु मन्दर म्ह जाकै उपदेश देण
लागग्या। 15 फेर यहूदियाँ नै हैरान होकै कह्या, “इसनै बिना पढ़े ज्ञान
किस तरियां आ ग्या?” 16 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “जो उपदेश
मै देऊँ सूं, मेरा अपणा कोनी, पर उसतै आवै सै जिसनै मेरे ताहीं भेज्या
सै। 17 जै कोए माणस उसकी मर्जी पै चाल्लण का प्रण करै, तो उस
ताहीं यो बेरा लाग ज्यागा, के यो उपदेश परमेसवर की ओड़ तै सै, या मै
अपणी ओड़ तै देऊँ सूं। 18 जो अपणी ओड़ तै कुछ कहवै सै, वो खुद
की बड़ाई चाहवै सै, पर जो अपणे भेजण आळे की बड़ाई चाहवै सै
वोए साच्चा सै, अर उस म्ह अधर्म कोनी। 19 के मूसा नबी नै थारैताहीं
नियम-कायदे कोनी दिये? फेरभी थारैम्ह तै कोए नियम-कायदा पै कोनी
चाल्दा। थम मन्नै क्यातै मारणा चाहो सो?” 20 माणसां नै जवाब दिया,
“तेरे म्ह ओपरी आत्मा सै! कौण तन्नै मारणा चाहवै सै?” 21 यीशु नै
उन ताहीं जवाब दिया, “मन्नै आराम कै दिन एक चमत्कार करया, अर
थम सारे छो म्ह होगे। 22 इस्से खात्तर मूसा नबी नै थारैताहीं खतने का
नियम दिया था (यो नियम मूसा नबी का न्ही था बल्के या थारे पूर्वजां तै
ए लाग लागरी सै) अर थम आराम कै दिन माणस का खतना करो सो।
23 जिब आराम कै दिन माणस का खतना करया जावै सै ताके मूसा नबी
कै नियम-कायदा का हुकम न्ही टळै। फेर थम मेरै पै क्यांतै छो करो सो
के मन्नै आराम कै दिन एक माणस ताहीं पूरी तरियां ठीक करया।
24 मुँह देख्या न्याय मतना करो, पर सही-सही न्याय करो।” 25 फेर
यरुशलेम म्ह रहण आळे माणसां म्ह तै कईयाँ नै कह्या, “के यो वोए
कोनी जिस ताहीं यहूदी अगुवें मार देणा चाहवै सै?” 26 पर लखाओ,
“वो तो सरेआम बात करै सै अर कोए उसतै किमे कोनी कहन्दा। के यो
न्ही हो सकता के यहूदी अगुवां नै साच्ये बेरा पाटग्या सै, के योए मसीह
सै? 27 इसकै बारै म्ह हमनै बेरा सै यो कितका सै, पर मसीह जिब
आवैगा तो कोए कोनी जाणै के वो कितका सै।” 28 फेर यीशु नै मन्दर
म्ह उपदेश देन्दे होए रुक्का मारकै कह्या, “थम मन्नै जाणो सो, अर
न्यू भी जाणो सो के मै कित्त तै आया सूं। मै तो खुद कोनी आया, पर
मेरा भेजण आळा साच्चा सै, उसनै थम कोनी जाणदे। 29 पर मै उसनै
जाणु सूं, क्यूँके मै उसकै कान्ही तै आया सूं, अर उस्से नै मेरै ताहीं
भेज्या सै।” 30 यो सुणकै यहूदी अगुवां नै यीशु ताहीं पकड़णा चाह्या,
फेरभी किसे नै उसकै हाथ कोनी लाया, क्यूँके उसके मरण का सही
बखत इब्बै कोनी आया था। 31 फेर भी भीड़ म्ह तै घणखरे माणसां नै
उसपै बिश्वास करया, अर बोल्ले, “मसीह जिब आवैगा तो के इसतै घणे
अचम्भे के काम दिखावैगा जो इसनै दिखाए?” 32 फरीसियाँ नै भीड़ म्ह
माणस ताहीं यीशु के बारें म्ह चुपके-चुपके बात करते सुण्या, तो प्रधान
याजक अर फरीसियाँ नै यीशु ताहीं पकड़ण खात्तर मन्दर के सिपाहियाँ
ताहीं भेज्या। 33 मसीह यीशु बोल्या, “मै थोड़ी बार ताहीं थारे गेल्या
सूं, फेर अपणे भेजण आळे धोरै उल्टा चल्या जाऊँगा। 34 थम मन्नै
टोहओगे, पर कोनी पाओगे, अर जड़ै मै सूं, ओड़ै थम कोनी आ सकदे।”
35 इसपै यहूदी अगुवां नै आप्पस म्ह कह्या, “यो कित्त जावैगा, के हम
इसनै कोनी टोह् सकदे? के यो जो यूनानी परदेशियाँ म्ह तो बसणा

न्ही चाहन्दा, ताके यूनानियाँ ताहीं भी उपदेश दे? 36 इसकी इस बात
का के मतलब सै? जो उसनै बोल्ली सै, के थम मन्नै टोहओगे, पर
कोनी पाओगे, अर जड़ै मै सूं, ओड़ै थम न्ही आ सकदे।" 37 त्यौहार कै
आखरी दिन, जो खास दिन सै, यीशु खड्या होया अर रुक्का मारकै
कह्या, "जै कोए तिसाया हो तो मेरै धोरै आवै अर पीवै। 38 जो कोए मेरै
पै बिश्वास करैगा, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, 'उसकी अंतरआत्मा
म्ह तै जीवन कै जल की नदियाँ बह लिकड़ैंगी, जो अनन्त जिन्दगी देवै
सै।'" 39 यीशु नै यो वचन पवित्र आत्मा कै बारै म्ह कह्या, जो बिश्वास
करण आळा नै मिलण आळी थी, क्यूँके इब ताहीं पवित्र आत्मा कोनी
उतरया था, क्यूँके यीशु इब ताहीं अपणी महिमा म्ह कोनी पोंहच्या
था। 40 फेर भीड़ म्ह तै कईयाँ नै या बात सुणकै कह्या, "साच्ये योए
वो नबी सै, जिसके आण की हम आस देक्खां थे।" 41 अर कईयाँ नै
कह्या, "यो मसीह सै" पर कई बोल्ले, "मसीह गलील परदेस तै तो न्ही
आवैगा?" 42 पवित्र ग्रन्थ यो कहवै सै, के मसीह दाऊद की पीढ़ी तै अर
बैतलहम नगर तै आवैगा, जड़ै दाऊद रहवै था? 43 आखर म्ह उसकै
कारण माणसां म्ह फूट पड़ी। 44 उन म्ह तै कई उस ताहीं पकड़णा
चाहवै थे, पर किसे नै उसकै हाथ कोनी लाया। 45 फेर सिपाही, प्रधान
याजकां अर फरीसियाँ कै धोरै बोहड़ आए, उननै उन ताहीं कह्या, "थम
उसनै क्यातै न्ही ल्याए?" 46 सिपाहियाँ नै जवाब दिया, "इसी बात
बताण आळा माणस हमनै आज ताहीं कदे भी कोनी मिल्या।" 47
फरीसियाँ नै उन ताहीं जवाब दिया, "के थम भी भळोई म्ह आग्गै? 48
के सरदारां या फरीसियाँ म्ह तै किसे नै भी उसपै बिश्वास करया सै? 49
पर ये माणस जो मूसा नबी के नियम-कायदे कोनी जाणदे, परमेसवर
की ओड़ तै सरापित सै।" 50 नीकुदेमुस जो उन म्ह तै एक था, वो
मसीह यीशु तै पैहल्या मिल चुका था, उन ताहीं बोल्या, 51 "के म्हारे
नियम-कायदे किसे माणस नै, जिब ताहीं पैहल्या उसकी सुणकै जाण
ना लेवै, के वो के करै सै, कसूरवार मान्नै सै?" 52 उननै नीकुदेमुस ताहीं
जवाब दिया, "तू भी गलील परदेस का सै? पवित्र ग्रन्थ म्ह ढूँढ़ अर देख
के गलील परदेस तै कोए नबी कोनी आवै।" 53 फेर सारे अपणे-अपणे
घरां चले गए।

**8** यीशु अपणे चेल्यां कै गैल जैतून कै पहाड़ पै गया। 2 तड़कैए आगले
दिन यीशु फेर मन्दर म्ह आया। भोत सारे माणस उसकै धोरै आए
अर वो बैठकै उननै उपदेश देण लाग्या। 3 जिब वो बोलण लागरया था,
तो जिब्बे शास्त्री अर फरीसी एक बिरबान्नी नै ल्याए, जो जारी करते
होए रंगे हाथ पकड़ी गयी थी, अर उस ताहीं माणसां के स्याम्ही खड्या
कर दिया, अर यीशु ताहीं कह्या, 4 "हे गुरु, या बिरबान्नी जारी कर दी
रंगे हाथ पकड़ी गयी सै। 5 मूसा नबी के नियम-कायदा म्ह उसनै म्हारै
ताहीं हुकम दिया सै, के इसी बिरबान्नी नै पत्थर बरसा कै मार द्यो। पर
तू इस बिरबान्नी कै बारै म्ह के कहवै सै?" 6 उननै यीशु ताहीं परखण
खात्तर या बात कही, ताके उस म्ह खोट लिकाड़ण का कोए सुराग मिलै
जावै। पर यीशु कोड्डा होकै आन्गळी तै धरती पै लिखण लाग्या। 7
जिब वे बार-बार उसतै सवाल करते रहे, तो फेर उसनै सीध्धा होकै उन
ताहीं कह्या, "थारे म्ह जिसनै भी कोए पाप न्ही करया हो, वोए उसकै
सबतै पैहला पत्थर मारै।" 8 फेर यीशु कोड्डा होकै आन्गळी तै धरती पै
लिक्खण लाग्या। 9 जिब माणसां नै यो सुण्या तो सबतै पैहले बूढ़े
माणस अर फेर एक-एक करकै ओड़ै तै खिसकण लाग्गे, क्यूँके वे सब
जाणै थे, के हम सब पापी सां, अर सिर्फ यीशु अर वा बिरबान्नी ओड़ै
रहगे। 10 यीशु खड्या होया अर उस बिरबान्नी ताहीं कह्या, "हे नारी, वे
कित्त गए? के किस्से नै तेरे ताहीं दण्ड न्ही दिया?" 11 वा बोल्ली, "हे
प्रभु, किसे नै न्ही।" यीशु बोल्या, "मै भी तेरे ताहीं दण्ड न्ही देऊँगा, जा,
अर दुबारा कदे पाप ना करिए।" 12 मन्दर म्ह अपणे उपदेश नै दुबारै
शरु करदे होए यीशु नै माणसां तै कह्या, "दुनिया का चाँदणा मै सूं, जो
कोए मेरै पाच्छै चाल्लैगा, वो अन्धेरै म्ह कदे कोनी चाल्लैगा, पर वो
चाँदणा पावैगा जो अनन्त जीवन देवै सै।" 13 फरीसियाँ नै उस ताहीं
कह्या, "तू अपणी गवाही खुद देवै सै, इस खात्तर तेरी गवाही साच्ची
कोनी।" 14 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "भलाए मै अपणी गवाही
खुद देऊँ सूं, फेर भी मेरी गवाही मान्नी जावैगी, क्यूँके मै जाणु सूं, के मै
कित्त तै आया सूं, अर कितोड़ जाऊँ सूं? पर थम कोनी जाणदे के मै
कित्त तै आऊँ सूं, या कितोड़ जाऊँ सूं। 15 थम मानवीय सोच तै, न्याय
करो सो, मै किसे का न्याय कोनी करदा। 16 जै मै न्याय करूँ भी तो वो
सही ए होगा, क्यूँके मै एक्ला कोनी, पर परम पिता, जिसनै मेरै ताहीं
भेज्या सै, वो अर मै दोन्नु मिलकै न्याय करा सां। 17 थारे मूसा नबी के
नियम-कायदा म्ह भी लिख्या सै, के दो जण्यां की गवाही सच के रूप म्ह
मान्नी जा सकै सै। 18 एक तो मै खुद अपणी गवाही दियुँ सूं, अर दुसरा
मेरा पिता मेरी गवाही देवै सै, जिसनै मेरैताहीं भेज्या।" 19 उननै उस
ताहीं कह्या, "तेरा पिता कित्त सै?" यीशु नै जवाब दिया, "ना थम मन्नै
जाणो सो, ना मेरै पिता नै, जै मन्नै जाणदे तै मेरै पिता नै भी जाणदे।"
20 यीशु नै ये वचन मन्दर म्ह उपदेश देन्दे होए भण्डार घर म्ह बोल्ली,
अर किसे नै उस ताहीं कोनी पकड्या, क्यूँके उसके दुख ठाण का अर
मरण का बखत इब ताहीं कोनी आया था। 21 यीशु नै फेर उन ताहीं
कह्या, "मै जाऊँ सूं, अर थम मन्नै टोहओगे, अर अपणे पाप म्ह मरोगे।
जड़ै मै जाऊँ सूं, ओड़ै थम न्ही आ सकदे।" 22 इसपै यहूदी अगुवां नै
कह्या, "के वो खुद नै मार देवैगा, जो कहवै सै, 'जड़ै मै जाऊँ सूं, ओड़ै
थम न्ही आ सकदे?'" 23 यीशु नै उन ताहीं कह्या, "थम इस दुनिया म्ह
पैदा होए सों, अर मै सुर्ग तै आया सूं। थम इस दुनिया के सो, मै इस
दुनिया का कोनी। 24 ज्यांतै मन्नै थारे ताहीं कह्या के थम अपणे पापां
म्ह मरोगे, जै थारा मेरे म्ह बिश्वास कोनी के मै कौण सूं, तो थम मरोगे,
अर थारे पाप माफ कोनी होंगे।" 25 यहूदी अगुवां नै यीशु ताहीं कह्या,
"के तू कौण सै?" वो उनतै बोल्या, जिब तै मन्नै प्रचार करणा शरु
करया सै, तब तै मै थमनै कहन्दा आया सूं, "के मै कौण सूं?" 26 "थारे
बारै म्ह कहण खात्तर अर फैसला करण खात्तर मेरे धोरै भोत कुछ सै,
पर सच्चाई याए सै के जिसनै मेरे ताहीं भेज्या सै, मै वोए कहूँ सूं, जो

मन्नै उसतै सुण्या सै, वोए दुनिया के माणसां तै कहूँ सूं।" 27 वे न्यू न्ही
समझै के म्हारै तै, पिता कै बारै म्ह कहवै सै। 28 फेर यीशु बोल्या,
"जिब थम मुझ माणस के बेट्टै नै ऊँच्चे पै चढ़ाओगे, जिब जाणोगे के मै
वोए सूं। मै खुद तै किमे कोनी करदा, पर जिस तरियां मेरै पिता नै, मेरै
ताहीं सिखाया सै, उस्से ढाळ ये बात कहूँ सूं। 29 मेरा भेजण आळा मेरै
गेल्या सै, उसनै मेरैताहीं एक्ला कोनी छोड्या क्यूँके मै सारी हाण वैए
काम करुँ सूं, जिसतै वो राज्जी होवै सै।" 30 वो ये बात कहणे लागरया
था, के घणखरयां नै उसपै बिश्वास करया। 31 फेर यीशु नै उन यहूदियाँ
तै जिन नै उसपै बिश्वास करया था, बोल्या, "जै थम मेरै वचन म्ह बणे
रहोगे, तो साच-ए मेरे चेल्लें ठहरोगे।" 32 थम सच नै जाणोगे अर सच
थमनै आजाद करैगा। 33 उननै उस ताहीं जवाब दिया, "हम तो अब्राहम
के वंशज सा, कदे किसे के गुलाम कोनी बणे। फेर तू किस तरियां कहवै
सै, के थम आजाद हो जाओगे?" 34 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "मै
थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए पाप करै सै, वो पाप का गुलाम
सै। 35 गुलाम सारी हाण घर म्ह कोनी रहन्दा, बेट्टा सारी हाण घरां रहवै
सै। (aiōn g165) 36 ज्यांतै जै बेट्टा थमनै आजाद करैगा, तो साच्ये थम
आजाद हो जाओगे। 37 मै जाणु सूं, के थम अब्राहम के वंश के सो,
फेर भी थम मेरे वचनां नै कोनी मानते, ज्यांतै थम मन्नै मारणा चाहो
सो। 38 मै वोए कहूँ सूं, जो मेरे पिता नै मेरे ताहीं दिखाया सै, अर थम
वोए करो सों, जो थमनै अपणे पिता तै सुण्या सै।" 39 उननै उस ताहीं
जवाब दिया, "म्हारा पूर्वज तो अब्राहम सै।" यीशु उनतै बोल्या, "जै थम
अब्राहम के वंशज होन्दे, तो अब्राहम जिसे काम करदे। 40 पर इब थम
मेरै ताहीं मारणा चाहो सो, जिसनै थारे ताहीं वो साच्चा वचन बताया जो
परमेसवर तै सुण्या, इस तरियां तो अब्राहम नै कोनी करया था। 41 थम
अपणे पिता कै जिसे काम करो सो।" उननै यीशु ताहीं कह्या, "हम जारी
तै कोनी जणे, म्हारा एक ए पिता सै यानिके परमेसवर।" 42 यीशु उनतै
बोल्या, "जै परमेसवर थारा पिता होन्दा, तो थम मेरै तै प्यार करदे,
क्यूँके मै परमेसवर की ओड़ तै आया सूं। मै खुद कोनी आया, पर उस्से
नै मेरै ताहीं भेज्या। 43 थम मेरी बात क्यांतै न्ही समझदे? ज्यांतै के थम
मेरे वचनां नै अपणादे कोनी। 44 थम अपणे पिता शैतान की ओड़ तै
सो, अर अपणे पिता की मर्जी पूरी करणा चाहो सो। वो तो शरु तै ए
खून्नी सै, अर सच पै टिक्या ए कोनी रहया, क्यूँके सच उस म्ह सै ए
कोनी। जिब वो झूठ बोल्लै सै, तो अपणे सुभाव तै ए बोल्लै सै, क्यूँके
वो झूठ्ठा सै बल्के झूठ का बाप सै। 45 पर मै जो सच बोल्लू सूं, इस्से
करकै थम मेरा बिश्वास कोनी करदे। 46 थारे म्ह तै कौण मन्नै पापी
ठैहरावै सै? जै मै सच बोल्लू सूं, तो थम मेरा बिश्वास क्यांतै न्ही करदे?
47 जो परमेसवर कान्ही तै होवै सै, वो परमेसवर की बात सुणै सै, अर
थम ज्यांतै कोनी सुणदे के परमेसवर की ओड़ तै कोनी सो।" 48 न्यू
सुण यहूदियाँ नै उस ताहीं कह्या, "के हम ठीक कोनी कहन्दे के तू
सामरी सै, अर तेरे म्ह भुन्ड़ी ओपरी आत्मा सै?" 49 यीशु नै जवाब
दिया, "मेरै म्ह भुन्ड़ी ओपरी आत्मा कोनी," पर मै अपणे बाप की
इज्जत करुँ सूं, अर थम मेरी बेजती करो सो। 50 पर मै अपणा मान-
सम्मान कोनी चाहन्दा, हाँ, एक सै जो चाहवै सै, अर न्याय करण आळा
सै। 51 मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं, "के जै कोए माणस मेरे वचनां नै
मान्नैगा, तो वो अनन्त काल ताहीं कोनी मरै।" (aiōn g165) 52 यहूदियाँ
नै उस ताहीं कह्या, "इब हम जाणगे के तेरे म्ह भुन्ड़ी ओपरी आत्मा सै।
अब्राहम मरग्या अर नबी भी मरग्ये सै, अर तू कहवै सै, 'जै कोए मेरे
वचनां नै मान्नैगा, तो वो अनन्त काल ताहीं कोनी मरै।' (aiōn g165) 53
म्हारा पूर्वज अब्राहम तो मरग्या। के तू उसतै भी बड्ड़ा सै? अर नबी भी
मरग्ये। तू अपणे-आपनै के मान्नै सै?" 54 यीशु नै जवाब दिया, "जै मै
खुद अपणी महिमा करुँ, तो मेरी महिमा किमे कोनी। पर मेरी महिमा
करण आळा मेरा पिता सै, जिसनै थम कहो सो के वो थारा परमेसवर
सै। 55 थमनै तो उस ताहीं कोनी जाण्या, पर मै उस ताहीं जाणु सूं। जै
मै कहूँ के मै उस ताहीं कोनी जाणदा, तो मै थारी ढाळ झूठ्ठा ठहरूँगा, पर
मै उस ताहीं जाणु अर उसके वचनां नै मान्नु सूं। 56 थारा पूर्वज अब्राहम
मेरा दिन देक्खण की आस म्ह घणा मगन था, अर उसनै देख्या अर
आनन्द करया।" 57 यहूदियाँ नै उस ताहीं कह्या, "इब ताहीं तू पचास
साल का कोनी, फेरभी तन्नै अब्राहम ताहीं देख्या सै?" 58 यीशु उनतै
बोल्या, "मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं, के पैहल्या इसकै के अब्राहम
पैदा होया, मै सूं।" 59 या बात सुणकै माणसां नै यीशु ताहीं मारण
खात्तर पत्थर ठाए, पर यीशु लुह्ककै मन्दर तै लिकड़ ग्या।

**9** ओड़ तै जान्दे होए राह म्ह एक यीशु ताहीं जन्म तै आन्धा एक
माणस मिला। 2 उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया, "हे गुरु, किसनै
पाप करया था के यो आन्धा पैदा होया, इस माणस नै या इसकै माँ-बाप
नै?" 3 यीशु नै जवाब दिया, "ना तो इसनै पाप करया था, ना इसके माँ-
बाप नै पाप करया, पर यो ज्यांतै आन्धा पैदा होया ताके परमेसवर की
शक्ति दिखाई जा सकै। 4 जिसनै मेरै ताहीं भेज्या सै, हमनै उसके काम
दिन-ए-दिन म्ह करणा जरूरी सै। वा रात आण आळी सै, जिस म्ह कोए
माणस काम न्ही कर पावैगा। 5 जिब ताहीं मै दुनिया म्ह सूं, जद ताहीं
दुनिया का चान्दणा सूं।" 6 न्यू कहकै यीशु नै धरती पै थुक्या, अर उस
थूक तै माट्टी का लेप बणाया, अर उस लेप ताहीं आंधे की आँखां पै
लगाकै। 7 उसतै बोल्या, "जा," "शीलोह कै कुण्ड म्ह" (शीलोह का
मतलब भेज्या होया सै)। उसनै जाकै अपणा मुँह धोया, अर जिब वो
बोहड़ा तो उसनै दिक्खण लाग्या। 8 फेर भिखारी के पड़ोसी अर उन
माणसां नै जिननै उस ताहीं पैहल्या भीख माँगदे देख्या था, एक-दुसरे तै
कहण लाग्गे, "के यो वोए न्ही सै, जो बेठ्या भीख माँगया करै था?" 9
कई माणस बोल्ले, "यो वोए सै," दुसरे बोल्ले, "कोनी, पर उसकै जिसा
सै।" उसनै कह्या, "मै वोए सूं।" 10 फेर वे उसतै बुझ्झण लाग्गे, "तेरी
आँखां की रोशनी किस तरियां आगी?" 11 उसनै जवाब दिया, "यीशु
नामक एक माणस नै माट्टी का लेप बणाया, अर मेरी आँखां पै लाकै मेरै
ताहीं बोल्या, 'जा, शीलोह म्ह जाकै अपणा मुँह धो ले,' बस फेर के था
मै गया अर अपणा मुँह धोया अर देक्खण लाग्या।" 12 उननै उसतै

बुझ्झया, “वो माणस कित्त सै?” वो बोल्या, “मै कोनी जाण्दा।” 13
माणस उसनै जो आन्धा था फरीसियाँ कै धोरै ले आए। 14 जिस दिन
यीशु नै माट्टी लगाकै उसकी आँख खोल्ली थी, वो आराम का दिन था।
15 फेर फरीसियाँ नै भी उनतै बुझ्झया के उसकी आँखां की रोशनी किस
ढाळ मिली। उसनै उन ताहीं कह्या, “उसनै मेरी आँखां पै माट्टी लाई, फेर
मन्नै अपणा मुँह धो लिया, अर इब देक्खूँ सूं।” 16 इसपै कई फरीसी
कहण लाग्गे, “यो माणस परमेसवर की ओड़ तै कोनी, क्यूँके वो आराम
कै दिन नै कोनी मान्दा।” दुसरे बोल्ले, “पापी माणस इसे अचम्भे के
काम किस ढाळ दिखा सकै सै?” आखर म्ह उन म्ह फूट पड़गी। 17
उननै उस आंधे तै फेर कह्या, “जिस माणस नै तेरे ताहीं आँखां की
रोशनी दी सै। तू उसकै बारै म्ह के कहणा चाहवै सै?” उसनै कह्या, “वो
नबी सै।” 18 पर यहूदी अगुवां नै बिश्वास कोनी होया, के वो आन्धा था,
अर इब वो देक्खै सै, इस खात्तर उननै उसके माँ-बाप ताहीं बुलाया। 19
अर उनतै बुझ्झया, “के यो थारा बेट्टा सै, जिसके बारें मै थम कहों सों,
के वो जन्म तै आन्धा था? फेर इब वो किस तरियां देक्खै सै?” 20
उसकै माँ-बाप नै जवाब दिया, “हाँ, या तो जाणा सा के यो म्हारा बेट्टा
सै, अर या भी के यो आन्धा जन्मा था, 21 पर न्यू कोनी जाणदे, के इब
यो किस तरियां देक्खण लाग्या, अर ना न्यू जाणदे के किसनै इसकी
आँखां की रोशनी दी सै। वो बाळक कोनी सै, उस्से तै बुझल्यो, वो
अपणे बारै म्ह खुद ए बतावैगा।” 22 ये बात उसकै माँ-बाप नै ज्यांतै
कही क्यूँके वे यहूदी अगुवां तै डरै थे, क्यूँके यहूदी अगुवां नै एक्का कर
लिया था, के जै कोए कहवै के वो मसीह सै, तो उस ताहीं आराधनालय
म्ह तै लिकाड़ दिया जावैगा। 23 इस्से कारण उसकै माँ-बाप नै कह्या,
“वो बाळक कोनी, उस्से तै बुझल्यो।” 24 फेर यहूदी अगुवां नै उस
माणस ताहीं जो आन्धा था, दुसरी बर बुलाकै उसतै कह्या, “सच बता
अर जो तू ठीक होया सै, तो तू सच बोलकै परमेसवर की महिमा कर,
हम जाणां सां के वो माणस पापी सै।” 25 उसनै जवाब दिया, “मै न्ही
जाण्दा, के वो पापी सै के न्ही, मै एक बात जाणु सूं, के मै आन्धा था
अर इब देक्खूँ सूं।” 26 उननै उस ताहीं फेर दुबारै कह्या, “उसनै तेरे
गेल्या के करया? अर किस ढाळ तेरी आँखां की रोशनी आगी?” 27
उसनै उन ताहीं कह्या, “मन्नै तो थारे ताहीं पैहले भी बता दिया, पर थम
उस बात नै सुणते कोनी, इब दुसरी बर क्यांतै सुणणा चाहवो सो? के
थम भी उसके चेल्लें बणाणा चाहवो सो?” 28 फेर वे उसतै आच्छा-
भुन्ड़ा कहकै बोल्ले, “तूए उसका चेल्ला सै, हम तो मूसा नबी के चेल्लें
सां। 29 हम जाणा सां, के परमेसवर नै मूसा नबी तै बात करी, पर इस
माणस नै कोनी जाणदे के कड़ै तै आया सै।” 30 उसनै उन ताहीं जवाब
दिया, “या तो अचम्भे की बात सै, के थम न्ही जाणदे के वो कित्त का
सै, फेर भी उसनै मेरी आँखां की रोशनी दे दी। 31 हम जाणां सां, के
परमेसवर पापियाँ की कोनी सुणदा, पर जै कोए परमेसवर का भगत हो
अर उसकी मर्जी पै चाल्दा हो, तो वो उसकी जरुर सुणै सै। 32 दुनिया
कै शरुआत तै यो कदे सुणनै म्ह कोनी आया, के किसे नै जन्म तै आन्धै
की आँखां की रोशनी दी हो। (aiōn g165) 33 जै यो माणस परमेसवर कै
कान्ही तै न्ही होन्दा, तो किमे भी कोनी कर सकदा।” 34 उननै उस ताहीं
जवाब दिया, “तू तो जमाए पापां म्ह जन्मा सै, तू हमनै के सिखावै सै?”
अर उननै उस ताहीं आराधनालय तै बाहरणै लिकाड़ दिया। 35 यीशु नै
सुण्या के उननै उस ताहीं बाहरणै लिकाड़ दिया सै, अर जिब उसतै
मिल्या तो बोल्या, “के तू परमेसवर कै बेट्टै पै बिश्वास करै सै?” 36
उसनै जवाब दिया, “हे जनाब, परमेसवर का बेट्टा कौण सै, के मै उसपै
बिश्वास करूँ?” 37 यीशु नै उस ताहीं कह्या, “तन्नै उस ताहीं देख्या भी
सै, अर जो तेरे गेल्या बात करण लाग रह्या सै, वो मै ए सूं।” 38 उसनै
कह्या, “हे प्रभु, मै तेरे पै बिश्वास करुँ सूं।” अर उस ताहीं मोध्धा पड़कै
प्रणाम करया। 39 फेर यीशु बोल्या, “मै इस दुनिया म्ह न्याय खात्तर
आया सूं, ताके जो आन्धे सै, वे देक्खै, अर जो देक्खै सै, वे आन्धे हो
जावै।” 40 जो फरीसी उसकै गेल्या थे, उननै या बात सुणकै उस ताहीं
कह्या, “के हम भी आन्धे सां?” 41 यीशु नै उन ताहीं कह्या, “जै थम
आन्धे होन्दे तो पापी कोनी होते, पर इब जिसा के थम कहो सो, के थम
देक्खों सों, तो सच म्ह थारा पाप माफ न्ही हो सकदा।”

**10** यीशु नै कह्या, “मै थारे ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए
भेड्या के बाड़े म्ह दरबाजे तै न्ही आन्दा, बल्के बाड़ा कूदकै बड़ै
सै, वो चोर अर डाकू सै। 2 पर जो दरबाजे तै भीत्तर बड़ै सै वो भेड्डां का
पाळी सै। 3 उस खात्तर द्वारपाल दरबाजा खोल देवै सै, अर भेड़ उसका
बोल सुणै सै, अर वो अपणी उन भेड्डां नै नाम ले-लेकै बुलावै सै, अर
बाड़ै तै बाहरणै ले जावै सै। 4 जिब वो अपणी सारी भेड्डां नै बाहरणै
काढ लेवै सै, तो उनकै आग्गै-आग्गै चाल्लै सै, अर भेड़ उसकै गैल-गैल
हो ले सै, क्यूँके वे उसका बोल पिच्छाणै सै। 5 पर भेड़ बिगान्ने कै
गेल्या कोनी चाल्लै, पर उसतै भाज्जैंगी, क्यूँके वे बिगान्ने का बोल
कोनी पिच्छाणदी।” 6 यीशु नै उन ताहीं यो उदाहरण देकै कह्या, पर वे
कोनी समझे के वो उनतै के समझणा चाहवै। 7 फेर यीशु नै उन ताहीं
दुबारै कह्या, “मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, भेड्डां का दरबाजा मै सूं।
8 जितने मेरै तै पैहल्या आए वे सारे चोर अर डाक्कू सै, पर मेरी भेड्डां नै
उनकी एक न्ही सुणी। 9 दरबाजा मै सूं, जै कोए मेरै जरिये भीत्तर बड़ै
सै, तो वो उद्धार पावैगा, अर भीत्तर बाहर आण-जाण लाग ज्यागा अर
खाण खात्तर खाणा पावैगा।” 10 चोर किसे और काम खात्तर कोनी पर
सिर्फ चोरी करण अर घात करण अर नुकसान करण नै आवै सै, मै
ज्यांतै आया के वे जिन्दगी पावै अर भोत-ए घणी पावै। 11 आच्छा पाळी
मै सूं, आच्छा पाळी भेड्डां कै खात्तर अपणी मर्जी तै जान देवै सै। 12
मजदूर जो ना पाळी सै अर ना भेड्डां का माल्लिक सै, भेड़िये नै आन्दे
देखकै भेड्डां नै छोड़कै भाज जावै सै, अर भेड़िया उननै पकड़ै सै, अर
उनपै हमला करै देवै सै। 13 वो ज्यांतै भाज जावै सै क्यूँके वो मजदूर सै,
उसनै भेड्डां की फिक्र कोनी। 14 “काम्मल चरवाहा मै सूं, मै अपणी भेड्डां
नै जाणु सूं, अर मेरी भेड़ मन्नै जाणै सै। 15 जिस ढाळ पिता मन्नै जाणै
सै, अर मै पिता नै जाणु सूं, अर मै अपणी भेड्डां खात्तर अपणी जान दियूँ

सूं। 16 मेरी और भी भेड़ सै, जो इस बाड़े की कोनी। मन्नै उन ताहीं भी
ल्याणा जरूरी सै। वे मेरा बोल पिच्छाणैगी, फेर एकैए रेवड़ अर एकैए
पाळी होगा। 17 पिता ज्यांतै मेरै तै प्यार करै सै, क्यूँके मै अपणी जान
अपणी मर्जी तै दियुँ सूं, के उसनै दुबारै ले लूँ। 18 कोए मेरी जान मेरै तै
खोसदा कोनी, बल्के मै उसनै खुदे उसनै अपणी मर्जी तै दियुँ सूं। मन्नै
उसकै देण का भी हक सै, अर उस ताहीं दुबारा लेण का भी हक सै, यो
हुकम मेरै पिता नै मेरै ताहीं दिया सै।” 19 इन बात्तां कै कारण यहूदियाँ
म्ह दुबारै फूट पड़ी। 20 उन म्ह तै घणखरे माणस कहण लागगे, “उस
म्ह ओपरी आत्मा सै, अर वो बावळा सै, उसकी क्यांतै सुणो सो?” 21
दुसरे माणसां नै कह्या, “ये वचन इसे माणस की न्ही हो सकदे, जिसम्ह
ओपरी आत्मा हो। के ओपरी आत्मा आन्धयां नै आँखां की रोशनी दे
सकै सै?” 22 यरुशलेम नगर म्ह स्थापन का त्यौहार मनाया जारया
था, अर जाड्यां का मौसम था। 23 यीशु मन्दर म्ह सुलैमान कै बराम्दा
म्ह हान्डण लागरया था। 24 फेर यहूदियाँ नै उस ताहीं आ घेरया अर
बुझ्झया, “तू म्हारै मन नै कद ताहीं दुबिध्या म्ह गेरे राक्खैगा? जै तू
मसीह सै, तो म्हारै तै साफ-साफ बता दे।” 25 यीशु नै उन ताहीं जवाब
दिया, “मन्नै थारैतै कह दिया पर थम बिश्वास करदेए कोनी। जो काम मै
अपणे पिता कै नाम तै करुँ सूं, वैए मेरे गवाह सै, 26 पर थम ज्यांतै
बिश्वास कोनी करदे क्यूँके थम मेरी भेड्डां म्ह तै कोनी सो। 27 मेरी भेड़
मेरा बोल पिच्छाणै सै, मै उननै जाणु सूं, अर वे मेरै पाच्छै-पाच्छै चाल्लै
सै 28 अर मै उन ताहीं अनन्त जीवन दियुँ सूं। वे कदे नाश कोनी होवैगीं,
अर कोए उननै मेरै हाथ तै खोस न्ही सकदा। **(aiōn g165, aiōnios g166)**
29 मेरा पिता, जिसनै उन ताहीं मेरै तै दिया सै, सारया तै बड्ड़ा सै, अर
कोए उननै पिता कै हात्थां तै खोस कोनी सकदा। 30 मै अर पिता एक
सां।” 31 यहूदियाँ नै यीशु पै मारण खात्तर दुबारा पत्थर ठा लिये। 32
इसपै यीशु नै उन ताहीं कह्या, “मन्नै थारे तै अपणे पिता की ओड़ तै
घणे भले काम दिखाए सै, उन म्ह तै कौण से काम खात्तर थम मेरै पै
पत्थर मारणा चाह्वो सो?” 33 यहूदियाँ नै उस ताहीं जवाब दिया, “भले
काम खात्तर हम तेरे पै पत्थर कोनी मारदे, पर परमेसवर की बुराई करण
कै कारण, अर ज्यांतै के तू माणस होकै खुद नै परमेसवर कहवै सै।”
34 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “के थारे मूसा नबी के नियम-कायदा
म्ह कोनी लिख्या सै, ‘मन्नै कह्या, थम ईश्वर सो?’ 35 जै उसनै उन ताहीं
ईश्वर कह्या, जिनकै धोरै परमेसवर का वचन पोंहच्या (अर पवित्र ग्रन्थ
की बात झूठ न्ही हो सकदी), 36 तो जिस ताहीं पिता नै पवित्र ठहराकै
दुनिया म्ह भेज्या सै, थम मेरे ताहीं कहो सो, ‘तू बुराई करै सै, ज्यांतै के
मन्नै यो कह्या,’ ‘मै परमेसवर का बेट्टा सूं?’ 37 जै मै अपणे पिता के
काम कोनी करदा, तो मेरा बिश्वास ना करो। 38 पर जै मै करुँ सूं, तो
चाहे मेरा बिश्वास ना भी करो, पर उन काम्मां का तो बिश्वास करो, ताके
थम जाणो अर समझो के पिता मेरै म्ह सै अर मै पिता म्ह सूं।” 39
फेर यहूदियाँ नै दुबारै उस ताहीं पकड़ण की कोशिश करी पर वो उनके
हात्थां तै लिकड़ ग्या। 40 यीशु दुबारै यरदन नदी कै परली ओड़ै उस
जगहां पै चल्या गया, जड़ै यूहन्ना पैहल्या बपतिस्मा दिया करै था, अर
वो ओड़ैए रहया। 41 घणखरे माणस उसकै धोरै आकै कहवै थे, “यूहन्ना
नै तो कोए चमत्कार कोनी दिखाया, पर जो किमे यूहन्ना नै इसकै बारै
म्ह कह्या था, वो सारा कुछ साच्ची था।” 42 अर ओड़ै भोत-से माणसां
नै यीशु पै बिश्वास करया।

**11** लाजर नामका एक माणस बीमार था, जो बैतनिय्याह गाम का
था, अर उसकी दो भाण थी मरियम अर मार्था। 2 या वाए मरियम
थी जिसनै बाद म्ह प्रभु पै खसबूदार तेल गेर कै उसके पायां ताहीं बाळां
तै पुन्जयां था, लाजर इस्से का भाई था जो बीमार था। 3 इस करकै
उसकी भाणां नै यीशु ताहीं कुहवां भेज्या, “हे प्रभु, लखा, जिसतै तू
प्यार करै सै, वो बीमार सै।” 4 न्यू सुणकै यीशु न्यू बोल्या, “या बीमारी
मरण का कारण कोनी, पर परमेसवर की महिमा खात्तर सै, ताके उसकै
जरिये परमेसवर कै बेट्टे की महिमा होवै।” 5 मार्था उसकी बेब्बे अर
लाजर तै यीशु प्यार करै था। 6 पर जिब उसनै सुण्या के लाजर बीमार
सै, तो जिस जगहां पै वो था, ओड़ै दो दिन और रुक ग्या। 7 दो दिन
बाद फेर उसनै चेल्यां ताहीं कह्या, “आओ, हम फेर यहूदिया परदेस म्ह
चाल्लां।” 8 चेल्यां नै उस ताहीं कह्या, “हे गुरु, कुछ दिन पैहल्या तो
यहूदी तेरे पै पत्थर बरसा कै तन्नै मारणा चाहवै थे, अर के तू फेर भी
उड़ैए जाणा चाहवै सै?” 9 यीशु नै जवाब दिया, “के दिन के बारहा
घन्टे कोनी होन्दे? जै कोए दिन म्ह चाल्लै तो ठोक्कर कोनी खान्दा,
क्यूँके वे इस दुनिया के उजाळे नै देक्खै सै। 10 पर जै कोए रात म्ह
चाल्लै तो ठोक्कर खावै सै, क्यूँके उस म्ह उजाळा कोनी।” 11 उसनै ये
बात कही, अर इसके बाद उन ताहीं कहण लाग्या, “के म्हारा साथी
लाजर सो ग्या सै, पर मै उसनै जगाण जाऊँ सूं।” 12 फेर चेल्यां नै उस
ताहीं कह्या, “हे प्रभु, जै वो सो ग्या सै तो वो ठीक हो ज्यागा।” 13
यीशु नै तो उसकी मौत कै बाबत कह्या था, पर उननै सोच्या के उसनै
नींद तै सोण कै बाबत कह्या सै। 14 फेर यीशु नै उन ताहीं साफ-साफ
कह दिया, “लाजर मर लिया सै, 15 यो थारे ए हित म्ह सै, के मै उड़ै
कोनी था, क्यूँके इब थम मेरे पै बिश्वास कर सकोगे, आओ, हम उसकै
धोरै चाल्लां।” 16 फेर थोमा नै जो दिदुमुस कुह्वावै सै, अपणे गेल्या के
चेल्यां ताहीं कह्या, “आओ, हम भी प्रभु कै गेल्या मरण नै चाल्लां।” 17
बैतनिय्याह गाम पोहचे पाच्छै यीशु नै न्यू बेरया पाट्या के लाजर नै कब्र
म्ह धरे चार दिन हो लिए सै। 18 बैतनिय्याह गाम यरुशलेम कै धोरै कोए
दो कोस की दूरी पै था, 19 घणखरे यहूदी माणस मार्था अर मरियम कै
धोरै उसकै भाई की मौत कै बाबत दीलास्सा देण नै आरे थे। 20 जिब
मार्था नै यीशु कै आण की खबर सुणी, तो मार्था उसतै मिलण खात्तर
गई, पर मरियम घरा ए बेठ्ठी रही। 21 मार्था नै यीशु ताहीं कह्या, “हे प्रभु,
जै तू आड़ै होंदा, तो मेरा भाई कदे न्ही मरदा। 22 अर इब भी मन्नै
बेरा सै, जो कुछ तू परमेसवर तै माँगैगा, परमेसवर तन्नै देवैगा।” 23
यीशु नै उस ताहीं कह्या, “तेरा भाई जी ज्यागा।” 24 मार्था नै उस ताहीं
कह्या, “मन्नै बेरा सै, के आखर के दिन म्ह पुनरुत्थान के बखत वो जी

ज्यागा।” 25 यीशु नै मार्था तै कह्या, “पुनरुत्थान अर जीवन मै ए सूं, जो
कोए मेरै पै बिश्वास करैगा, वो जै मर भी जावै फेर भी जिवैगा, 26 अर
जो कोए जीवै सै, अर वो मेरै पै बिश्वास करै सै, वो अनन्त काल ताहीं
कोनी मरैगा। के तू इस बात पै बिश्वास करै सै।” (aiōn g165) 27 मार्था नै
यीशु तै कह्या, “हाँ, हे प्रभु, मै बिश्वास करुँ सूं, के परमेसवर का बेट्टा
मसीह जो दुनिया म्ह आण आळा था, वो तूए सै।” 28 न्यू कहकै मार्था
चली गयी, अर अपणी बेब्बे मरियम ताहीं एक्ले म्ह बुलाकै चुपके तै
कह्या, “गुरु याड़ैए सै अर तन्नै बुलावै सै।” 29 न्यू सुण तिए मरियम
जिब्बे उठकै उसकै धोरै आई। 30 यीशु इब्बे गाम तै बाहरे था, पर उस्से
जगहां था जड़ै मार्था उसतै मिली थी। 31 फेर जो यहूदी माणस उसकै
गेल्या घर म्ह थे अर उस ताहीं दीलास्सा देवै थे, न्यू देखकै के मरियम
जिब्बे उठकै बारणै चली गयी सै, न्यू समझे के वा कब्र पै रोण नै जावै
सै, तो उसकै पाच्छै हो लिये। 32 जिब मरियम उड़ै गई जड़ै यीशु था, तो
उसनै देखदे उसकै पायां म्ह पड़कै कह्या, “हे प्रभु, जै तू आड़ै होन्दा फेर
मेरा भाई कोनी मरदा।” 33 जिब यीशु नै जो यहूदी माणस उसकै गेल्या
आये थे, रोन्दे होए देख्या, तो आत्मा म्ह घणाए दुखी अर उदास होग्या,
34 अर कह्या, “थमनै उसकी लाश कित्त धर राक्खी सै?” उननै उस
ताहीं कह्या, “हे प्रभु, चालकै देख ले।” 35 यीशु रोण लाग्या। 36 फेर
यहूदी माणस कहण लाग्गे, “लखाओ, वो लाजर तै कितना प्यार करै
था।” 37 पर उन म्ह तै कईयाँ नै कह्या, “के यो जिसनै आंध्याँ ताहीं
रोशनी दे दी, के यो लाजर ताहीं मरण तै न्ही बचा सकै था?” 38 यीशु
मन म्हए फेर घणाए दुखी होकै कब्र पै आया। वा एक गुफा थी अर एक
पत्थर उसपै धरया था। 39 यीशु नै कह्या, “पत्थर हटादो।” लाजर की
बेब्बे मार्था उसतै कहण लाग्गी, “हे प्रभु, उस म्ह तै इब तो बदबू आवै
सै, क्यूँके उसनै मरे चार दिन हो लिए सै।” 40 यीशु नै उन ताहीं कह्या,
“के मन्नै तेरे तै कोनी कह्या था के जै तू बिश्वास करैगी, तो परमेसवर
की महिमा नै देक्खैगी।” 41 फेर उननै पत्थर ताहीं हटाया। यीशु नै सुर्ग
कान्ही निगांह ठाकै कह्या, “हे पिता, मै तेरा धन्यवाद करुँ सूं, के तन्नै
मेरी सुण ली सै। 42 अर मन्नै बेरा था के तू सारी हाण मेरी सुणै सै, पर
जो भीड़ आसै-पासै खड़ी सै, उनकै बाबत मन्नै कह्या, ताके वे बिश्वास
करै, के तन्नै मेरैताहीं भेज्या सै।” 43 न्यू कहकै ठाड्डू आवाज म्ह रुक्का
मारया, “हे लाजर, लिकड़ आ।” 44 जो मर लिया था उसके हाथ पैर
पट्टियाँ तै बंधे हुए थे, अर उसकै मुँह पै अंगोच्छा लिपटरया था। यीशु
नै उन ताहीं कह्या, “उसनै खोलदो अर जाण द्यो।” 45 फेर जो यहूदी
मरियम धोरै मिलण आरे थे, अर उसका यो चमत्कार देख्या था, उन
म्ह तै घणखरयां नै उसपै बिश्वास करया। 46 पर उन म्ह तै कईयाँ नै
फरीसियाँ धोरै जाकै यीशु के काम्मां की खबर दी। 47 ज्यांतै प्रधान
याजकां अर फरीसियाँ नै यहूदी अगुवां की सभा करी, अर कह्या, “हमनै
के करणा चाहिये? यो माणस तो घणे चमत्कार दिखावै सै। 48 जै हम
उसनै न्यूए करण द्या, तो फेर सारे उसपै बिश्वास करैगें, अर रोमी सैनिक
आकै म्हारे देश अर मन्दर दोनुवां पै कब्जा कर लेवैगें।” 49 फेर उन म्ह
तै काइफा नामका एक माणस नै जो उस साल का महायाजक था, उन
ताहीं कह्या, “थम किमे न्ही जाणदे! 50 अर ना ए थमनै इस बात की
समझ सै, के इस्से म्ह थारा फायदा सै, के बजाये इसके के सारे माणस
ए नाश हो जावै, सब खात्तर एक आदमी नै मरणा होगा।” 51 पर या
बात उसनै अपणी ओड़ तै कोन्या कही, पर उस साल का महायाजक
होण के नाते या भविष्यवाणी करी, के यीशु उस जात खात्तर मरैगा। 52
अर ना सिर्फ यहूदी जात खात्तर बल्के ज्यांतै के परमेसवर की खिंड-मिंड
ऊलादां नै एक करदे। 53 इस तरियां उस्से दिन तै यहूदी अगुवें उस ताहीं
मारण खात्तर साजिस रचाण लाग्गे। 54 ज्यांतै यीशु उस बखत तै यहूदी
लोग्गां म्ह घाट दिक्खण लागग्या, अर यरुशलेम नगर नै छोड़कै वो
जंगल-बियाबान कै धोरै इफ्राईम नामक एक नगर कान्ही चल्या गया,
अर अपणे चेल्यां गैल उड़ैए रहण लाग्या। 55 यहूदियाँ का फसह का
त्यौहार लोवै था, अर घणेए माणस फसह तै पैहल्या अपणे गाम्मां म्ह तै
यरुशलेम नगर म्ह गए, के खुद नै पवित्र करै। 56 वे यीशु नै टोह्ण लाग्गे
अर मन्दर म्ह खड़े होकै आप्पस म्ह बतलाण लाग्गे, “थम के सोच्चो
सो? के वो त्यौहार म्ह कोनी आवैगा?” 57 अर प्रधान याजकां अर
फरीसियाँ नै हुकम दे राख्या था, के जै कोए न्यू जाणै सै, के यीशु कित्त
सै तो बतावै, ताके वे उसनै पकड़ ले।

## 12

फेर यीशु फसह का त्यौहार तै छ: दिन पैहल्या बैतनिय्याह गाम
म्ह आया जित्त लाजर था, जिस ताहीं यीशु नै मरया होड़ म्ह
तै जिन्दा करया था। 2 उड़ै उननै यीशु कै खात्तर भोज तैयार करया,
अर मार्था सेवा करण लागरी थी, अर लाजर भी उन म्ह तै एक था जो
उसकै गेल्या खाणा खाण बेठ्ठे थे। 3 फेर मरियम नै जटामांसी फूल का
आध्धा सेर घणा महँगा खसबूदार तेल लेकै यीशु के पायां पै गेरया, अर
अपणे बाळां तै उसके पैर पुन्झे, अर खसबूदार तेल की खस्बू तै घर
खसबूदार होग्या। 4 पर उसके चेल्यां म्ह तै यहूदा इस्करियोती नामका
एक चेल्ला जो उस ताहीं पकड़वाणा चाहवै था, कहण लाग्या, 5 “यो
महँगा खसबूदार तेल तीन सौ दीनार (तीन सौ दिन की मजदूरी) म्ह
बेचकै कंगालां ताहीं क्यातै कोनी दिया गया?” 6 उसनै या बात ज्यातै
कोनी कही के उसनै कंगालां की फिक्र थी बल्के ज्यांतै के वो चोर था,
अर उसकै धोरै पिस्या की थैल्ली रह्या करै थी अर उस म्ह जो कुछ गेरया
जान्दा, वो काढ लेवै था। 7 यीशु नै कह्या, “उस ताहीं यो करण द्यो, यो
मेरे गाड्डे जाण की तैयारी कै खात्तर सै। 8 क्यूँके कंगाल तो थारे गेल्या
सारी हाण रहवैंगे, पर मै थारे गेल्या सारी हाण कोनी रहूँगा।” 9 फसह
का त्यौहार म्ह आई यहूदियाँ की एक बड़ीए भीड़ नै जिब बेरा लागग्या
के वो बैतनिय्याह गाम म्ह सै, तो वे ना सिर्फ यीशु कै बाबत आये पर
ज्यांतै भी के लाजर नै देक्खै, जिस ताहीं यीशु मसीह नै मरया होड़ म्ह तै
जिन्दा करया था। 10 फेर प्रधान याजकां नै लाजर ताहीं भी मारण की
सलाह करी। 11 क्यूँके उसकै बाबत घणखरे यहूदी चले गये अर यीशु पै
बिश्वास करया। 12 दुसरे दिन घणखरे माणसां नै जो फसह के त्यौहार

म्ह आरे थे न्यू सुण्या, के यीशु यरुशलेम नगर म्ह आरया सै। 13 ज्यांतै
उननै खजूर की डाळी ली, अर उसतै फेट्टण नै लिकड़े, अर रुक्के मारण
लाग्गे, “होशाना! (मतलब जै-जै कार हो) धन्य इस्राएल का राजा, जो
प्रभु कै नाम तै आवै सै।” 14 जिब यीशु यरुशलेम नगर कै धोरै आया,
तो उसनै एक गधे का बच्चा मिल्या, फेर वो उसपै बैठग्या, 15 जिसा
पवित्र शास्त्र म्ह लिख्या सै, “हे सिय्योन की बेट्टी, मतना डरै, लखा, तेरा
राजा गधी के बच्चे पै चढ़ा होड़ चाल्या आवै सै।” 16 यीशु के चेल्लें ये
बात पैहल्या कोनी समझे थे, पर जिब यीशु की महिमा दिक्खी फेर
उनकै याद आया के ये बात उसकै बाबत लिक्खी होड़ थी, अर माणसां
नै उसकै गेल्या न्यूए बरताव करया था। 17 फेर उसकै गैल जो भीड़ थी
उननै या गवाही दी, जो उस बखत उसकै गेल्या थे, जिब उसनै लाजर
ताहीं कब्र म्ह तै बुलाकै मरया होया म्ह तै जिन्दा करया था। 18 ज्यांतै
माणस यीशु तै फेट्टण नै आरे थे क्यूँकि उननै सुण्या था के उसनै यो
अचम्भे का काम करया था। 19 फेर फरीसियाँ नै आप्पस म्ह कह्या,
“सोचकै तो देक्खो, के थारे तै कुछ भी कोनी बणदा। लखाओ, दुनिया
उसकै गैल हो ली सै।” 20 जो माणस उस फसह के त्यौहार म्ह भगति
करण नै आये थे उन म्ह तै कुछ यूनानी थे। 21 उननै गलील परदेस
कै बैतसैदा नगर के बासिन्दे फिलिप्पुस कै धोरै आकै उसतै बिनती
करी, “श्रीमान, हम यीशु तै फेटणा चाहवां सां।” 22 फिलिप्पुस नै
आकै अन्द्रियास तै कह्या, फेर अन्द्रियास अर फिलिप्पुस नै जाकै यीशु
ताहीं कह्या। 23 इसपै यीशु नै उन ताहीं कह्या, “वो बखत आ ग्या सै
के मुझ माणस के बेट्टै की महिमा हो। 24 मै थारे तै साच्ची-साच कहूँ
सूं, के जिब ताहीं गेहूँ का दाणा धरती म्ह पड़कै मर न्ही जान्दा, वो
एक्ला रहवै सै, पर जिब मर जावै सै, तो वो अनगणित दाण्या नै जन्म
देवै सै। 25 जो अपणे जीवन नै प्यारा जाणै सै, वो उसनै खो देवै सै,
अर जो इस दुनिया म्ह अपणे जीवन नै प्यारा कोनी जाण्दा, वो अनन्त
जीवन कै खात्तर उसकी रुखाळी करैगा। (aiōnios g166) 26 जै कोए
मेरी सेवा करै, तो वो मेरा चेल्ला बण जावै, अर जिब जड़ै मै सूं, उड़ै
मेरा सेवक भी होवैगा। जै कोए मेरी सेवा करै, तो पिता उसका आदर
करैगा। 27 “इब मेरा जी भोत दुखी सै। ज्यांतै इब मै के कहूँ? ‘हे पिता,
मन्नै इस दुख की घड़ी तै बचा?’ पर मै इस्से खात्तर इस दुनिया म्ह
आया सूं, ताके मै दुख सहु। 28 हे पिता अपणे नाम की महिमा कर।”
फेर या अकास वाणी होई, “मन्नै इसकी महिमा करी सै, अर फेर भी
करुँगा।” 29 फेर जो माणस खड़े होए सुणरे थे, उननै कह्या के बाद्दळ
गरजा। दुसरयां नै कह्या, “कोए सुर्गदूत उसतै बोल्या।” 30 इसपै यीशु
नै कह्या, “या आवाज मेरै खात्तर न्ही, पर थारे खात्तर आई सै। 31 इब
इस दुनिया का न्याय होवै सै, इब इस दुनिया का अधिकारी काढ्या
जावैगा। 32 अर मै जै धरती पै तै ऊँच्चे पै चढ़ाया जाऊँगा, तो सारया नै
अपणे कान्ही खिच्चुगाँ।” 33 न्यू कहकै उसनै यो बता दिया के वो किस
ढाळ की मौत तै मरैगा। 34 इसपै माणसां नै यीशु ताहीं कह्या, “हमनै
मूसा नबी के नियम-कायदा की या बात सुणी सै के मसीह सदा जिन्दा
रहवैगा, फेर तू क्यातै कहवै सै के माणस का बेट्टा ऊँच्चे पै चढ़ाया
जाणा जरूरी सै? यो माणस का बेट्टा कौण सै?” (aiōn g165) 35 यीशु नै
उन ताहीं कह्या, “चाँदणा (यीशु नै अपणे-आप तै कह्या सै) इब थोड़ी देर
ताहीं थारे बिचाळै सै। जिब ताहीं चाँदणा थारे गेल्या सै जद ताहीं चाल्दे
रहो, इसा ना हो के अँधेरा थारे ताहीं घेर लेवै, जो अँधेरे म्ह चाल्लै सै
वो कोनी जाण्दा के कड़ै जावै सै। 36 जिब ताहीं चाँदणा थारे गेल्या
सै, चाँदणे पै बिश्वास राक्खो ताके थम चाँदणे की ऊलाद बणो।” ये
बात कहकै यीशु चल्या गया अर उनतै दूर रह्या। 37 यीशु मसीह नै
उनकै स्याम्ही इतने चमत्कार दिखाए, फेर भी उननै उसपै बिश्वास कोनी
करया, 38 ताके यशायाह नबी का वचन पूरा हो जो उसनै कह्या “हे
प्रभु, म्हारै संदेश का किसनै बिश्वास करया सै? अर प्रभु की शक्ति
किसपै जाहिर होई सै?” 39 इस बाबत वे बिश्वास कोनी कर सके,
क्यूँके यशायाह नै न्यू भी कह्या सै: 40 “उसनै उनकी आँख आँधी, अर
उनके मन कठोर कर दिए सै, कदे इसा ना हो के वे आँखां तै देक्खै, अर
मन तै समझै, अर पलटै, अर मै उननै ठीक करुँ।” 41 यशायाह नै ये
बात ज्यांतै कही, के उसनै यीशु मसीह की महिमा देक्खी, अर उसनै
उसकै बारें म्ह बताया। 42 फेरभी यहूदी सरदारां म्ह तै घणाए नै उसपै
बिश्वास करया, पर फरीसियाँ कै कारण खुलकै कोनी मान्नै थे, क्यूँके
उननै डर था कदे वे आराधनालय म्ह तै लिकाड़े ना जावै 43 क्यूँके
माणसां की ओड़ तै करी जाण आळी बड़ाई उननै परमेसवर की ओड़ तै
बड़ाई की बराबरी म्ह घणी प्यारी लाग्गै थी। 44 यीशु नै रुक्का मारकै
कह्या, “जो मेरै पै बिश्वास करै सै, वो मेरै पै न्ही बल्के मेरै खन्दानआळै
पै बिश्वास करै सै। 45 अर जो मन्नै देक्खै सै, वो मेरै खन्दानआळै नै
देक्खै सै। 46 मै दुनिया म्ह चाँदणा बणकै आया सूं, ताके जो कोए मेरै पै
बिश्वास करै वो अँधेरे म्ह कोनी रहवै।” 47 “जै कोए मेरे वचन सुणकै भी
उननै न्ही मानता, तोभी मै उसनै कसूरवार कोनी ठहरान्दा, क्यूँके मै
दुनिया के माणसां ताहीं कसूरवार ठहराण खात्तर कोनी, पर दुनिया के
माणसां का उद्धार करण खात्तर आया सूं। 48 जो कोए मन्नै नकारै सै,
अर मेरे सुसमाचार नै कोनी अपणावै, उस ताहीं कसूरवार ठहराण आळा
तो एके सै, यानिके जो वचन मन्नै कह्या सै, वोए पाच्छले दिन म्ह उस
ताहीं कसूरवार ठहरावैगा। 49 क्यूँके मै अपणी ओर तै बात न्ही कहन्दा,
पर पिता जिसनै मेरै ताहीं भेज्या सै, उसनै मेरै ताहीं हुकम दिया सै के,
के मै कहूँ अर किस तरियां बोल्लूँ? 50 अर मन्नै बेरा सै के उसका हुकम
अनन्त जीवन देवै सै। ज्यांतै मै जो कुछ कहूँ सूं, ठीक उसाए कहूँ सूं,
जिसा पिता नै मेरै ताहीं कहण का हुकम दिया सै।” (aiōnios g166)

**13** फसह कै त्यौहार तै पैहल्या, जिब यीशु नै बेरा लागग्या, के मेरा
वो बखत आ लिया सै, के दुनिया छोड़कै पिता कै धोरै उल्टा
जाऊँ, तो अपणे मानण आळा तै, जो दुनिया म्ह थे, जिसा प्यार वो
करया करदा, आखर ताहीं उसाए प्यार करदा रह्या। 2 यीशु अर उसके
चेल्लें साँझ नै खाणा खाण लागरे थे। शमौन के बेट्टे यहूदा इस्करियोती

के मन म्ह शैतान नै यो विचार घाल दिया था, के वो यीशु कै गेल्या
धोक्खा करै। 3 यीशु यो जाणै था, के पिता नै सब कुछ उसके हाथ
म्ह सौप दिया सै, अर यो भी के वो परमेसवर की ओड़ तै आया सै,
परमेसवर कै धोरै ए उल्टा जाण लागरया सै। 4 इस खात्तर वो खाणा
छोड़कै खड्या होग्या, उसनै अपणे उप्परले लत्ते उतार दिये, अंगोच्छा
लेकै अपणी कमर म्ह बाँध लिया। 5 फेर बास्सण म्ह पाणी भरकै चेल्यां
के पैर धोये, अर जो अंगोच्छा कमर पै बाँध राख्या था, उस्से तै पूंझण
लागग्या। 6 जिब वो शमौन पतरस कै धोरै आया, फेर पतरस नै उस
ताहीं कह्या, "हे प्रभु, के तू मेरे पैर धोवैगा?" 7 यीशु नै उस ताहीं जवाब
दिया, "जो मै करुँ सूं, तू उसका मतलब इब्बे न्ही समझ पावैगा, पर
इसकै बाद समझैगा।" 8 पतरस नै उस ताहीं कह्या, "मै अपणे पैर तेरे
ताहीं कदे न्ही धोण दियुँगा।" न्यू सुणकै यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जै मै
तेरे पैर ना धोऊँ, तो तू मेरा चेल्ला न्ही कुह्वावैगा।" (aiōn g165) 9 शमौन
पतरस नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, फेर मेरे पैर ए न्ही बल्के मेरे हाथ अर
सिर भी धोदे।" 10 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जो माणस न्हा लिया हो
उस ताहीं पैर कै सिवाय और कुछ धोण की जरूरत कोनी, पर वो पूरी
तरियां साफ हो चुका सै, थम सारे साफ सो, पर एक नै छोड़ के।" 11
यीशु तो अपणे पकड़वाण आळे नै जाणै था, ज्यांतै उसनै कह्या, "थम
सारे साफ सो, पर एक नै छोड़ के।" 12 जिब यीशु नै पैर धो लिये, अर
अपणे लत्ते दुबारा पहरकै फेर बैठग्या, तो उन ताहीं कहण लागग्या, "के
थम समझे के मन्नै थारे गेल्या के करया?" 13 थम मन्नै गुरु अर प्रभु
कहो सो, अर सही कहो सो, क्यूँके मै वोए सूं। 14 जिब मन्नै गुरु अर
प्रभु होकै थारे पैर धोए, तो थमनै भी मेरी तरियां एक-दुसरे के पैर धोणे
चाहिये। 15 क्यूँके मन्नै थारे ताहीं नमूना दिखाया सै, के जिसा मन्नै थारे
गेल्या करया सै, थम भी उसाए करया करो। 16 मै थारे तै साच्ची-साच
कहूँ सूं, नौक्कर अपणे माल्लिक तै बड्ड़ा कोनी, अर ना प्रेरित अपणे
भेजण आळे तै। 17 इब थम ये बात जाणगे सों, जै उनपै चाल्लों तो थम
सुखी रहोगे। 18 मै थम सारया कै बारें म्ह कोनी कहन्दा, मै उननै जांणु
सूं, जिनताहीं मन्नै छाँट लिया सै, (अर यो भी के यहूदा बिश्वासघाती सै)
क्यूँके मन्नै उस ताहीं इस खात्तर छाट्या सै, ताके पवित्र ग्रन्थ का यो
वचन पूरा हो, "जो मेरी रोट्टी खावै सै, उसनै मेरै पै लात ठाई।" 19 "ये
सब कुछ मन्नै थारे ताहीं पैहले ए बता दिया था, के जब न्यू हो जावै तो
थम बिश्वास करियो के मै वोए सूं। 20 मै थारे ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं,
के जो मेरे भेज्जै होया नै अपणावै सै, वो मन्नै अपणावै सै, अर जो मन्नै
अपणावै सै, वो मेरे भेजण आळे नै अपणावै सै।" 21 ये बात कहकै
यीशु आत्मा म्ह दुखी होया अर या गवाही दी, "मै थारे ताहीं साच्ची-साच
कहूँ सूं, के थारे म्ह तै एक मन्नै धोक्खा देकै पकड़वावैगा।" 22 चेल्लें
यो शक करते होए के वो किसकै बाबत कहवै सै, एक-दुसरे कै कान्ही
लखाण लागगे। 23 उसके चेल्यां म्ह तै यूहन्ना जिस ताहीं यीशु प्यार
राक्खै था, यीशु कै धोरै बेठ्या था। 24 शमौन पतरस नै यूहन्ना कान्ही
इशारा करकै उस ताहीं बुझ्झया, "बता तो, वो किसकै बाबत कहवै
सै?" 25 फेर उसनै उस्से ढाळ यीशु की छात्ती कै कान्ही झुककै उस
ताहीं बुझ्झया, "हे प्रभु, वो कौण सै?" 26 यीशु नै जवाब दिया, "जिस
ताहीं मै यो रोट्टी का टुकड़ा डुबोकै द्युगां वोए सै।" अर उसनै टुकड़ा
डुबोकै शमौन के बेट्टे यहूदा इस्करियोती ताहीं दिया। 27 टुकड़ा खान्दे
शैतान यहूदा इस्करियोती म्ह बड़ग्या। फेर यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जो
तू करै सै, तोळा कर।" 28 भोज पै बैठण आळे चेल्यां म्ह तै किसे नै भी
यो कोनी बेरा लाग्गण पाया के उसनै या बात उसतै किस मतलब तै
कही। 29 कईयाँ नै सोच्या के रपियाँ की थैल्ली यहूदा कै धोरै रहवै सै,
ज्यांतै यीशु उस ताहीं कहवै सै के त्यौहार कै खात्तर जरूरी समान मोल
ले आओ या गरीबां नै कुछ देवै, इस खात्तर यहूदा नै रोट्टी का टुकड़ा
लिया। 30 आखर म्ह वो टुकड़ा खाकै जिब्बे बाहरणै लिकड़ग्या, अर रात
का बखत था। 31 जिब यहूदा बाहरणै लिकड़ग्या तो यीशु नै कह्या, "इब
मुझ माणस के बेट्टे की महिमा होई सै, अर परमेसवर की महिमा मेरे म्ह
होई सै, 32 परमेसवर भी अपणे बेट्टे की महिमा करैगा, अर वो जिब्बे
करैगा।" 33 हे बाळकों, मै थोड़ी सी वार और थारे धोरै सूं, फेर थम मन्नै
टोहओगे, अर जिसा मन्नै यहूदियाँ ताहीं कह्या, "जड़ै मै जाऊँ सूं, उड़ै
थम कोनी आ सकदे, न्यू इब मै थारे ताहीं भी कहूँ सूं।" 34 "मै थमनै
नया हुकम द्यु सूं, के एक-दुसरे तै प्यार करो, जिसा मन्नै थारैतै प्यार
करया सै, उस्से तरियां थम भी एक-दुसरे तै प्यार करो। 35 जै आप्पस
म्ह प्यार राक्खोगे, तो इसतै सारया नै बेरा पाट्टैगा के थम मेरे चेल्लें
सो।" 36 शमौन पतरस नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, तू कित्त जा सै?"
यीशु नै जवाब दिया, "जड़ै मै जाऊँ सूं, उड़ै तू इब्बे मेरै पाच्छै न्ही आ
सकदा, पर इसकै बाद मेरै गेल्या आवैगा।" 37 पतरस नै उसतै कह्या,
"हे प्रभु, इब्बे मै तेरे पाच्छै क्यातै न्ही आ सकदा? मै तो तेरी खात्तर
अपणी जान भी देण नै तैयार सूं।" 38 यीशु नै जवाब दिया, "के तू मेरी
खात्तर अपणी जान दे देवैगा? मै तेरे तै सच कहूँ सूं, के मुर्गे कै बाँग देण
तै पैहल्या तू तीन बार मेरे बारें म्ह मुकरैगा।

**14** "अपणे मन नै दुखी ना होण द्यो, थम परमेसवर पै बिश्वास राक्खो
सो, अर मेरै पै भी बिश्वास राक्खो। 2 मेरै पिता कै घर म्ह घणीए
रहण की जगहां सै, जै न्ही होंदी तो मै थारे ताहीं कह देंदा, क्यूँके मै थारे
खात्तर जगहां त्यार करण नै जाऊँ सूं। 3 अर जै मै जाकै थारे खात्तर
जगहां त्यार करूँ, तो फेर दुबारै आकै थमनै अपणे उरै ले जाऊँगा के जड़ै
मै रहूँ उड़ै थम भी रहो। 4 अर जित्त म्ह जाऊँ सूं, थम ओड़ै की राह
जाणो सों।" 5 थोमा नै उसतै सवाल करया, "हे प्रभु, हमनै तेरे ठिकाणै
का ए कोनी बेरा तो उसका राह किस तरियां जाण सका सां?" 6 यीशु
नै उस ताहीं जवाब दिया, "मै ए वो राह अर सच अर अनन्त जीवन सूं,
बिना मेरै जरिये कोए पिता धोरै कोनी पोहच सकदा। 7 जै थम सच म्ह
ए मन्नै जाणदे होन्दे, तो मेरै पिता नै भी जाणदे, इसकै बाद थमनै उस
ताहीं जाण लिया सै, अर उस ताहीं देख भी लिया सै।" 8 फिलिप्पुस नै
उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, तू म्हारै ताहीं पिता के दर्शन ए करा दे, योए
म्हारै खात्तर भतेरा होगा।" 9 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "हे फिलिप्पुस, मै

इतने दिन तै थारे गेल्या सूं, के तू मन्नै कोनी जाण्दा? जिसनै मेरैताहीं
देख्या सै उसनै पिता ताहीं देख्या सै। फेर क्यातै कहवै सै के पिता नै
म्हारैताहीं दिखा?” 10 के तन्नै बिश्वास कोनी के मै पिता म्ह सूं, अर
पिता मेरै म्ह सै? ये वचन जो मै थारे ताहीं बताऊँ सूं, अपणी ओड़ तै
कोनी बतान्दा, पर मेरे भित्तर बसा पिता ए सै, जो मेरे म्ह होकै अपणे
काम पूरा करण लागरया सै। 11 मेरा-ए बिश्वास करो के मै पिता म्ह सूं,
अर पिता मेरै म्ह सै, ना तो काम्मां कै कारण मेरा बिश्वास करो। 12 मै
थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो मेरै पै बिश्वास राक्खै सै, ये काम जो
मै करुँ सूं, वो भी करैगा, बल्के इनतै भी बड़े-बड़े काम करैगा, क्यूँके मै
इब पिता कै धोरै जाऊँ सूं। 13 मेरै नाम तै थम जो कुछ माँगोगे, वोए मै
करुँगा, जिसतै बेट्टे कै जरिये पिता की महिमा हो। 14 जै थम मेरै तै मेरै
नाम तै कुछ माँगोगे, तो मै उस ताहीं पूरा करुँगा। 15 “जै थम मेरै तै
प्यार करो सो, तो मेरे हुकमां नै मान्नोगे। 16 मै पिता तै बिनती करुँगा,
अर वो थारे ताहीं एक और मददगार देवैगा के वो सारीहाण थारे गेल्या
रहवै। (aiōn g165) 17 यानिके सच का आत्मा, जिस ताहीं दुनिया कोनी
अपणा सकदी, क्यूँके वो ना उसनै देक्खै सै, अर ना उस ताहीं जाणै सै,
थम उसनै जाणो सो, क्यूँके आज वो थारे गेल्या सै, अर आण आळे
बखत म्ह भी वो थारे म्ह बणा रहवैगा।” 18 “मै थारे ताहीं अनाथ कोनी
छोड़ूँगा, मै थारे धोरै बोहड़ के आऊँगा। 19 थोड़ा ए बखत बाकी सै,
जिब दुनिया मेरै ताहीं कोनी देक्खैगी, पर थम मन्नै देक्खोगे, ज्यांतै
के मै जिन्दा सूं, थम भी जिन्दा रहोगे। 20 जिब मै बोहड़ के आऊँगा,
उस दिन थमनै बेरा लाग्गैगा, के मै अपणे पिता म्ह सूं, अर थम मेरै
म्ह, मै थारे म्ह। 21 वो, जो मेरे हुकम नै मान्नै सै अर उननै निभावै सै,
वोए मेरतै प्यार करै सै, अर जो मेरतै प्यार करै सै, वोए मेरे पिता का
प्रियजन होगा, मै उसतै प्यार करुँगा, अर अपणे-आप ताहीं उसपै जाहिर
करुँगा।” 22 उस यहूदा नै (जो इस्करियोती कोनी था) यीशु ताहीं कह्या,
“हे प्रभु, इसा के होया के तू अपणे-आप ताहीं म्हारै पै जाहिर करणा
चाहवै सै, अर दुनिया के माणसां पै न्ही?” 23 यीशु नै उस ताहीं जवाब
दिया, “जै कोए मेरै तै प्यार करै सै, तो वो मेरी शिक्षा का पालन करैगा,
वो मेरे पिता का प्रियजन बणैगा, अर हम उसकै धोरै आकै उसकै गेल्या
वास करागें।” 24 वो, जो मेरतै प्यार कोनी करदा, वो मेरै वचन नै कोनी
मानता, अर जो वचन थम सुणो सो वो मेरे कोनी बल्के पिता के सै, जो
मेरा भेजण आळा सै। 25 “ये बात मन्नै थारे गेल्या रहंदे होए थारैतै
कही। 26 पर मददगार यानिके पवित्र आत्मा जिस ताहीं पिता मेरै नाम
तै भेज्जैगा, वो थारे ताहीं इन सारी बात्तां की शिक्षा देवैगा, अर जो कुछ
मन्नै थारे तै कह्या सै, वो सारा कुछ थारे ताहीं याद दुआवैगा।” 27 मै
थारे ताहीं शान्ति देकै जाऊँ सूं, अपणी शान्ति थारे ताहीं दियुँ सूं, जिसी
दुनिया थारे ताहीं शान्ति देवै सै, मै थमनै उसी शान्ति कोनी देंदा अपणे
मन नै दुखी ना होण द्यो अर ना डरियो। 28 थमनै सुण्या के मन्नै थारे
ताहीं के कह्या, “मै जाऊँ सूं, अर थारे धोरै फेर आऊँगा।” जै थम मेरै तै
प्यार करदे, तो यो जाणकै राज्जी होन्दे, के मै पिता कै धोरै जाऊँ सूं, जो
मेरै तै घणा महान् सै। 29 यो सब होण तै पैहल्या मन्नै थारे ताहीं इसके
बारै म्ह बता दिया सै, के जिब यो हो जावै, तो थम बिश्वास करो। 30 मै
इब थारे तै घणा कुछ न्ही कहूँगा, क्यूँके इस दुनिया का शासक (शैतान)
आवै सै। मेरै पै उसका कोए हक कोनी, 31 दुनिया यो समझ ले के मै
पिता तै प्यार करुँ सूं, योए कारण सै के मै उसके सारे हुकमां का पालन
करुँ सूं। उठो, हम याड़ै तै चाल्लां।

**15** यीशु नै कह्या, “मै सच्ची अंगूर की बेल की तरियां सूं, अर मेरा
पिता किसान की तरियां सै। 2 मेरे मै लाग्गी हरेक डाळी जो फळ
न्ही देन्दी, उस ताहीं वो काट देवै सै, पर हरेक एक फळ देण आळी
डाळी ताहीं छांगै सै ताके वा और घणा फळ ल्यावै। 3 थम तो उस वचन
कै कारण जो मन्नै थारैताहीं कह्या सै, शुद्ध होगे सो। 4 थम मेरै म्ह बणे
रहो, अर मै थारे म्ह, जिस तरियां डाळी जै अंगूर की बेल म्ह बणी न्ही
रहवै तो खुद तै कोनी फळ सकदी, उस्से तरियां थम भी जै मेरै म्ह बणे
न्ही रहो तो कोनी फळ सकदे।” 5 मै अंगूर की बेल की ढाळ सूं अर थम
डाळी सो। जो मेरै म्ह बण्या रहवै सै अर मै उस म्ह, वो घणाए फळ फळै
सै, क्यूँके मेरै तै न्यारे पाटकै थम कुछ न्ही कर सकदे। 6 जै कोए मेरै म्ह
न्ही बण्या रहंदा, तो वो डाळी की तरियां बगा दिया जावैगा, अर सूख
जावै सै, अर माणस उन ताहीं कठ्ठे करकै आग म्ह झोक देवै सै, अर वे
बळ जावै सै। 7 जै थम मेरै म्ह बणे रहो अर मेरे वचन थारे म्ह बणे रहवै,
तो थारे माँगण पै थारी इच्छा पूरी करी जावैगी। 8 थारे फळ की भरपूरी
म्ह मेरै पिता की महिमा अर थारा मेरे चेल्लें होण का सबूत सै। 9 जिसा
पिता नै मेरै तै प्यार करया, उसाए मन्नै थारैतै प्यार करया, मेरै प्यार म्ह
बणे रहो। 10 जै थम मेरे हुकमां नै मान्नोगे, तो मेरै प्यार म्ह बणे रहोगे,
जिस ढाळ के मन्नै अपणे पिता का हुकम मान्या सै, अर उसकै प्यार म्ह
बणा रहूँ सूं। 11 मन्नै ये बात थारे तै ज्यांतै कही, के जो आनन्द मेरे म्ह
सै, वो थारे म्ह भी हो अर बढ़ता जावै। 12 “मै थमनै नया हुकम द्यु सूं,
के एक-दुसरे तै प्यार करियो, जिसा मन्नै थारैतै प्यार करया सै, उसाए
थम भी एक-दुसरे तै प्यार करियो। 13 इसतै बड्ड़ा प्यार किसे का
कोनी के कोए अपणे दोस्तां कै खात्तर अपणी जान दे। 14 जो हुकम मै
थारे ताहीं दियुँ सूं, जै थम उसपै चाल्लों सों तो थम मेरे साथी सो।”
15 मन्नै थारे ताहीं नौक्कर न्ही, पर साथी मान्या सै, क्यूँके नौक्कर
माल्लिक के काम्मां तै अनजाण रहवै सै, मन्नै थारे ताहीं वे सारी बात
बता दी सै, जो मन्नै पिता तै मिली सै। 16 थमनै मेरै ताहीं कोनी चुण्या
पर मन्नै थारे ताहीं चुण्या सै अर थारैताहीं काम पै लाया सै, के थम
जाकै फळ ल्याओ अर थारा फळ बणा रहवै, के थम मेरै नाम तै जो कुछ
पिता तै माँग्गो, वो थारे ताहीं दे दे। 17 मेरा हुकम यो सै के थम एक-
दुसरे तै प्यार करो। 18 “जै दुनिया के माणस थारैतै बैर राक्खै सै,
तो जाण ल्यो के उसनै थारैतै पैहल्या मेरै तै बैर राख्या सै। 19 जै थम
दुनिया के माणसां जिसे होन्दे, तो दुनिया थारे तै आपण्यां जिसा प्यार
करदी, पर थम दुनिया के कोनी, बल्के मन्नै थारैताहीं दुनिया म्ह तै छाँट
लिया सै, इस करकै दुनिया के माणस थारे तै बैर राक्खै सै। 20 याद

राक्खों मन्नै थारे तै के कह्या था, 'नौक्कर अपणे माल्लिक तै बड्ड़ा
कोनी होंदा,' जिब उननै मेरै ताहीं सताया, तो थारैताहीं भी सतावैगें।
जै उननै मेरी शिक्षा मान्नी, तो थारी भी माँन्नैगें। 21 पर यो सब कुछ
माणस मेरै नाम कै कारण थारे गेल्या करैगें, क्यूँके माणस मेरै भेजण
आळे नै कोनी जाणदे। 22 जै मै न्ही आन्दा, अर उनतै बात न्ही करदा,
फेर वे पापी कोनी ठहरदे, पर इब उननै उनकै पाप खात्तर कोए बहान्ना
कोनी। 23 जो मेरै तै बैर राक्खै सै, वो मेरै पिता तै भी बैर राक्खै सै। 24
जै मै उनके बीच म्ह वे काम न्ही करदा, जो और किसे नै कोनी करे, तो
वे पापी कोनी ठहरदे, पर इब तो जो कुछ मन्नै करया सै उननै मेरै ताहीं
देख लिया सै, उननै मेरै ताहीं अर मेरे पिता दोनुआ तै बैर करया। 25 पर
यो इस करकै होया के जो उनकै नियम-कायदा म्ह लिख्या सै वो सच हो
सकै, 'उननै मेरै तै खामखां बैर करया।'" 26 पर जिब वो मददगार (सच
का आत्मा जो पिता की ओड़ तै आवै सै) धोरै आवैगा, जिसनै मै थारे
धोरै पिता की ओड़ तै भेज्जूँगा, तो वो मेरी गवाही देवैगा, 27 अर थम भी
मेरे गवाह सो, क्यूँके थम शरु तै मेरै गेल्या रहे सो।

**16** "ये बात मन्नै थारैतै ज्यांतै बताई सै के थारा बिश्वास डगमगा
न्ही जावै।" 2 वे थमनै आराधनालयाँ म्ह तै काढ देवैगें, बल्के वो
बखत आवै सै, के जो कोए थमनै मार देवैगा, वो न्यू समझैगा के मै
परमेसवर की सेवा करुँ सूं। 3 इसा वे ज्यांतै करैंगें के उननै ना पिता
ताहीं जाण्या सै, अर ना मन्नै जाणै सै। 4 पर ये बात मन्नै ज्यांतै थारैतै
कही, के जिब इनका बखत आवै तो थमनै याद रहवै के मन्नै थारैतै
पैहल्याए उसकै बारें म्ह बता दिया था। "मन्नै शरु म्ह थारैतै ये बात
ज्यांतै कोनी कही क्यूँके मै थारे गेल्या था।" 5 पर इब मै अपणे भेजण
आळे कै धोरै जाऊँ सूं, अर थारे म्ह तै कोए मेरै तै कोनी बुझता, "तू
कित्त जावै सै?" 6 पर मन्नै जो ये बात थारैतै कही सै, ज्यांतै थारा मन
दुख तै भरग्या सै। 7 फेरभी मै थारैतै साच्ची कहूँ सूं, के मेरा जाणा
थारे खात्तर ठीक सै, क्यूँके जै मै ना जाऊँ तो वो मददगार थारे धोरै
कोनी आवैगा, पर जै मै जाऊँगा, तो उस ताहीं थारे धोरै भेज्जूँगा। 8 वो
आकै दुनिया के माणसां ताहीं पाप अर धार्मिकता अर न्याय कै बाबत
बतावैगा। 9 पाप कै बारै म्ह ज्यांतै के वे मेरै पै बिश्वास कोनी करदे।
10 अर धार्मिकता कै बारै म्ह ज्यांतै के मै पिता कै धोरै जाऊँ सूं, अर
थम मन्नै दुबारै कोनी देक्खोगे, 11 न्याय कै बारै म्ह ज्यांतै के दुनिया
का शासक कसूरवार ठहराया जा चुक्या सै। 12 मन्नै थारे तै और भी
घणीए बात कहणी सै, पर इब्बे थम उननै सह न्ही सकदे। 13 पर जिब
वो यानिके सच का आत्मा आवैगा, तो थम सारया नै सच का रास्ता
बतावैगा, क्यूँके वो अपणी ओड़ तै कोनी कहवैगा पर जो कुछ सुणैगा
वोए कहवैगा, अर होण आळी बात थारे ताहीं बतावैगा। 14 वो मेरी
महिमा करैगा, क्यूँके उस ताहीं मेरी ओड़ तै जो मिला सै, वो थारे ताहीं
मेरी बात्तां म्ह तै लेकै बतावैगा। 15 वो सब कुछ, जो पिता का सै, वो
सारा मेरा सै, ज्यांतै मन्नै कह्या के वो मेरी बात्तां म्ह तै लेकै थारे ताहीं
बतावैगा। 16 "थोड़ी देर म्ह थम मन्नै कोनी देक्खोगे, अर फेर थोड़ी देर
म्ह मन्नै दुबारा देक्खोगे।" 17 फेर उसके कुछ चेल्यां नै आप्पस म्ह
कह्या, "उसका इस बात तै के मतलब सै जो वो म्हारै ताहीं कहवै सै,
'थोड़ी देर म्ह थम मन्नै कोनी देक्खोगे, अर फेर थोड़ी देर म्ह मन्नै दुबारा
देक्खोगे?' अर यो 'ज्यांतै के मै पिता कै धोरै जाऊँ सूं?'" 18 फेर उननै
कह्या, "यो 'थोड़ी देर' जो वो कहवै सै, या के बात सै? हम कोनी जाणदे
के वो के कहवै सै।" 19 यीशु नै न्यू जाणकै के वे मेरतै बुझणा चाहवै सै,
उन ताहीं कह्या, "के थम आप्पस म्ह मेरी इस बात बाबत जाँच-पड़ताळ
करो सो, 'थोड़ी देर म्ह थम मन्नै कोनी देक्खोगे, अर फेर थोड़ी देर म्ह
मन्नै दुबारा देक्खोगे?' 20 मै थारे तै साच्ची-साच कहूँ सूं, के जिब मै
मरूँगा तो थम रोओगे अर बिलाप करोगे, पर दुनिया राज्जी होवैगी।
थमनै दुख होगा, पर थारा दुख आनन्द म्ह बदल जावैगा। 21 जाप्पै कै
बखत बिरबान्नी नै दुख होवै सै, क्यूँके उसकै दुख का बखत आरया सै,
पर जिब वा बाळक नै जन्म दे सै, तो इस खुशी तै, के दुनिया म्ह एक
माणस पैदा होया, उस दुख नै फेर याद कोनी कर दी। 22 उस्से तरियां
थारे म्ह भी इब तो दुख सै, पर मै थारे तै दुबारा मिलूँगा अर थारे मन
आनन्द तै भर जावैंगे, थारा आनन्द कोए थारे तै खोस न्ही सकदा। 23
उस बखत थम मेरतै कुछ न्ही बुझ्झोगे। मै थारैतै सच कहूँ सूं, जै थम
पिता तै कुछ माँगोगे, तो वो मेरै नाम तै थमनै देवैगा। 24 इब ताहीं थमनै
मेरै नाम तै पिता तै कुछ न्ही मांग्या, माँग्गो, तो पा ल्योगे ताके थारा
आनन्द पूरा हो जावै। 25 "मन्नै ये बात थारैताहीं उदाहरणां म्ह कही सै,
पर वो बखत आवै सै, जिब पिता के बारें म्ह मै उदाहरणां म्ह न्ही कहूँगा,
पर साफ शब्दां म्ह थारे ताहीं बताऊँगा। 26 उस दिन थम मेरै नाम तै
माँगोगे, अर मै थारैतै न्यू कोनी कहन्दा के मन्नै ए थारे खात्तर पिता तै
बिनती करणी पड़ैंगी, 27 क्यूँके मेरा पिता तो खुदे थारैतै प्यार करै सै,
ज्यांतै के थमनै मेरतै प्यार करया सै अर यो बिश्वास करया सै के मै पिता
की ओड़ तै भेज्या होड़ सूं। 28 मै पिता की ओड़ तै दुनिया म्ह आया सूं,
अर इब दुनिया नै छोड़कै पिता कै धोरै जाऊँ सूं।" 29 उसकै चेल्यां नै
कह्या, "हाँ, इब तू उदाहरणां म्ह न्ही, बल्के साफ शब्दां म्ह समझाण
लागरया सै। 30 इब हम समझगे सां, के तू सब कुछ जाणै सै, अर इब
किसे नै तेरे तै कोए सवाल पूच्छण जुरत कोनी, इस खात्तर हम बिश्वास
करा सां के तू परमेसवर की ओड़ तै आया सै।" 31 न्यू सुणकै यीशु नै
उन ताहीं कह्या, "के थमनै इब बिश्वास होया सै?" 32 लखाओ, वो
बखत आवै सै बल्के आण पहोंच्या सै के थम सारे खिंड-मिन्ड होकै
अपणे-अपणे घर बोहड़ जाओगे, अर मन्नै एक्ला छोड़ दोगे, फेरभी मै
एक्ला कोनी क्यूँके पिता मेरै गेल्या सै। 33 "मन्नै ये बात थारैतै ज्यांतै
कही सै, के थम मेरै म्ह शान्ति पाओ। दुनिया म्ह थारे पै क्लेश होवै सै,
पर हिम्मत राखियो, मन्नै दुनिया ताहीं जीत लिया सै।"

**17** यीशु नै ये बात कही अर अपणी नजर अकास कान्ही ठाकै कह्या,
"हे पिता, वो बखत आण पहोंच्या सै, अपणे बेट्टे की महिमा
कर, के बेट्टा भी तेरी महिमा कर सकै, 2 क्यूँके तन्नै उस ताहीं सारी
मानवजात्ति पै हक दिया, के वो सब नै अनन्त जीवन देवै जो तन्नै उस

ताहीं सौप्या सै। (aiōnios g166) 3 अर अनन्त जीवन यो सै के वे तुझ,
जो के एकमात्र सच्चे परमेसवर अर यीशु मसीह नै जिस ताहीं तन्नै
भेज्या सै, जाणै। (aiōnios g166) 4 जो काम तन्नै मेरै ताहीं सौप्या था,
उस ताहीं पूरा करकै मन्नै धरती पै तेरी महिमा करी सै। 5 जो महिमा
मेरी तेरे गैल दुनिया की सृष्टि तै पैहल्या थी, इब हे पिता, तू अपणे गेल्या
मन्नै भी महिमावान कर।" 6 "मन्नै तेरा नाम उन माणसां पै जाहिर
करया सै दुनिया म्ह तै जिनताहीं तन्नै छाटकै मेरै ताहीं सौप्या था, वे तेरे
थे पर तन्नै उन ताहीं मेरै ताहीं सौप्या सै, अर उननै तेरे वचन का पालन
करया सै।" 7 इब जाणगे सै के जो कुछ तन्नै मेरै ताहीं दिया सै, वो
सारा तेरी ओड़ तै सै, 8 क्यूँके जो बात तन्नै मेरै ताहीं बताई, मन्नै उन
ताहीं उनकै धोरै पहोंच्या दी सै, अर उननै उन ताहीं अपणालिया, अर
सच म्ह ए जाण लिया सै के मै तेरी ओड़ तै आया सूं, अर उननै बिश्वास
भी कर लिया सै के तू ए मेरा भेजण आळा सै। 9 मै उन खात्तर बिनती
करुँ सूं, दुनिया के माणसां कै खात्तर बिनती कोनी करदा पर उन्नैए कै
खात्तर करुँ सूं जिन ताहीं तन्नै मेरै ताहीं दिया सै, क्यूँके वे तेरे सै, 10
अर जो कुछ मेरा सै वो सारा तेरा सै, अर जो तेरा सै वो मेरा सै, अर मन्नै
उनके जरिये महिमा पाई सै। 11 इब मै इस दुनिया म्ह कोनी रहूँगा, अर
मै तेरे धोरै आऊँ सूं, पर ये दुनिया म्ह रहवैंगे, हे पवित्र पिता, अपणे नाम
की शक्ति तै उनकी रुखाळ कर, जो तन्नै मेरै ताहीं दिया सै, ताके जिस
तरियां मै अर तू एक सां, वे भी एक हो सकै। 12 जिब मै उनकै गेल्या
था, तो मन्नै उन ताहीं तेरे नाम म्ह, जो तन्नै मेरै ताहीं दिया था, उनकी
रुखाळ करी, अर उन म्ह तै किसे का नाश कोनी होया, सिवाए उसके
जिस ताहीं खोणा जरूरी था, वो भी ज्यांतै के पवित्र ग्रन्थ म्ह जो लिख्या
होड़ सच हो। 13 पर इब मै तेरे धोरै आऊँ सूं, अर ये बात दुनिया म्ह रहते
होए कहूँ सूं, ताके वे अपणे मनां म्ह मेरे भरपूर आनन्द नै पा सकै। 14
मन्नै तेरा वचन उन ताहीं पोहोचा दिया सै, अर दुनिया के माणसां नै
उनतै बैर करया, क्यूँके जिस तरियां मै इस दुनिया का कोनी, उस्से
तरियां वे भी इस दुनिया के कोनी। 15 मै या बिनती कोनी करदा के
उननै तू दुनिया तै लिकाड़ ले, बल्के तू उननै उस शैतान तै बचाए राख।
16 जिस तरियां मै दुनिया का कोनी, उस्से तरियां वे भी दुनिया के कोनी।
17 तेरा वचन साच्चा सै, सच कै जरिये तू उननै अलग करण खात्तर
समर्पित कर। 18 जिस तरियां तन्नै मेरै ताहीं दुनिया म्ह भेज्या, उस्से
तरियां मन्नै भी उन ताहीं दुनिया म्ह भेज्या, 19 मै उनकै खात्तर खुद नै
तेरी सेवा म्ह समर्पित करुँ सूं, ताके वे भी सच कै खात्तर समर्पित हो
जावै। 20 "मै केवल इन्हे खात्तर बिनती कोनी करदा, पर उन माणसां
खात्तर भी जो इनकै वचन कै जरिये मेर पै बिश्वास करैगें, 21 ताके वे
सब एक हों, जिस तरियां हे पिता तू मेरै म्ह सै, अर मै तेरे म्ह सूं, उस्से
तरियां वे भी म्हारै म्ह एक हो, जिसतै दुनिया के माणस बिश्वास करै के
तन्नै ए मेरै ताहीं भेज्या सै। 22 वा महिमा जो तन्नै मेरै ताहीं दी, मन्नै उन
ताहीं दी सै, ताके वे उस्से तरियां ए एक होवै जिस तरियां हम एक सा,
23 मै उन म्ह अर तू मेरे म्ह ताके वे सिध्द होकै एक हो जावै, अर दुनिया
नै बेरा पाट्टै के तन्नै ए मेरै ताहीं भेज्या, अर जिस तरियां तन्नै मेरै तै प्यार
करया उस्से तरियां उनतै प्यार करया।" 24 हे पिता, मै चाहूँ सूं, के जिन
ताहीं तन्नै मेरैताहीं सौप्या सै, जड़ै मै सूं उड़ै वे भी मेरै गेल्या हो, के वे
मेरी उस महिमा नै देक्खै जो तन्नै मेरैताहीं दी सै, क्यूँके तन्नै दुनिया नै
बणाण तै पैहल्या मेरतै प्यार करया सै। 25 "हे धार्मिक पिता, दुनिया के
माणसां नै तो तेरे ताहीं कोनी जाण्या, पर मन्नै तेरे ताहीं जाण लिया सै,
अर मेरे चेल्यां नै भी बेरा पाटग्या के तन्नै ए मेरैताहीं भेज्या सै। 26 मन्नै
तेरे ताहीं उनपै जाहिर करया सै, अर जाहिर होन्दा रहूँगा, के जो प्यार
तन्नै मेरतै करया था वोए प्यार उन म्ह बस जावै, अर मै उन म्ह रहूँ।"

18 जिब यीशु नै प्रार्थना खतम कर ली, तो वो अपणे चेल्यां कै गेल्या
किद्रोन नाळे कि परली ओड़ गया। उड़ै एक फूल्लां का बाग था,
जिस म्ह वो अर उसके चेल्लें गए। 2 यीशु का पकड़ाण आळा यहूदा भी
उस जगहां नै जाणै था, क्यूँके यीशु अपणे चेल्यां कै गैल उड़ै जाया
करै था। 3 फेर यहूदा, सिपाहियाँ कै एक टोळ नै अर प्रधान याजकां
अर फरीसियाँ की ओड़ तै मन्दर के पैहरेदारां नै लेकै, दीवे अर मशाल
अर हथियारां नै लेकै उड़ै आया। 4 फेर यीशु, उन सारी बात्तां नै जो
उसपै बीत्तण आळी थी जाणकै, लिकड़कै उन ताहीं पूछा, "किसनै टोह्वो
सो?" 5 उननै उस ताहीं जवाब दिया, "यीशु नासरी नै।" यीशु नै उन
ताहीं कह्या, "मैए सूं।" यीशु नै पकड़वाण आळा यहूदा भी उनकै गेल्या
खड्या था। 6 जिब यीशु नै उनतै कह्या, "मै सूं," वे पाच्छै हटकै धरती पै
पड़गे। 7 फेर उसनै दुबारै उन ताहीं बुझ्झया, "थम किसनै टोह्वो सो?" वे
बोल्ले, "यीशु नासरी नै।" 8 यीशु नै जवाब दिया, "मन्नै तो थारे ताहीं
कह दिया सै के वो मै सूं, जै थम मन्नै टोह्वो सो तो इन माणसां नै जाण
दो।" 9 यो इस करकै के खुद उसके जरिये कह्या गया यो वचन पूरा
हो, "मन्नै उन म्ह तै एक भी न्ही खोया, जिन ताहीं तन्नै मेरतै सौप्या
था।" 10 फेर शमौन पतरस नै तलवार, जो उसकै धोरै थी, खींच्ची अर
महायाजक के नौक्कर पै चलाकै उसका सोळा कान उड़ा दिया, उस
नौक्कर का नाम मलखुस था। 11 फेर यीशु नै पतरस तै कह्या, "अपणी
तलवार म्यान म्ह धर। जो दुख का कटोरा पिता नै मेरै ताहीं दिया सै, के
मै उसनै न्ही पीऊँ?" 12 फेर रोमी सिपाहियाँ अर उनकै सूबेदार अर
यहूदिया परदेस के मन्दर के पैहरेदारां नै यीशु ताहीं पकड़कै बाँध लिया,
13 अर पैहल्या उस ताहीं हन्ना कै धोरै ले गए, क्यूँके वो उस साल के
महायाजक काइफा का सुसरा था। 14 यो वोए काइफा था, जिसनै
यहूदियाँ ताहीं सलाह दी थी के म्हारे माणसां खात्तर एक आदमी का
मरणा ठीक सै। 15 शमौन पतरस अर एक और दुसरा चेल्ला भी यीशु
कै पाच्छै हो लिए। यो चेल्ला महायाजक का जाण-पिच्छाण का था,
ज्यांतै वो यीशु कै गेल्या महायाजक कै आँगण म्ह गया, 16 पर पतरस
बाहरणै दरबाजे पै खड्या रह्या। फेर दुसरा चेल्ला जो महायाजक की
जाण-पिच्छाण का था, वो बाहरणै लिकड़या अर पहरेदारणी तै कहकै
पतरस ताहीं भीत्तर लियाया। 17 उस नौकराणी नै, जो पहरेदारणी भी
थी, पतरस तै कह्या, "कदे तू भी इस माणस के चेल्यां म्ह तै तो न्ही

सै?” उसनै कह्या, “मै कोनी।” 18 नौक्कर अर मन्दर के पहरेदारां नै
जाड्डे कै कारण आग जळा राक्खी थी, अर खड़े होकै सेक्कै थे, अर
पतरस भी उनकै गेल्या खड्या आग सेक्कै था। 19 फेर महायाजक
नै यीशु तै उसकै चेल्यां कै बाबत अर उसकै उपदेशां कै बाबत जाँच-
पड़ताळ करी। 20 यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, “मन्नै हरेक माणस तै
खुलकै बात करी, मन्नै सभायां अर आराधनालयाँ म्ह, जड़ै सारे यहूदी
कठ्ठे होया करै सै, सारी हाण उपदेश दिया अर लुह्क कै कुछ कोनी
कह्या। 21 तू क्यूँ मेरे तै सवाल बुझ्झै सै? सवाल उनतै कर जिननै मेरे
वचन सुणे सै, वे जाणे सै, के मन्नै उन ताहीं के-के कह्या।” 22 जिब
उसनै न्यू कह्या, तो मन्दर के पैहरेदारां म्ह तै एक नै जो धोरै खड्या था,
यीशु कै थप्पड़ मारकै कह्या, “के तन्नै महायाजक ताहीं इस तरियां
जवाब देण की हिम्मत किसी करी?” 23 यीशु नै उसतै जवाब दिया, “जै
मेरा कहणा गलत सै तो साबित करो पर मन्नै जो कह्या सै वो सही सै
तो फेर थम मेरै क्यूँ मारण लागरे सों?” 24 इस खात्तर यीशु ताहीं जो
इब भी बाँधे होए थे, हन्ना नै काइफा महायाजक कै धोरै भेज दिया। 25
शमौन पतरस खड्या होया आग सेक्कै था, फेर उननै उसतै कह्या, “कदे
तू भी उसकै चेल्यां म्ह तै तो न्ही सै?” उसनै नाट-कै कह्या, “मै कोनी।”
26 महायाजक के नौकरां म्ह तै एक, जो उसकै कुण्बे म्ह तै था, जिसका
कान पतरस नै काट दिया था, बोल्या, “के मन्नै तेरे ताहीं यीशु कै गेल्या
फूल्लां के बाग म्ह कोनी देख्या था?” 27 पतरस फेर नाटग्या, अर
जिब्बे मुर्गे नै बाँग देई। 28 फेर वे यीशु ताहीं काइफा कै धोरै तै किले म्ह
लेगे, अर तड़कैए का बखत था, पर वे खुद किले कै भीत्तर कोनी गए
ताके वे फसह का भोज खाण तै पैहल्या अशुद्ध ना हों जावै। 29 फेर
राज्यपाल पिलातुस उनकै धोरै बाहरणै लिकड़कै आया अर कह्या, “थम
इस माणस पै किस बात का दोष लाओ सो?” 30 उननै उस ताहीं
जवाब दिया, “जै वो बुरे काम करणीया न्ही होंदा तो हम इसनै तेरे धोरै
कोनी ल्यान्दे।” 31 पिलातुस नै उनतै कह्या, “थमे इसनै ले जाकै अपणे
नियम-कायदा कै मुताबिक इसका न्याय करो।” यहूदी अगुवां नै उसतै
कह्या, “हमनै हक कोनी के किसे की जानलेवां।” 32 “यो इस करकै
होया, ताके यीशु की वा बात पूरी हो जो उसनै यो इशारा देंदे होड़ कही
थी के उसकी मौत किस ढाळ होगी।” 33 फेर पिलातुस दुबारै किले कै
भीत्तर गया, यीशु ताहीं बुलाकै उसनै बुझ्झया, “के तू यहूदियाँ का
राजा सै?” 34 यीशु नै जवाब दिया, “के तू या बात अपणी ओड़ तै
कहवै सै या दुसरयां नै मेरै बाबत तेरे तै न्यू कह्या सै?” 35 पिलातुस नै
जवाब दिया, “के मै यहूदी न्ही सूं, तेरी-ए कोम अर प्रधान याजकां नै तेरे
ताहीं मेरै हाथ म्ह सौंप्या सै। तन्नै के करया सै?” 36 यीशु नै जवाब
दिया, “मेरा राज्य इस दुनिया का कोनी, जै मेरा राज्य इस दुनिया का
होंदा, तो मेरे सेवादार लड़दे के मै यहूदी अगुवां कै हाथ्थां सौंप्या कोनी
जान्दा पर सच्चाई तो या सै के मेरा राज्य आड़ै का सै ए कोनी।” 37
पिलातुस नै उसतै कह्या, “के तू राजा सै?” यीशु नै जवाब दिया, “तू
कहवै सै के मै राजा सूं। मन्नै ज्यांतै जन्म लिया अर ज्यांतै दुनिया म्ह
आया सूं, के सच की गवाही दियुँ। जो कोए सच का सै, वो मेरा वचन
सुणै सै।” 38 पिलातुस नै उसतै कह्या, “सच के सै?” न्यू कहकै वो फेर
यहूदी अगुवां कै धोरै लिकड़ आया अर उन ताहीं कह्या, “मै तो उस
म्ह कुछ खोट कोनी पांदा।” 39 पर थारे यो रिवाज सै के मै फसह पै
थारे खात्तर एक माणस नै छोड़ दियुँ। आखर के थम चाह्वो सो, “के
मै थारे खात्तर यहूदियाँ के राजा नै छोड़ दियुँ?” 40 फेर उननै रुक्के
मारकै कह्या, “इसनै न्ही, पर म्हारै खात्तर बरअब्बा नै छोड़दे।” जिब के
बरअब्बा बिद्रोही था।

**19** फेर पिलातुस राज्यपाल नै यीशु कै कोड़े लगवाण खात्तर
सिपाहियाँ के हाथ सौप दिया। 2 सिपाहियाँ नै काण्डयाँ का
मुकुट गूँथकै उसकै सिर पै धरया, अर उस ताहीं बैंजनी लत्ते पिहराये, 3
अर उसकै धोरै आ-आकै कहण लाग्गे, “हे यहूदियाँ के राजा, प्रणाम!”
अर उसकै थप्पड़ भी मारे। 4 फेर पिलातुस नै दुबारै बाहरणै लिकड़कै
माणसां ताहीं कह्या, “लखाओ, मै उसनै थारे धोरै फेर ल्याया सूं, ताके
थमनै बेरा लाग्गै के मै उस म्ह कुछ भी खोट कोनी पान्दा।” 5 फेर यीशु
ताहीं काण्डयाँ का मुकुट अर बैंजनी लत्ते पहरे होड़ बाहरणै लेग्या, अर
पिलातुस नै उन ताहीं कह्या, “देक्खों, इस माणस नै!” 6 जिब प्रधान
याजकां अर मन्दर के पैहरेदारां नै उस ताहीं देख्या, तो रुक्के मारकै
कह्या, “उस ताहीं क्रूस पै चढ़ा, क्रूस पै!” पिलातुस नै उनतै कह्या,
“थमे उसनै ले जाकै क्रूस पै चढ़ाओ, क्यूँके मै उस म्ह कोए खोट कोनी
पान्दा।” 7 यहूदी अगुवां नै उस ताहीं जवाब दिया, “म्हारे नियम-कायदे
सै अर उस नियम-कायदा कै मुताबिक इस माणस नै मौत की सजा
मिलणी चाहिये, क्यूँके इसनै खुद ताहीं परमेसवर का बेट्टा होण का दावा
करया सै।” 8 जिब पिलातुस नै या बात सुणी तो और भी घणा डरग्या,
9 अर दुबारै किले कै भीत्तर गया अर यीशु तै कह्या, “तू कितका सै?”
पर यीशु नै उसतै कुछ भी जवाब कोनी दिया। 10 इसपै पिलातुस नै
उसतै कह्या, “मेरतै क्यातै न्ही बोल्दा? के तन्नै कोनी बेरा के तेरे ताहीं
छोड़ देण का हक मेरै ताहीं सै, अर तेरे ताहीं क्रूस पै चढ़ाण का भी मेरै
ताहीं हक सै।” 11 यीशु नै जवाब दिया, “जै तेरे ताहीं परमेसवर की
ओड़ तै हक न्ही दिया जान्दा, तो तेरा मेरै पै कोए हक कोनी होंदा, ज्यांतै
जिसनै मेरै ताहीं तेरे हाथ पकड़ाया सै उसका पाप घणा सै।” 12 इस
बात नै सुणकै पिलातुस नै उस ताहीं छोड़ देणा चाह्या, पर यहूदी माणसां
की भीड़ नै रुक्के मार-मारकै कह्या, “जै तू इसनै छोड़ देवैगा, तो तू
कैसर का बिरोध्दी बण जावैगा। जो कोए खुद नै राजा होण का दावा करै
सै, वो कैसर का बिरोध्द करै सै।” 13 ये बात सुणकै पिलातुस यीशु नै
बाहरणै ल्याया अर उड़ै न्याय की गद्दी पै बैठग्या, जो इब्रानी भाषा म्ह
“गब्बता” कुह्वावै सै, जिसका मतलब चोतरा हो सै। 14 यो फसह की
त्यारी का दिन था, अर दोफाहरा का बखत था। फेर उसनै यहूदी माणसां
ताहीं कह्या, “यो रह्या थारा राजा!” 15 पर उननै और ऊँच्ची आवाज
म्ह कह्या, “उस ताहीं मार द्यो! उस ताहीं मार द्यो! उस ताहीं क्रूस पै
चढ़ा!” पिलातुस नै उनतै कह्या, “के मै थारे राजा नै क्रूस पै चढ़ाऊँ?”

प्रधान याजकां नै जवाब दिया, “कैसर नै छोड़ म्हारा और कोए राजा
कोनी।” 16 फेर पिलातुस नै यीशु ताहीं क्रूस पै चढ़ाण खात्तर उनकै
हवालै कर दिया। 17 फेर सिपाही यीशु नै ले गए, अर यीशु अपणा क्रूस
ठाए होए उस जगहां तक बाहर गया, जो “खोपड़ी” यानी इब्रानी भाषा
म्ह “गुलगुता” कुह्वावै सै। 18 उड़ै उननै उस ताहीं अर उसकै गेल्या और
दो माणसां ताहीं क्रूस पै चढ़ाया, एक इस ओड़ अर एक दुसरी ओड़,
अर बिचाळै यीशु ताहीं। 19 पिलातुस नै एक दोषपत्र लिखकै क्रूस पै
लगवा दिया, अर उसपै लिख्या होया था, “यीशु नासरी, यहूदियाँ का
राजा।” 20 यो दोषपत्र घणखरे यहूदियाँ नै पढ़्या, क्यूँके यरुशलेम नगर
जड़ै यीशु क्रूस पै चढ़ाया गया था नगर कै धोरै थी, अर दोषपत्र इब्रानी
अर लतीनी अर यूनानी म्ह लिख्या होया था। 21 फेर यहूदियाँ के प्रधान
याजकां नै पिलातुस तै कह्या, “‘यहूदियाँ का राजा’ मतना लिखै पर यो
के उसनै कह्या, ‘मै यहूदियाँ का राजा सूं।’” 22 पिलातुस नै जवाब
दिया, “मन्नै जो लिखणा था, लिख दिया।” 23 जिब सिपाहियाँ नै यीशु
ताहीं क्रूस पै चढ़ा दिया, तो उसके लत्ते लेकै चार हिस्यां म्ह बांड लिए,
हरेक सिपाही खात्तर एक हिस्सा, अर कुड़ता भी लिया, पर कुड़ता बिन
सिलाई उप्पर तै तळै ताहीं सिम्या होया था। 24 इस करकै सिपाहियाँ
नै आप्पस म्ह कह्या, “हम इस ताहीं पाड़ा कोनी, पर इसपै पर्ची गेर
कै, के यो किसका होवैगा।” न्यू इस करकै होया के पवित्र ग्रन्थ म्ह
जो लिख्या होया वो पूरा हो, “उननै मेरे लत्ते आप्पस म्ह बांड लिए
अर मेरे लत्ते पै पर्ची गेरी।” 25 आखर म्ह सिपाहियाँ नै इसाए करया।
यीशु कै क्रूस कै धोरै यीशु की माँ, अर उसकी मौस्सी, क्लोपास की
घरआळी मरियम, अर मगदल गाम की मरियम खड़ी थी। 26 जिब यीशु
नै अपणी माँ, अर उस चेल्लें ताहीं जिसतै वो प्यार करै था, धोरै खड़े
देख्या तो अपणी माँ तै कह्या, “हे नारी, लखा, यो तेरा बेट्टा सै।” 27 फेर
उस चेल्लें तै कह्या, “या तेरी माँ सै।” अर उस्से बखत वो चेल्ला उस
ताहीं अपणे घरां लेग्या। 28 इसकै पाच्छै यीशु नै बेरा लागग्या के इब
उसनै सारा काम पूरा कर लिया सै, ज्यांतै के पवित्र ग्रन्थ म्ह जो कह्या
गया वो पूरा हो, कह्या, “मै तिसाया सूं।” 29 उड़ै सिरके तै भरया होड़
एक बास्सण धरया था, आखर म्ह सिपाहियाँ नै सिरके म्ह भेकै स्पंज
(फोम) ताहीं जुफे की लाठ्ठी पै धरकै उसकै मुँह कै लगाया 30 जिब
यीशु नै वो सिरका चख्या, तो कह्या, “पूरा होया,” अर सिर झुकाकै जी
दे दिया। 31 इब यो त्यारी का दिन था, अर आगला दिन आराम का दिन
अर फसह का दिन था, यो यहूदी माणसां खात्तर एक खास दिन था, अर
वे न्ही चाहवै थे, के इस दिन देह क्रूस पै टंगी रहवै, इस करकै यहूदियाँ नै
पिलातुस तै बिनती करी के उन माणसां की टाँग तोड़ दी जावै, जो क्रूस
पै चढ़ाये गये थे। 32 आखर म्ह सिपाहियाँ नै आकै उन माणसां म्ह तै
पैहले की टाँग तोड़ी फेर दुसरे की भी, जो उसकै गेल्या क्रूस पै चढ़ाए
गए थे, 33 पर जिब यीशु कै धोरै आकै देख्या के वो मर लिया सै, तो
उसकी टाँग कोनी तोड़ी। 34 पर सिपाहियाँ म्ह तै एक नै बरछी तै उसका
पंजर चीर दिया, अर उस म्ह तै जिब्बे लहू अर पाणी लिकड़्या। 35 जिस
माणस नै यो देख्या, उसनै गवाही दी सै, अर उसकी गवाही साच्ची सै,
अर उननै बेरा सै के वो साच्ची कह सै के थम भी बिश्वास करो। 36 ये
बात ज्यांतै होई के पवित्र ग्रन्थ म्ह जो कह्या गया वो पूरा हो, “उसकी
कोए हाड्डी कोनी तोड़ी जावैगी।” 37 फेर एक और जगहां पै पवित्र ग्रन्थ
म्ह न्यू लिख्या सै, “जिस ताहीं उननै बेधा सै, उसनै वे देक्खैगें।” 38 इन
बात्तां पाच्छै अरिमतिया गाम के यूसुफ नै जो यीशु का चेल्ला था, पर
यहूदी अगुवां कै डर के मारे इस बात नै ल्कोए राक्खै था, पिलातुस तै
बिनती करी, के वो यीशु की लाश ले जा सकै सै। पिलातुस नै उसकी
बिनती सुणी, अर वो आकै उसकी लाश लेग्या। 39 नीकुदेमुस भी, जो
पैहले यीशु कै धोरै रात नै गया था, पचास सेर कै करीबन रळा होड़
गन्धरस अर एलवा (काण्डयाँ आळा पौधा) लियाया। 40 फेर उननै यीशु
की लाश ली, अर यहूदियाँ कै गाड्डण कै रिवाज कै मुताबिक उस ताहीं
खुशबुदार द्रव्य कै गेल्या कफन म्ह लपेट्या। 41 उस जगहां पै जड़ै यीशु
क्रूस पै चढ़ाया गया था, एक फूल्लां का बगीचा था, अर उस फूल्लां की
क्यारी म्ह एक नई कब्र थी जिसम्ह कदे कोए कोनी राख्या ग्या था। 42
ज्यांतै उननै यीशु की लाश ताहीं उस्से कब्र म्ह धर दिया, क्यूँके वा लोवै
ए थी, अर वो यहूदियाँ के आराम की त्यारी का दिन भी था।

**20** हफ्तै कै पैहल्ड़े दिन तड़कैए सूरज लिकड़ण तै पैहल्या अन्धेरै
रहंदे ए मगदल गाम की मरियम कब्र पै गई, अर पत्थर ताहीं कब्र
पै तै हटया होड़ देख्या। 2 फेर वा भाज्जी अर शमौन पतरस अर उस
दुसरे चेल्लै कै धोरै जिसतै यीशु प्यार राक्खै था, आकै कह्या, “वे प्रभु
की लाश नै कब्र म्ह तै काढ लेगे सै, अर हमनै न्ही बेरा के उस ताहीं
कित्त धर दिया सै।” 3 फेर पतरस अर वो दुसरा चेल्ला लिकड़कै कब्र कै
कान्ही चाल्ले। 4 वे दोन्नु गैल-गैल भाजरे थे, पर दुसरा चेल्ला पतरस तै
तेज भाजकै कब्र पै पैहल्या पोंहच्या, 5 अर झुककै लत्ते पड़े देक्खे,
तोभी वो भीत्तर कोनी गया। 6 फेर शमौन पतरस उसकै पाच्छै-पाच्छै
पोंहच्या, अर कब्र कै भीत्तर गया अर उसनै भी लत्ते पड़े देक्खे, 7 अर
वो अंगोच्छा जो उसकै सिर पै बन्धया होड़ था, लत्यां कै गेल्या कोनी
पड्या था, पर न्यारा एक जगहां लपेटकै धरया होया देख्या। 8 फेर
दुसरा चेल्ला भी जो कब्र पै पैहल्या पोंहच्या था, भीत्तर गया अर देखकै
बिश्वास करया के यीशु मुर्दा म्ह तै जिन्दा होग्या। 9 पतरस अर दुसरा
चेल्ला इब ताहीं पवित्र ग्रन्थ की वा बात कोनी समझे थे के उसनै मरे
होया म्ह तै जी उठणा होगा। 10 फेर चेल्लें अपणे घरां बोहड़गे। 11 पर
मरियम रोंदी होई कब्र कै धोरै ए बाहरणै खड़ी रही, अर रोन्दे-रोन्दे कब्र
कै कान्ही कोड्डी होकै, 12 दो सुर्गदूत्तां ताहीं धोळे-चमकदे लत्ते पहरे होड़
एक सिरहाणै अर दुसरे ताहीं पांयां की ओड़ बेठ्ठे देख्या, जड़ै यीशु की
लाश धरी गई थी। 13 उननै उस ताहीं कह्या, “हे नारी, तू क्यातै रोवै
सै?” उसनै उन ताहीं कह्या, “वे मेरै प्रभु की लाश नै ठा लेगे अर मन्नै
कोनी बेरा के उसनै कित्त धर राख्या सै।” 14 न्यू कहकै वा पाच्छै मुड़ी
अर यीशु ताहीं खड़े देख्या, पर पिच्छाण्या कोनी के यो यीशु सै। 15
यीशु नै उसतै कह्या, “हे नारी, तू क्यातै रोवै सै? किसनै टोहवै सै?”

उसनै माळी समझकै उस ताहीं कह्या, “हे श्रीमान, जै तन्नै उस लाश
ताहीं ठा लिया सै, तो मन्नै बता के उस ताहीं कित्त धर राख्या सै, अर
मै उसनै ले जाऊँगी।” 16 यीशु नै उस ताहीं कह्या, “मरियम!” उसनै
बोहड़कै उस ताहीं इब्रानी म्ह कह्या, “रब्बुनी!” यानिके “हे गुरु”। 17
यीशु नै उस ताहीं कह्या, “पैरां म्ह लिपटकै मन्नै मतना छुओ, क्यूँके मै
इब ताहीं पिता कै धोरै उप्पर कोनी गया, पर मेरे भाईयाँ कै धोरै जाकै
उनतै कह दे, के मै अपणे पिता अर थारे पिता, अर अपणे परमेसवर अर
थारे परमेसवर कै धोरै उप्पर जाकै आऊँ सूं।” 18 मरियम मगदलीनी नै
जाकै चेल्यां ताहीं बताया, “मन्नै प्रभु ताहीं देख्या, अर उसनै मेरै तै ये
बात कही।” 19 उस्से दिन जो हफ्ते का पैहल्ड़ा दिन था, साँझ कै बखत
यहूदियाँ कै डर के मारे चेल्लें जिब किवाड़ मूंदे होड़ एक कमरे म्ह थे, तो
यीशु उनकै बिचाळै आ खड्या होया अर उनतै बोल्या, “थमनै शान्ति
मिलै।” 20 अर न्यू कहकै उसनै अपणे हाथ्थां के घा अर अपणा पंजर
उनतै दिखाए। फेर चेल्लें यीशु नै देखकै राज्जी होए। 21 यीशु नै फेर
उनतै कह्या, “थमनै शान्ति मिलै: जिस तरियां पिता नै मेरै ताहीं दुनिया
म्ह भेज्या सै, उस्से तरियां ए मै थमनै दुनिया म्ह भेज्जू सूं।” 22 न्यू
कहकै उसनै उनपै फूँक मारी अर उसनै कह्या, “पवित्र आत्मा ल्यो। 23
जिनके पाप थम माफ करो, वे उनकै खात्तर माफ करे गए सै, जिनके
थम राक्खो, वे राक्खे गए सै।” 24 पर बारहा चेल्यां म्ह तै एक, यानिके
थोमा जो दिदुमुस कुह्वावै सै, जिब यीशु आया तो उनकै गेल्या कोनी
था। 25 जिब दुसरे चेल्लें उसतै कहण लाग्गे, “हमनै प्रभु ताहीं देख्या
सै,” फेर उसनै उनतै कह्या, “जिब ताहीं मै उसकै हाथ्थां म्ह कील्लां के
छेद न्ही देख ल्यूँ, अर कील्लां के छेदां म्ह अपणी आंगळी न्ही घाल
ल्यूँ, अर उसकै पंजर म्ह अपणा हाथ ना घाल ल्यूँ, जद ताहीं बिश्वास
कोनी करूँगा।” 26 आठ दिन कै पाच्छै उसके चेल्लें फेर घर कै भीत्तर
थे, अर थोमा उनकै गेल्या था, अर किवाड़ मूंद राक्खे थे, फेर यीशु
आया अर उनकै बिचाळै खड्या होकै कह्या, “थमनै शान्ति मिलै।” 27
फेर उसनै थोमा तै कह्या, “अपणी आंगळी याड़ै ल्याकै मेरै हाथ्थां नै
देख अर अपणा हाथ ल्याकै मेरै पंजर म्ह घाल, अर अबिश्वासी न्ही पर
बिश्वासी बण।” 28 न्यू सुणकै थोमा नै जवाब दिया, “हे मेरे प्रभु, हे मेरे
परमेसवर!” 29 यीशु नै उसतै कह्या, “तन्नै तो मेरै ताहीं देखकै बिश्वास
करया सै, धन्य वे सै जिन नै बिन देक्खे बिश्वास करया।” 30 यीशु नै
और भी घणखरे चमत्कार चेल्यां कै आग्गै दिखाए, जो इस किताब म्ह
कोनी लिक्खे गए, 31 पर ये ज्यांतै लिक्खे गए सै के थम बिश्वास करो
के यीशु ए परमेसवर का बेट्टा मसीह सै, अर बिश्वास करकै उसकै नाम
म्ह अनन्त जिन्दगी पाओ।

**21** इन बात्तां कै पाच्छै यीशु नै खुद ताहीं तिबिरियास झील कै किनारे
चेल्यां पै जाहिर करया, अर इस ढाळ जाहिर करया 2 शमौन
पतरस, अर थोमा जो दिदुमुस कुह्वावै सै, अर गलील परदेस कै काना
नगर का नतनएल, अर जब्दी के बेट्टे, अर उसके चेल्यां म्ह तै दो और
जणे कठ्ठे थे। 3 शमौन पतरस नै उन ताहीं कह्या, “मै मच्छी पकड़ण नै
जाऊँ सूं।” उननै उसतै कह्या, “हम भी तेरे गेल्या चाल्लां सां।” इस
करकै वे लिकड़कै किस्ती पै चढ़े, पर उस रात उननै कुछ न्ही पकड्या।
4 सबेर होन्दे-ए यीशु किनारे पै आ खड्या होया, फेरभी चेल्यां नै कोनी
पिच्छाणा के यो यीशु सै। 5 फेर यीशु नै उन ताहीं कह्या, “हे बाळकों, के
थारे धोरै कुछ खाण नै सै?” उननै जवाब दिया, “कोनी।” 6 यीशु नै उन
ताहीं कह्या, “किस्ती कै सोळी ओड़ जाळ गेरो फेर पाओगे।” आखर
उननै जाळ गेरया, अर इब घणी मच्छियाँ कै बाबत जाळ उनपै खिच्या
कोनी। 7 फेर उस चेल्लें नै जिसतै यीशु प्यार करै था, पतरस तै कह्या,
“यो तो प्रभु सै!” शमौन पतरस नै न्यू सुणकै के वो तो प्रभु सै, अपणा
बाहरी कपड़ा लपेट्या अर झील म्ह कूद पड्या, क्यूँके उस बखत वो
अंगोच्छें-अंगोच्छें म्ह था। 8 पर दुसरे चेल्लें डोंगी पै मच्छी तै भरया होड़
जाळ खिंचदे होए आए, क्यूँके वे किनारे तै घणी दूर कोनी, पर कोए दो
सौ हाथ (सौ मीटर) की दूरी पै थे। 9 जिब चेल्लें किनारे पै उतरे, तो
उननै कोयले की आग अर उसपै मच्छी धरी होई, अर रोट्टी देक्खी। 10
यीशु नै उनतै कह्या, “जो मच्छी थमनै इब्बे पकड़ी सै, उन म्ह तै कुछ
ल्याओ।” 11 फेर शमौन पतरस नै डोंगी पै चढ़कै एक सौ तरेपन बड्डी
मच्छियाँ तै भरया होड़ जाळ किनारे पै खिच्या, अर इतनी मच्छी होन्दे
होए भी जाळ कोनी पाट्या। 12 यीशु नै उनतै कह्या, “आओ, खाणा
खाओ।” चेल्यां म्ह तै किसे की हिम्मत कोनी होई, के उसतै बुझ्झै, “तू
कौण सै?” क्यूँके उननै बेरा था, के हो ना हो यो प्रभु ए सै। 13 यीशु
आया अर रोट्टी लेकै उन ताहीं दी, अर उस्से ढाळ मच्छी भी। 14 यो
तीसरी बार सै के यीशु मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्ठण कै पाच्छै चेल्यां नै
दिखाई दिया। 15 खाणा खाणे कै पाच्छै यीशु नै शमौन पतरस तै कह्या,
“हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू चेल्यां तै बाध मेरतै प्यार करै सै?”
उसनै उसतै कह्या, “हाँ प्रभु, तन्नै तो बेरा सै के मै तेरे तै प्यार राक्खूँ
सूं।” उसनै उसतै कह्या, “मेरे मेम्ना नै चरा।” 16 उसनै दुसरी बर उसतै
कह्या, “हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू मेरै तै प्यार राक्खै सै?” उसनै
उसतै कह्या, “हाँ प्रभु, तन्नै तो बेरा सै के मै तेरे तै प्यार राक्खूँ सूं।”
उसनै उसतै कह्या, “मेरी भेड्डां की रुखाळी कर।” 17 उसनै तीसरी बर
उस ताहीं कह्या, “हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू मेरतै प्यार राक्खै
सै?” पतरस कांल होया के उसनै उसतै तीसरी बर इसा कह्या, “हे
शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू मेरतै प्यार राक्खै सै?” अर उसतै कह्या,
“हे प्रभु, तन्नै तो सारा कुछ बेरा सै, तन्नै न्यू बेरा सै के मै तेरे तै प्यार
राक्खूँ सूं।” यीशु नै उसतै कह्या, “मेरी भेड्डां नै चरा।” 18 मै तेरे तै
साच्ची-साच कहूँ सूं, “जिब तू जवान था तो अपणी कड़ बाँधकै जड़ै
चाहवै था उड़ै हाँडै था, पर जिब तू बूढ़ा होगा तो अपणे हाथ पसारैगा,
अर दुसरा तेरी कड़ बाँधकै जड़ै तू ना चाहवैगा उड़ै तन्नै ले जावैगा।” 19
यीशु नै इन बात्तां तै इशारा करया के पतरस किसी मौत तै परमेसवर की
महिमा करैगा, अर फेर उसनै उसतै कह्या, “मेरै पाच्छै हो ले।” 20
पतरस नै बोहड़कै उस चेल्लें ताहीं पाच्छै आन्दे देख्या, जिसतै यीशु प्यार
राक्खै था, जो खाणे कै बखत उसकै साथ बेठ्या था, उसतै बुझ्झया,

“हे प्रभु, तेरा पकड़वाण आळा कौण सै?” 21 उस ताहीं देखकै पतरस
नै यीशु तै कह्या, “हे प्रभु, इसका के हाल होगा?” 22 यीशु नै उसतै
कह्या, “जै मै चाहूँ के वो मेरै आण ताहीं रुक्या रहवै, तो तन्नै इसतै के?
तू मेरै पाच्छै हो ले।” 23 ज्यांतै भाईयाँ म्ह या बात फैलगी के वो चेल्ला
कोनी मरैगा, फेरभी यीशु नै उसतै न्यू कोनी कह्या के वो कोनी मरैगा,
पर यो के, “जै मै चाहूँ के वो मेरै आण ताहीं रुक्या रहवै, तो तन्नै इसतै
के?” 24 यो वोए चेल्ला सै जो इन बात्तां की गवाही देवै सै अर जिसनै
पाप पै पाप करया, अर वे मरगे, पर म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै जरिये
परमेसवर का अनुग्रह हमनै धर्मी बणावै सै, अर म्हारे ताहीं अनन्त जीवन
देवै सै। (aiōnios g166)

6 कोए कह सकै सै? के परमेसवर अपणे अनुग्रह तै म्हारे पाप माफ
करै सै, पर इसा मत सोच्चों के पाप करदे रहवां ताके अनुग्रह घणा
हो। 2 न्ही! बिल्कुल न्ही! हम जिब पाप कै खात्तर मरग्ये तो हमनै आग्गै
तै दुबारा पाप न्ही करणा चाहिए। 3 हम जाणा सां, के हम सारे जिननै
मसीह यीशु के नाम म्ह बपतिस्मा लिया सै, यो इसा सै, के जिसा हम
मसीह के गैल मर जाणा। 4 इस करकै जिब हम बपतिस्मा लेवां सां, तो
हम उसकै साथ मर जावां सां, अर उसके साथ गाड्डे जावां सां, ताके
जिस तरियां मसीह पिता परमेसवर की महिमा कै जरिये मरे होया
म्ह तै जिन्दा करया गया, उस्से तरियां ए हमनै भी नया जीवन जीणा
चाहिए। 5 क्यूँके जै हम उसकी मौत की समानता म्ह बपतिस्में के जरिये
उसके गेल्या एक हो जावां सां, तो पक्के तौर पै उसकै जिन्दा उठण की
समानता म्ह भी एक हो जावांगें। 6 इस्से तरियां म्हारा पुराणा पापी
सुभाव यीशु मसीह कै गेल्या क्रूस पै चढ़ाया गया, ताके जो पापी सुभाव
म्हारी देह म्ह सै वो नाश हो जावै, अर हम आग्गै दुबारा पाप की गुलामी
म्ह न्ही रहवां। 7 क्यूँके जिब हम मसीह के गैल मरा सां, तो हम पाप की
शक्ति तै आजाद हो जावां सां। 8 इस करकै जै हम मसीह कै गेल्या
मरगे, तो म्हारा बिश्वास यो सै के उसकै गेल्या जीवांगें भी। 9 क्यूँके न्यू
बेरा सै, के मसीह मरे होया म्ह तै जिन्दा उठकै दुबारा फेर न्ही मरैगा,
उसपै फेर मौत का राज न्ही होवैगा। 10 क्यूँके मसीह पाप कै खात्तर एक
ए बार मर गया, पर इब जो जिन्दा सै, तो परमेसवर की महिमा करण कै
खात्तर जिन्दा सै। 11 इस्से तरियां थम भी अपणे-आप ताहीं पाप कै
खात्तर तो मरया होड़, पर परमेसवर की महिमा करण खात्तर मसीह
यीशु म्ह जिन्दा समझो। 12 इस करकै पाप की लालसा थारी नाश होण
आळी देह म्ह राज न्ही करै, के थम उसकी लालसाओं के कब्जे म्ह ना
रहो। 13 अपणे देह के अंगा ताहीं अधर्म कै काम्मां खात्तर इस्तमाल
ना करो, पर अपणे-आप ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दे जाणकै अपणी
जिन्दगी परमेसवर ताहीं दे दो, अर अपणे देह के अंगा ताहीं धार्मिक
काम्मां खात्तर परमेसवर नै सौंप दो। 14 फेर थारे पै पाप का राज कोनी
होवैगा, क्यूँके थम नियम-कायदे कै अधीन म्ह न्ही, बल्के परमेसवर के
अनुग्रह कै अधीन म्ह जीण लागरे सों। 15 तो इसका मतलब के सै? के
हम नियम-कायदे का अधीन म्ह न्ही, बल्के परमेसवर के अनुग्रह कै
अधीन सां, इस करकै के हम पाप कर सका सां? न्ही! बिलकुल न्ही!
16 थम जाणो सों के जिब थम खुद नै किसे का गुलाम होण खात्तर देओ
सों, तो थम वोए करो सों, जो थारा माल्लिक कहवै सै। थम पाप के
गुलाम भी बण सकों सों, जो मौत लेकै आवै सै, या फेर थम परमेसवर
के हुकम नै मानकै धार्मिकता का जीवन जी सको सों। 17 थम पाप के
गुलाम थे, पर इब थमनै वे सारी शिक्षा मान्नी सै, जो थारे ताहीं मिली
थी, इस करकै मै परमेसवर का धन्यवाद करूँ सूं। 18 इब पाप की शक्ति
तै छुटाये जाकै परमेसवर के दास बणो ताके थम धर्म के काम करो। 19
मै थारे ताहीं आसान तरिक्कें लिखूँ सूं, ताके आम आदमी भी आसान्नी
तै समझ सकै, के जिब थम अपणी पिच्छली जिन्दगी की गुलाम थे, अर
थम हरेक ढाळ के अशुद्ध अर भुन्ड़े काम करो थे। तो इब थम अपणी देह
नै धार्मिक जीवन के दास बणा ल्यो, ताके थम पवित्र जीवन जी सको।
20 जिब थम पाप के गुलाम थे, तो थम धार्मिकता के काम न्ही कर पाओ
थे। 21 थम बुरा काम करो थे, अर इब उन बुरे काम्मां के कारण शर्मिन्दा
सों, तो थमनै के मिल्या? इन सारी बात्तां का नतिज्जा मौत सै। 22 पर
इब पाप तै आजाद होकै अर परमेसवर के दास बणकै इब थम वो काम
करो सों, जिसतै थम पवित्र बणो सों, अर उसका नतिज्जा अनन्त जीवन
सै। (aiōnios g166) 23 क्यूँके पाप का नतिज्जां तो मौत सै, पर परमेसवर
का वरदान म्हारै प्रभु मसीह यीशु म्ह अनन्त जीवन सै। (aiōnios g166)

7 हे बिश्वासी भाईयो, थमनै बेरा सै, (मै नियम-कायदे के जाणण
आळा तै कहूँ सूं) के जिब ताहीं माणस जिन्दा रहवै सै, तब तक
उसनै नियम-कायदे मानने पड़ैगें। 2 उदाहरण के तौर पै एक ब्याता
लुगाई नै मरते दम तक नियम-कायदे कै मुताबिक अपणे धणी कै साथ
रहणा चाहिये, पर जै धणी मर जा, तो वा धणी के नियम-कायदे तै
आजाद हो जा सै। 3 ज्यांतै जै धणी कै जिन्दे जी वा किसे दुसरे माणस
की हो जावै, तो जार कुह्वावैगी, पर जै धणी मर ज्या, तो वा उस नियम-
कायदे तै आजाद हो जा सै, उरै ताहीं के जै किसे दुसरे माणस की हो
जावै तोभी जार कोनी ठैहरैगी। 4 उस्से तरियां ए हे मेरे बिश्वासी भाईयो,
जिब थम मसीह कै साथ मरगे, तो थम नियम-कायदा खात्तर मरेगे, इब
थम मसीह के हो, जो मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्या, ताके हम परमेसवर
कै खात्तर धार्मिक जीवन जी सका। 5 क्यूँके जिब हम अपणे देह की
इच्छा के मुताबिक जिवां सां, तो पाप की लालसा म्हारै अंगा म्ह काम
करै सै, अर नियम-कायदे ए उन लालसा नै उजाग्गर करकै मौत नै लेकै
आवै सै। 6 हम नियम-कायदा खात्तर मरगे जिसकै बन्धन म्ह हम पैहले
थे। इब हम पवित्र आत्मा की मानकै, नये सिरे तै परमेसवर की सेवा कर
सकां सां। 7 तो हम के कह्वां? के मूसा नबी के नियम-कायदे पाप सै?
न्ही! बिलकुल न्ही! बल्के नियम-कायदा ए सै, जो मेरे ताहीं बतावै सै,
के पाप के सै! जै नियम-कायदे न्ही कहन्दे, के लालच मतना करै तो मै
लालच नै जाण ए न्ही पान्दा। 8 पर पाप नै मौक्का पाकै, हुकम कै
जरिये मेरै म्ह सारी तरियां का लालच पैदा करया, क्यूँके बिना नियम-
कायदे पाप मुर्दा सै। 9 एक बखत था जिब मै मूसा नबी के नियम-
कायदे बिना जीऊँ था, पर जिब मन्नै मूसा नबी के नियम-कायदा ताहीं
जाण्या, तो मेरे म्ह पाप करण की इच्छा होण लाग्गी, अर मै मरे होया
जिसा होग्या। 10 अर वो हुकम जिसतै मन्नै जिन्दगी मिलणी थी वो मेरी
आत्मिक मौत का कारण बण्या। 11 क्यूँके पाप नै मौक्का पाकै हुकम
कै जरिये मेरै ताहीं भकाया, अर उस्से कै जरिये मेरी आत्मिक मौत भी
हो गई। 12 ज्यांतै हम यो नतिज्जा लिकाड़ा सां, के नियम-कायदे पवित्र

सै, अर हुकम पवित्र, धर्मी अर खरया सै। 13 तो के मूसा नबी के नियम-
कायदे जो खरे थे, मेरै खात्तर मौत लेकै आये? न्ही! बिलकुल न्ही! यो
पाप ए था जिसनै इसा करया। पर नियम-कायदे जो खरे थे, मेरै खात्तर
मौत लेकै आये, ताके पाप की असलियत जाहिर हो जा, अर हुकम
दिखावै सै के पाप घणाए बुरा सै। 14 क्यूँके हमनै बेरा सै, के मूसा
नबी के नियम-कायदे तो आत्मिक सै, पर मै शारीरिक सूं, अर पाप का
गुलाम सूं। 15 अर जो मै करुँ सूं, उस ताहीं कोनी जाण्दा, क्यूँके जो मै
चाहूँ सूं, वो न्ही करया करदा, पर जिसतै मन्नै घृणा आवै सै वोए करै
सूं। 16 जै जो मै न्ही चाहन्दा वोए बुरे काम करुँ सूं, तो मै मान ल्यूँ सूं, के
मूसा नबी के नियम-कायदे खरे सै। 17 तो इसी हालत म्ह जो मेरे म्ह बुरे
काम करै सै, वो मै न्ही, बल्के पाप सै, जो मेरै म्ह बस्या होया सै। 18
क्यूँके मन्नै बेरा सै के मेरै म्ह यानिके मेरे पापी सुभाव म्ह कोए आच्छी
चीज वास कोनी कर दी। मेरा जी तो भले काम करण की इच्छा तो करै
सै, पर भले काम मेरै तै बणदे कोनी। 19 क्यूँके जिस आच्छे काम करण
नै मेरा जी करै सै, वो तो कोनी करदा, पर जो बुरे काम करणा न्ही
चाहन्दा, वोए करुँ सूं। 20 इस करकै जै मै वोए करुँ सूं जो न्ही चाहन्दा,
तो उसका करण आळा मै कोनी रहया, पर पाप सै जो मेरै भित्तर म्ह
बस रहया सै। 21 इस तरियां तै मन्नै सच का बेरा पटै सै, के जिब मै
भलाई करण की इच्छा करुँ सूं, तो बुराई ए करुँ सूं। 22 क्यूँके मै भीतरी
माणस-पण तै तो परमेसवर के नियम-कायदे तै घणा खुश रहूँ सूं। 23
पर मेरे भित्तर एक नियम-कायदा की शक्ति काम करण लागरी सै, जो
मेरी पापी अन्तरात्मा तै युध्द करै सै। या नियम-कायदा की शक्ति मेरी
अन्तरात्मा नै पाप का गुलाम बणावै सै जो इब भी मेरी देह म्ह सै। 24 मै
किसा निरभागा माणस सूं! मन्नै इस पापी सुभाव तै जो मौत लेकै आवै
सै, कौण छुड़ावैगा? 25 म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै जरिये परमेसवर का
धन्यवाद होवै। ज्यांतै मै अपणी समझ तै तो परमेसवर के नियम-कायदे
नै मानना चाहूँ सूं, पर पापी सुभाव के कारण मै पाप का गुलाम सूं।

**8** इस करकै इब जो मसीह यीशु पै बिश्वास करै सै, उनपै दण्ड का
हुकम कोनी। 2 क्यूँके पवित्र आत्मा थमनै वा जिन्दगी देवैगा, जो
मसीह यीशु की ओड़ तै आवै सै, अर वो थारे ताहीं पाप अर मौत तै
आजाद करै सै। 3 क्यूँके जो काम मूसा नबी के नियम-कायदे पापी
सुभाव कै कारण देह म्ह न्ही कर सके, उस ताहीं परमेसवर नै करया,
यानिके अपणे ए बेट्टे ताहीं इन्सान के रूप म्ह पापबलि होण कै खात्तर
भेज दिया, परमेसवर नै पाप की शक्ति ताहीं अपणे बेट्टे की देह के
बलिदान के जरिये तोड़ दिया। 4 ज्यांतै के मूसा नबी के नियम-कायदे
की विधि म्हारै म्ह पूरी करी जावै, जो पापी सुभाव कै मुताबिक न्ही,
बल्के पवित्र आत्मा कै मुताबिक चाल्लै सै, 5 क्यूँके जो अपणे पापी
सुभाव के कारण चाल्लै सै, वो बुरी चिज्जां कै बारें म्ह सोच्चै सै, पर
जो-जो पवित्र आत्मा के जरिये चाल्लै सै, वो उन चिज्जां के बारें म्ह
सोच्चै सै, जो पवित्र आत्मा ताहीं खुश करै सै। 6 जै थम अपणी पापमय
लालसा के मुताबिक चाल्लोंगे तो मरोगे, पर पवित्र आत्मा के कहे
मुताबिक चाल्लोंगे तो जिन्दगी अर शान्ति पाओगे। 7 क्यूँके पापमय
लालसा के मुताबिक चालणा तो परमेसवर तै बैर राखणा सै, क्यूँके ना
तो वो परमेसवर के नियम-कायदे कै अधीन सै अर ना कदे हो सकै सै।
8 अर जो पापमय लालसा के मुताबिक चाल्लै सै, वे परमेसवर नै खुश
न्ही कर सकदे। 9 पर जिब के परमेसवर का पवित्र आत्मा थारे म्ह बसै
सै, तो थम पापमय लालसा के मुताबिक न्ही पर पवित्र आत्मा के कहे
मुताबिक चाल्लों। जै किसे म्ह मसीह का आत्मा कोनी चाल्दा तो वो
परमेसवर का माणस कोनी। 10 जै मसीह थारे म्ह वास करै सै, तो पाप
कै कारण देह मरी होई सै, पर धार्मिकता कै कारण थारी आत्मा जिन्दा
सै। 11 जै परमेसवर का आत्मा जिसनै मसीह यीशु ताहीं मरे होया म्ह
तै जिन्दा करया, थारे म्ह बस्या होया सै, तो जिसनै मसीह ताहीं मरे
होया म्ह तै जिन्दा करया, वो थारी नाश होण आळी देह नै भी अपणे
पवित्र आत्मा कै जरिये जिन्दा करैगा, जो थारे म्ह बस्या होया सै। 12
इस करकै हे बिश्वासी भाईयो, हम पापी सुभाव के कर्जदार कोनी के
हम इसकै मुताबिक बरताव करां। 13 क्यूँके जै थम पापी सुभाव के
मुताबिक जीओगे, तो मरोगे जै पवित्र आत्मा तै पापमय लालसा के
काम्मां नै मारोगे तो जिन्दे रहोगे। 14 ज्यांतै के जितने माणस परमेसवर
के आत्मा के चलाए चाल्लै सै, वैए परमेसवर की ऊलाद सै। 15 क्यूँके
थारे ताहीं गुलामी की आत्मा कोनी दी गई, के थम डरो, पर पवित्र
आत्मा हमनै परमेसवर की ऊलाद बणावै सै, जिसतै हम हे अब्बा, हे
पिता कहकै बोल्लां सां। 16 पवित्र आत्मा आप ए म्हारी आत्मा कै
गेल्या गवाही देवै सै, के हम परमेसवर की ऊलाद सां, 17 अर जै ऊलाद
सां तो वारिस भी, बल्के परमेसवर के वारिस अर मसीह कै संगी वारिस
सां, अगर हम मसीह के ढाळ दुख ठावांगे, तो हम उसकी महिमा म्ह भी
शामिल हो पावांगे। 18 मन्नै पक्का यकिन सै, के इस बखत के दुख अर
क्लेश उस महिमा कै स्याम्ही, उस महिमा के समान जो प्रभु म्हारै ताहीं
देवैगा, किमे भी कोनी सै। 19 क्यूँके सृष्टि की सारी चिज्जें घणी उम्मीद
भरी निगांह तै परमेसवर की ऊलाद की बाट देखण लागरी सै। 20
परमेसवर की बणाई गई हर एक चीज नै अपणे मकसद ताहीं खो दिया
सै, यो इस करकै न्ही के सृष्टि खुद चाहवै थी, पर परमेसवर नै इसा
करया, पर फेर भी आस सै। 21 सृष्टि भी खुद उस दिन की बाट देक्खै
सै, जिब वो मौत अर विनाश की गुलामी तै छुटकारा पाकै, परमेसवर की
महिमा म्ह उसकी ऊलाद कै साथ शामिल होवैंगे। 22 क्यूँके हमनै बेरा सै
के सारी सृष्टि इब ताहीं मिलकै कराहती अर दर्दां म्ह पड़ी, उस जनानी
की तरियां सै, जिसा बच्चा होण तै पैहले दर्दां म्ह तड़फै सै। 23 अर
सिर्फ परमेसवर की बणाई सृष्टि ए न्ही, पर हम भी जिस म्ह होण आळी
महिमा के पैहले तै स्वाद चखण के रूप म्ह पवित्र आत्मा का वास सै,
हम खुद भी अपणे-आप म्ह कराहवा सां। यो जिब्बे होगा जिब हम देह तै
आजाद होवांगे, अर परमेसवर हमनै अपणी ऊलाद बणाण कै खात्तर
अपणावै। 24 आण आळी महिमा की आस के जरिये ए थारा उद्धार होया
सै, जै थम उन चिज्जां की आस राक्खों सों जो थारे धोरै पैहले तै सै, तो

थारी आस धरणा बेकार सै, कोए भी उस चीज की आस कोनी राखदा,
जो उसकै धोरै पैहले तै सै। 25 हम उन चिज्जां की आस करां सां, जो
म्हारे धोरै इब ताहीं सै कोनी, तो हम धीरज तै बाट देक्खां सां, जिब तक
वो चीज हमनै मिल ना जावै। 26 प्रार्थना करण खात्तर म्हारे धोरै बुद्धि
कोनी, पर पवित्र आत्मा म्हारी मदद करै सै, क्यूँके हमनै न्ही बेरा के
किन बात्तां कै खात्तर प्रार्थना करणी चाहिये, पर पवित्र आत्मा आप्पे
इसी आह भर-भरकै, जो बयान तै बाहरणै सै, म्हारै खात्तर बिनती करै
सै। 27 परमेसवर जो मनां का जाँचण आळा सै उसनै बेरा सै, के पवित्र
आत्मा का मकसद के सै? क्यूँके वो पवित्र माणसां कै खात्तर परमेसवर
की मर्जी कै मुताबिक बिनती करै सै। 28 हमनै बेरा सै के जो माणस
परमेसवर तै प्यार राक्खै सै, उनकै खात्तर सारी बात मिलकै भलाई ए नै
पैदा करै सै, यानिके उनकै खात्तर जो उसकी मर्जी कै मुताबिक चुणे होए
सै। 29 क्यूँके जिन ताहीं परमेसवर नै पैहल्या तै चुण्या होया सै, उन
ताहीं उसकै बेट्टे यीशु मसीह जिसे बणण खात्तर ठहराया भी सै, ताके वो
घणे भाईयाँ म्ह पैहल्ड़ा यानी जेट्ठा बणै। 30 फेर जिन माणसां ताहीं
उसनै पैहल्या तै ठैहराया, उन ताहीं चुण्या भी, अर जिन ताहीं चुण्या,
उन ताहीं धर्मी भी बणाया सै, अर जिन ताहीं धर्मी बणाया, उन ताहीं
अपणी महिमा म्ह भागीदारी भी बणाया सै। 31 तो इन बात्तां तै हम यो
नतिज्जां लिकाड़ा सां, जै परमेसवर म्हारी कान्ही सै, हमनै कौण हरा
सकै सै? 32 परमेसवर वो सै जिसनै अपणे खुद कै बेट्टे ताहीं भी म्हारे
खात्तर बलिदान करण म्ह कोए संकोच कोनी करया, तो जो उसनै म्हारे
तै वादा करया सै, वो सारा कुछ म्हारे ताहीं क्यूँ न्ही देवैगा? 33 कोए भी
हमनै परमेसवर के स्याम्ही दोषी न्ही ठैहरा सकता? परमेसवर ए सै जो
म्हारे ताहीं धर्मी बणावै सै। 34 कोए भी हमनै दोषी न्ही ठैहरा सकता?
क्यूँके यीशु मसीह ए सै, जो मरया बल्के मुर्दां म्ह तै जिन्दा भी उठ्या,
अर परमेसवर कै सोळी ओड़ सै, अर म्हारै खात्तर बिनती भी करै सै। 35
कौण हमनै मसीह कै प्यार तै न्यारा करैगा? के क्लेश, संकट, उपद्रव,
अकाळ, नंगाई, जोख्खम, या तलवार? 36 जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या
सै, "तेरे खात्तर लोग हमनै रोज मारण की धमकी देवै सै, हम मरण
आळी भेड्डां की तरियां समझे गये सां।" 37 पर इन सारी बात्तां म्ह हम
उसकै जरिये जिसनै म्हारै तै प्यार करया सै, जयवन्त तै भी बाध सै। 38
क्यूँके मै जाणु सूं, के कोए भी चीज मसीह नै म्हारे तै प्यार करण तै न्ही
रोक सकदी। इसतै कोए फर्क न्ही पड़ता के चाहे हम जिवां या मरा,
सुर्गदूत, प्रधानताएँ, शक्तियाँ जो सुर्ग म्ह सै इन म्ह तै कोए भी हमनै
मसीह के प्यार तै अलग न्ही कर सकदी, अर इब जो होण लागरया सै,
जो भविष्य म्ह होण आळा सै, गहराई, ऊँचाई हमनै परमेसवर के प्यार
तै, जो म्हारे प्रभु यीशु मसीह म्ह सै अलग न्ही कर सकदी।

**9** जै कोए भी चीज हमनै परमेसवर के प्यार तै अलग न्ही कर सकदी,
तो क्यूँ इस्राएली, मेरे यहूदी भाई परमेसवर तै दूर सै? मेरा मन उन
खात्तर भोत दुखी सै, जै उन माणसां के छुटकारै खात्तर मेरे उप्पर चाहे
दोष भी लगाये जावै या मसीह तै अलग करया जावै, तोभी मै इसकै
खात्तर तैयार सूं, अर मै मसीह नै गवाह मानते होए सच बोल्लू सूं, पवित्र
आत्मा अर मेरी अन्तरात्मा भी या गवाही देवै सै के मै झूठ कोनी बोल्दा।
4 वे इस्राएल देश के माणस सै, अर वे परमेसवर के गोद लिये होड़
माणस सै, अर महिमा, करार, नियम-कायदे अर परमेसवर की आराधना
करण का हक अर वादे उन्हे के सै। 5 अब्राहम, इसहाक, याकूब ये सारे
पूर्वज भी उन्हे के सै, अर मसीह भी देह कै भाव तै उन्हे म्ह तै इस्राएली
सै। जो सारया कै उप्पर परम परमेसवर सै, युगानयुग धन्य हो। आमीन।
(aiōn g165) 6 पर इसा कोनी के परमेसवर अपणे वादे तै मुकर गया,
ज्यांतै के जो इस्राएल के वंशज सै, वे सारे सच्चे इस्राएली कोनी। 7 अर
ना अब्राहम का वंश होण कै कारण सारे उसकी सच्ची ऊलाद होगी, पर
पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "इसहाक के वंश म्ह जन्म लेण तै ए सारे
उसकी सच्ची ऊलाद न्ही हो जान्दी।" 8 यानिके जो दुनियावी तौर पै
शारीरिक रूप तै जन्मे होए परमेसवर की ऊलाद कोनी, पर वायदे की
ऊलाद सै। 9 क्यूँके वादे का वचन यो सै: "आगले साल मै इस्से बखत
दुबारा आऊँगा, अर तब सारा कै एक बेट्टा पैदा होवैगा।" 10 अर सिर्फ
योए न्ही, पर जिब रिबका कै गर्भ म्ह एक ए आदमी यानिके म्हारै पूर्वज
इसहाक तै जुड़वां बाळक पैदा होए। 11 इब तै पैहले के वो पैदा होते अर
कुछ बुरा या भला काम जाणते, परमेसवर नै रिबका तै कह दिया था के
"जेट्ठा बेट्टा छोटळै का गुलाम होवैगा," परमेसवर नै यो दिक्खाण कै
खात्तर कह्या था, वो अपणे मन की इच्छा तै खुद चुनाव करै सै, ना के
उनके भले या बुरे काम्मां तै। 13 जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
"मन्नै एसाव तै बढ़कै याकूब ताहीं घणा प्यार करया।" 14 ज्यांतै हम के
कहां? के परमेसवर की अपणी इच्छा तै चुनाव करणा अन्याय सै?
न्ही! बिलकुल न्ही! 15 क्यूँके परमेसवर मूसा नबी तै कहवै सै, "मै
जिस किसे पै दया करणा चाहूँ, उसपै दया करुँगा, अर जिस किसे पै
तरस खाणा चाहूँ उस्से पै तरस खाऊँगा।" 16 इस करकै परमेसवर उस
ताहीं चुणै सै, जिसकै उप्पर वो दया दिखाणा चाहवै सै, उसका चुनाव
इस बात पै आधारित कोनी, के लोग के चाहवै सै, अर वे के करण की
कोशिश करै सै। 17 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह परमेसवर नै फिरौन (मिस्र के
राजा) तै कह्या, "मन्नै तेरे ताहीं ज्या ए तै राजा बणाया सै, के तेरे म्ह
अपणी सामर्थ दिखाऊँ, अर मेरै नाम का प्रचार सारी धरती पै होवै।"
18 इस करकै वो जिसपै चाहवै सै उसपै दया करै सै, अर जिस ताहीं
चाहवै सै उस ताहीं हठील्ला बणा देवै सै। 19 तब घणखरे माणस मेरै तै
कहवैगें, "जै इसा सै, तो परमेसवर किस तरियां कह सकै सै, के हम
गलत सां? क्यूँके परमेसवर जो करणा चाहवै सै उसनै करण तै कौण
रोक सकै सै?" 20 हे भले माणस, भला तू कौण सै जो परमेसवर तै
वाद-विवाद करै? के बणाई होई चीज बणाण आळे तै कह सकै सै,
"तन्नै मेरै ताहीं इसा क्यांतै बणाया सै?" 21 के कुम्हार ताहीं माट्टी पै
हक कोनी के एक ए लोंदे म्ह तै एक बासण आदर कै खात्तर, अर दुसरे
ताहीं अनाद्दर कै खात्तर बणावै? 22 परमेसवर अपणा छो अर अपणी
सामर्थ उनकै बिरुध्द दिखाणा चाहवै सै, जो नाश ए होण लायक सै, पर

वो धीरज धरे सै क्यूँके वो दिखाणा चाहवै सै के वो कितना महान् सै, वो
उन माणसां पै दया करै सै, जिन ताहीं उसनै अपणी महिमा म्ह साँझा
करण खात्तर चुण्या सै। 24 यानिके म्हारै पै जिन ताहीं उसनै ना सिर्फ
यहूदी माणसां म्ह तै, बल्के गैर यहूदियाँ म्ह तै भी चुण्या। 25 जिसा के
वो होशे नबी की किताब म्ह भी गैर यहूदियाँ के बारें म्ह कहवै सै, "जो
मेरी प्रजा कोनी थी, उन ताहीं मै अपणी प्रजा कहूँगा, अर जिनतै मै प्यार
न्ही करुँ था, उन ताहीं प्यार करुँगा। 26 अर जिस जगहां पै परमेसवर नै
इसा कह्या था, के थम मेरी प्रजा कोनी सो, उस्से जगहां पै परमेसवर
उन ताहीं अपणी ऊलाद कहवैगा।" 27 अर यशायाह नबी इस्राएल के
माणसां कै बारै म्ह रुक्का मारकै कहवै सै, "चाहे इस्राएल की ऊलादां
की गिणती समुन्दर के बालू कै बराबर हो, तोभी उन म्ह तै थोड़े ए
बचैंगें। 28 क्यूँके परमेसवर धरती पै तावळा-ए आवैगा, अर एक बार
म्ह ए सबका न्याय करैगा।" 29 जिसा यशायाह नबी नै पैहल्या भी
कह्या था, "जै सेनाओं का प्रभु म्हारै खात्तर कुछ वंश न्ही छोड़दा, तो
म्हारी हाल्लत सदोम अर अमोरा नगर के जिसी हो जान्दी, जिस ताहीं
परमेसवर नै पूरी तरियां तै नाश कर दिया।" 30 ज्यांतै हम के कहां? गैर
यहूदियाँ नै अपणे-आप ताहीं धर्मी बणाण की कोशिश न्ही करी, पर
परमेसवर नै मसीह यीशु पै बिश्वास करण कै कारण उन ताहीं धर्मी बणा
दिया। 31 जो इस्राएली मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानकै धर्मी
बणणा चाहवै थे वे धर्मी न्ही बण पाये। 32 यो किस तरियां हो सकै सै?
इस करकै के वे बिश्वास तै न्ही, पर मान्नो आच्छे काम्मां तै धर्मी बणणा
चाहवै थे। उननै उस ठोक्कर कै पत्थर पै ठोक्कर खाई, 33 जिसा पवित्र
ग्रन्थ यीशु मसीह के बारें कहवै सै, "देक्खो, मै यरुशलेम नगर म्ह एक
ठेस लाग्गण का पत्थर, अर ठोक्कर खाण की चट्टान राक्खूँ सूं, अर जो
कोए उसपै बिश्वास करैगा वो शर्मिन्दा कोनी होवैगा।"

**10** हे बिश्वासी भाईयो, मेरै मन की इच्छा अर मेरे यहूदी माणसां
खात्तर, परमेसवर तै मेरी याए प्रार्थना सै के वे बचाए जावै। 2
क्यूँके मै उनकी गवाही द्यूँ सूं, के उन ताहीं परमेसवर कै खात्तर उत्साह
रहवै सै, पर सही समझकै गेल्या न्ही। 3 क्यूँके वा धार्मिकता जो
परमेसवर की ओड़ तै आवै सै, उस ताहीं वे समझण म्ह नाकामयाब
रहे अर अपणे तरिक्कें तै धर्मी बणण की कोशिश करी, वे परमेसवर
की धार्मिकता के अधीन न्ही होए। 4 क्यूँके मसीह नै पैहले तै ए उस
मकसद ताहीं पूरा कर लिया सै। जिस खात्तर नियम-कायदे दिए गये थे,
उसका नतिज्जां यो होया के जो यीशु मसीह पै बिश्वास करै सै वो धर्मी
बणाए जावैंगे। 5 क्यूँके मूसा नबी नै नियम-कायदा तै धर्मी बणण के
बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह यो लिख्या सै, के जो माणस उननै मान्नै सै,
वो इस्से कारण तै जिन्दा रहैगा। 6 पर बिश्वास के जरिये धर्मी बणाये
जाण के बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ या कहवै सै, के "तू अपणे मन म्ह न्यू ना
कहिये, के मसीह ताहीं नीच्चै ल्याण खात्तर सुर्ग पै कौण चढ़ैगा?" 7 या
"अधोलोक म्ह कौण उतरैगा?" (यानिके मसीह ताहीं मरे होया म्ह
तै जिन्दा उप्पर लाण कै खात्तर!) (Abyssos g12) 8 पर के कहवै सै,
योए के "परमेसवर का वचन तेरे धोरै सै, ताके तू उसनै अपणे मुँह तै
अंगीकार कर सकै अर अपणे मन म्ह राक्ख सकै," यो वोए बिश्वास का
वचन सै, जो हम प्रचार करा सां। 9 जै तू माणसां के स्याम्ही यीशु नै
प्रभु मान ले, अर अपणे मन तै बिश्वास करै के परमेसवर नै उस ताहीं मरे
होया म्ह तै जिन्दा करया, तो परमेसवर तन्नै बचावैगा। 10 क्यूँके हम
अपणे मन तै बिश्वास करां सां, तो हम परमेसवर के जरिये धर्मी बणाए
जावै सै, अर हम मुँह तै अंगीकार करां सां, के हम मसीह पै बिश्वास करां
सां, तो इस करकै हम बच जावांगे। 11 क्यूँके यशायाह नै पवित्र ग्रन्थ
म्ह मसीह के बारें म्ह यो लिख्या सै, "जो कोए उसपै बिश्वास करैगा
वो शर्मिन्दा कोनी होवैगा।" 12 यहूदियाँ अर यूनानियाँ म्ह किमे फर्क
कोनी, ज्यांतै के परमेसवर सारया का प्रभु सै, जो उसका नाम लेवै सै
उस ताहीं वो बचावै सै। 13 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै के "जो
कोए प्रभु का नाम लेवैगा, वो बचाया जावैगा।" 14 पर जिन माणसां नै
मसीह पै बिश्वास न्ही करया, तो वे उसनै मदद खात्तर किस तरियां
पुकारैंगे? अर जिसकै बारें म्ह सुण्या न्ही उसपै किस तरियां बिश्वास
करैंगें? अर वे किस तरियां सुणैगें जिब तक कोए प्रचारक ना जावै। 15
जै प्रचारक भेज्जे ना जावै, तो किस तरियां प्रचार करै? जिसा पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "जो आच्छी बात्तां का सुसमाचार लेकै आवै सै,
उनके पाँव कितने सुहावने सै।" 16 पर सारया नै उस सुसमाचार पै
बिश्वास कोनी करया जिसा यशायाह नबी कहवै सै, "हे प्रभु, किस्से नै
भी म्हारै सन्देस पै बिश्वास न्ही करया?" 17 पर मसीह के बारें म्ह वचन
सुणण तै बिश्वास होवै सै। 18 पर मै पूच्छु सूं, के यहूदियाँ नै, मसीह के
बारें म्ह न्ही सुण्या? सुण्या तो जरुर सै, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या
सै, "उनके बोल साब्ती धरती पै, अर उनके वचन दुनिया के कुणे ताहीं
पोंहोचगे सै।" 19 फेर मै पूच्छु सूं, के इस्राएली लोग मसीह के बारें म्ह
सन्देस ताहीं समझै सै? पैहल्या तो प्रभु नै मूसा नबी के जरिये यो कह्या,
"मै उन गैर यहूदियाँ के जरिये थारे मन म्ह जळण पैदा करुँगा, मै थमनै
यहूदियाँ कै जरिये मूर्ख समझण आळे माणसां तै गुस्सा दिलाऊँगा।"
20 फेर जो बात प्रभु नै कही वा बात यशायाह नबी बड़ी हिम्मत करकै
कहवै सै, "जो मन्नै न्ही टोहवैं थे, उननै मेरै ताहीं पा लिया, अर जो मन्नै
बुझ्झै भी कोनी थे, उनपै मै जाहिर होया।" 21 पर इस्राएल देश के
माणसां कै बारै म्ह, परमेसवर यशायाह नबी के जरिये न्यू भी कहवै सै,
"मै सारा दिन अपणे हाथ, एक हुकम ना मानण आळी अर विवाद करण
आळी प्रजा कै कान्ही पसारे रहया।"

**11** ज्यांतै मै पूच्छु सूं, के परमेसवर नै अपणी प्रजा ताहीं छोड़ दिया?
न्ही! बिलकुल न्ही! मै भी तो इस्राएली सूं, मै अब्राहम की पीढ़ी
अर बिन्यामीन कै गोत्र म्ह तै सूं। 2 परमेसवर नै अपणी उस प्रजा ताहीं
कोनी छोड्या, जिस ताहीं उसनै पैहल्याए तै चुण्या सै। के थमनै न्ही बेरा
के पवित्र ग्रन्थ एलिय्याह नबी कै बारै म्ह के कहवै सै, वो इस्राएल के
माणसां कै बिरोध म्ह परमेसवर तै शिकायत करै सै। 3 "हे प्रभु, उननै
तेरे नबियाँ ताहीं मार दिया, अर तेरी वेदियाँ ताहीं नाश कर दिया सै, अर

मै ए एक्ला बचा सूं, जो तेरे पै बिश्वास करुँ सूं अर जिन्दा सूं, अर वे मेरी
जान भी लेणा चाहवै सै।” 4 तब परमेसवर नै एलिय्याह नबी तै कह्या,
“मन्नै अपणे खात्तर सात हजार माणसां ताहीं राख राख्या सै, जिन नै
बाल देवता की मूर्ति की आराधना करण खात्तर गोड्डे कोनी टेक्के सै।”
5 ठीक इस्से तरियां तै इस बखत भी, परमेसवर के अनुग्रह तै अलग करे
होए कुछ यहूदी माणस बचरे सै, जिन ताहीं उसनै अपणे खात्तर चुण्या
सै। 6 जै उन ताहीं परमेसवर नै अपणे अनुग्रह तै चुण्या सै, तो यो आच्छे
काम्मां तै न्ही होया, न्ही तो अनुग्रह फेर अनुग्रह न्ही रहया। 7 फेर इसका
नतिज्जा के लिकड़्या? हालाकि इस्राएली माणस जो परमेसवर की
नजर म्ह धर्मी बणणा चाहवै थे, पर वो बण न्ही पाए, पर परमेसवर नै
जिन ताहीं चुण्या वे उसकै गैल धर्मी बण ग्ये, अर बचे होड़ माणस हठीले
करे गये अर उननै उसकी सुणण तै इन्कार कर दिया। 8 जिसा पवित्र
ग्रन्थ म्ह यशायाह नबी नै लिख्या सै, “परमेसवर नै उन ताहीं आज कै
दिन तक सुस्त दिमाग दे राख्या सै, अर इसी आँख दी जो ना देक्खै, अर
इसे कान दिये जो ना सुणै।” 9 अर राजा दाऊद कहवै सै, “के जिसा
एक पंछी खाणा खाण खात्तर जाळ म्ह फँस जावै सै अर जानवर खड्डे
म्ह गिर जावै सै, उसी तरियां ये माणस भी परमेसवर की ओड़ तै दण्ड
पावैंगें। 10 उनकी आँख आँधी हो जावै ताके वो देख न्ही पावै, अर वे
सारी हाण मुसीबतां म्ह फसे रहवै।” 11 तो मै पूच्छु सूं, के यहूदी लोग
ठोक्कर खाण कै कारण सदा कै खात्तर नाश होगे? न्ही! बिलकुल न्ही!
पर उनकै अबिश्वास कै कारण गैर यहूदियाँ ताहीं उद्धार मिल्या, ताके
इस्राएल के माणसां कै जळण होवै। 12 ज्यांतै जै उनका अबिश्वास
दुनिया की गैर यहूदियाँ कै खात्तर भलाई का कारण बणै, तो इस्राएल के
माणसां का परमेसवर के धोरै बोहड़ के आणा और भी आच्छा क्यूँ न्ही
होगा। 13 मै थम दुसरी जात्तां तै ये बात कहूँ सूं। जिब के मै गैर यहूदियाँ
कै खात्तर प्रेरित सूं, तो मै अपणी सेवा की बड़ाई करुँ सूं, 14 ताके किसे
तरियां तै मै अपणे कुण्बे आळे माणसां म्ह जळण पैदा करवा कै उन म्ह
तै एक-आधै का उद्धार कराऊँ। 15 क्यूँके जिब इस्राएली माणसां का
छोड़ दिया जाणा, गैर यहूदियाँ का परमेसवर कै साथ मेळ-मिलाप का
कारण होया। तो उनका मसीह ताहीं अपणाया जाणा, इसा होगा, जिसा
किसे माणस का मुर्दां म्ह तै जिन्दा जाणा। 16 मै थमनै एक उदाहरण
देऊँ सूं, यो यहूदी माणसां का रिवाज सै, जिब हम चून गुंधा सां, तो उस
म्ह तै पैहले रोट्टी का एक पेड़ा परमेसवर कै खात्तर लिकाड़ा सां, तो पूरा
गुन्ध्या होया चून भी परमेसवर कै खात्तर सै, उस्से तरियां जिस तरियां
जड़ परमेसवर की सै, तो डाळी भी उस्से की सै। 17 इस्राएल के माणस
जैतून की डाळी की तरियां सै अर पिता अब्राहम, इसहाक अर याकूब
पेड़ की जड़ की तरियां सै, पर जै कुछ डाळी तोड़ दी गई, अर तू जंगळी
जैतून होकै उन म्ह कलम करया गया, अर यहूदी माणसां ताहीं मिलण
आळी आशीष का फायदा थारे ताहीं भी होया, जिसा जैतून के पेड़ की
डाळी पेड़ की जड़ तै रस हासिल करै सै। 18 तो थम यो घमण्ड ना
करियो, के थम उन कटी होई डाळियाँ तै बढ़िया सों, यो याद राक्खों के
थम जड़ नै कोनी पर, जड़ थमनै सम्भाळै सै। 19 फेर थम बोल सकों सों
के “परमेसवर पेड़ तै टुट्टी होए डाळियाँ की तरियां थमनै छोड़ देगा।”
ताके गैर यहूदियाँ ताहीं अपणाले, जो के उन डाळियाँ की तरियां सै जो
कलम करकै लगाई गई सै। 20 यो सच सै के वे तो अबिश्वास कै कारण
तोड़ी गई, पर तू बिश्वास तै बण्या रहवै सै ज्यांतै घमण्डी ना होवै, पर
भय मान, 21 क्यूँके जिब परमेसवर नै खुद की डाळियाँ पै दया न्ही
करी तो वो थारे पै भी दया न्ही करैगा। 22 ज्यांतै परमेसवर की दया
अर कठोरता नै देख! जो अबिश्वासी माणसां खात्तर कठोरता अर थारे
खात्तर दया सै, जै थम असलियत म्ह उसकी दया की हद म्ह न्ही बणे
रहवोंगे, तो थारे ताहीं भी काट के अलग कर दिया जावैगा। 23 यहूदी
लोग भी जै बिश्वास करणा शरु करदे, तो दुबारा तै लगा दिए जावैंगे,
क्यूँके परमेसवर उन ताहीं फेर छांग सकै सै। 24 एक जंगळी डाळी
खात्तर एक आच्छे पेड़ का हिस्सा बणणा कुदरती न्ही सै, अर जो यहूदी
कोनी जंगळी जैतून के पेड़ की डाळी की तरियां सै, जो के एक आच्छे
जैतून के पेड़ म्ह लगाई गई सै, पर यहूदी एक डाळी की तरियां सै जो
आच्छे पेड़ तै उगै सै, पक्के तौर पै वे अपणे पेड़ म्ह शामिल हो सकै सै।
25 हे बिश्वासी भाईयो, मै न्ही चाहन्दा के थम इस भेद तै अनजाण रहों,
इसा ना हो के थम अपणे-आप पै घमण्ड करण लाग्गों, जिब तक गैर
यहूदी परमेसवर के धोरै ना आवै सै, तब तक इस्राएल के कुछ माणस
सख्त बणे रहवैंगे। 26 अर इसके बाद सारे इस्राएल के माणस उद्धार
पावैंगें। जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, “छुटाण आळा यरुशलेम तै
आवैगा, अर अभगति नै याकूब के वंश तै दूर करैगा। 27 अर उनकै
गेल्या मेरा यो करार होगा, जिब मै उनके पापां नै माफ कर दियुँगा।”
28 यहूदी लोग परमेसवर के दुश्मन बणगे थे, क्यूँके वे उस सुसमाचार
पै बिश्वास करणा न्ही चाहन्दे, यो थारे खात्तर फायदेमन्द होया, पर
परमेसवर उनतै प्यार करै सै, क्यूँके उसनै अपणे खात्तर उन ताहीं चुण्या
सै, योए वो वादा सै जो उसनै म्हारे पूर्वजां तै करया था। 29 क्यूँके
परमेसवर अपणे वरदान्नां तै, अर बुलाहट तै कदे भी पाच्छै कोनी हटदा।
30 एक बखत था जिब थम गैर यहूदियाँ नै परमेसवर ताहीं ठुकरा दिया
था, पर इब इस्राएल के माणसां नै परमेसवर ताहीं ठुकरा दिया, इस
कारण थारे पै दया दिखाई गई। 31 थारे पै दया दिखाण कै कारण उनपै
भी दया दिखाई जावैगी। 32 क्यूँके सारे माणसां नै परमेसवर के हुकम
का उलंघण करया सै, योए कारण सै के परमेसवर उनकै गैल कैदियाँ
की ढाळ बरताव करै सै, वो इस करकै इसा करै सै के सब माणसां पै
दया हो सकै। (eleēsē g1653) 33 ओह! किसा अपार सै परमेसवर की
बुद्धि अर ज्ञान का भण्डार! कितने महान् सै उसके फैसले! अर किसा
रहस्यमयी सै उसके काम करण का तरिक्कां! 34 “भला कौण जाण
सकै सै परमेसवर के मन नै? या कौण उसका सलाहकार होया सै? 35
या किसनै परमेसवर ताहीं कुछ दिया सै, जिसका बदला उस ताहीं दिया
जावै?” इसा कोए कोनी। 36 क्यूँके सब कुछ उस्से कै कान्ही तै आवै

सै, अर उस्से नै सब कुछ बणाया सै अर सब कुछ उस्से का सै। उसकी
महिमा युगानुयुग होन्दी रहवै आमीन। (aiōn g165)

**12** ज्यांतै हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै परमेसवर की दया याद
दुवाकै बिनती करुँ सूं, के अपणी जिन्दगी ताहीं जिन्दा, पवित्र अर
परमेसवर ताहीं भान्दा होया बलिदान करकै चढ़ाओ। योए परमेसवर
की सेवा करण का सही तरिक्कां सै। 2 इस दुनिया के माणसां बरगे
ना बणो, पर परमेसवर थारी सोच नै बदलै, अर थारा चाल-चलण भी
बदलता जावै, जिसतै थम परमेसवर की भली, अर आच्छी लागण
आळी, अर सिध्द इच्छा अनुभव तै बेरा पाड़ सको। (aiōn g165) 3 क्यूँके
मै उस अनुग्रह कै कारण जो मेरै ताहीं मिल्या सै, थारे म्ह तै हरेक तै कहूँ
सूं, के जिसा समझणा चाहिये, उसतै बढ़कै कोए भी अपणे-आपनै ना
समझै। पर इसकी बजाए सदबुध्दी राखकै, जिसा परमेसवर नै जितना
बिश्वास थारे ताहीं दिया सै उसकै मुताबिक अपणे-आपनै समझो। 4
क्यूँके जिसा म्हारी एक देह म्ह घण-ए अंग सै, अर सारे अंगा का एके
काम कोनी। 5 इस्से तरियां हम जो मसीह म्ह बिश्वास करा सां, हम
उसके देह के कुछ अंग बणगे सां, अर हम दुसरे तै जुड़े होए सां। 6 जिब
के उस अनुग्रह कै मुताबिक जो परमेसवर नै म्हारै ताहीं दिया सै, हमनै
न्यारे-न्यारे वरदान मिले सै। तो जिस ताहीं परमेसवर नै भविष्यवाणी का
दान दिया सै, वो उन ए बात्तां नै बोल्लै जो उसनै बिश्वास दिलाते हो के ये
परमेसवर की ओड़ तै सै। 7 जै दुसरयां की सेवा करण का दान मिल्या
हो, तो सेवा म्ह लाग्या रहवै, जै कोए सिखाण आळा हो, तो सिखाण म्ह
लाग्या रहवै। 8 जो उत्साहित करण आळा हो, वो उत्साहित करण म्ह
लाग्या रहवै, दान देण आळा हो उदारता तै देवै, जो अगुवाई करै, वो
जोश तै करै, जो दया करै, वो खुशी तै करै। 9 प्यार करण का दिखावा
ना करो, बुराई तै नफरत करो, भलाई म्ह उत्सुक रहो। 10 एक-दुसरे तै
इस तरियां प्यार करो, जणु एक ए परिवार के हो, आप्पस म्ह एक-दुसरे
का बढ़-चढ़कै आदर करो। 11 कड़ी मेहनत करो अर आलसी ना बणो,
आत्मिक जोश तै भरे रहो। प्रभु की सेवा पूरे मन तै करदे रहो। 12 आस
म्ह खुश रहो, क्लेश म्ह धीरज धरो, प्रार्थना म्ह सारी हाण लाग्गे रहो।
13 पवित्र माणसां ताहीं जो किमे जरूरी हो, उस म्ह उनकी मदद करो,
अर अजनबी माणसां की सदा सेवा-पाणी म्ह लाग्गे रहो। 14 अपणे
सताण आळा ताहीं आशीष द्यो, आशीष दो श्राप ना द्यो। 15 आनन्द
करण आळा कै गेल्या आनन्द करो, अर रोण आळा कै गेल्या रोओ। 16
जिस तरियां थम अपणी परवाह करो सों, उस्से तरियां दुसरयां की
परवाह करो, खुद पै घमण्ड ना करो, पर दीन-दुखियाँ कै गेल्या संगति
राक्खो, अपणी नजर म्ह अकलमंद ना होवो। 17 बुराई कै बदले किसे तै
बुराई ना करो, जो बात सारे माणसां कै लोवै आच्छी सै, उनकी फिक्र
करया करो। 18 जित्त ताहीं हो सकै, थम पूरे मन तै सारे माणसां कै
गेल्या मेळ-मिलाप राक्खो। 19 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, बदला ना
लियो, पर परमेसवर ताहीं बदला लेण का मौक्का द्यो, क्यूँके पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "बदला लेणा मेरा काम सै, प्रभु कहवै सै मै ए
बदला ल्यूँगा।" 20 पर वचन यो भी कहवै "जै तेरा बैरी भूक्खा हो तो
उस ताहीं खाणा खुवा, जै तिसाया हो तो उस ताहीं पाणी पिला, क्यूँके
तेरे इसा करण तै वो खुद शर्मिन्दा हो जावैगा।" 21 बुराई तै ना जीत
हासिल करो, पर भलाई तै बुराई नै जीत ल्यो।

**13** हरेक माणस शासन करण आळे अधिकारियां कै अधीन रहवै,
क्यूँके सारे अधिकार परमेसवर की ओड़ तै आवै सै, अर जो
अधिकार सै, वे परमेसवर नै बणाये सै। 2 ज्यांतै जो कोए भी माणस
उन माणसां का पालन करण तै इन्कार करै सै, जिनके धोरै शासन
करण की शक्ति सै, तो वो परमेसवर की विधि का बिरोध करै सै, अर
बिरोध करण आळे दण्ड पावैंगें। 3 क्यूँके हाकिम आच्छे काम के न्ही,
पर भुन्डे काम कै खात्तर डर का कारण सै। जै तू हाकिम तै बिना डरे
रहणा चाहवै सै, तो आच्छा काम कर, ताके उसकी ओड़ तै तेरी बड़ाई
हो। 4 क्यूँके वो तेरी भलाई कै खात्तर परमेसवर का सेवक सै। परन्तु
जै तू बुराई करै, तो डर, क्यूँके उसनै दण्ड देण का हक सै, अर वो
परमेसवर का सेवक सै ताके उसकै छो कै मुताबिक भुन्डे काम करण
आळे ताहीं सजा देवै। 5 ज्यांतै थम उनके अधीन रहों ना सिर्फ उसकै
दण्ड तै बचण खात्तर बल्के साफ अन्तरात्मा राक्खण खात्तर भी। 6
ज्यांतै चुंगी भी द्यो क्यूँके शासन करण आळे परमेसवर के सेवक सै अर
सारी हाण उस फर्ज नै पूरा करण म्ह लाग्गे रहवैं सै। 7 ज्यांतै हरेक
का हक चुकाया करो, जिस ताहीं चुंगी देणी चाहिये, उस ताहीं चुंगी
देओ, कर देण आळे ताहीं कर देओ, जिसतै डरणा चाहिये, उसतै डरो,
जिसका आदर-मान करणा चाहिये, उसका आदर-मान करो। 8 एक ए
चीज सै जिसके थमनै कर्जदार होणा चाहिए, वो सै थारा आप्पस म्ह
प्यार, क्यूँके जो एक-दुसरे तै प्यार करै सै, उस्से नै परमेसवर के नियम-
कायदा ताहीं पूरा करया सै। 9 क्यूँके, मूसा नबी के नियम-कायदा म्ह
भोत-से हुकम सै, "जारी ना करणा, खून ना करणा, चोरी ना करणा,
लालच ना करणा," अर इन्नै छोड़ और कोए भी हुकम हो, तो सारया
का निचोड़ इस एक हुकम म्ह पाया जावै सै, "अपणे पड़ोसी तै अपणे
जिसा प्यार करो।" 10 प्यार पड़ोसी की कुछ बुराई कोनी करदा, जो
प्यार करै सै, वो परमेसवर के नियम-कायदा नै पूरा करै सै। 11 आप्पस
म्ह हरेक नै एक-दुसरे तै प्यार करते रहणा चाहिए, क्यूँके वो बखत
आवै सै, के जिब परमेसवर हमनै इस बुरी दुनिया तै छुड़ावैगा, जिब
हमनै पैहली बार मसीह म्ह बिश्वास करया था, तब तै इब वो बखत धोरै
आ लिया सै, तो थारे ताहीं नींद तै जागणा चाहिए अर सावधान रहणा
चाहिए। 12 दुनिया म्ह रहण का म्हारा बखत लगभग एक रात की ढाळ
सै, जो खतम होण आळी सै, अर मसीह के बोहड़ण आळा बखत भोत
लवै सै, ज्यांतै हमनै अन्धकार के काम्मां नै छोड़कै, चाँदणे की ढाळ
आच्छे काम करणे चाहिए, जो बुराई का बिरोध करण म्ह म्हारे हथियार
बणै सकै। 13 आओ! हम खुद नै सही तरिक्के तै चलाणा शरु करा, जो
उन माणसां की तरियां सै जो चाँदणे म्ह रहवै सै, पर अँधेरे म्ह रहण
आळे माणसां की ढाळ ना बणो जो भोग-विलास, दारूबाजी, जारी,

लुचपण, रोळे अर जळण करण जिसा काम करै सै। 14 बल्के प्रभु यीशु
मसीह ताहीं कवच बणा के पैहर ल्यो, अर देह की पापी अभिलाषायां नै
पूरा करण का उपाय ना करो।

14 जो माणस बिश्वास म्ह कमजोर सै, उस ताहीं अपणी संगति म्ह
ले ल्यो, पर उस ताहीं के करणा चाहिए के न्ही करणा चाहिए इस
बारें म्ह बहस ना करो। 2 एक नै बिश्वास सै, के सारा कुछ खाणा सही
सै, पर जो बिश्वास म्ह कमजोर सै वो साग-पात ए खावै सै। 3 अर माँस-
मच्छी खाण आळे साग-पात खाण आळे ताहीं तुच्छ ना जाणै, अर
ना साग-पात खाणआळा, माँस-मच्छी खाणआळै पै दोष लावै, क्यूँके
परमेसवर नै दोंनुआ ताहीं अपणाया सै। 4 तू कौण सै जो दुसरे कै
नौक्कर पै दोष लावै सै? पर उसकी कामयाबी या नाकामयाबी उसकै
माल्लिक कै ए हाथ्थां म्ह सै, बल्के वो कामयाब ए कर दिया जावैगा,
क्यूँके प्रभु उस ताहीं कामयाब कर सकै सै। 5 इस तरियां कई माणस
तो एक दिन नै दुसरे तै बाध मान्नै सै, अर कई माणस सारे दिनां नै एक
जिसा जाणै सै, इस तरियां तै हरेक अपणे ए मन म्ह, इस बात नै पक्का
कर लेवै जो वो सोच्चै सै वोए सही सै। 6 जो कोए किसे दिन नै बाध
मान्नै सै, वो प्रभु नै आदर मान देण खात्तर मान्नै सै। जो कोए माँस-
मच्छी खावै सै, वो प्रभु नै आदर मान देण खात्तर खावै सै, क्यूँके वो
परमेसवर का धन्यवाद करै सै, अर जो साग-पात खावै सै, क्यूँके वो प्रभु
नै आदर मान देण खात्तर खावै अर परमेसवर का धन्यवाद करै सै। 7
क्यूँके हम सारे प्रभु के सां। म्हारै म्ह तै ना तो कोए अपणे खात्तर जिन्दा
सै, अर ना कोए अपणे खात्तर मरै सै, पर परमेसवर ताहीं खुश करण
खात्तर करै सै। 8 जै हम जिवां सां, तो प्रभु कै खात्तर जिवां सां, अर जै
मरा सां, तो प्रभु कै खात्तर ए मरा सां, हम जिवां या मरा, हम प्रभु ए के
सां। 9 क्यूँके मसीह यीशु इस्से खात्तर मरा अर मुर्दां म्ह तै जिन्दा भी हो
गया के वो मरे होया अर जिन्दयां का, दोनुआं का प्रभु होवै। 10 तू अपणे
बिश्वासी भाई पै क्यांतै दोष लावै सै? या फेर क्यांतै अपणे बिश्वासी
भाई नै तुच्छ जाणै सै? परमेसवर हम सारा का न्याय करैगा। 11 क्यूँके
पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "प्रभु कहवै सै, मेरे जीवन की कसम, के
हरेक घुटना मेरै स्याम्ही टिकैगा, अर हरेक कोए अपणी जुबान तै मन्नै
परमेसवर मान लेवैगा।" 12 ज्यांतै म्हारै म्ह तै हरेक नै अपणे-अपणे
काम का लेक्खा परमेसवर ताहीं देणा पड़ैगा। 13 इस खात्तर आग्गै तै
हम एक-दुसरे पै दोष न्ही लावांगें, पर थम या ठान ल्यो के कोए अपणे
बिश्वासी भाई कै स्याम्ही पाप करण की बजह ना बणै। 14 मन्नै बेरा सै
अर प्रभु यीशु म्ह मन्नै पक्का यकिन होया सै, के कोए खाण-पीण की
चीज अपणे-आप तै अशुद्ध कोनी, पर जो उस ताहीं अशुद्ध समझै सै,
उसकै खात्तर अशुद्ध सै। 15 जै तेरा बिश्वासी भाई तेरे खाणे कै कारण
दुखी होवै सै, तो फेर तू मसीह की प्यार की रीत पै न्ही चाल्दा, जिसकै
खात्तर मसीह मरा, तेरे खाणे की बजह तै तेरा बिश्वासी भाई मसीह तै
पाच्छै ना हटै। 16 इस करकै जै तू अपणी नजर म्ह बढ़िया काम करै सै,
पर दुसरा उसनै बुरा मान्नै सै तो उसनै ना करै। 17 क्यूँके परमेसवर का
राज्य खाणा-पीणा कोनी, पर धार्मिकता अर मेळ-मिलाप म्ह ए खुशी
सै, जो पवित्र आत्मा तै मिलै सै। 18 जो कोए इस तरियां तै मसीह की
सेवा करै सै, इसतै परमेसवर खुश होवै सै, अर माणसां म्ह भी उसकी
तारीफ होवै सै। 19 ज्यांतै हम उन काम्मां म्ह लाग्गे रह्वां जिनतै मेळ-
मिलाप अर शान्ति होवै, अर एक-दुसरे का बिश्वास मजबूत होवै। 20
खाणे कै खात्तर परमेसवर का काम ना बिगाड़ै। सारी ढाळ का खाणा
शुद्ध सै, पर उस माणस कै खात्तर पाप करण की बजह ना बणो, जिस
ताहीं उसकै खाणे तै ठेस लाग्गै सै। 21 भला तो यो सै के तू ना माँस-
मच्छी खा अर ना अंगूर का रस पी, ना और किमे इसा करै जिसतै तेरे
बिश्वासी भाई के बिश्वास नै ठेस लाग्गै। 22 जै तू बिश्वास करै के तू सही
करै सै, तो इन बात्तां नै अपणे ए अर परमेसवर के बीच म्ह राख। धन्य
सै वो जो उस बात म्ह, जिस ताहीं वो सही समझै सै, अपणे-आपनै
कसूरवार न्ही समझदे। 23 पर इब थारे मन म्ह शक सै, के खाणा सै अर
के न्ही खाणा अर फेर भी खा ल्यो सो, तो पाप करो सों। क्यूँके थम
अपणे बिश्वास के मुताबिक न्ही करते अर जै थम इसा काम करो सों,
जिसपै थमनै बिश्वास सै, वो काम गलत सै, तो वो पाप सै।

15 हो सकै सै के हम जो बिश्वास म्ह मजबूत सां, हम जाणा सां के
इन बात्तां तै कोए फर्क न्ही पड़ता, हम इस खात्तर यो काम न्ही
करते के हम अपणे-आपनै खुश कर सका, हमनै उन माणसां का डर
अर शंका का भी ध्यान करणा सै, के जो यो सोच्चै सै के हम गलत
सां। 2 म्हारै म्ह तै हरेक नै अपणे बिश्वासी भाई कै साथ भले काम
करणे चाहिए, जो उसनै खुश करै अर उस ताहीं बिश्वास म्ह मजबूत
बणाए राक्खै। 3 क्यूँके मसीह नै अपणे-आप ताहीं खुश कोनी करया,
पर जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "तेरी बुराई करण आळा नै मेरी
बुराई करी सै।" 4 जितनी बात पैहल्या तै पवित्र ग्रन्थ म्ह लिक्खी गई,
वे म्हारी ए सिखाण कै खात्तर लिक्खी गई सै, ताके हम धीरज अर
उत्साह जो म्हारे ताहीं पवित्र ग्रन्थ देवै सै, उसके जरिये हमनै आस
मिलै। 5 मै प्रार्थना करूँ सूं के धीरज अर उत्साह का दात्ता परमेसवर,
थमनै यीशु मसीह की तरियां जीवन बिताण अर एक-दुसरयां कै साथ
शान्ति तै रहण म्ह मदद करै। 6 ताके थम सब कठ्ठे होकै म्हारै परमेसवर
प्रभु यीशु मसीह कै पिता की महिमा करो। 7 इस करकै एक-दुसरे नै
अपणाओ जिसा मसीह नै थारे ताहीं अपणाया सै, यो इस खात्तर करो
के माणस परमेसवर की जै-जै कार करै। 8 ज्यांतै मै कहूँ सूं के जो वादे
म्हारे पूर्वजां ताहीं दिए गये थे, उन वादा नै मजबूत करण खात्तर मसीह,
परमेसवर की सच्चाई साबित करण खात्तर मसीह, यहूदी माणसां का
सेवक बण्या। 9 अर गैर यहूदी भी परमेसवर की दया कै कारण उसकी
महिमा करै, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "ज्यांतै मै गैर यहूदी
माणसां म्ह तेरा धन्यवाद करुँगा, अर तेरे नाम के भजन गाऊँगा।" 10
फेर कह्या सै, "हे गैर यहूदी माणसों, परमेसवर की प्रजा कै गैल आनन्द
करो।" 11 अर फेर पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, "हे गैर यहूदी माणसों, प्रभु की
जय-जयकार करो, अर हे राज्य-राज्य के सारे माणसों, उसकी बड़ाई

करो।” 12 अर यशायाह नबी पवित्र ग्रन्थ म्ह कहवै सै, “यिशै के वंश तै
एक बेट्टा पैदा होगा, अर सारी जात्तां पै राज करैगा, वो गैर यहूदी माणसां
नै बचावैगा।” 13 मै प्रार्थना करुँ सूं, के परमेसवर जो आस का दात्ता सै,
थारे ताहीं बिश्वास करण म्ह सारी तरियां के आनन्द अर शान्ति तै भरपूर
करै, के पवित्र आत्मा की सामर्थ तै थारी आस बधती जावै। 14 हे मेरे
बिश्वासी भाईयो, मै अपणे-आप थारे बारै म्ह पक्का जाणु सूं, के थम भी
आप ए भलाई तै भरे होए सों, अर थमनै बेरा होणा चाहिए के थमनै
के करणा चाहिए, अर एक-दुसरे नै सीखा भी सको सों। 15 तोभी
मन्नै कई बात्तां के बारें म्ह थारे ताहीं जो हिम्मत करकै लिख्या। यो
उस अनुग्रह कै कारण होया जो परमेसवर नै मेरै ताहीं दिया सै, 16
के मै गैर यहूदियाँ कै खात्तर मसीह यीशु का सेवक होकै परमेसवर
कै सुसमाचार की सेवा याजक कै ढाळ करुँ, ताके गैर यहूदियाँ ताहीं
परमेसवर खात्तर भेट के रूप म्ह दे सकूँ, जिसकै साथ वो खुश होवै सै,
जिन ताहीं पवित्र आत्मा नै पवित्र माणस बणा दिया। 17 ज्यांतै मै यीशु
मसीह के कारण ए परमेसवर की सेवा पै गर्व कर सकूँ सूं। 18 क्यूँके मै
हिम्मत कै गैल सिर्फ उन बात्तां बारै म्ह जिक्र करणा चाहूँ सूं, जो मसीह
नै मेरे ताहीं करण के काबिल बणाया, ताके जो मन्नै कह्या अर करया सै
उसके जरिये गैर यहूदी माणस परमेसवर का हुकम मान्नै। 19 पवित्र
आत्मा के जरिये दी गई शक्ति तै मै अदभुत चिन्ह-चमत्कार करुँ सूं, इस
कारण जित्त भी मै यरुशलेम नगर तै लेकै चौगरदेकै इल्लुरिकुम परदेस
तक गया, ओड़ै मन्नै सारया ताहीं यीशु मसीह का सुसमाचार सुणाया।
20 पर मेरै मन की इच्छा या सै के जित्त-जित्त मसीह यीशु का नाम
न्ही लिया गया, ओड़ैए सुसमाचार सुणाऊँ, अर उस मकान बणाण
आळे मिस्त्री की ढाळ ना होऊँ जो दुसरे की नीम पै घर बणावै सै। 21
पर जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै मै उस ताहीं पूरा करणा चाहूँ सूं,
“जिनकै धोरै यीशु मसीह का सुसमाचार न्ही पोंहच्या, वैए देखैंगें, अर
जिन नै न्ही सुणा वैए समझैंगें।” 22 ज्यांतै मै थारे धोरै आण तै बार-बार
रुक्या रहया। 23 पर इब यरुशलेम नगर अर इल्लुरिकुम परदेस म्ह
मन्नै माणसां ताहीं परमेसवर का वचन सुणा दिया सै, जिननै यीशु
मसीह के बारें म्ह सुण्या ए न्ही था, अर इब मै थारे तै आकै मिलूँगा,
जिसकी लालसा मन्नै घणे साल्लां तै थी। 24 ज्यांतै जिब मै स्पेन देश
म्ह जाऊँगा, तो थारे धोरै होंदा होया जाऊँगा, क्यूँके मन्नै उम्मीद सै के
उस सफर म्ह थारे तै भेंट होवैगी, अर जिब थारी संगति तै मेरा जी खुश
हो जावै, तो थम मेरी स्पेन देश जाण म्ह मदद कर दिओ। 25 पर इब तो
मै यरुशलेम नगर म्ह जाऊँ सूं ताके ओड़ै परमेसवर के पवित्र माणसां नै
दान दे सकूँ। 26 क्यूँके मकिदुनिया अर अखाया परदेस के माणसां नै
यो आच्छा लाग्या के यरुशलेम नगर के गरीब माणसां कै खात्तर कुछ
दान कठ्ठा करै। 27 उननै आच्छा तो लाग्या, पर वे यरुशलेमवासियों
कै कर्जदार भी सै, क्यूँके यहूदियाँ नै गैर यहूदियाँ कै साथ परमेसवर
की आत्मिक बात्तां का साँझा करया सै, यो सही सै गैर यहूदियाँ की
दुनियावी चिज्जां नै यहूदियाँ कै गैल साँझा करै। 28 ज्यांतै मै यरुशलेम
नगर म्ह जाण लागरया सूं, ताके वो दान दे सकूँ, जो मन्नै कठ्ठा करया
सै, उसकै बाद थारे तै रोम देश म्ह मिलकै स्पेन देश म्ह जाऊँगा। 29 अर
मन्नै बेरा सै के जिब मै थारे धोरै आऊँगा, तो मै मसीह की आशीष नै
थारे साथ साँझा करुँगा। 30 हे बिश्वासी भाईयो, म्हारै प्रभु यीशु मसीह
म्ह बिश्वास के कारण अर जो पवित्र आत्मा नै म्हारे ताहीं जो प्यार दिया
सै मै थारे तै बिनती करुँ सूं, के मेरै खात्तर अर मेरे साथ मन तै परमेसवर
तै प्रार्थना करो 31 ताके मै यहूदिया परदेस के अबिश्वासियाँ तै बचा रहूँ,
अर जो दान मै यरुशलेम नगर म्ह लेकै जाण लागरया सूं, वो परमेसवर
के पवित्र माणसां खात्तर खुशी का कारण बणै। 32 अर मै परमेसवर की
मर्जी तै थारे धोरै आनन्द कै गैल आकै थारे गेल्या आराम पाऊँ। 33 मै
प्रार्थना करुँ सूं, शान्ति का दात्ता परमेसवर थारे सारया कै गेल्या रहवै।
आमीन।

**16** मै थारे तै फिबे कै खात्तर जो म्हारी बिश्वासी भाण अर किंख्रिया
नगर की कलीसिया की सेविका सै, मै चाहूँ सूं के थम उसका
आदर करो। 2 थम यो जाणकै उसका इसा स्वागत करो जिसा थम
परमेसवर के पवित्र माणसां का करो सों, अर जिस किसे बात म्ह उस
ताहीं थारी जरूरत होवै, उसकी मदद करो, क्यूँके वा भी घणखरयां की
बल्के मेरी भी उपकार करण आळी रही सै। 3 प्रिसकिल्ला बिश्वासी
भाण अर उसके धणी अक्विला नै जो मसीह यीशु म्ह मेरै गैल काम
करणीये सै, उन ताहीं मेरा नमस्कार। 4 उननै मेरै प्राण कै खात्तर
अपणा ए जीवन जोख्खम म्ह गेर दिया था, अर सिर्फ मै ए न्ही, बल्के
गैर यहूदियाँ की सारी कलीसिया भी उनका धन्यवाद करै सै। 5 अर
उस कलीसिया नै भी नमस्कार जो उनकै घर म्ह कठ्ठा होवै सै। मेरे
प्यारे भाई इपैनितुस नै, जिसनै आसिया म्ह सब तै पैहले मसीह पै
बिश्वास करया, उस ताहीं भी मेरा नमस्कार। 6 बिश्वासी भाण मरियम
ताहीं, जिसनै थारे खात्तर घणी मेहनत करी, नमस्कार। 7 बिश्वासी भाई
अन्द्रुनीकुस अर उसकी भाण यूनियास नै जो मेरे यहूदी साथी सै, जो मेरै
गेल्या कैद होए थे अर प्रेरितां म्ह बड़ा नाम्मी सै, अर मेरै तै पैहल्या
मसीह म्ह आए थे, नमस्कार। 8 बिश्वासी भाई अम्पलियातुस नै, जो
प्रभु मसीह म्ह मेरा प्यारा सै, नमस्कार। 9 बिश्वासी भाई उरबानुस नै,
जो मसीह म्ह म्हारा गैल काम करणीया सै, अर मेरे प्यारे बिश्वासी भाई
इस्तखुस नै नमस्कार। 10 बिश्वासी भाई अपिल्लेस नै जो मसीह म्ह
खरयां लिकड़या, नमस्कार। बिश्वासी भाई अरिस्तुबुलुस कै कुण्बे नै
नमस्कार। 11 मेरै बिश्वासी साथी हेरोदियोन नै नमस्कार। बिश्वासी भाई
नरकीस्सुस का कुण्बे के जो माणस परमेसवर पै बिश्वास करै सै, उन
ताहीं नमस्कार। 12 त्रुफेना अर त्रूफोसा बिश्वासी भाणां नै जो प्रभु म्ह
मेहनत करै सै, नमस्कार। प्यारी बिश्वासी भाण पिरसिस नै, जिसनै
प्रभु म्ह घणी मेहनत करी, नमस्कार। 13 बिश्वासी भाई रूफुस नै जो
प्रभु नै अपणा होण खात्तर चुण्या सै, अर उसकी माँ नै, जो मेरी भी
माँ के समान सै, दोनुआ नै, नमस्कार। 14 बिश्वासी भाई अंसुक्रितुस,

फिलगोन, हिर्मेस, पत्रुबास, हर्मास अर उनकै साथ के सारे बिश्वासी
भाईयाँ नै, नमस्कार। 15 बिश्वासी भाई फिलुलुगुस, यूलिया अर नेर्युस
अर उसकी बेब्बे, अर बिश्वासी भाई उलुम्पास अर उनकै साथ के सारे
पवित्र माणसां नै नमस्कार। 16 आप्पस म्ह एक-दुसरे ताहीं गळे मिलकै
प्यार तै नमस्कार करो। थारे ताहीं मसीह की सारी कलीसियाओं की
ओड़ तै नमस्कार। 17 इब हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै बिनती करुँ सूं,
के जो माणस उस सच्ची शिक्षा कै उल्ट जो थमनै मिली सै, अर उन
माणसां नै जो फूट गेरण अर ठेस लाग्गण का कारण बणै सै, उननै ताड़
लिया करो अर उनतै दूर रहो। 18 क्यूँके इसे माणस म्हारै प्रभु मसीह के
न्ही, पर अपणी ए इच्छा पूरी करै सै, अर चिकणी-चुपड़ी बात्तां तै सीध्धे-
साद्दे माणसां नै भका देवैं सै। 19 थारा, परमेसवर के हुकम मानण का
जिक्र सारे माणसां म्ह फैल गया सै, ज्यांतै म्ह थारे बारै म्ह आनन्द करुँ
सूं, पर मै न्यू चाहूँ सूं के थम भलाई कै खात्तर अकलमंद, पर बुराई कै
खात्तर भोळे बणे रहो। 20 शान्ति का परमेसवर शैतान की शक्तियाँ नै
खतम करकै, थारे अधीन कर देवैगा। म्हारै प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह
थारे पै होंदा रहवै। 21 मेरे गैल काम करणीया बिश्वासी भाई तीमुथियुस
का, अर मेरे कुण्बे आळे भाई लूकियुस, यासोन अर सोसिपत्रुस का थारे
ताहीं नमस्कार। 22 मै तिरतियुस जो पौलुस की चिट्ठी लिखण म्ह मदद
करण लागरया सूं, मेरा प्रभु म्ह थारे ताहीं नमस्कार। 23 बिश्वासी भाई
गयुस भी थारे ताहीं नमस्कार करै सै मै इब उसके घर म्ह रहण लागरया
सूं, जित्त कलीसिया कठ्ठी हो सै। बिश्वासी भाई इरास्तुस जो नगर का
भण्डारी सै, अर भाई क्वारतुस का भी थारे ताहीं नमस्कार। 24 मै
प्रार्थना करुँ सूं के म्हारै प्रभु मसीह का अनुग्रह थारे पै होंदा रहवै। 25
इब जो मन्नै थारे ताहीं सुसमाचार सुणाया सै, यानिके यीशु मसीह कै
संदेश कै प्रचार कै मुताबिक जो थमनै बिश्वास म्ह मजबूत कर सकै सै,
उस भेद कै प्रकाशन कै मुताबिक जो पुराणे बखत तै लुहक्या रहया।
(aiōnios g166) 26 पर इब जाहिर होकै, सनातन परमेसवर कै हुकम तै,
अर नबियाँ की किताबां कै जरिये गैर यहूदियाँ ताहीं बताया गया सै,
ताके वे भी बिश्वास करकै हुकम मानणआळे हो जावै, (aiōnios g166) 27
यीशु मसीह कै जरिये उस एकमात्र बुद्धिमान परमेसवर की युगानुयुग
महिमा होन्दी रहवै। आमीन। (aiōn g165)

# 1 कुरिन्थियों

1 या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो परमेसवर की इच्छा तै प्रभु
यीशु मसीह का प्रेरित होण कै खात्तर बुलाया गया अर बिश्वासी भाई
सोस्थिनेस भी मेरे गैल सै। 2 मै या चिट्ठी परमेसवर की उस कलीसिया
के माणसां ताहीं लिखूँ सूं, जो कुरिन्थुस नगर म्ह सै, अर जिन ताहीं
परमेसवर नै मसीह यीशु म्ह अपणे खात्तर अलग तै छाँट कै राक्खे
सै, अर उसनै म्हारे ताहीं अपणे पवित्र माणस होण कै खात्तर बुलाया
सै, अर उन सारया के नाम भी जो हरेक जगहां म्हारे अर अपणे प्रभु
यीशु मसीह की सेवकाई करै सै। 3 हम प्रार्थना करां सां, के म्हारै पिता
परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै थमनै अनुग्रह अर शान्ति
मिल्दी रहवै। 4 मै थारे बारै म्ह अपणे परमेसवर का सारी हाण धन्यवाद
करुँ सूं, क्यूँके मसीह यीशु म्ह परमेसवर का अनुग्रह जो थारे पै होया सै,
उसके कारण उसनै थारे ताहीं भोत सी आशीष दी सै। 5 थम मसीह
यीशु म्ह सारी ढाळ तै सम्पन्न करे गये सों, उसनै थारे ताहीं हरेक ढाळ
के आत्मिक वरदान दिए सै, ताके थम दुसरयां नै वचन का ज्ञान अर
सुसमाचार सुणा सको। 6 जो खास काबलियत थारे ताहीं मिली सै, वा
साबित करै सै, के मसीह यीशु के बारें जो सन्देस सै, वो सच्चा सै। 7
इस कारण जिब थम म्हारै प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण की बाट देखण
लागरे सों, तो पवित्र आत्मा नै थारे ताहीं हरेक ढाळ के आत्मिक वरदान
दिये सै। 8 परमेसवर थमनै आखिर ताहीं बिश्वास म्ह मजबूत करैगा,
ताके थम म्हारै प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण के दिन म्ह बेकसूर ठहरो। 9
परमेसवर इसाए करैगा, क्यूँके जो वो कहवै सै, उसनै वो करण म्ह
बिश्वास लायक सै, अर उसनै थारे ताहीं अपणे बेट्टे, अर म्हारै प्रभु यीशु
मसीह की संगति म्ह बुलाया सै। 10 हे बिश्वासी भाईयो, जो प्रभु यीशु
मसीह नै मेरे ताहीं हक दिया सै, उसकै कारण मै थारे तै बिनती करुँ सूं,
के थम सारे एक-दुसरे तै सहमत रहो, थम एकता बणाए राक्खों ताके
थारे म्ह फूट ना होवै, अर थम एक मत हो कै आप्पस म्ह मिले रहो।
11 क्यूँके हे मेरे बिश्वासी भाईयो, खलोए के कुण्बे के माणसां नै मेरै
ताहीं थारे बारै म्ह बताया सै, के थारे म्ह झगड़ें होवै सै। 12 मेरे कहण
का मतलब यो सै के, थारे म्ह तै कोए अपणे-आपनै पौलुस का, कोए
अपुल्लोस का, कोए कैफा का, कोए मसीह का चेल्ला कहवै सै। 13 जो
थम करो सों वो ठीक कोनी, के मसीह बट ग्या? के मै पौलुस थारे
खात्तर क्रूस पै चढ़ाया गया? के थमनै मेरे नाम तै बपतिस्मा मिल्या? 14
मै परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं, बिश्वासी भाई क्रिस्पुस अर गयुस नै
छोड़, मन्नै थारे म्ह तै किसे ताहीं भी बपतिस्मा कोनी दिया। 15 कदे
इसा ना हो के कोए थारे म्ह तै कहवै के थमनै मेरै नाम पै बपतिस्मा
मिल्या सै। 16 अर हाँ, मन्नै स्तिफनास के कुण्बे ताहीं भी बपतिस्मा
दिया, इन्नै छोड़ मै न्ही जाण्दा के मन्नै और किसे ताहीं भी बपतिस्मा
दिया। 17 क्यूँके मसीह नै मेरै ताहीं बपतिस्मा देण ताहीं न्ही, बल्के
सुसमाचार सुणाण ताहीं भेज्या सै, अर मन्नै माणसां ताहीं सुसमाचार
चतुर विचार के मुताबिक कोनी सुणाया, इसा ना हो के मसीह के क्रूस पै
मरण की कथा बेकार ठहरै। 18 क्यूँके क्रूस पै मसीह यीशु के मरण की
कथा, नाश होण आळे माणसां कै खात्तर बेकूफी सै, पर हम उद्धार
पाण आळा कै खात्तर परमेसवर की सामर्थ सै। 19 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ
म्ह परमेसवर नै कह्या सै, के "जो अपणे-आपनै ज्ञानवान समझ सै,
मै उननै दिखा दियुँगा के असलियत म्ह उनका ज्ञान बेकूफी तै भरया
सै, अर वे बेकूफ सै।" 20 कित्त रहया ज्ञान्नी? कित्त रहया शास्त्री?
कित्त रहया इस दुनिया का विवाद करण आळा? के परमेसवर नै दुनिया
के ज्ञान ताहीं बेकूफी न्ही ठहराया? **(aiōn g165)** 21 क्यूँके परमेसवर
नै यो आच्छा लाग्या के दुनिया के माणस अपणे ज्ञान कै मुताबिक
परमेसवर ताहीं न्ही जाण सकै, तो उसनै म्हारे जरिये सुसमाचार के
प्रचार ताहीं इस्तमाल करया, ताके उन माणसां नै बचा सकै जिननै
उसपै बिश्वास करया सै, पर कुछ लोग्गां नै इस ताहीं बेकूफी समझा।
22 यहूदी लोग ए इस ताहीं बेकूफी समझै सै, क्यूँके वे सुर्ग तै चिन्ह-
चमत्कार की बात्तां नै ए सच मान्नै सै, अर यूनानी लोग ज्ञान की टोह् म्ह
रहवैं सै। 23 पर हम तो उस क्रूस पै चढ़ाए होड़ मसीह का प्रचार करा
सां, जो यहूदी लोग्गां कै खात्तर ठोक्कर का कारण अर गैर यहूदियाँ
कै खात्तर बेकूफी सै। 24 पर जिन ताहीं परमेसवर नै बुलाया सै, के
यहूदी लोग, के यूनानी लोग, योए मसीह यीशु परमेसवर का सामर्थ अर
परमेसवर का ज्ञान सै। 25 क्यूँके जो परमेसवर की बेकूफी लाग्गै सै, वो
माणसां के ज्ञान तै ज्ञानवान सै, अर जो परमेसवर की कमजोरी लाग्गै
सै, वो माणसां की ताकत तै घणी ताकतवर सै। 26 हे बिश्वासी भाईयो,
याद करो के थम किसे थे जिब परमेसवर नै थारे ताहीं बुलाया था, ना तो
दुनिया के मुताबिक घणे ज्ञानवान, अर ना घणे सामर्थी, अर ना घणे
आच्छे खानदान आळे थे। 27 बल्के परमेसवर नै दुनिया के बेकुफां
ताहीं छाँट लिया सै के ज्ञानवानां ताहीं शर्मिन्दा करै, अर परमेसवर नै
दुनिया के कमजोरां ताहीं छाँट लिया सै के ठाड्यां नै शर्मिन्दा करै। 28
अर परमेसवर नै उन माणसां ताहीं चुण्या, जो दुनिया की निगांह म्ह
नीच अर तुच्छ सै। इनकै जरिये परमेसवर नै, जो घणे खास समझे
जावै सै, उन ताहीं बेकार ठैहरा दिया। 29 परमेसवर नै यो इस करकै
करया, ताके कोए प्राणी उसकै स्याम्ही घमण्ड न्ही करण पावै। 30
परमेसवर के जरिये करे गये काम के नतिज्जें तै थम मसीह यीशु म्ह सो,
जो परमेसवर की ओड़ तै म्हारै खात्तर ज्ञान, धार्मिकता, पवित्रता, अर
छुटकारा बणगे। 31 ताके जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, उस्से तरियां
ए होवै, "जो घमण्ड करै वो प्रभु नै जो करया उसपै घमण्ड करै।"

2 हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे धोरै बात्तां की चतुराई अर ना ए उत्तम
ज्ञान का प्रदर्शन करण आया, बल्के मै थारे धोरै परमेसवर का सन्देस
सुणाण आया था। 2 क्यूँके मन्नै यो ठान लिया था, के मै मसीह यीशु
अर उसकी क्रूस की मृत्यु के अलावा, किसे और चीज के बारें म्ह थारे तै
ना सुणु। 3 मै कमजोरी अर डरकै गेल्या, घणा थरथराता होया थारे

गेल्या रहया। 4 अर मेरी शिक्षा, अर प्रचार म्ह ज्ञान की लुभाण आळी
बात कोनी, पर पवित्र आत्मा नै सामर्थी रूप तै जाहिर करया सै, के जो
सन्देस मन्नै थारे ताहीं सुणाया सै, वो सच्चा सै। 5 ज्यांतै के थारा
बिश्वास माणसां कै ज्ञान पै न्ही, पर परमेसवर की सामर्थ के आसरै हो।
6 फेर भी मै, जो बिश्वास म्ह मजबूत सै उन ताहीं, ज्ञान भरया सन्देस
सुणाऊँ सूं, पर यो इस दुनिया का अर इस दुनिया के नाश होण आळे
हाकिमां का ज्ञान कोनी। (aiōn g165) 7 पर जो ज्ञान हम सुणावां सां, वो
परमेसवर का ज्ञान सै, जो छिप्या होया था, कोए भी उस ताहीं इब
ताहीं न्ही समझ पाया था, परमेसवर नै दुनिया बणाण तै पैहले ए यो
फैसला कर लिया था, के उसका ज्ञान म्हारे खात्तर महिमा लेकै आवैगा।
(aiōn g165) 8 परमेसवर की योजना ताहीं इस दुनिया के हाकिमां म्ह तै
कोए न्ही जाण पाया, क्यूँके जै वे जाणदे तो तेजोमय प्रभु ताहीं क्रूस पै
कोनी चढ़ान्दे। (aiōn g165) 9 जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, “जो कदे
आँखां तै देख्या कोनी गया, अर कान तै सुण्या कोन्या गया, अर जो
बात माणसां के चित्त म्ह कोनी चढ़ी, वे सारी बात परमेसवर नै उन
खात्तर तैयार करी जो उसतै प्यार करै सै।” 10 पर परमेसवर नै उन
बात्तां ताहीं अपणे पवित्र आत्मा के जरिये म्हारै पै जाहिर करया, क्यूँके
पवित्र आत्मा सारी बात, बल्के परमेसवर की गहरी बात्तां नै भी जाँच्चै
सै। 11 माणसां म्ह तै कौण किसे माणस की बात्तां नै जाणै सै, सिर्फ
माणस की आत्मा जो उस म्ह सै? उस्से तरियां ए परमेसवर की बात्तां नै
भी कोए न्ही जाण्दा, सिर्फ परमेसवर की आत्मा। 12 पर परमेसवर नै
म्हारे ताहीं अपणा आत्मा दिया सै, अर हम इसा न्ही सोचते जो दुनिया
के लोग सोच्चै सै, इस करकै हम उन आशीषां नै पिच्छाण सका सां
जो परमेसवर नै म्हारे ताहीं मुफ्त म्ह दी सै। 13 अर हम ये बात थारे
ताहीं बतावां सां, हम माणसां के ज्ञान की सिखाई होड़ बात्तां नै न्ही, पर
पवित्र आत्मा की सिखाई होड़ बात्तां नै आत्मिक माणसां ताहीं सिखावा
सां। 14 पर शारीरिक माणस परमेसवर के आत्मा की बात अपणान्दा
सुसमाचार के बारें म्ह उन ताहीं बताया, जो मै गैर यहूदियाँ म्ह प्रचार करूँ
सूं, ताके इसा ना हो के जो मन्नै पैहले अर जो इब भी करण लागरया
सूं, उसका कोए नतिज्जा ना लिकड़ै। 3 पर तीतुस जो मेरा संगी साथी
सै अर जो यूनानी सै, उसका कदे खतना कोनी होया पर कलीसिया के
अगुवां नै जो यरुशलेम म्ह सै उस ताहीं अपणालिया, अर उननै उस
ताहीं खतना कराण खात्तर मजबूर कोनी करया। 4 तो या बात एक
समस्या बणगी, उन झूठे भाईयाँ के कारण होया जो चोरी तै घुस आये
थे, के उस आजादी का जो मसीह यीशु म्ह हमनै मिली सै, भेद लेकै
हमनै यहूदी नियम-कायदा के दुबारा तै दास बणा दे। 5 उनकै साथ
एक पल भी हमनै सहमत होणा न्ही चाह्या, ताके थम सुसमाचार की
सच्चाई के मुताबिक जिन्दगी जिओ। 6 उन कलीसिया के अगुवां ताहीं
जो यरुशलेम नगर म्ह थे, उननै मेरे ताहीं मजबूर कोनी करया, के मै
अपणे सन्देस नै बदलु, जो मै थमनै सिखाऊँ सूं। इसतै कोए फर्क कोनी
पड़ता, के वो अगुवें मेरे खात्तर के सै, क्यूँके परमेसवर बाहरी रूप नै
देखकै न्याय न्ही करदा। 7 पर इसके उल्ट जिब उन अगुवां नै देख्या के
परमेसवर नै पतरस ताहीं हक दे राख्या सै, वो के यहूदी माणसां ताहीं
सुसमाचार सुणावै, उस्से तरियां गैर यहूदियाँ के खात्तर मेरै ताहीं भी
सुसमाचार सुणाणा सौप्या ग्या। 8 (क्यूँके जिसनै पतरस तै यहूदी
माणसां म्ह प्रेरिताई का काम बड़े असरदार ढंग तै करवाया, उस्से नै मेरै
तै भी गैर यहूदियाँ म्ह असरदार काम करवाया), 9 जो लोग कलीसिया
के खम्भे समझे जावै थे, यानी याकूब, पतरस, अर यूहन्ना, उननै अनुग्रह
का वो वरदान पिच्छाणा जो मेरे ताहीं मिला सै। उननै मेरै ताहीं अर
बरनबास ताहीं अपणा साथी समझकै म्हारे ताहीं खास सहभागी बणा
लिया। वे इस बात खात्तर सहमत होगे के हम गैर यहूदियाँ कै धोरै जावै,
अर वे यहूदियाँ के धोरै जावै। 10 उननै म्हारे तै सिर्फ याए बिनती करी के
हम यरुशलेम के गरीब बिश्वासी भाईयाँ की मदद करां, अर इस्से काम
नै करण की मै खुद भी कोशिश करूँ था। 11 एक दिन जिब पतरस
अन्ताकिया नगर म्ह आया, तो मन्नै बिश्वासी भाईयाँ के स्याम्ही उस

ताहीं फटकारा, क्यूँके जो वो काम करै था वो गलत था। 12 वो पैहले
गैर यहूदियाँ कै गैल खाया-पिया करै था, जिब कुछ बिश्वासी जो याकूब
नै यरुशलेम नगर म्ह भेज्जे थे, तो उसनै अपणे-आप ताहीं गैर यहूदियाँ
तै अलग कर लिया, अर उनकै गैल खाणा-पीणा छोड़ दिया अर उसनै
यहूदी माणसां के डरकै मारै इसा करया, क्यूँके वे चाहवै थे, के गैर
यहूदियाँ का भी खतना हो। 13 पतरस के गेल्या बाकी बचे यहूदी माणस
भी उसके कपट म्ह शामिल होगे, अर उन म्ह बरनबास भी शामिल था।
14 पर जिब मन्नै देख्या के उनका सुभाव सुसमाचार की सच्चाई के
मुताबिक कोनी, तो मन्नै सारे बिश्वासी भाईयाँ कै स्याम्ही पतरस तै
कह्या, "जिब तू यहूदी होकै गैर यहूदियाँ की तरियां चाल्लै सै अर यहूदी
माणसां की तरियां कोनी चाल्दा, तो तू गैर यहूदियाँ नै यहूदी माणसां की
तरियां चालण खात्तर क्यूँ कहवै सै।" 15 हम तो जन्म तै यहूदी सां, अर
पापी गैर यहूदियाँ म्ह तै कोन्या। 16 हम यहूदी बिश्वासी यो जाणा सां, के
माणस मूसा नबी के नियम-कायदा तै न्ही, पर यीशु मसीह पै बिश्वास
करण के जरिये परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणै सै, इस खात्तर हमनै
खुद भी प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास करया, ताके हम नियम-कायदा तै
न्ही, पर यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै परमेसवर की नजर म्ह धर्मी
बणा, क्यूँके के मूसा नबी के नियम-कायदा तै कोए माणस धर्मी न्ही
बणैगा। 17 हम जो मसीह के जरिये परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणणा
चांह्वा सां, बल्के इसकै के हम मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानण के
जरिये, तो कुछ यहूदी हमनै पापी समझै सै (क्यूँके इब हम यहूदी नियम-
कायदा नै कोनी मानते) तो के इसका मतलब यीशु मसीह नै म्हारे तै
पाप करवाया, न्ही बिलकुल न्ही! 18 पर मै सचमुच म्ह पाप करुँ सूं जै
मै उन काम्मां नै करुँ सूं, जिन ताहीं मन्नै छोड़ दिया था जिसा के माणस
परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणणा चाहवै, मूसा नबी के नियम-कायदा
के मानण के जरिये। 19 मै जाणु सूं, के मूसा नबी के नियम-कायदा
के मानण तै मै धर्मी न्ही बण सकता, तो मै सोच्चु सूं, के मै नियम-
कायदा कै खात्तर मर जाऊँ ताके परमेसवर कै खात्तर मै सदा जिन्दा रहूँ।
20 यो इसा सै, के मान्नो जिसा मै मसीह कै गैल क्रूस पै मारया गया,
अर इब मै जिन्दा न्ही रह्या, पर मसीह मेरै म्ह जीवै सै, अर इब जो मै
जीण लागरया सूं, तो सिर्फ परमेसवर कै बेट्टे पै बिश्वास करण के जरिये
जिसनै मेरै तै इतणा प्यार करया के मेरै खात्तर अपणी जान दे दी। 21 मै
परमेसवर कै अनुग्रह नै बेकार न्ही बतान्दा, क्यूँके जै नियम-कायदे
धार्मिकता का कारण होन्दे तो मसीह का जान देणा बेकार हो जान्दा।

**3** हे बिना अकल के गलातिवासियो! किसनै थारे ताहीं बहका दिया
सै? मन्नै थारे ताहीं समझाया सै के यीशु मसीह के क्रूस पै जान देण
के जरिये उसनै के हासिल करया! 2 मेरे ताहीं एक बात बताओ के थमनै
पवित्र आत्मा, मूसा नबी के नियम-कायदा के मानण तै पाया था या
बिश्वास की खबर तै जो हमनै थारे ताहीं सुणाई थी? 3 के थम इसे
बेअक्ल के सों के थमनै नई जिन्दगी पवित्र आत्मा के जरिये शरु करी
पर इब थम अपणी जिन्दगी का अन्त अपणी ताकत तै करणा चाहो
सों? 4 जिब थम बिश्वासी बणे तो थमनै भोत दुख ठाया, मै उम्मीद करुँ
सूं के थमनै बेकार म्ह ए वो दुख न्ही ठाया। 5 परमेसवर थमनै पवित्र
आत्मा भरपूरी तै देवै सै, अर जो थारे म्ह सामर्थ के काम करै सै, के वो
मूसा नबी के नियम-कायदा के मानण तै या मसीह के सुसमाचार पै
बिश्वास करण तै इसा करै सै? 6 अब्राहम के बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ या
कहवै सै, "अब्राहम नै तो परमेसवर पै बिश्वास करया अर उसकी बजह
तै परमेसवर नै उस ताहीं धर्मी बणा दिया।" 7 तो यो जाण ल्यो के
जो अब्राहम की तरियां बिश्वास करण आळे सै, वेए अब्राहम के वंशज
कुह्वावैगें। 8 अर परमेसवर नै पवित्र ग्रन्थ म्ह पैहल्या तै ए यो कह्या, के
वो गैर यहूदियाँ नै बिश्वास के जरिये धर्मी बणावैगा, परमेसवर नै भोत
पैहले तै ए अब्राहम ताहीं यो सुसमाचार सुणा दिया था, के "तेरे म्ह तै
सारी जात आशीष पावैगीं।" 9 जितने मसीह पै बिश्वास करण आळे सै,
वे अपणे बिश्वास के कारण वोए आशीष पावैंगें जो अब्राहम नै पाई
थी। 10 इस करकै जितने माणस मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानकै
परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणण की सोच्चै सै, वे सारे परमेसवर की
ओड़ तै श्रापित सै, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "वो श्रापित सै,
क्यूँके कोए भी माणस हर पल नियम-कायदा की किताब म्ह लिखी होई
सारी बात्तां नै निभा न्ही सकदा।" 11 पर या बात साफ सै, के मूसा नबी
के नियम-कायदा कै मानण के जरिये परमेसवर की नजर म्ह कोए भी
धर्मी न्ही बणदा, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के "जो मसीह पै बिश्वास
करैगा, परमेसवर उसनै ए धर्मी बणावैगा।" 12 पर मूसा नबी के नियम-
कायदा नै मानकै जीणा अर परमेसवर पै बिश्वास करकै जीणा एक
जिसा कोनी, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै पर "जो इन सारी बात्तां
नै मान्नैगा, वो उनकै कारण जिन्दा रह्वैगा।" 13 हम सारे परमेसवर
के श्राप के लायक थे, क्यूँके हम उसके नियम-कायदा नै पूरी तरियां
न्ही मानते, तोभी मसीह म्हारै ताहीं उस श्राप तै छुड़ावै सै, जो नियम-
कायदा के जरिये आवै सै। जिब मसीह क्रूस पै मारया गया, तो उसनै
अपणे उप्पर वो श्राप ले लिया, जिसा के पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, के
"श्रापित सै वो जो क्रूस पै लटकाया जावै सै।" 14 मसीह नै यो इस
करकै करया, ताके जिसका वादा परमेसवर नै अब्राहम तै करया था,
वो आशीष मसीह यीशु पै बिश्वास करण तै गैर यहूदियाँ तक पोहच
सकै, अर हम मसीह म्ह बिश्वास कै जरिये उस पवित्र आत्मा नै पा
लेवां, जिसका देण का वादा उसनै म्हारे तै करया सै। 15 हे बिश्वासी
भाईयो, मै रोज की जिन्दगी का उदाहरण देकै थमनै समझाऊँ सूं, जिब
दो आदमी कोए करार करै सै अर उस ताहीं पक्का करै सै, तो ना कोए
उसनै घटा सकै सै अर ना उस म्ह किमे बढ़ा सकै सै। 16 इस तरियां
परमेसवर नै वादा अब्राहम अर उसकै वंश तै करया था। पवित्र ग्रन्थ न्यू
कोनी कहवै, के तेरी "वंशां नै," जिसका मतलब भोत सारे माणस, पर
यो एक माणस के बारें म्ह कहवै सै "तेरे वंश नै" अर वो मसीह सै। 17
मेरे कहण का मतलब यो सै, के परमेसवर नै अब्राहम के गैल करार
करण कै चार सौ तीस साल के बाद मूसा नबी के नियम-कायदे दिए,

जो उस करार नै ना तो तोड़ पाए, अर ना उसके वादे नै टाळ पाए। 18
परमेसवर माणसां नै इस बजह तै आशीष कोनी देवै, के वे मूसा नबी के
नियम-कायदा नै मान्नै, बल्के वो इस करकै देवै सै, क्यूँके इसका देण
का परमेसवर नै वादा करया था, अर अब्राहम ताहीं भी ये आशीष इस
करकै मिली थी। 19 जिब फेर नियम-कायदे क्यूँ दिये गये? नियम-
कायदे इस खात्तर दिए गये ताके लोग जाण सकै के पाप के सै। मूसा
नबी के नियम-कायदे तब तक रहणे थे, जिब तक अब्राहम की पीढ़ी म्ह
तै जिसका परमेसवर नै वादा करया था के वो आ ना जावै। मूसा नबी
ताहीं नियम-कायदे सुर्गदूत्तां कै जरिये दिए गये थे अर मूसा नबी लोग्गां
के बीच एक बिचौलिया बण्या। 20 परमेसवर नै अब्राहम तै वादा करया
था इस करकै बिचौलिया की जरूरत कोनी थी। 21 तो के मूसा नबी के
नियम-कायदे परमेसवर के वादे कै बिरोध म्ह सै? न्ही बिल्कुल न्ही!
क्यूँके जै इसे नियम-कायदे सै, जो परमेसवर की नजर म्ह हमनै धर्मी
बणावै, तो सदा का जीवन मूसा नबी के नियम-कायदा के मानण तै हम
पा सकां सां। 22 पर पवित्र ग्रन्थ हमनै बतावै सै के हम सब पापी सां,
ताके परमेसवर उन माणसां नै जो यीशु मसीह पै बिश्वास करै सै वो दे
सकै जिसका उसनै उसका वादा करया सै। 23 पर इसतै पैहल्या के
लोग प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास करै हम यहूदी कैद म्ह थे, नियम-
कायदे म्हारी रुखाळी करै थे। हम कैद म्ह जिब ताहीं रहे जिब के मसीह
कौण सै अर हम उस म्ह बिश्वास करते रहवां। 24 नियम-कायदे म्हारे
ताहीं इस खात्तर दिए गये, ताके मसीह के आण तक वो म्हारी अगुवाई
कर सकै अर म्हारे ताहीं सम्भाळ सकै, ताके हम मसीह पै बिश्वास
करण के जरिये परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणा। 25 जिब हमनै मसीह
यीशु पै भरोस्सा करया सै तो नियम-कायदा की अगुवाई अर मदद की
जरूरत कोनी। 26 थम सारे मसीह यीशु पै बिश्वास करण के कारण
परमेसवर की ऊलाद सों। 27 अर थारे म्ह तै जितना नै मसीह के नाम
म्ह बपतिस्मा लिया सै, उननै नई जिन्दगी पा ली सै। 28 इब मसीह म्ह
यहूदी अर गैर यहूदी म्ह कोए फर्क न्ही रह्या, अर ना नौक्कर ना आजाद
म्ह, ना लोग अर लुगाई म्ह कोए फर्क रह्या, क्यूँके थम सारे मसीह यीशु
म्ह एक सों। 29 अर जै थम मसीह के सों तो अब्राहम के वंश अर वादे के
मुताबिक वारिस भी सों।

**4** मै थमनै एक उदाहरण देकै समझाऊँ सूं, के बेट्टा पिता की सम्पत्ति
का वारिस होगा, जिब ताहीं वो बाळक सै, वो एक दास की तरियां
सै, इब ताहीं उसका सम्पत्ति पै कोए हक कोनी पर आण आळे बखत
म्ह वो पिता की सम्पत्ति का माल्लिक होवैगा। 2 पर जिब ताहीं बेट्टे की
सही उम्र न्ही हो अर सारी सम्पत्ति का माल्लिक ना बण जावै सै, वो
रुखवाळियाँ अर भण्डारीयाँ कै बस म्ह रहवै सै। 3 उस्से तरियां जिब
हम मसीह नै न्ही जाणा थे, तो दुनिया की रीति-रिवाजां अर नियम-
कायदा के गुलाम थे। 4 पर जिब सही बखत आया तो परमेसवर नै
अपणा बेट्टा इस दुनिया म्ह भेज्या, अर एक बीरबानी नै उस ताहीं जन्म
दिया, वो यहूदी माणसां म्ह पैदा होया अर उसनै मूसा के नियम-कायदा
ताहीं मान्या। 5 ताके हमनै छुड़ाले जो हम मूसा नबी के नियम-कायदा
के अधीन सां, अर हमनै उसकी ऊलाद होण का हक मिल्या। 6 इब
थम उसकी ऊलाद सों, इस करकै परमेसवर नै अपणे बेट्टे की आत्मा
नै म्हारे दिलां म्ह भेज्या सै, जो आत्मा परमेसवर ताहीं “हे अब्बा, हे
पिता” कहकै नै बुलावै सै। 7 इस करकै तू इब नौक्कर कोनी, पर
उसकी ऊलाद सै, अर परमेसवर वो सारी चीज थमनै देवैगा जिसनै
उसका वादा थारे ताहीं देण का करया सै। 8 जिब थम परमेसवर नै
न्ही जाणो थे तो उस बखत थम उसके गुलाम थे, जो असलियत म्ह
परमेसवर सै ए कोनी। 9 इब थारा रिश्ता परमेसवर कै गैल सै, उसनै
म्हारे ताहीं अपणा बेट्टा होण खात्तर बुलाया सै, तो उन कमजोर अर
निकम्मी पुराणी शिक्षाओं के गुलाम बणण खात्तर क्यूँ उसकी ओड़
जाओ सों, के थम दुबारा उनके गुलाम होणा चाह्वो सों? 10 थम गैर
यहूदी बिश्वासी लोग दिन, महिन्ना, सही बखत अर साल्लां नै मान्नो सों,
जो मूसा नबी के नियम-कायदा के मुताबिक सै। 11 मै थारे बारै म्ह डरूँ
सूं, जो थम करो सों, कदे इसा ना हो के जो मेहनत मन्नै थारे खात्तर
करी सै वा बेकार हो जावै। 12 हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै बिनती करूँ
सूं, के अपणे-आपनै मूसा नबी के नियम-कायदा तै आजाद करो, क्यूँके
मै भी मूसा नबी के नियम-कायदा तै आजाद होग्या सूं, जिस तरियां थम
गैर यहूदी होण तै नियम-कायदा तै आजाद हो, थमनै मेरे साथ बुरा
बरताव न्ही करया। 13 थमनै याद होगा के मन्नै पैहलम पहल देह की
बीमारी कै कारण थारे ताहीं सुसमाचार सुणाया। 14 मेरी बीमारी थारे
खात्तर मुसीबत थी, फेर भी थमनै ना तो मेरे तै नफरत करी, अर ना ए
मेरे ताहीं तुच्छ जाण्या, पर परमेसवर के सुर्गदूत बल्के खुद मसीह यीशु
के समान मेरै ताहीं अपणाया 15 थम खुश थे, पर इब थारी खुशी कित्त
गई? मै थारा गवाह सूं के थम मेरे खात्तर सब कुछ कुरबान कर सको थे,
बल्के अपणी आँख भी लिकाड़कै मन्नै दे देन्दे। 16 तो के थारे तै सच
बोलण के कारण मै थारा बैरी बणग्या सूं? 17 वे थमनै अपणे पक्ष म्ह
करणा तो चाहवै सै, पर भले मकसद तै न्ही, बल्के उनका मतलब तो
थारे ताहीं मेरे तै न्यारा पाड़ना सै ताके थम उनके ए चेल्लें बण जाओ।
18 सदा ए आच्छे मकसद कै खात्तर उत्साही होणा आच्छा सै अर सिर्फ
उस्से बखत न्ही, जिब मै थारे गेल्या रहूँ सूं। 19 हे मेरे बाळकों, जिस
तरियां एक औरत बच्चा होण कै बखत जो दर्द सहवै सै उस्से तरियां मै
भी थारे खात्तर दर्द सहु सूं मै जिब ताहीं दर्द म्ह रहूँगा जिब ताहीं थम
मसीह म्ह सिध्द ना हो जाओ। 20 जी तो इसा करै सै, के इस बखत मै
थारे धोरै होन्दा अर प्यार तै थारे ताहीं समझान्दा, क्यूँके मेरी समझ म्ह
कोनी आन्दा के मै थमनै के कहूँ। 21 थम जो मूसा नबी के नियम-
कायदा कै अधीन होणा चाहवै सों, मेरी बात्तां पै ध्यान द्यो, मै बताऊँ सूं
के मूसा नबी के नियम-कायदा की किताब म्ह के लिख्या सै? 22 पवित्र
ग्रन्थ म्ह यो लिख्या सै, के अब्राहम कै दो छोरे होए, उसका एक छोरा
हाजिरा नाम की नौकराणी तै पैदा होया अर दुसरा सारा तै पैदा होया
जो उसकी ब्याहता थी। 23 पर जो नौकराणी तै पैदा होया था वो एक

साधारण बच्चा था जो शरीर की इच्छा तै पैदा होया, अर जो उसकी
ब्याहता बीरबानी तै पैदा होया, वो परमेसवर के वादे कै मुताबिक पैदा
होया जो उसनै अब्राहम तै करया था। 24 इन बात्तां तै हमनै या सीख
मिलै सै, ये बीरबानी मान्नो दो करार सै। करार जो परमेसवर नै सीनै
पहाड़ पै इस्राएली माणसां तै जो करया था वो हाजिरा की तरियां सै।
25 अर हाजिरा मान्नो अरब देश का सीनै पहाड़ सै, अर वो आज के
यरुशलेम नगर की तरियां सै जड़ै के माणस मूसा के नियम-कायदा के
समान सै। 26 पर सुर्गीय यरुशलेम अब्राहम की बिरबान्नी सारा के
समान सै, अर उसके बाळक गुलाम कोनी, यो यरुशलेम बिश्वासियाँ कै
खात्तर माँ की तरियां सै। 27 जिसा यशायाह नै पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या
सै, "हे बाँझ बिरबान्नी, तू जो बाळक पैदा न्ही कर सकदी, आनन्दित
हो, तू जो प्रसव-पीड़ा तै अनजाण सै, ऊँच्ची आवाज म्ह जयजयकार
कर, क्यूँके छोड्डी होई की ऊलाद सुहागण की ऊलाद तै भी घणी सै।"
28 हे बिश्वासी भाईयो, थम इसहाक की तरियां हो क्यूँके थारा जन्म
परमेसवर के वादे कै मुताबिक होया सै जो उसनै अब्राहम तै करया सै।
29 अर जिसा उस बखत शरीर की इच्छा के मुताबिक जन्मा होया बेट्टा
परमेसवर की आत्मा के शक्ति कै मुताबिक जन्मे होए बेट्टे नै सतावै था,
उस्से तरियां हम भी उन माणसां तै सताये जावां सां, जो यो चाहवै सै के
परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणण खात्तर मूसा नबी के नियम-कायदा नै
मानना जरूरी सै। 30 पर पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के "नौकराणी अर उसकै
बेट्टे नै लिकाड़ दे, क्यूँके वो ब्याहता बिरबान्नी के बेट्टे कै गैल कदे भी
पिता की सम्पत्ति का वारिस न्ही होगा।" 31 इस करकै हे बिश्वासी
भाईयो, हम नौकराणी की ऊलाद कोनी जो के मूसा नबी के नियम-
कायदे सै, बल्के ब्याहता बिरबान्नी की ऊलाद सां जो के बिश्वास सै।

## 5
मसीह नै म्हारे ताहीं मूसा नबी के नियम-कायदा तै आजाद कर दिया
सै, इस करकै अपणी आजादी बणा के राक्खो, अर मूसा के नियम-
कायदा नै मानण खात्तर कोए थमनै गुलाम ना बणावै। 2 सुणो! मै,
पौलुस, थारे तै कहूँ सूं के जै खतना करावोगे, तो मसीह तै थमनै किमे
फायदा न्ही होगा। 3 फेर भी मै एक खतना कराण आळे नै बता द्यु सूं,
के उसनै सारे नियम-कायदे मानने पड़ैंगें। 4 थम जो नियम-कायदा कै
जरिये धर्मी बणणा चाह्वो सों, तो फेर थमनै यीशु मसीह तै रिश्ता तोड़
लिया सै, अर थमनै अपणे-आप ताहीं उस दया तै अलग कर लिया सै
जिसके जरिये परमेसवर थमनै बचा सकै सै। 5 मै यो इस खात्तर कहूँ
सूं, क्यूँके हमनै पवित्र आत्मा की ओड़ तै पूरा भरोस्सा सै, के परमेसवर
यीशु मसीह पै बिश्वास करण के कारण हमनै धर्मी बणावैगा। 6 जै थम
यीशु मसीह नै मानण आळे सों, तो उसतै कोए फर्क कोनी पड़ता के
थारा खतना होया सै के न्ही होया, पर जरूरी यो सै, के हम मसीह पै
बिश्वास करां, अर परमेसवर अर माणसां प्रति प्यार राक्खा। 7 थम
मसीह पै बिश्वास करण म्ह बढ़ण लागरे थे, पर इब थमनै सच्चाई मानण
तै कोए रोक न्ही ले। 8 इसी सीख परमेसवर की ओड़ तै न्ही आन्दी जो
थमनै अपणी ऊलाद होण खात्तर बुलावै सै। 9 सीख जो सच्ची न्ही सै
वो इस कहावत की तरियां सै, थोड़ा-सा खमीर सारे गूँधे होए चून नै
खमीर बणा दे सै। 10 पर मै परमेसवर पै भरोस्सा राक्खूँ सूं, के वो
थमनै झूठ्ठी अर भरमाण आळी सीख तै बचाये राक्खैगा, पर जो थमनै
भरमा दे सै चाहे वो कोए भी क्यूँ ना हो परमेसवर तै दण्ड पावैगा। 11
हे बिश्वासी भाईयो, थम जाणो सों के मै यो प्रचार करुँ सूं, के खतना
करवाणा जरूरी कोनी, इस करकै यहूदी माणस मेरे ताहीं सारी हाण
सतावै सै, जै मै क्रूस नै छोड़कै खतना का प्रचार करुँ तो उसतै यहूदी
माणस मेरे ताहीं कोनी सतावैगें। 12 भला होंदा जो थमनै डामाडोल करै
सै, वे अपणे-आपनै नपुंसक बणा लेवै। 13 हे बिश्वासी भाईयो, थम
आजाद होण कै खात्तर परमेसवर के जरिये बुलाए गये सों, इस खात्तर
थमनै मूसा नबी के नियम-कायदा ताहीं मानण की जरूरत कोनी, पर
इसा ना होवै के थम इसनै बुरी लालसा पूरी करण का जरिया बणा ल्यो,
पर हरेक कै गैल प्यार करो अर सेवा करो। 14 क्यूँके सारे नियम-कायदे
इस एक बात म्ह पूरे हो ज्या सै, "तू अपणे पड़ोसी तै अपणे जिसा प्यार
कर।" 15 पर जै थम एक-दुसरे नै जानवरां की ढाळ पाड़ खाओ सों, तो
चौक्कस रहो, के थम एक-दुसरे नै नाश ना कर दियो। 16 पर मै कहूँ सूं,
पवित्र आत्मा नै थारे जीवन म्ह अगुवाई करण द्यो, ताके थम अपणी बुरी
आदत्तां नै (लालसा) नै पूरी ना कर सकों। 17 देह की बुरी लालसा
पवित्र आत्मा के बिरोध म्ह, अर पवित्र आत्मा देह की बुरी लालसा के
बिरोध म्ह लड़दी रहवै सै। इस कारण जो भले काम थम करणा चाह्वो
सों वो न्ही कर पान्दे। 18 जै थम आत्मा की अगुवाई म्ह चाल्लों सों, तो
थम मूसा के नियम-कायदा के अधीन न्ही सों। 19 देह के काम तो
दिक्खै सै, यानी के जारी, भुन्ड़े काम, लुचपण, 20 मूर्तिपूजा, टोणा, बैर,
गुस्सा, बिरोध, फूट विधर्म, 21 डाह, मतवालापण, रासलीला अर इनकै
जिसे और काम सै, इनकै बारै म्ह मै थारे तै पैहल्या कह द्यु सूं जिसा
पैहल्या कह्या था, के इसे-इसे काम करणीये परमेसवर के राज्य के
वारिस न्ही होंगे। 22 पर आत्मा का फळ प्यार, आनन्द, शांति, धीरज,
करुणा, भलाई, बिश्वास, 23 नम्रता, अर सयंम सै, इसे-इसे काम्मां के
बिरोध म्ह कोए भी नियम-कायदे कोनी। 24 अर जो मसीह यीशु म्ह सै
उननै देह की बुरी लालसाओं ताहीं क्रूस पै चढ़ा दिया सै। 25 क्यूँके
पवित्र आत्मा नै म्हारे ताहीं नई जिन्दगी दी सै, इस खात्तर पवित्र आत्मा
नै जिन्दगी के हरेक क्षेत्र म्ह अगुवाई करण द्यो। 26 हम घमण्डी होकै ना
एक-दुसरे नै छेड़ा, अर ना एक-दुसरे तै जळण करा।

## 6
हे बिश्वासी भाईयो, जै कोए माणस किसे पाप या कसूर म्ह पकड्या
भी जावै, तो थम जो पवित्र आत्मा के चलाए चाल्लों सों, उसनै
नरमाई के गेल्या धर्म की राह पै उल्टा ल्यावण म्ह उसकी मदद करो, अर
अपणा भी ध्यान राक्खों के थम भी इसे इम्तिहान म्ह ना पड़ जाओ। 2
म्हारे म्ह तै जै कोए भी मुसीबत म्ह हो, तो हमनै एक-दुसरे की मदद
करणी चाहिए, अर इस तरियां हम मसीह के नियम-कायदा नै मान्ना
सां। 3 क्यूँके जै कोए अपणे-आपनै नै बड़ा समझै सै, तो अपणे-आपनै

धोक्खा देण लाग रहया सै। 4 हरेक माणस अपणे काम्मां नै परख
ले, उसके काम आच्छे सै तो वो अपणे-आपनै पै घमण्ड कर सकै सै,
अर उसनै अपणे काम की बराबरी किसे दुसरे के काम गैल न्ही करणी
चाहिए। 5 म्हारे म्ह तै हरेक माणस अपणे सुभाव के खात्तर जिम्मेदार
सै। 6 यो जरूरी सै के जो माणस परमेसवर के वचनां नै सिखावै सै, तो
उसकी संसारिक चिज्जां की जरूरत सीखण आळे तै पूरी हो होणी
चाहिए। 7 अपणे-आप ताहीं धोक्खा ना द्यो, कोए माणस यो ना सोच्चै
के वो परमेसवर नै धोक्खा दे सकै सै। 8 क्यूँके जो माणस इसे काम
करै सै उसका बुरा सुभाव उसकै खात्तर मौत लेकै आवै सै, पर जो
माणस परमेसवर की इच्छा पूरी करै सै, तो उसका आत्मा उसनै अनन्त
जीवन देवै सै। **(aiōnios g166)** 9 हम भले काम करण का होसला ना
छोड्डा, क्यूँके जै हम हिम्मत ना छोड्डा तो परमेसवर के बखत पै कटनी
काटैगें। 10 इस करकै जड़ै ताहीं मौक्का मिलै हम सारा के गेल्या भलाई
करा, खास करकै बिश्वासी भाईयाँ के गैल। 11 मन्नै बड़े-बड़े अक्षरां म्ह
थारे तैई अपणे हाथ तै लिख्या सै। 12 इस कारण के यहूदी लोग थमनै
अपणावै, अर वे थारा खतना करवाण के खात्तर मजबूर करै सै, ताके
लोग उन ताहीं इस बात का प्रचार करण खात्तर सतावै ना, के परमेसवर
माणसां ताहीं जिब्बे बचावैगा जिब वे बिश्वास करैगें के मसीह क्रूस पै
मरा। 13 क्यूँके खतना कराण आळे खुद तो मूसा नबी के नियम-कायदा
पै न्ही चाल्दे, वो थारा इस खात्तर खतना कराणा चाहवै सै ताके और
यहूदियाँ कै स्याम्ही घमण्ड कर सकै, के थारा खतना उनकी बजह तै
होया सै।। 14 खुद कै खात्तर, मै, किसे बात पै घमण्ड कोनी करणा
चाहूँ, पर यीशु मसीह के क्रूस पै जान देण कै कारण, मै घमण्ड करणा
चाहूँ सूं, अर जो उसनै करया उस बजह तै दुनियावी चिज्जां का मेरे उप्पर
कोए हक कोनी रह्या, अर इब मेरी दुनियावी चिज्जां म्ह कोए दिलचस्पी
कोनी। 15 क्यूँके ना खतना अर ना बिना खतना कुछ सै, जो जरूरी बण
चुके सै, जो जरूरी सै वो यो सै के परमेसवर हमनै पवित्र आत्मा के
जरिये नया इन्सान बणा दे। 16 परमेसवर अपणी शान्ति अर आशीष उन
सारया नै देवैगा, जो उसके हुकम नै मान्नै सै। वे परमेसवर के माणस
सै। 17 आग्गै तै मन्नै कोए दुख ना दे, क्यूँके जो मेरे देह पै जख्मां के
दाग सै वो ये दिखावै सै के मै यीशु का दास सूं। 18 हे बिश्वासी भाईयो,
म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारी आत्मा के गेल्या रहवै। आमीन।

# इफिसियों

1 या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो परमेसवर की इच्छा तै यीशु
मसीह का प्रेरित सै, मै या चिट्ठी उन पवित्र अर मसीह यीशु म्ह
बिश्वासी माणसां कै नाम लिखूँ सूं, जो इफिसुस नगर म्ह रहवै सै। 2 मै
प्रार्थना करूँ सूं, के म्हारे पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़
तै थारे ताहीं अनुग्रह अर शान्ति मिल्दी रहवै। 3 म्हारे परमेसवर अर प्रभु
यीशु मसीह के पिता का धन्यवाद हो के उसनै म्हारे ताहीं मसीह म्ह
आत्मिक रूप तै हरेक तरियां तै, उन आशीषां के जरिये आशिषित करया
जो सुर्ग तै आवै सै। 4 परमेसवर नै धरती अर अकास बणाण तै पैहले ए
उसनै मसीह म्ह म्हारै ताहीं चुण लिया, ताके हम इसकी निगांह म्ह
पवित्र अर बेकसूर होवां। 5 अर प्यार म्ह उसनै अपणी भले मकसद
मुताबिक म्हारे ताहीं अपणे खात्तर पैहले तै ठहराया के यीशु मसीह के
जरिये हम उसकी गोद ली होई ऊलाद हो। 6 तो आओ हम परमेसवर के
अदभुत अनुग्रह की महिमा करा, अर यो इस खात्तर होया सै क्यूँके
म्हारा रिश्ता उसके बेट्टे कै गैल सै, जिसतै वो प्यार करै सै। 7 यीशु
मसीह के लहू बहाए जाण के कारण हम छुड़ाए गये, जिसका मतलब यो
सै के म्हारे सारे पाप माफ होए। परमेसवर के भोत अनुग्रह के मुताबिक
मसीह म्ह उसके लहू के जरिये छुटकारा यानी पापां तै माफी मिलै सै। 8
परमेसवर नै सारी बुद्धि अर ज्ञान तै म्हारै पै भोत-ए घणी दया करी। 9
परमेसवर नै अपणी इच्छा का भेद म्हारै पै भले मकसद के मुताबिक
जाहिर करया, जिस ताहीं उसनै खुद मसीह म्ह स्थापित करया। 10 अर
परमेसवर की योजना कै मुताबिक, तय करे गए बखत पै, जो किमे
सुर्ग अर धरती पै सै, वो सारा किमे मसीह के हाथ म्ह सौप्पैगा। 11
परमेसवर नै मसीह म्ह हम यहूदी माणसां ताहीं भी अपणे माणस होण
खात्तर छाँट लिया सै, क्यूँके शरु तै ए उसकी या योजना थी, उसनै यो
सब कुछ अपणी इच्छा अर योजना के मुताबिक करया। 12 यो उसनै
इस खात्तर करया जिसतै के हम यहूदियाँ ताहीं जो पैहले माणस सै, जो
मसीह पै आस राक्खै सै, अर उसकी महिमा की बड़ाई के कारण बणा।
13 अर योए थारे गैल भी होया के थमनै सच्चाई का वचन सुण्या, अर वो
सुसमाचार यो सै, के थमनै वो किस तरियां बचा सकै सै, जिब थम
मसीह पै बिश्वास करो सों तो परमेसवर थमनै वादे कै मुताबिक पवित्र
आत्मा देवै सै, यो दिखाण खात्तर के थम परमेसवर के माणस सों। 14
क्यूँके परमेसवर नै म्हारे ताहीं पवित्र आत्मा दिया सै, तो हम यो जाणा
सां के परमेसवर म्हारे ताहीं और भी आच्छी चीज देवैगा, जिसका उसनै
वादा करया सै, अर यो उस बखत होगा जिब परमेसवर अपणे माणसां
नै पूरी तरियां तै छुड़ावैगा, उसके अदभुत अनुग्रह की बड़ाई होवै। 15
इस कारण, जिब तै मन्नै भी प्रभु यीशु मसीह म्ह थारे बिश्वास अर पवित्र
माणसां के प्रति थारे प्यार के बारें म्ह सुण्या, तो मै परमेसवर का सदा
धन्यवाद करूँ सूं, अर अपणी प्रार्थना म्ह थमनै हमेशा याद राक्खूँ सूं। 17
मै प्रार्थना करूँ सूं, के महिमामय परमेसवर जो के म्हारे प्रभु यीशु मसीह
का पिता सै, वो थारे ताहीं आत्मिक समझ अर ज्ञान देवै, ताके थम
परमेसवर नै पूरी तरियां जाण सकों। 18 मै या भी प्रार्थना करूँ सूं, के वो
सच्चाई जाणण म्ह थारी मदद करै के थम जाण सकों के परमेसवर के
जरिये बुलाये जाण की आस के सै, अर थम जाण सकों के इतनी बड़ी
अर महान् आशीष अपणे पवित्र माणसां खात्तर राख राक्खी सै। 19 मै
चाहूँ सूं के थम उसनै जाण सको, के उस महान् परमेसवर नै यीशु मसीह
पै बिश्वास करण आळे खात्तर जो शक्ति राख राक्खी सै, या वाए बड़ी
शक्ति सै। 20 जिसनै मसीह ताहीं मरे होया म्ह तै जिवाया अर सुर्ग म्ह
अपणी सोळी ओड़ बैठाया। 21 सारी ढाळ की प्रधानता, हक, सामर्थ,
प्रभुता के उप्पर राज करैगा जो इस लोक म्ह सै, अर आण आळे लोक
म्ह भी राज करैगा। (aiōn g165) 22 परमेसवर नै सारा किमे उसकै पायां
तळै कर दिया, अर उसनै कलीसिया की भलाई खात्तर सब किमे उसके
हाथ्थां म्ह सौप दिया। 23 कलीसिया मसीह की देह सै, अर उसतै भरपूर
सै, वो अपणी मौजूदगी तै हरेक चीज अर हरेक जगहां नै भरै सै।

2 पुराणे बखत म्ह थारे धोरै नई जिन्दगी कोनी थी, थम अपणे बुरे
काम्मां अर पापां के कारण मरे होए माणसां के समान थे। 2 थम
उस बखत दुनिया की रीति-रिवाज के मुताबिक, बुरी आत्मायाँ के सरदार
जो अकास म्ह सै, उसके मुताबिक चाल्लों थे, जो इब भी उनके मनां म्ह
काम करै सै, जो परमेसवर का हुकम न्ही मानते। (aiōn g165) 3 इन म्ह
हम भी सारे के सारे पैहले अपणी देह की लालसाओं म्ह दिन बितावा थे,
अर देह अर मन की मर्जियाँ नै पूरी करा थे, अर और माणसां की ढाळ
सुभाव तै ए छो की ऊलाद थे। 4 पर परमेसवर नै जो दया का धनी सै,
अपणे उस घणे प्यार कै कारण जिसतै उसनै म्हारै तै प्यार करया। 5
अपणे पुराणे जीवन म्ह पापां के कारण हम मरे होए थे तो परमेसवर नै
जिस तरियां यीशु मसीह ताहीं जिन्दा करया, हमनै भी आत्मिक रूप तै
जिन्दा करैगा, अर सुर्गीय जगहां म्ह मसीह कै गेल्या बिठावैगा, अर
परमेसवर के अनुग्रह तै ए थारा उद्धार होया सै। 7 परमेसवर नै यो इस
खात्तर करया के अपणी दया तै जो मसीह यीशु म्ह म्हारै पै सै, आण
आळे दिनां म्ह दिखा सकै, के उसका अनुग्रह कितना बड़ा सै, हम जो
मसीह म्ह सां, उसनै म्हारे पै भी अनुग्रह दिखाया। (aiōn g165) 8 जिब
थमनै परमेसवर पै बिश्वास करया तो उसनै अपणे अनुग्रह के जरिये थारा
उद्धार करया सै, थारा उद्धार थारी ओड़ तै न्ही, बल्के परमेसवर ओड़ तै
दान सै। 9 यो इस करकै न्ही होया के थमनै कोए भला काम करया सै,
अर थम उसपै घमण्ड करो। 10 क्यूँके हम उसके बणाए होए सां, अर
मसीह यीशु म्ह उन भले काम्मां के खात्तर रचे गये जिन ताहीं परमेसवर
नै पैहले तै म्हारे करण कै खात्तर तैयार करया। 11 इस कारण थम याद
राक्खों के थम जन्म तै गैर यहूदी सों, अर यहूदी लोग थारा मजाक उड़ावै
सै, के थारा खतना कोनी होया, पर उनका खतना होया सै, इस खात्तर
वे परमेसवर के लोग सै। पर उननै खतना अपणी देह का करवाया सै
मन का कोनी करवाया। 12 थम उस बखत मसीह ताहीं कोनी जाणो थे,
अर थम परमेसवर के चुणे होए इस्राएली माणस कोनी थे, अर वादे कै

करार के भी साझ्झी कोनी थे, जो उसनै अपणे माणसां तै बाँधी थी, अर
बिना आस अर दुनिया म्ह बिना ईश्वर के थे। 13 पर पैहले जो थम,
परमेसवर तै दूर थे, परमेसवर नै थारे ताहीं मसीह यीशु के लहू बहाण के
जरिये धोरै बुला लिये सों। 14 मसीह नै हम यहूदी अर थम गैर यहूदी
माणसां म्ह शान्ति बणाई सै, पुराणे बखत म्ह यो लाग्गै था के यहूदी अर
गैर यहूदी माणसां म्ह एक दीवार सै, वो एक-दुसरे तै नफरत करै थे, पर
मसीह नै वा दीवार ढ़ा दी सै, अर दोन्नु दलां ताहीं एक कर दिया सै।
15 उसनै अपणी मौत के जरिये मूसा के नियम-कायदा ताहीं रद कर
दिया, ताके वो यहूदी अर गैर यहूदी माणसां म्ह शान्ति लेकै आवै, अर
इसके जरिये वो अपणे-आप म्ह यहूदी अर गैर यहूदी की जगहां एक नई
जात बणा दे। 16 उसनै क्रूस पै अपणी जाण देकै यहूदी-अर गैर यहूदी
माणसां म्ह बैर का नाश करकै एक देह बणाकै परमेसवर तै मिला दिया।
17 मसीह नै आकै थम गैर यहूदी जो उसतै दूर थे, अर थम यहूदी माणस
जो परमेसवर कै लोवै थे, दोनुआ ताहीं मेळ-मिलाप का सुसमाचार
सुणाया। 18 क्यूँके मसीह म्ह ए हम सब उस एक पवित्र आत्मा कै
जरिये ए पिता के धोरै पोहच सका सां। 19 इस करकै थम गैर यहूदी इब
विदेशी अर मुसाफिर कोनी रहे, पर पवित्र माणसां के साथी देशी अर
परमेसवर के कुण्बे के होगे सों। 20 थम उस घर की तरियां सों जिसकी
नीम प्रेरित अर नबी सै, अर जिसकै कोणे का पत्थर मसीह यीशु आप
सै। 21 मसीह ए सै जिसनै घर ताहीं टिकाकै राख्या सै, अर उसतै प्रभु
कै खात्तर एक पवित्र मन्दर बणदा जावै सै। 22 क्यूँके थम मसीह म्ह
सों, इस खात्तर थम गैर यहूदी बिश्वासी परमेसवर के माणसां गैल एक
होगे, ताके थम वो घर बणदे जाओ जिस म्ह परमेसवर रहवै सै।

**3** इस कारण मै पौलुस थारे खात्तर कैद म्ह सूं, क्यूँके मै थम गैर यहूदी
माणसां नै सुसमाचार सुणाकै मसीह यीशु की सेवा करुँ सूं। 2
पक्का थमनै सुण्या होगा के परमेसवर नै अपणे अनुग्रह तै थारे ताहीं
सुसमाचार की खबर सुणाण की जिम्मेदारी मेरे ताहीं दी सै। 3 परमेसवर
की गुप्त योजना घणे लम्बे बखत तै छुपी होई थी, पर परमेसवर नै
इस ताहीं मेरे उप्पर जाहिर करया, मै इस चिट्ठी के जरिये परमेसवर के
उस गुप्त भेद नै थारे ताहीं समझाणा चाहूँ सूं। 4 जिब थम मेरी चिट्ठी
नै पढ़ोगे तो थम जाण पाओगे, के मै मसीह के उस भेद के बारें म्ह
कितनी आच्छी तरियां जाणु सूं। 5 पुराणे बखत म्ह परमेसवर नै इस
भेद ताहीं माणसां के उप्पर जाहिर कोनी करया, पर इब उसनै उस भेद
ताहीं पवित्र आत्मा कै जरिये, अपणे पवित्र प्रेरितां अर नबियाँ पै जाहिर
करया। 6 अर वो भेद यो सै के मसीह यीशु म्ह सुसमाचार कै जरिये गैर
यहूदी वाए विरासत हासिल करै, जो यहूदी माणसां कै धोरै सै, अर
एकैए देह के अंग अर परमेसवर के वादे के साझ्झी सै। 7 परमेसवर के
अनुग्रह अर बड़ी सामर्थ के जरिये मेरे ताहीं सुसमाचार सुणाण का काम
मिला सै। 8 मेरै पै जो सारे पवित्र माणसां म्ह तै, छोट्टे तै भी छोट्टा सूं,
यो अनुग्रह होया के मै गैर यहूदियाँ नै मसीह का सुसमाचार सुणाऊँ, अर
लोग्गां नै परमेसवर की योजना ताहीं समझण म्ह मदद करुँ। 9 अर
हरेक माणसां ताहीं समझा सकूँ के उसनै उस योजना ताहीं जो उसनै
पैहले तै सोच्ची थी, किस तरियां पूरी करी, या योजना पैहले तै जाहिर
कोनी होई थी क्यूँके परमेसवर जो सारी चिज्जां नै रचणियाँ सै, उस
ताहीं छिपाए राख्या। (aiōn g165) 10 ताके इब कलीसिया कै जरिये,
परमेसवर का बेसुमार ज्ञान आसमान के उन प्रधानां अर अधिकारियां पै
जाहिर करया जावै। 11 परमेसवर नै दुनिया बणाण तै पैहले या योजना
बणाई थी, जिस ताहीं उसनै म्हारे प्रभु यीशु मसीह के जरिये पूरा करया।
(aiōn g165) 12 क्यूँके म्हारा मसीह पै बिश्वास सै, अर उसकै कारण
परमेसवर की मौजूदगी म्ह हिम्मत अर भरोस्से के गेल्या परमेसवर
कै लोवै आ सका सां। 13 इस करकै मै बिनती करुँ सूं के जो क्लेश
थारे खात्तर मन्नै होवै सै, उनकै कारण हिम्मत ना छोड़ो, क्यूँके हम
पिता परमेसवर कै धोरै जा सका सां। 14 मै इस्से कारण उस पिता
परमेसवर कै आग्गै घुटने टेक कै प्रार्थना करुँ सूं। 15 वोए सै जो सुर्ग
अर धरती पै, हरेक वंश का पिता सै। 16 मै प्रार्थना करुँ सूं, के परमेसवर
अपणी महिमा के असीमित धन के मुताबिक थारे पै अनुग्रह करै, ताके
थम उसकी पवित्र आत्मा तै अपणे भीतरी माणसपण म्ह सामर्थ पाकै
शक्तिशाली होन्दे जाओ। 17 अर बिश्वास कै जरिये मसीह म्हारै मन
म्ह बसै, ताके थम प्यार म्ह मजबूत होकै बणे रहों, अर सारे पवित्र
माणसां कै गेल्या आच्छी ढाळ समझण की ताकत पाओ, के उसके
प्यार की चौड़ाई, लम्बाई, अर ऊँचाई, अर गहराई कितनी सै। 19 मै
प्रार्थना करुँ सूं, के थम मसीह के उस प्यार नै जाण सको जो ज्ञान तै परै
सै, ताके थारा सुभाव परमेसवर के सुभाव जिसा हो जावै। 20 परमेसवर
ताकतवर सै, अर वो म्हारी बिनती अर समझ तै भी घणा काम कर सकै
सै, उस सामर्थ कै मुताबिक जो म्हारे म्ह काम करै सै। 21 कलीसिया म्ह
अर मसीह यीशु म्ह उसकी बड़ाई पीढ़ी तै पीढ़ी तैई युगानुयुग होंदी रहै।
आमीन। (aiōn g165)

**4** मै प्रभु की सेवा करण के कारण कैद म्ह सूं, अर थारे तै बिनती
करुँ सूं, के जिस बुलाहट तै परमेसवर नै थारे ताहीं बुलाया सै, उस्से
तरियां जीवन बिताओ। 2 यानी सारी दीनता अर नम्रता गैल, धीरज
धरकै प्यार तै एक-दुसरे नै सह ल्यो। 3 इसा करण की भरपूर कोशिश
करो, के थम रळ-मिलकै रह सकों, क्यूँके परमेसवर की आत्मा के
जरिये थम एक ए होण खात्तर बुलाए गये सों। 4 हम सारे बिश्वासी, देह
के अंगां की ढाळ सां, अर सारया नै एकैए पवित्र आत्मा पाई सै, उस्से
ढाळ जिब परमेसवर नै थारे ताहीं अपणे माणस होण खात्तर बुलाया था,
तो थारे ताहीं एक उम्मीद दी गई थी। 5 सिर्फ एके प्रभु सै, एके बिश्वास
सै, हम सारया नै यीशु के नाम म्ह बपतिस्मा पाया सै, 6 सिर्फ एके
परमेसवर सै जो सारे माणसां का पिता सै, जो सब कै उप्पर राज करै
सै, अर हम सब कै जरिये काम करै सै, अर हम सारया के म्ह रहवै सै।
7 पर मसीह नै हम सारया ताहीं उसके काम करण खात्तर न्यारे-न्यारे
ढाळ की खास काबलियत देई सै। 8 इस करकै पवित्र-ग्रन्थ मसीह के
बारें म्ह कहवै सै, “वो ऊँच्चे पै चढ़ा अर कैदियाँ नै बाँधले ग्या, अर

माणसां ताहीं आत्मिक दान दिए।” 9 उसकै ऊँच्चे पै चढ़ण का, के
मतलब हो सकै सै, सिवाए इसके के वो अधोलोक म्ह भी उतर ग्या। 10
अर जो उतर ग्या, यो वोए सै, जो सुर्ग म्ह सारे तै ऊँच्चे पद पै पोहच
ग्या, जिसतै के उसका राज सारे ब्रह्माण्ड म्ह फैल जावै। 11 यो मसीह सै
जो म्हारे ताहीं वरदान देवै सै, उसनै कईयाँ तै प्रेरित, अर कईयाँ तै नबी,
कईयाँ तै सुसमाचार सुणाण आळे, कईयाँ तै सेवक अर शिक्षक नियुक्त
करया, इनकी जिम्मेदारी या सै के ये और दुसरे माणसां नै सीखा के
परमेसवर का काम करवा सकै, अर कलीसिया जो मसीह की देह सै
उस ताहीं मजबूत कर सकै। 13 यो तब तक होन्दा रहवैगा जिब तक के
हम अपणे बिश्वास, अर परमेसवर के बेट्टे कै बारें म्ह अपणी समझ म्ह
एक ना हो जावां, फेर हम सिध्द बणागे जिस तरियां मसीह सिध्द सै,
अर हम पूरी तरियां तै उसके जिसे बण जावांगे। 14 मसीह म्ह बढ़ण अर
सिध्द होण कै कारण, हम बाळकां के जिसा बरताव ना करां, हम उस
किस्ती की ढाळ ना बणा, जिसनै झाल आग्गै-पाच्छै, अर हवा आस्सै-
पास्सै उछाळै सै। इसका मतलब यो सै, के चलाक, अर ठग माणस
अपणी झूठ्ठी शिक्षा कै जरिये हमनै धोक्खा न्ही देण पावै। 15 बल्के सच
नै प्यार तै बोल्लों, अर सारी बात्तां म्ह मसीह यीशु की तरियां सिध्द
बणो, जो के म्हारा सिर सै। 16 हम सारे जो मसीह म्ह बिश्वास करां सां,
हम उसकी देह के अंग की तरियां सां, जिस तरियां एक माणस की देह,
जोड़ा के जरिये एक साथ जुड़ी हो सै अर जिब देह का हर हिस्सा आच्छी
तरियां काम करै सै, तो देह का विकास होकै मजबूत बणे सै, इस्से
तरियां म्हारे म्ह तै जै कोए मसीह का काम करै सै, जो मसीह नै म्हारे
ताहीं दिया सै, तो हम भी मजबूत अर सिध्द होवां सां, अर हम एक-
दुसरे तै ज्यादा प्यार करां सां। 17 इस करकै परमेसवर नै जो अधिकार
मेरे ताहीं दिया सै, उसकी बजह तै मै न्यू कहूँ सूं, के जिसा अबिश्वासी
माणस अपणे मन की बेकार की रीति-रिवाजां म्ह अपणा जीवन जीवै
सै, थम आज तै इसा जीवन ना जिओ। 18 क्यूँके वे समझ न्ही पाण
लागरे, के उस अज्ञानता कै कारण, अर उनके मन की कठोरता कै
कारण, जो उन म्ह सै, वे परमेसवर के उस जीवन तै न्यारे करे गए सै जो
परमेसवर देवै सै। 19 वे बुरे काम की बजह तै अपणी गलती महसूस न्ही
करते अर उननै अपणे-आप ताहीं बुरे काम्मां खात्तर सौप दिया सै, वे
सारी ढाळ के भुन्डे काम लगातार करते जावै सै। 20 पर थमनै मसीह
की शिक्षायां म्ह इसे काम करणे न्ही सीखे। 21 बल्के जो थमनै यीशु
मसीह के बारें म्ह सुण्या अर जो थारे शिक्षकां नै सिखाया, वोए उसकी
ओड़ तै सच्चा सन्देस सै। 22 अर थारे शिक्षकां नै थारे बुरे काम अर बुरा
सुभाव छोड़णा सिखाया सै, थारी बुरी लालसायां नै थारा जीवन नाश
कर दिया। 23 थम पवित्र आत्मा नै थारे सुभाव अर सोच्चण के तरिक्कें
नै बदलण द्यो। 24 परमेसवर नै थारे ताहीं एक नया सुभाव दिया सै, जो
के उसके अपणे सुभाव की तरियां सै, इस करकै इस नये सुभाव के
मुताबिक बरताव करो। असलियत म्ह धर्मी अर पवित्र बणो। 25 इस
कारण झूठ बोलणा छोड़कै हरेक अपणे पड़ोसी तै सच बोल्लै, क्यूँके
हम आप्पस म्ह हम एक ही देह के अंग सां। 26 जै थारे ताहीं गुस्सा आ
भी जावै तो उस गुस्से म्ह पाप ना करियो, अर सूरज ढळण तै पैहल्या
थारा गुस्सा भी न्ही रहणा चाहिए। 27 अर अपणे-आप ताहीं शैतान नै
परखण का मौक्का ना द्यो। 28 चोरी करण आळा फेर चोरी ना करै,
बल्के मेहनत करकै अपणी कमाई के जरिये दुसरे माणसां की भी मदद
कर सकै, जो जरूरत मन्द हो। 29 कोए भी गलत बात थारे मुँह तै ना
लिकड़ै, पर जरूरत कै मुताबिक वोए लिकड़ै जो दुसरयां के बिश्वास की
बढ़ोतरी कै खात्तर हो, ताके वा बात जो थारे मुँह तै लिकड़ै सै वा सुणण
आळा नै उत्साहित कर सकै। 30 परमेसवर के पवित्र आत्मा नै दुखी ना
करो, जो उसनै थारे ताहीं दिया सै, जो पक्का छुटकारै कै दिन थमनै
बचा सकै सै। 31 इस करकै सारी ढाळ की कड़वाहट, प्रकोप, गुस्सा,
झगड़ा, अर बुराई, सारे बैरभाव नै अपणी जिन्दगी तै लिकाड़ द्यो। 32
एक-दुसरे पै दयालु अर करुणामय हो, अर जिसा परमेसवर नै मसीह म्ह
थारे कसूर माफ करे, उस्से तरियां थम भी एक-दुसरे के कसूर माफ
करो।

5 थम परमेसवर के बाळक सों, जिनतै वो प्यार करै सै, इस करकै
उसकी ढाळ बणण की कोशिश करो। 2 दुसरयां तै प्यार करण
आळी जिन्दगी जिओ, जिस तरियां मसीह जिया, जिसनै थारे तै प्यार
करया अर म्हारे पापां नै मिटाण खात्तर अपणे-आप ताहीं कुरबान कर
दिया, अर परमेसवर उसकी कुरबान्नी तै खुश था, क्यूँके वा कुरबान्नी
परमेसवर कै खात्तर खसबूदार भेट कै समान थी। 3 जिसा पवित्र
माणसां कै लायक सै, उसाए थारे म्ह जारी अर किसे ढाळ के अशुद्ध
काम या लोभ का जिक्र तैई ना हो, 4 अर ना बेशर्मी, ना मूर्खता की
बातचीत, ना मजाक की, क्यूँके ये बात शोभा न्ही देंदी, बल्के थारे मुँह तै
परमेसवर का ए धन्यवाद सुण्या जावै। 5 क्यूँके थम यो आच्छी तरियां तै
जाणो सों, के कोए भी जार, दुराचारी, या लोभी माणस जो मूर्तिपूजकां
के समान सै, ये मसीह अर परमेसवर के राज्य के भागी न्ही हो सकदे।
6 कोए थमनै धोक्खा ना देवै के परमेसवर पाप करण आळे माणसां नै
दण्ड कोनी देवै, क्यूँके परमेसवर का छो हुकम ना मानण आळे पै भड़कै
सै। 7 इस करकै थम उनके पापी काम्मां म्ह उनके साझीदार ना होओं।
8 क्यूँके थम तो पैहल्या उन माणसां की ढाळ थे जो अन्धकार म्ह थे, पर
इब थम परमेसवर के लोग बणगे सों, इस करकै थम इब चाँदणे म्ह सों,
तो इब थमनै उन माणसां की ढाळ जीणा चाहिए जो चाँदणे म्ह सै। 9
क्यूँके जै माणस चाँदणे म्ह सै तो उसका सुभाव आच्छा अर धर्मी सै,
अर उसपै बिश्वास करया जा सकै सै। 10 अर यो परखो के प्रभु नै के
आच्छा लाग्गै सै। 11 थम उनके बुरे काम्मां म्ह उनके साझीदार ना
होओं, बल्के लोग्गां नै बताओ के ये काम बुरे सै। 12 क्यूँके उनकै गुप्त
काम्मां का जिक्र भी शर्म की बात सै। 13 जिब बुरे लोग थारा आच्छा
सुभाव देक्खै सै तो उनका बुरा सुभाव जाहिर हो जावै सै, उसकी बजह
तै वो अपणा बुरा सुभाव छोड़ दे सै, अर थारे जिसे आच्छे बण जावै सै।
14 इस कारण एक कहावत सै के “हे सोण आळे जाग! अर मुर्दां म्ह तै

जी उठ! ताके मसीह थारे पै अपणा चान्दणा चमकावै।” 15 इस करकै
ध्यान तै देक्खों, के किसा जीवन जीण लागरे सों। बेअक्ला की तरियां
न्ही पर अकलमंद की तरियां जिओ। 16 मौक्कै नै घणा कीमती समझों,
क्यूँके दिन बुरे सै। 17 इस कारण बेअक्ल ना होओं, पर ध्यान तै समझो
के प्रभु की मर्जी के सै। 18 मदिरा पी कै मतवाले ना बणो, क्यूँके इसतै
लुचपण होवै सै, पर पवित्र आत्मा तै भरदे जाओ। 19 जिब थम पवित्र
आत्मा के कहे म्ह चाल्लोंगे तो ये काम करोगे, जिब थम कठ्ठे होओगे
तो आप्पस म्ह परमेसवर के भजन, उसकी जै-जै कार अर आत्मिक
गीत गाया करोगे, अर अपणे-अपणे मन म्ह प्रभु के आग्गै गान्दे अर
कीर्तन करदे रहो। 20 अर सदा सारी बात्तां कै खात्तर म्हारे प्रभु यीशु
मसीह कै नाम तै परमेसवर पिता का धन्यवाद करते रहो। 21 मसीह कै
प्रति श्रद्धा-भक्ति राक्खण के कारण एक-दुसरे कै अधीन रहो। 22 हे
पत्नियों, अपणे-अपणे पति कै इस ढाळ अधीन रहो जिस ढाळ प्रभु के
अधीन रहो सों। 23 क्यूँके पति तो पत्नी का सिर सै, जिस ढाळ मसीह
कलीसिया का सिर सै, अर कलीसिया मसीह की देह सै अर उद्धारकर्ता
भी सै। 24 पर जिस ढाळ कलीसिया मसीह कै अधीन सै, उस्से तरियां
पत्नियाँ भी हर बात म्ह अपणे-अपणे पति कै अधीन रहै। 25 हे पतियों,
अपणी-अपणी पत्नियाँ तै प्यार राक्खो, जिसा मसीह नै भी कलीसिया
तै प्यार करकै उसकै खात्तर अपणी जान दे दी। 26 ताके वो कलीसिया
(बिश्वासी लोग्गां) ताहीं वचन तै नाहण के जरिये पापां तै शुद्ध करै,
अर पवित्र बणावै। 27 वो अपणी कलीसिया खात्तर मरया ताके वो
अपणे माणसां नै सिध्द बणाकै अपणी हजुरी म्ह ल्या सकै, जिस म्ह ना
कलंक, ना झुरी, ना कोए और इसी चीज हो बल्के पवित्र अर बेकसूर
हो। 28 इस तरियां सही सै के पति अपणी-अपणी पत्नी तै अपणी देह
कै समान प्यार राक्खै। जो अपणी पत्नी तै प्यार करै सै। वो अपणे-
आप तै प्यार करै सै। 29 क्यूँके किसे नै कदे अपणे देह तै बैर न्ही करया
बल्के वो उसका पालन-पोषण करै सै, जिसा मसीह भी कलीसिया कै
गैल करै सै। 30 इस करकै के हम मसीह की देह के अंग के समान सां।
31 जिसा के पवित्रग्रन्थ म्ह लिख्या सै, “इस कारण माणस अपणे माँ
बाप नै छोड़कै अपणी पत्नी तै मिल्या रह्वैगा, अर वे दोनु एक देह होंगे।”
32 यो भेद तो बड्ड़ा सै, पर मै याड़ै मसीह अर कलीसिया कै बारै म्ह
कहूँ सूं। 33 पर थारे म्ह तै हरेक अपणी पत्नी तै अपणे समान प्यार करै,
अर पत्नी भी अपणे पति का डर मान्नै।

**6** पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के “अपणे माँ बाप का आदर कर, तो तेरा
भला होगा अर इस धरती पै तेरी उम्र भी लम्बी होवैगी।” अर यो
परमेसवर की ओड़ तै दिया गया पैहला हुकम सै, जिसके गैल वादा भी
सै। हे बाळकां आळो, यो थारे खात्तर सही सै, के थम जो परमेसवर पै
बिश्वास करो सों, तो अपणे माँ-बाप का कहणा मान्नो। 4 हे बाळकां
आळो, अपणे बाळकां नै गुस्सा ना दुवाओ, पर शिक्षा अर चेतावनी देंदे
होए उनका पालन-पोषण करो। 5 हे नौकरों, जो माणस इस दुनिया म्ह
थारे माल्लिक सै, उनका हुकम डरदे अर कापते होए मान्नो, जिस मन तै
थम मसीह का हुकम मान्नो सों। 6 माणसां नै खुश करण आळा कै
समान दिखावटी सेवा ना करो, पर थम मसीह के दास सों, इस करकै
थम पूरे मन तै वो काम करो जो परमेसवर चाहवै सै। 7 अर उस सेवा नै
माणसां की न्ही, पर प्रभु की सेवा जाणकै सच्चे मन तै करो। 8 क्यूँके
थम जाणो सों के जो कोए जिसा आच्छा काम करैगा, चाहे दास हो चाहे
आजाद माणस, प्रभु तै उसका फळ पावैगा। 9 हे मालिकों, थम भी
धमकी देणा छोड़कै नौकरां गैल उसाए व्यवहार करो, क्यूँके थम जाणो
सों के उनका अर थारा दोनुआ का माल्लिक सुर्ग म्ह सै, अर वो किसे का
पक्षपात न्ही करदा। 10 इस करकै मै कहूँ सूं के थम प्रभु म्ह आत्मिक
रूप तै शक्तिशाली बणो। 11 परमेसवर के सारे हथियार बाँध ल्यो ताके
थम शैतान की चालां कै स्याम्ही खड़े रह सको। 12 क्यूँके म्हारा यो
आत्मिक युध्द माणसां तै कोनी, पर प्रधानां, अधिकारियां, अर इस
संसार के अन्धकार के हाकिमां अर दुष्टता की आत्मिक सेनाओं तै सै,
जो अकास म्ह सै। (aiōn g165) 13 इस करकै परमेसवर के सारे हथियार
बाँध ल्यो ताके जिब बुरे दिन आवै तो उनका सामना कर सको, अर सब
कुछ करण म्ह मजबुत्ती तै डटे रह सको। 14 इस करकै परमेसवर की
सच्चाई के मुताबिक जिओ, यो इस तरियां सै, जिसा एक सिपाही का
बेल्ट तै अपणी कमर कसणा, अर धार्मिकता की झिलम पैहर ल्यो जो
थारे आच्छे सुभाव नै दिखावै सै, जो थमनै शैतान के हमले तै बचावैगा।
15 जिस तरियां एक सिपाही युध्द लड़ण कै खात्तर पैरां म्ह जूत्ते पैहरै सै,
उस्से तरियां थम भी परमेसवर के साथ शान्ति के सुसमाचार के जरिये,
शैतान तै लड़ण खात्तर त्यार हो जाओ। 16 अर इन बात्तां के होन्दे होए
जिस तरियां सिपाही, ढाल तै अपणे-आपनै दुश्मन के तीरां तै बचावै सै,
उस्से तरियां मसीह म्ह पक्का बिश्वास करो ताके थम शैतान के हमलां तै
खुद नै बचा सको। 17 जिस तरियां सिपाही युध्द म्ह अपणे सिर नै
बचाण खात्तर टोप पैहरै सै, उस्से तरियां परमेसवर की ओड़ तै मिल्या
उद्धार भी म्हारा टोप सै, जो थमनै शैतान के हमलां तै बचावैगा, अर जिस
तरियां सिपाही युध्द म्ह तलवार तै अपणे-आपनै बचावै सै, अर थम भी
आत्मा की तलवार, जो परमेसवर का वचन सै, ले ल्यो, अर शैतान तै
खुद नै बचा ल्यो। 18 हरेक बखत अर हरेक ढाळ तै पवित्र आत्मा की
अगुवाई म्ह प्रार्थना अर बिनती करते रहों, इस करकै जागते रहों अर
सारे पवित्र माणसां खात्तर लगातार बिनती करते रहों। 19 अर थम मेरै
खात्तर भी प्रार्थना करो, ताके मेरे बोल्लण कै बखत इसे शब्द दिये जावै
के मै हिम्मत कै गैल सुसमाचार का भेद बता सकूँ। 20 इस्से खात्तर मै
बेल्लां तै जकड़ा होया राजदूत के समान सेवा करण लाग रहया सूं,
प्रार्थना करो के जिस तरियां मन्नै बोलणा चाहिए, उस्से ढाळ बेधड़क
होकै सुसमाचार का प्रचार कर सकूँ। 21 तुखिकुस जो प्रभु म्ह मेरा
प्यारा भाई अर बिश्वास लायक सेवक सै, वो थारे ताहीं मेरे सारे हालात
अर सारी बात्तां के बारें म्ह बता देवैगा। 22 उस ताहीं मन्नै थारे धोरै इस्से
खात्तर भेज्या सै के थम म्हारी दशा नै जाणो, अर वो थारे मनां नै होसला
दे। 23 परमेसवर पिता अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै बिश्वासी भाईयाँ

नै शान्ति अर बिश्वास गैल प्यार मिलै। 24 उन सारा पै अनुग्रह होंदा रहवै,
जो म्हारै प्रभु यीशु मसीह तै कदे ना खतम होण आळा प्यार करै सै।

# फिलिप्पियों

**1** या चिट्ठी पौलुस अर तीमुथियुस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह
के दास सै, मै पौलुस कलीसिया के सारे पवित्र माणसां, अगुवां, अर
सेवकां के नाम जो प्रभु यीशु मसीह म्ह होकै फिलिप्पी नगर म्ह रहवै सै।
2 हम प्रार्थना करां सां के म्हारै पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की
ओड़ तै थारे ताहीं अनुग्रह अर शान्ति मिल्दी रहवै। 3 मै जिब-जिब थमनै
याद करुँ सूं, तब-तब अपणे परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं, 4 अर खुशी
कै गैल अपणी हरेक प्रार्थना म्ह थारे सारया खात्तर हमेशा परमेसवर तै
मदद की बिनती करुँ सूं। 5 इस करकै के पैहले दिन तै जिब थमनै
सुसमाचार पै बिश्वास करया, तब तै आज तक थम यीशु मसीह कै प्यार
के बारें म्ह सुसमाचार फैलाण म्ह म्हारे साथ रह्यो सों। 6 मन्नै इस बात
का भरोस्सा सै, के परमेसवर जिसनै थारे म्ह आच्छा काम शरु करया
सै, वोए उसनै जिब यीशु मसीह बोहड़ के आवैगा तब तक पूरा करैगा।
7 सही सै ताके मै थारे सारया खात्तर इसाए विचार करुँ। क्यूँके थारे
खात्तर मेरै मन म्ह खास जगहां सै, इब मै कैद म्ह सूं, अर सुसमाचार की
सच्चाई नै साबित अर बचाव करण म्ह लागरया सूं, तो थम सब मेरै गैल
परमेसवर के अनुग्रह म्ह साझीदार सों। 8 इस म्ह परमेसवर मेरा गवाह
सै, के मै मसीह यीशु की तरियां लगाव करकै, थारे सारया की मिलण
की लालसा करुँ सूं। 9 मै या प्रार्थना करुँ सूं, कै थारा प्यार वास्तविक
ज्ञान अर अन्तरात्मा म्ह और भी बढ़ता जावै। 10 ताके थम आच्छी तै
आच्छी बात नै चुण सकों, अर मसीह कै बोहड़ण तक हरेक बुराई तै बचे
रहों, अर ठोक्कर ना खाओ। 11 अर उस धार्मिकता के काम नै जो यीशु
मसीह कै जरिये होवै सै, भरपूर होन्दे जाओ जिसतै परमेसवर की महिमा
अर बड़ाई होंदी रहवै। 12 हे बिश्वासी भाईयो, मै चाहूँ सूं के थम यो जाण
ल्यो, के जो मेरै पै बित्या सै, उसतै भोत सारे माणसां नै सुसमाचार पै
बिश्वास करया सै। 13 उरै ताहीं के महाराजा के राजभवन की सारी
पलटन अर बाकी सारे माणस यो जाणगे सै, के मै कैद म्ह सूं, क्यूँके मै
मसीह का दास सूं। 14 अर प्रभु म्ह जो बिश्वासी भाई सै, उन म्ह तै
घणखरे मेरै कैद होण कै कारण, साहस कै गैल परमेसवर का वचन
बिना डरे सुणावै सै। 15 कुछ लोग तो जळण अर झगड़े कै कारण मसीह
के सुसमाचार के बारें म्ह सुणावै सै, अर कई माणस भली इच्छा तै,
ताके मेरे वचन फैलाण म्ह मदद कर सकै। 16 भली इच्छा तै प्रचार
करण आळे प्यार तै प्रचार करै सै, क्यूँके वो जाणै सै, के मै सुसमाचार
के बचाव कै खात्तर जेळ म्ह बन्द सूं। 17 कई माणस तो जळण अर
बिरोध के कारण मसीह का प्रचार करै सै, यो सोचकै के मेरी कैद म्ह मेरै
खात्तर और क्लेश पैदा कर सकै। 18 तो के होया? सिर्फ यो के हर ढाळ
तै, बुरी इच्छा तै चाहे सच्चाई तै, मसीह के वचन का प्रचार हरेक जगहां
करया जाण लागरया सै, अर मै इसतै आनन्दित सूं अर आनन्दित रहूँगा
भी। 19 क्यूँके मै जाणु सूं, के थारी बिनती कै जरिये, अर पवित्र आत्मा
जो यीशु मसीह की ओड़ तै आया सै, इसका प्रतिफळ जो मेरे बिश्वास
म्ह बणे रहण अर कैद तै लिकड़ण का कारण होगा। 20 मै तो याए मन
तै लालसा अर आस राक्खूँ सूं, के मै किसे बात म्ह शर्मिन्दा ना होऊँ, पर
साहस कै साथ परमेसवर का वचन सुणा सकूँ, जिसा पैहले मन्नै सुण्या
था, चाहे मै जिन्दा रहूँ या मरु, मसीह की बड़ाई मेरी देह के जरिये होन्दी
रहवै। 21 क्यूँके मेरै खात्तर जिन्दा रहणा मसीह सै, अर मर जाणा और
भी आच्छा सै, क्यूँके मै मसीह कै धोरै चला जाऊँगा। 22 पर जै देह तै
जिन्दा रहणा ए परमेसवर के काम कै खात्तर फायदेमन्द सै, तो मै न्ही
जाणदा के किसनै चुणु। 23 क्यूँके मै उळझन म्ह सूं, के मै के करुँ, जी
तो करै सै, के मै दुनिया छोड़कै मसीह कै धोरै चला जाऊँ, क्यूँके यो
घणाए आच्छा सै, 24 पर देह म्ह रहणा थारे कारण और भी जरूरी सै,
ताके मै थारी मदद कर सकूँ। 25 इस करकै के मन्नै इसका भरोस्सा सै।
मै जाणु सूं के मै जिन्दा रहूँगा, बल्के सारा कै गेल्या रहूँगा, जिसतै थमनै
बिश्वास म्ह मजबूत कर सकूँ, अर उस म्ह आनन्दित रहों। 26 जिब मै
थारे धोरै बोहड़ के आऊँगा तो यीशु मसीह जो मेरे जरिये काम करण
लागरया सै, उसपै थम गर्व कर सकों सों। 27 सिर्फ इतणा करो, के
थारा चाल चलण मसीह कै सुसमाचार कै लायक हो जावै। चाहे मै आकै
थमनै देक्खूँ, चाहे ना भी आऊँ, तोभी थारे बारें म्ह योए सुणु, कै थारा
एक ए मकसद हो, अर एक मन होकै बिश्वास तै जो सुसमाचार तै आवै
सै, उसकै खात्तर मेहनत करते रहों। 28 अर किसे बात म्ह बिरोधियाँ तै
भय ना खाओ। उनकै खात्तर विनाश का, अर थारे खात्तर उद्धार का
साफ सबूत सै, अर यो परमेसवर की ओड़ तै सै। 29 क्यूँके मसीह कै
कारण थारे पै या अनुग्रह होया के ना केवल उसपै बिश्वास करो पर
उसकै खात्तर दुख भी ठाओ, 30 अर थमनै उसीए मेहनत परमेसवर कै
खात्तर करणी सै, जिसी थमनै मेरै ताहीं पैहले फिलीपी नगर म्ह करते
देख्या सै, अर इब भी सुणो सों के मै उसाए करुँ सूं।

**2** थम यीशु मसीह के कारण उत्साहित हो, अर जो उसका प्यार थारे
खात्तर सै, वो थमनै शान्ति देवै सै, क्यूँके पवित्र आत्मा कै गैल
थारी संगति सै, अर मसीह की करुणा अर दया थारे पै सै। 2 तो मेरा
यो आनन्द पूरा करो के एक मन रहों, अर एके प्यार, एके चित्त, अर
एके मनसा राक्खों। 3 मतलबीपण या झूठ्ठी बड़ाई कै खात्तर कुछ ना
करो, पर दीनता तै एक-दुसरे नै अपणे तै घणा आदर मान द्यो। 4 हरेक
अपणे ए हित की न्ही, बल्के दुसरयां कै हित की भी चिंता करै। 5 जिसा
मसीह यीशु का सुभाव था उसाए तेरा भी सुभाव हो। 6 यीशु, परमेसवर
कै समान होकै भी होकै भी परमेसवर कै बराबर होण नै अपणे बस
म्ह राक्खण की चीज ना समझ्या। 7 बल्के अपणा सारा सुर्गीय हक
छोड़ दिया, अर दास का रूप धारण करते होए माणस की समानता म्ह
होग्या। 8 अर माणस कै रूप म्ह जाहिर होकै अपणे-आपनै दीन करया,
अर परमेसवर का आज्ञाकारी रहया अर याड़ै तक के अपराधियाँ की
तरियां मौत, हाँ क्रूस की मौत भी सह ली। 9 इस कारण परमेसवर नै
उस ताहीं ऊँच्ची उपाधि दी, अर उसनै वो नाम दिया जो सारे नाम्मां म्ह
ऊँच्चा सै, 10 के जो सुर्ग म्ह अर धरती पै धरती कै नीच्चै सै, वे सारी

यीशु कै नाम की बड़ाई करै, 11 अर परमेसवर पिता की महिमा के
खात्तर हरेक इन्सान मान ले के यीशु मसीह ए प्रभु सै। 12 इस करकै हे
मेरै प्यारे बिश्वासी भाईयो, जिस ढाळ थम सदा तै हुकम मानते आये सों,
उसाए इब भी ना सिर्फ मेरै गैल रहंदे होए, पर खास करकै इब मेरै दूर
रहण पै, भी परमेसवर तै डरदे अर कापते होए अपणे उद्धार के काम नै
पूरा करो। 13 क्यूँके परमेसवर थारे म्ह काम करण लागरया सै, अर वोए
थमनै अपणी इच्छा अर सामर्थ देवै सै, वो काम करो जो उसनै पसन्द
सै। 14 सारे काम बिना कुड़कड़ाए अर बिना विवाद कै करया करो,
15 ताके थम परमेसवर की ऊलाद की तरियां इस दुनिया के बुरे अर
मतलबी माणसां के बीच म्ह पवित्र अर बेदाग जीवन जी सकों। दुनिया
के माणसां के बीच म्ह थम जीवन का वचन लिये होए, आसमान के
तारां के समान चमकों। 16 जिब मसीह बोहड़ै तो मन्नै गर्व करण का
कारण हो, ताके मेरी कोशिश अर मेरी मेहनत करणा बेकार ना होवै। 17
जिब मन्नै थारे ताहीं वचन सुणाया, तो थमनै यीशु मसीह पै बिश्वास
करया, अर अपणा जीवन भी सेवा खात्तर प्रभु ताहीं बलिदान दिया। इस
करकै मै प्रभु खात्तर मर भी जाऊँ, तोभी थारे साथ खुश अर आनन्दित
सूं। 18 उस्से तरियां थम भी आनन्दित होओ, अर मेरै गैल आनन्द करो।
19 मन्नै प्रभु यीशु मसीह म्ह आस सै, के मै तीमुथियुस नै थारे धोरै
तावळा-ए भेजूगाँ, ताके थारे हाल नै जाणकै, मै उत्साहित होऊँ। 20
क्यूँके मेरै धोरै तीमुथियुस के जिसा सुभाव आळा माणस और कोए न्ही
सै जो शुद्ध मन तै थारी चिंता करै। 21 क्यूँके सारे अपणे स्वार्थ की खोज
म्ह रहवै सै, परमेसवर के काम्मां खात्तर न्ही। 22 पर थम जाणो सों, के
तीमुथियुस तो बिश्वास लायक अर आच्छे सुभाव का सै, जिसा बेट्टा
पिता कै गेल्या रहवै सै, उसाए उसनै सुसमाचार कै फैलाण म्ह मेरै
गैल मेहनत करी। 23 इस करकै मन्नै आस सै, कै ज्यो ही मन्नै बेरा
लाग्गैगा के मेरा के हाल होगा, त्यों ही मै उसनै तावळी सी भेज देऊँगाँ।
24 अर मन्नै प्रभु म्ह भरोस्सा सै, के मै आप भी तावळा आऊँगा। 25
मन्नै इपफ्रुदीतुस नै थारे धोरै भेजणा जरूरी समझा, जो मेरा भाई अर
सहकर्मी साथी योध्दा, अर जरूरतां म्ह मेरी मदद करण आळा थारी
ओड़ तै भेज्जा गया दूत सै। 26 क्यूँके उसका मन थारे सारया म्ह लाग्या
रह्या था, अर वो बेचैन रहवै था क्यूँके थमनै उसकी बीमारी का हाल
सुण्या था। 27 पक्का वो बीमार तो होग्या था, उरै ताहीं वो मरण पै था,
पर परमेसवर नै उस ताहीं मरण न्ही दिया, अर सिर्फ उस्से पै न्ही पर मेरै
पै भी दया करी, ताके मन्नै दुख पै दुख ना हो। 28 इस करकै मन्नै उस
ताहीं भेजण का और भी जत्न करया, के तू उसतै फेर मिलकै आनन्दित
हो जा, अर मेरी भी चिन्ता घट जावै। 29 इस करकै तू प्रभु म्ह उसतै घणे
आनन्द कै गैल मिलये, अर इसा का आदर करया करिये। 30 क्यूँके वो
मसीह कै काम खात्तर अपणी जान जोखिम म्ह गेर कै मौत कै धोरै आ
ग्या था। ताके वो मेरी मदद कर सकै जिस काम नै थम कर न्ही पाये,
क्यूँके थम दूर थे।

**3** इस करकै हे मेरै बिश्वासी भाईयो, प्रभु म्ह आनन्दित रहों। वेए बात
थारे ताहीं बारबार लिखण म्ह मन्नै तो कोए दिक्कत कोनी होन्दी,
पर ये बात थमनै इस्से झूठ्ठे शिक्षाकां तै बचाकै राक्खैगी। 2 उन बुरे
माणसां तै चौक्कस रहों जो कुत्याँ कै समान सै, अर जो कहवै सै, के
उद्धार पाण खात्तर खतना करणा जरूरी सै। 3 हम्मे परमेसवर के सच्चे
लोग सां, जो पवित्र आत्मा की अगुवाई म्ह आराधना करा सां, अर
मसीह यीशु पै घमण्ड करा सां, पर अपणे उन काम्मां के जरिये न्ही जो
हम शरीर तै करा सां। 4 पर मै तो शारीरिक काम्मां पै घमण्ड राक्ख
सकू सूं। जै किसे और का शारीरिक काम्मां पै घमण्ड राक्खण का
विचार हो, तो मै उसतै भी बढ़कै राक्ख सकू सूं। 5 परमेसवर के हुकम
के मुताबिक जन्म के आठवे दिन मेरा खतना होया, मै जन्म तै इस्राएली
अर बिन्यामीन कै गोत्र का सूं, मेरे माँ-बाप इब्रानी थे, इस करकै मै भी
इब्रानी सूं, अर (मूसा नबी के) नियम-कायदा नै मानण के कारण मै
फरीसी भी था। 6 उत्साह कै बारें म्ह जै कहो तो कलीसिया का सतावण
आळा, अर सारे यहूदी नियम-कायदा नै मानण आळा था, इस करकै
लोग मन्नै धर्मी मान्नै थे। 7 पर जिन बात्तां नै मै लाभ की समझू था, उन
ताहीं मन्नै मसीह यीशु कै कारण नुकसान समझ लिया सै। 8 बल्के
अपणे प्रभु मसीह यीशु नै आच्छी तरियां जाणण के महत्व कै आग्गै, मै
बाक्की की सारी बात्तां नै बेकार समझू सूं। जिसकै कारण मन्नै उन
सारी चिज्जां ताहीं छोड़ दिया सै, अर उननै कूड़ा समझू सूं। ताके मै
मसीह नै आच्छी तरियां जाण सकू। 9 अर मै उसका कहलाऊँ, इब मेरी
अपणी धार्मिकता वा कोनी जो नियम-कायदा के पुगाण तै आवै सै,
बल्के मेरी धार्मिकता वा सै जो सिर्फ परमेसवर की ओड़ तै मसीह पै मेरे
बिश्वास करण के कारण आवै सै। 10 मै चाहूँ सूं, के मसीह नै जाण ल्यु।
अर मै उसके पुनरुत्थान के सामर्थ्य नै अनुभव करूँ, अर उसकै गैल
दुखां म्ह साझीदार हो कै मसीह की मृत्यु की समानता नै पा सकू। 11
ताके मै भी मरे होए माणसां म्ह तै जी उठण आळा म्ह शामिल हो जाऊँ।
12 इसका यो मतलब कोनी के मन्नै यो सारा काम करया सै, या मै
सिध्द हो लिया सूं, मै आग्गै बढ़ण की कोशिश करते जाण लागरया
सूं, ताके मन्नै वो मिल जावै, जिसकै खात्तर मसीह यीशु नै मेरै ताहीं
चुण्या सै। 13 हे मेरे बिश्वासी भाईयो, मेरे विचार तै मै इस ताहीं इब
तक पा न्ही सका सूं, पर हाँ, मै यो जरुर करण लागरया सूं, क्यूँके जो
बात हो ली सै, मै उननै भूलकै जो आग्गै होण आळा सै उसकै खात्तर
साच्चए बिधवां सै। 17 कोए भी कलीसिया का अगुवां जो अपणा काम
आच्छी तरियां करै सै उस ताहीं बड़ा सम्मान अर पर्याप्त वेतन पाण के
लायक मान्या जाणा चाहिए, खासकर जो लोग परमेसवर के सन्देस नै
पढ़ाण अर प्रचार करण म्ह कड़ी मेहनत करै सै। 18 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ
म्ह लिख्या सै, “नाज लिकाड़ण आळे बळध का मुँह ना बाँधिये,” क्यूँके
“मजदूर अपणी मजदूरी का हकदार सै।” 19 किसे भी कलीसिया के
अगुवै के बिरुध्द दो या तीन गवाह के बिना कोए भी उसनै दोषी ना
मान्नो। 20 पाप करण आळा नै सारया कै स्याम्ही समझा दे, ताके
बाक्की के बिश्वासी भी डरै। 21 परमेसवर, अर मसीह यीशु अर छाँटे
होड़ सुर्गदूत्तां नै मौजूद जाणकै मै तन्नै हुकम देऊँ सूं, के बिना भेदभाव
के तू इन हुकमां नै पूरा कर, अर सब कै गैल एक जिसा बरताव कर। 22
किसे ताहीं जल्दबाजी म्ह अगुवां ना बणाईये, अर जै तू इसा करै सै, तो
उसका जिम्मेदार भी तू खुद होवैगा, तू यो तय करकै मै कोए पाप न्ही
करुँगा। 23 आण आळे बखत म्ह सिर्फ पाणी ए का पीण आळा ना रह,
पर अपणे पेट के अर अपणे बार-बार बीमार होण कै कारण माड़ा-माड़ा
अंगूर का रस भी काम म्ह ल्याया कर। 24 मै कहूँ सूं, के किसे ताहीं
जल्दबाजी म्ह अगुवां ना बणाईये, क्यूँके कई लोग सब कै स्याम्ही पाप
करै सै, इसतै पैहले के उनका न्याय हो, बिश्वासियाँ कै स्याम्ही वे पापी
बण चुके सै, दुसरे माणसां के पाप दिखाई न्ही देन्दे, पर पाच्छै नजर
आवै सै। 25 उस्से तरियां तै जिब माणस आच्छे काम करै सै तो दुसरे
माणस उसके काम्मां नै देक्खै सै, अर जै इब न्ही दिखदे तो बाद म्ह वे
दिख जावै सै।

6 जितने बिश्वासी गुलाम सै, वे अपणे-अपणे माल्लिक का आदर करै,
ताके दुसरे लोग परमेसवर की अर म्हारी शिक्षा की बुराई ना करै। 2
जिनके माल्लिक बिश्वासी सै, वे अपणे माल्लिकां का अपमान ना करै,
यो जाणकै के इब तो वे उनके बिश्वासी भाई सै, बल्के वे उनकी सेवा
और भी ज्यादा मन तै करै, क्यूँके वे जो सेवा तै फायदा ठाण लागरे सै,
अर उननै वे मसीह म्ह अपणे भाईयाँ की तरियां प्यार करै, इन बात्तां का
उपदेश देंदा रह, अर उन ताहीं मानण खात्तर भी उत्साहित करदा रह। 3
जै कोए झूठी शिक्षा देवै सै अर खरी शिक्षा नै न्ही मानता, यानिके म्हारै
प्रभु यीशु मसीह की शिक्षा अर हुकम नै जिसतै परमेसवर नै महिमा
मिलै सै। 4 तो वो घमण्डी सै, अर किमे न्ही जाण्दा, बल्के इसा माणस
फालतू के मुद्दे अर शब्दां के बारै म्ह बहस करणा चाहवै सै, जिसतै
जळण, अर झगड़े, अर बुराई की बात, भुन्डे-भुन्डे शक, 5 अर उन
माणसां म्ह बेकार रगड़े-झगड़े पैदा होवै सै, जिनकी अकल खराब हो जा
सै, अर वे सच तै दूर हो गये सै, जो समझै सै, के परमेसवर की सेवा
करणा कमाई का साधन सै। 6 पर यो म्हारे खात्तर भला सै, के हम वो
करा जिसतै परमेसवर खुश होवै सै, अर उस्से म्ह सबर करा जो वो म्हारे
ताहीं देवै सै। 7 क्यूँके ना हम दुनिया म्ह किमे ल्याए सां, अर ना किमे
लेकै जा सकां सां। 8 जै म्हारै धोरै खाण अर पैहरण नै हो, तो इन्नै म्ह
सबर करणा चाहिये। 9 पर जो साहूकार होणा चाहवैं सै, वे हर तरियां
के पाप करण के जरिये धोक्खे म्ह पड़े सै, वे एक जानवर की तरियां
जाळ म्ह फँस जावै सै, वे उन चिज्जां नै करणा चाहवै सै जो उनकै
खात्तर बेकूफी अर खतरनाक सै अर येए इच्छा उनके नाश का कारण
बण जावै सै। 10 क्यूँके रपियाँ का लोभ सारे ढाळ की बुराई की जड़
सै, जिसनै पाण की कोशिश करदे होए घणखरयां नै मसीह की शिक्षा
पै बिश्वास करणा बन्द कर दिया सै, क्यूँके वे भोत पईसा चाहवै थे,
अर उननै अपणे-आप ताहीं कई ढाळ के दुखां तै छलनी कर लिया
सै। 11 पर हे तीमुथियुस, परमेसवर के जन, तू इन बात्तां तै भाज, अर
धर्म, बिश्वास, प्यार, धीरज, अर नम्रता कै पाच्छै चाल। 12 एक आच्छे
सिपाही की तरियां जो हार न्ही मानता, परमेसवर पै बिश्वास करणा अर
उसका कहणा मानना ना छोड़ै अर उस अनन्त जीवन नै पा ले, जिसकै
खात्तर तू बुलाया गया सै, अर भोत सारे माणसां के स्याम्ही तन्नै मान
लिया सै, के तू मसीह पै बिश्वास करै सै। (aiōnios g166) 13 मै तेरे ताहीं
परमेसवर नै, जो सब नै जीवन दे सै, अर मसीह यीशु नै गवाह मानकै

जिसनै पुन्तियुस पिलातुस कै स्याम्ही अपणे बारें म्ह बड़ी हिम्मत तै सच
बोल्या, यो निर्देश देऊँ सूं, 14 के जो परमेसवर नै तेरे ताहीं हुकम दिये
सै, उन सब ताहीं दिल तै मान, ताके कोए भी तन्नै प्रभु यीशु मसीह
के बोहड़ण तक गलत काम म्ह दोषी ना बता सकै। 15 परमेसवर जो
एकमात्र राजा सै, वोए महिमा कै लायक सै, जो राजयां का राजा, अर
प्रभुओ का प्रभु सै, वो मसीह ताहीं सही बखत पै जाहिर करैगा। 16 वोए
सै जो सदा खात्तर जिन्दा सै, अर वो उस चमकदार रोशनी म्ह रहवै सै,
जिसकै धोरै कोए न्ही आ सकदा, अर ना उस ताहीं किसे माणस नै
देख्या अर ना कदे देख सकै सै। उसकी प्रतिष्ठा अर राज्य युगानुयुग
रहवैगा। आमीन। **(aiōnios g166)** 17 इस दुनिया के साहूकारां नै आज्ञा दे,
के वे घमण्डी ना हों अर अपणे धन पै भरोस्सा ना राक्खै, जो के थोड़े
दिन का सै, पर परमेसवर पै भरोस्सा राक्खै, जो उदारता तै सब कुछ
देवै सै, जो हमनै चाहिए, ताके हम उसका आनन्द उठा सका। **(aiōn
g165)** 18 वे भलाई करै, अर भले काम्मां म्ह धनी बणै, अर उदार अर
मदद करण म्ह त्यार हों। 19 जै वे इसा करै सै, तो इसा लाग्गै सै, के वे
सुर्ग म्ह अपणी सम्पत्ति जमा करण लागरे सै, जो असलियत म्ह खू न्ही
सकदी, अर उस ताहीं सच्चा जीवन भी दिया जावैगा, जिसका मतलब
सै सदा का जीवन। 20 हे तीमुथियुस, वो सब कुछ करण म्ह सावधान
रह, जो परमेसवर नै तेरे ताहीं दिया सै, अर अभगति, बेकूफी भरी बात,
अर उस झूठ्ठी शिक्षा तै जो सच्ची शिक्षा के बिरोध म्ह सै, जिन ताहीं वे
ज्ञान की बात कहवै सै, उनतै दूर रह। 21 कई माणसां नै इस झूठ्ठे ज्ञान
ताहीं अपणालिया सै, अर कहवै सै, के हमनै ज्ञान सै, इसा करण तै वे
सच्ची शिक्षा तै दूर होगे सै, मै प्रार्थना करुँ सूं, के परमेसवर का अनुग्रह
उनपै भी अर थारे पै भी होन्दा रहवै।

# 2 तीमुथियुस

1 या चिट्ठी मुझ पौलुस की ओड़ तै सै, परमेसवर नै मेरे ताहीं मसीह
यीशु का प्रेरित होण खात्तर चुण्या सै, ताके मै यो सन्देस प्रचार कर
सकू, के परमेसवर नै अनन्त जीवन देण का वादा करया सै, जो यीशु
मसीह पै बिश्वास करण तै मिलै सै। 2 मै तीमुथियुस ताहीं या चिट्ठी लिखूँ
सूं, जिसतै मै प्यार करुँ सूं, अर मै प्रार्थना करुँ सूं, के पिता परमेसवर
अर म्हारै प्रभु मसीह यीशु की ओड़ तै तन्नै अनुग्रह, दया अर शान्ति
मिलदी रहवै। 3 मै परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं, जिसकी आराधना मै
साफ अन्तरात्मा तै उस्से ढाळ करुँ सूं, जिस तरियां मेरे पूर्वज करै थे, मै
अपणी प्रार्थनायां म्ह तन्नै दिन रात याद करुँ सूं। 4 मन्नै याद सै के
जिब मन्नै थारे ताहीं छोड़कै जाणा पड्या था, तो थम मेरे खात्तर किस
तरियां रोए थे। मै दिन-रात तेरे तै मिलण की लालसा राक्खूँ सूं, ताके
आनन्द तै भर जाऊँ। 5 मन्नै तेरी माँ यूनिके का खरा बिश्वास भी याद
सै, अर तेरी नानी लोइस का भी इसाए बिश्वास था, अर मन्नै पक्का
बिश्वास सै के थारा भी बिश्वास उसाए होगा सै। 6 इस्से कारण मै तन्नै
याद दुवाऊँ सूं के तू परमेसवर कै उस वरदान नै जो मेरै हाथ धरण कै
जरिये तन्नै मिल्या सै प्रज्वलित करदे। 7 क्यूँके परमेसवर नै म्हारै ताहीं
डरपोक न्ही बणाया, बल्के उसका आत्मा म्हारे मन मजबूत बणावै
सै, जो म्हारे ताहीं दुसरयां तै प्यार करण म्ह मदद करै सै, अर म्हारे
ताहीं अपणे-आप पै काब्बू राखणा सिखावै सै। 8 इस कारण म्हारै प्रभु
यीशु मसीह के बारें म्ह लोग्गां ताहीं बताण म्ह शर्मिन्दा मत होओ, अर
शर्मिन्दा होणा भी न्ही चाहिए, क्यूँके मै उसकी सेवा करण कै कारण
जेळ म्ह सूं, इसके बजाये थमनै उस शक्ति का इस्तमाल करणा चाहिए
जो परमेसवर थमनै देवै सै, अर सुसमाचार कै खात्तर मेरै गेल्या दुख नै
सह ल्यो। 9 परमेसवर नै म्हारा उद्धार करया सै, अर म्हारे ताहीं पवित्र
जीवन जीण खात्तर बुलाया सै। उसनै म्हारै ताहीं इस कारण कोनी
चुण्या के हमनै आच्छे काम करे सै, बल्के अपणी अनुग्रह अर इच्छा के
मुताबिक चुण्या सै। उसनै यीशु मसीह ताहीं भेजकै म्हारे उप्पर अनुग्रह
दिखाण की योजना दुनिया बणाण तै पैहले ए बणा ली थी। (aiōnios
g166) 10 पर इब म्हारै उद्धारकर्ता मसीह यीशु जाहिर होए, अर अपणी
करुणा दिखाई, जिसनै मौत की शक्ति ताहीं हरा दिया अर म्हारे ताहीं
सुसमाचार कै जरिये दिखाया के अनन्त जीवन का एक ए रास्ता सै। 11
जिसकै खात्तर परमेसवर नै मेरे ताहीं प्रचारक, प्रेरित, अर उपदेशक भी
बणाया। 12 इस कारण मै जेळ म्ह इन दुखां नै भी सहूँ सूं, पर सरमान्दा
कोनी, क्यूँके मै मसीह नै जाणु सूं, जिसपै मन्नै बिश्वास करया सै, अर
मन्नै पक्का बिश्वास सै के मसीह मेरी उस धरोहर की रक्षा जिब तक
करदा रहवैगा जिब तक के वो आ ना ले, क्यूँके वो भरोस्सेमंद सै। 13
जो खरी बात तन्नै मेरै तै सुणी सै, उन ताहीं उस बिश्वास अर प्यार कै
गैल, जो मसीह यीशु म्ह सै, अपणा बढ़िया नमूना बणाकै राख। 14 अर
उस धरोहर की रक्षा करो जो पवित्र आत्मा कै जरिये थारे ताहीं सौप्या
गया सै, जो म्हारै भित्तर रहवै सै। 15 तन्नै बेरा सै के आसिया परदेस के
भोत-से बिश्वासी भाईयाँ नै मेरै ताहीं छोड़ दिया सै, जिन म्ह फूगिलुस
अर हिरमुगिनेस भी शामिल सै। 16 उनेसिफुरुस कै कुण्बे पै प्रभु दया
करै, क्यूँके वो कई बार मेरै धोरै आया अर उसनै मेरे ताहीं उत्साहित
करया अर जेळ म्ह भी मेरे तै मिलण खात्तर आण म्ह शर्मिन्दगी महसूस
कोनी करी। 17 पर जिब वो रोम नगर म्ह आया, तो उसनै मेरे ताहीं हरेक
जगहां ढूंढ्या, अर ढूँढ कै मेरै तै मिल्या। 18 (प्रभु करै के उस दिन उसपै
प्रभु की दया हो)। जिब मै इफिसुस नगर म्ह था, तो उसनै वो सब कुछ
मेरे खात्तर करया जिसनै थम भी जाणो सों।

2 ज्यांतै हे मेरे बेट्टे तीमुथियुस, तू उस अनुग्रह म्ह जो मसीह यीशु म्ह
सै, मजबूत हो जा। 2 थमनै मेरे ताहीं कई माणसां के स्याम्ही मसीह
की शिक्षा के बारें म्ह सन्देस सिखान्दे देख्या होगा। इस करकै मै चाहूँ
सूं, के थम उन दुसरे बिश्वासियाँ ताहीं भी वोए सन्देस सिखाओ जिन
माणसां पै थम भरोस्सा करो सों, जो दुसरयां नै भी योए सन्देस सीखा
सकै। 3 इस्से तरियां एक सैनिक धीरज तै लड़ाई के मैदान म्ह सारे
दुख सहवै सै, थमनै भी सारे दुख सहण करणे पड़ैगें, जिसा हम मसीह
यीशु खात्तर सहवां सां। 4 जिब कोए सैनिक लड़ाई पै जावै सै, तो
उसका काम अपणे-आपनै दुनियादारी के काम्मां म्ह फसाणा कोनी
बल्के उसका काम अपणे भर्ती करण आळे नै खुश करणा सै। 5 जै दौड़
म्ह दौड़ण आळा सही तरीके तै न्ही दौड़ता तो वो ईनाम न्ही पा सकदा।
6 जो किसान मेहनत करै सै, फसल के पैहले हिस्से पै हक उसका सै।
7 या सोच्चों के ये उदाहरण हमनै के सिखाणा चाहवै सै, परमेसवर
इन सारी बात्तां नै समझण म्ह थारी मदद करै। 8 यीशु मसीह नै याद
राख, जो दाऊद की पीढ़ी तै पैदा होया अर जिस ताहीं परमेसवर नै मरे
होया म्ह तै जिन्दा करया, अर योए सुसमाचार सै जिसका हम प्रचार
करां सां। 9 क्यूँके मै सुसमाचार सुणाऊँ सूं, जिसकै खात्तर मै भुन्डे
काम करणीये की ढाळ दुख ठाऊँ सूं, उरै ताहीं के कैद भी सूं, पर कोए
भी चीज परमेसवर का सुसमाचार प्रचार करण तै लोग्गां नै रोक न्ही
सकदी। 10 इस कारण मै छाँटे होए माणसां कै खात्तर सब कुछ सहूँ सूं,
ताके वे भी यीशु मसीह पै बिश्वास करकै बच सकै अर अनन्त महिमा नै
हासिल कर पावैं। (aiōnios g166) 11 या बात साच्ची सै, के जै हम मसीह
कै गेल्या मरगे सां, तो उसकै गेल्या जीवांगें भी। 12 जै हम उसकै खात्तर
दुख सहन्दे रहवांगें, तो उसकै गेल्या राज भी करागें, जै हम इन्कार करां,
के हम उसनै न्ही जाणते, तो वो भी कह देवैगा, के वो भी हमनै न्ही
जाणता। 13 जै हम बिश्वासघाती भी हों, तोभी वो भरोसेमन्द बणा रहवै
सै, क्यूँके वो हमेशा अपणे सुभाव के मुताबिक काम कर करै सै। 14
बिश्वासियाँ नै ये बात समझा दे, अर प्रभु की मौजूदगी म्ह समझा दे, के
शब्दां पै बहस-बाजी ना करया करै, जिसतै कुछ फायदा कोनी होन्दा,
क्यूँके यो उन माणसां के उस बिश्वास नै नुकसान पुहचा सकै सै जो
उननै सुणै सै। 15 अपणे-आपनै परमेसवर का अपनाण जोग्गा अर इसा
काम करण आळा बणाण की कोशिश कर, जो शर्मिन्दा न्ही होण पावै,

अर जो सच कै वचन नै सही ढाळ तै समझा सकै। 16 पर दुनियावी अर
बेकार की बात्तां तै दूर रह, क्यूँके जो लोग दुनियावी अर बेकार की
बात्तां म्ह शामिल होवै सै, वे परमेसवर तै और घणे दूर हो जावै सै। 17
उनकी बातें सड़े घांव की ढाळ फैलदी जावैगी, जो दुसरयां के बिश्वास नै
कमजोर कर देंगी जो उन बात्तां नै सुणै सै, अर हुमिनयुस अर फिलेतुस
उनकी तरियां ए सै। 18 उननै सच्चाई पै बिश्वास करणा बन्द कर दिया
सै, वे कहवै सै के परमेसवर नै पैहले ए मरे होए बिश्वासियाँ ताहीं अनन्त
जीवन कै खात्तर जिन्दा करया था, इस करकै वे कुछ बिश्वासियाँ ताहीं
कहवै सै, के मसीह पै बिश्वास ना करो। 19 परमेसवर के लोग इसी नीम
की ढाळ सै जो हालदी कोनी, अर उस नीम पै या छाप लागरी सै: "प्रभु
अपणे माणसां ताहीं पिच्छाणै सै," अर "जो कोए प्रभु का नाम लेवै सै,
उसनै बुराई करणा छोड़ देणा चाहिए।" 20 एक बड़े घर म्ह ना सिर्फ
सोन्ने-चाँदी ए के, पर काठ अर माट्टी के बासण भी होवै सै, कुछ खास
मौक्कै, अर कुछ रोज कै खात्तर इस्तमाल करे जावै सै। 21 इस्से तरियां
जै कोए बिश्वासी अपणे-आपनै नै इन बुरी चिज्जां तै दूर कर लेवैगा,
तो वो माल्लिक के उस उपयोगी बासण की तरियां होवैगा, जो खास
मौक्का पै इस्तमाल करया जावै सै, वो पवित्र बण जावैगा, अर वो
माल्लिक कै जरिये हरेक भले काम कै खात्तर इस्तमाल करया जावैगा।
22 जवान्नी की अभिलाषाओं तै दूर भाज्जो, अर उनकी संगति म्ह रहों
जो धार्मिकता, बिश्वास, प्यार, अर शान्ति का सुभाव राक्खै सै, जो
साफ मन तै परमेसवर नै पुकारै सै। 23 पर बेकूफी अर अज्ञानता के
बहस तै दूर रह, क्यूँके तन्नै बेरा सै के इनतै झगड़े पैदा होवै सै। 24
प्रभु कै दास नै झगड़ालू न्ही होणा चाहिये, पर वो सब कै गेल्या नरम
अर शिक्षा म्ह निपुण अर सहनशील हो। 25 वो बिरोधियाँ नै नम्रता तै
समझावै, के बेरा परमेसवर उननै इसा मन देवै के वे पाप करणा छोड़ दे
ताके वे भी सच नै पिच्छाणै। 26 अर ये लोग आच्छी तरियां फेर तै
सोच्चण अर शैतान के धोक्खे तै बचण के लायक हो जावैंगे, अर यो
धोक्खा एक फंदे के तरियां सै। शैतान नै उन ताहीं इस खात्तर पकड्या
सै, ताके जो वो चाहवै सै वो उनतै करवा सकै।

**3** मै इब के कहूँ सूं, उन बात्तां पै ध्यान दे अन्त के दिनां म्ह कष्ट
का बखत भी आवैगा। 2 क्यूँके माणस स्वार्थी, लोभ्भी, डिंगमार,
अभिमानी, बुराई करण आळे, माँ-बाप का हुकम टाळण आळे, अहसान-
फरमोस, अपवित्र, 3 निर्दयी, माफ ना करण आळे, दोष लाण आळे,
असंयमी, कठोर, भले के बैरी, 4 बिश्वासघाती, ढ़ीठ, घमण्डी, अर
परमेसवर के न्ही बल्के सुखविलास ए के चाहणआळे होंगे। 5 वे भगति
का भेष तो धरैगें, पर वे उस शक्ति नै अपणावै कोनी, जो उननै ईश्वरीय
बणा सकै सै, इसा तै परै रहियो। 6 इन्हे म्ह तै वे माणस सै जो घरां म्ह
दबे पाँ बड़ जावै सै, अर उन लुगाईयाँ ताहीं बस म्ह कर लेवैं सै, जो पापां
तै दबी अर हरेक ढाळ की अभिलाषायां कै बस म्ह हो सै। 7 अर वे
हमेशा नई बात सिखदी तो रहवैं सै, पर सच की पिच्छाण तक कदे न्ही
पोहोचदी। 8 जिस तरियां यत्रेस अर यम्ब्रेस नै मूसा नबी का बिरोध
करया था, उस्से तरियां ए ये भी सच का बिरोध करै सै, ये इसे माणस
सै, जिनकी बुद्धि भ्रष्ट होगी सै अर वे बिश्वास कै बारै म्ह निकम्मे सै। 9
उनकी कामयाबी थोड़े बखत की थी, क्यूँके जिस तरियां माणसां नै मान
लिया के यत्रेस अर यम्ब्रेस बेकूफ थे, अर हर कोए यो स्वीकार कर लेगा
के वे बेकूफ सै। 10 पर तन्नै उपदेश, चाल-चलण, मनसा, बिश्वास,
सहनशीलता, प्यार, धीरज, अर सताए जाण, अर दुख ठाण म्ह मेरा
साथ दिया, अर इसे दुखां म्ह भी जो अन्ताकिया नगर अर इकुनियुम अर
लुस्त्रा नगरां म्ह मेरै पै आण पड़े थे, अर दुसरे दुखां म्ह भी जो मन्नै ठाए
सै, पर प्रभु नै मेरै ताहीं उन सारया तै छुटा लिया। 12 पर जितने मसीह
यीशु म्ह भगति कै गेल्या जीवन बिताणा चाहवैं सै वे सारे सताए जावैंगे।
13 पर दुष्ट अर भकाण आळे बिगड़दे चले जावैंगे, वे दुसरयां नै धोक्खा
देवैगें, अर खुद दुसरयां तै धोक्खा खावैंगे। 14 थमनै बिश्वास करते रहणा
चाहिए जो हमनै थारे ताहीं सिखाया सै, क्यूँके थम हमनै जाणो सों, अर
म्हारे पै भरोस्सा कर सको सों जिननै थारे ताहीं ये बातें सिखाई सै।
15 जिब थम छोट्टे बाळक थे, जिब तै ए थमनै अपणे पवित्र ग्रन्थां म्ह
सिख्या सै, जो थारे ताहीं या समझण म्ह मदद करै के जिब थम मसीह
यीशु म्ह बिश्वास करो सों तो परमेसवर थमनै बचावै सै। 16 साब्ता
पवित्र ग्रन्थ परमेसवर की प्रेरणा तै रच्या गया, अर म्हारे ताहीं सिखाण
खात्तर उपयोगी सै, के सच के सै, अर म्हारे ताहीं यो महसूस करण
खात्तर के म्हारी जिन्दगी म्ह के गलत सै। यो म्हारी गलतियाँ नै सुधारै,
जिब हम गलत होवां सां, अर वोए करणा सिखावै सै जो सही सै। 17
ताके परमेसवर का जन हरेक भले काम करण खात्तर त्यार अर सिध्द
बण जावै।

**4** जिब मसीह यीशु राजा के रूप म्ह शासन करण खात्तर आवैगा, तो
वो उन जिन्दे अर मरे होए माणसां का न्याय करैगा जो मर चुके सै,
तो गवाह के रूप म्ह परमेसवर अर मसीह कै साथ, मै ईमानदारी कै
साथ थारे तै आग्रह करुँ सूं। 2 के तू परमेसवर के वचन का प्रचार कर,
परमेसवर के वचन ताहीं सुणाण खात्तर सदा तैयार रह, चाहे लोग इस
ताहीं सुणणा चाहवै या ना चाहवै, ताके थम माणसां नै दिखा सको, के
जो उननै करया सै, वो गलत करया सै, अर उनके पापां खात्तर उन ताहीं
डाट सको, पर थम माणसां नै उत्साहित भी करो जिब थम उननै बड़े
धीरज तै सिखाओ सों। 3 क्यूँके इसा बखत आवैगा जिब माणस खरयां
उपदेश न्ही सह सकैगें, पर अपणी ए इच्छा पूरी करैगें अर वे अपणे
खात्तर कई उपदेशक कठ्ठे करैगें जो उपदेश वे सुणणा चाहवै सै उन
ताहीं वे बतावैगें। 4 अर वे सच्चाई नै अणदेखा कर देवैगें, अर झूठ्ठी
कथा-कहाँनियाँ पै मन लगावैंगे। 5 थमनै हरेक बखत अपणे-आप पै
काब्बू राखणा चाहिए, दुख ठा, सुसमाचार प्रचार का काम कर, अर
परमेसवर के जरिये दी गई सेवा नै पूरी कर। 6 जै वे मन्नै मार भी देवैगें,
तो मेरी जिन्दगी परमेसवर ताहीं चढ़ाई गई एक भेट की तरियां होगी।

इस दुनिया ताहीं छोड़ण का इब मेरा बखत आ लिया सै। 7 मन्नै मसीह
की सेवा करण खात्तर कड़ी मेहनत करी सै, मन्नै अपणी दौड़ पूरी कर
ली सै, मन्नै आखरी तक उसपै बिश्वास करया। 8 आण आळे बखत
म्ह प्रभु मेरै ताहीं मुकुट देवैगा, जो के धार्मिकता का मुकुट सै, वो जो
सच्चा न्याय करै सै, अर मन्नै वो ईनाम देवैगा जिब बोहड़ के आवैगा
बल्के मेरे ताहीं ए न्ही उन सब ताहीं भी देवैगा, जो उसके दुबारा आण
की बाट बड़ी आस तै देखण लागरे सै। 9 मेरै धोरै तावळा आण की
कोशिश कर। 10 क्यूँके देमास नै इस दुनिया की चिज्जां तै प्यार करया
सै, अर मेरै ताहीं छोड़ दिया सै, अर वो थिस्सलुनीके नगर म्ह चल्या
गया सै। क्रेसकेंस, गलातिया नगर की ओड़ चल्या गया अर तीतुस
दलमतिया परदेस कान्ही चल्या गया सै। (aiōn g165) 11 सिर्फ लूका मेरै
गैल सै। मरकुस नै लेकै चल्या आ, क्यूँके वो मेरे काम करण म्ह मेरी
मदद करैगा। 12 तुखिकुस ताहीं मन्नै इफिसुस नगर म्ह भेज्या सै। 13
जो चोल्ला, मै, त्रोआस नगर म्ह करपुस के घर छोड़ आया सूं, जिब तू
आवै तो उस ताहीं अर उस किताब ताहीं भी लेंदे आईये, खास करकै
चर्मपत्रों नै। 14 सिकन्दर ठठेरे नै मेरा बड़ा नुकसान करया सै, प्रभु
उस ताहीं उसकै काम्मां कै मुताबिक बदला देवैगा। 15 तू भी उसतै
चौकन्ना रह, क्यूँके उसनै म्हारी शिक्षायां का घणाए बिरोध करया सै।
16 पैहली बार मै खुद नै बचाण खात्तर अदालत गया, कोए भी मेरे गैल
न्ही था, पर सब नै मेरे ताहीं छोड़ दिया, परमेसवर इस बात का दण्ड
उननै ना देवै, मै प्रार्थना करुँ सूं, मेरे ताहीं छोड़ण के कारण उन ताहीं
परमेसवर माफ करदे। 17 पर मेरे गैल मेरा प्रभु मददगार रहया, मेरे
जरिये सन्देस की घोषणा पूरी तरियां सम्पन्न हो जावै अर उरै जितने भी
गैर यहूदी लोग मौजूद सै, ये बात सुण ले, के उसनै मेरे ताहीं मौत के मुँह
म्ह तै छुड़ाया। 18 अर प्रभु मन्नै हरेक भुन्डे काम तै छुड़ावैगा, अर वो
अपणे सुर्गीय राज्य म्ह सही-सलामत ले जावैगा। उस्से की महिमा
युगानुयुग होन्दी रहवै। आमीन। (aiōn g165) 19 प्रिसकिल्ला अर उसका
धणी अक्विला अर उनेसिफुरुस कै कुण्बे नै मेरी ओड़ तै नमस्कार। 20
इरास्तुस कुरिन्थुस नगर म्ह रह गया, अर त्रुफिमुस ताहीं मन्नै मीलेतुस
नगर म्ह बीमार छोड्या सै। 21 जाड्डे तै पैहल्या चले आण की कोशिश
कर। यूबूलुस, अर पूदेंस, अर लीनुस अर क्लौदीया, अर सारे बिश्वासी
भाईयाँ की ओड़ तै तन्नै नमस्कार। 22 मै प्रार्थना करुँ सूं, के प्रभु तेरी
आत्मा कै गैल रहवै। थारे पै अनुग्रह होंदा रहवै।

# तीतुस

**1** या चिट्ठी मुझ पौलुस की ओड़ तै सै, जो परमेसवर का दास अर यीशु
मसीह का प्रेरित सै, मै इस करकै भेज्जा गया सूं ताके उन माणसां
कै बिश्वास नै स्थापित कर सकूँ जिन ताहीं परमेसवर नै चुण्या सै, अर
उन ताहीं सीखा सकूँ के वो उस सच्चाई नै जाण सकै, जो उन ताहीं
दिखा सकै के पवित्र जिन्दगी किस तरियां जीणी सै। 2 वे हमेशा के
खात्तर परमेसवर के साथ रहण की आस करै सै, क्यूँके परमेसवर, जो
कदे झूठ न्ही बोल्दा, उसनै दुनिया बणाण तै पैहले वादा करया था के
उसके लोग हमेशा खात्तर जिन्दा रहवैंगे। (aiōnios g166) 3 अर ठीक
बखत पै परमेसवर नै यो सुसमाचार म्हारे पै जाहिर करया, अर हमनै यो
सुसमाचार सारया ताहीं सुणाया। परमेसवर जो म्हारा उद्धारकर्ता सै,
उसनै मेरे ताहीं या जिम्मेदारी दी सै, अर अपणा काम करण खात्तर मेरे
ताहीं उसनै हुकम दिया सै। 4 मै या चिट्ठी तीतुस नै लिखूँ सूं, मसीह पै
बिश्वास करण के नाते तू मेरे आत्मिक बेट्टे की तरियां सै, मै प्रार्थना
करूँ सूं, के पिता परमेसवर, अर म्हारै उद्धारकर्ता प्रभु मसीह यीशु की
ओड़ तै तन्नै अनुग्रह, दया अर शान्ति मिलदी रहवै। 5 मै इस करकै
तन्नै क्रेते टापू म्ह छोड़ आया था, ताके तू ओड़ै उस काम नै खतम
कर सकै जो अधूरा रहग्या था, अर मेरै हुकम कै मुताबिक उस टापू के
हरेक नगर म्ह कलीसिया के अगुवां नै तैयार कर सकै, जिसा मन्नै
कह्या सै। 6 अगुवां बेकसूर अर एके पत्नी का पति हो, जिनके बाळक
बिश्वासी हो, अर उन म्ह लुचपण अर निरंकुशता का दोष ना हो। 7
क्यूँके अगुवां, नै परमेसवर का भण्डारी होण के कारण बेकसूर होणा
चाहिए, ना जिद्दी, ना गुसेल, ना पियक्कड़, ना मारपीट करण आळा, ना
नीच कमाई का लोभी हो, 8 पर मेहमान का आदर करण आळा, भलाई
का चाह्ण आळा, अपणे-आप्पे म्ह रहण आळा, न्यायकारी, पवित्र अर
अपणे मन नै काब्बू राक्खण आळा हो। 9 वो यीशु मसीह के सन्देस के
बारें म्ह मजबुत्ती तै बिश्वास करदा हो, जो हमनै थारे ताहीं सिखाया सै,
अर वो दुसरयां ताहीं उत्साहित कर सकै, ताके वे सही शिक्षा का पालन
कर सकै, अर उन ताहीं भी समझा सकै जो सही शिक्षा का बिरोध करै
सै। 10 क्यूँके भोत-से माणस सही शिक्षा के बिरुध्द खड़े होवैंगे, जो
बेकार की बात सिखावै सै अर जो दुसरयां ताहीं धोक्खा देवै सै, उन म्ह
तै कुछ लोग यहूदी सै जो बिश्वासी बणगे सै। 11 इन माणसां ताहीं
सिखाण का मौक्का न्ही देणा चाहिए, क्यूँके वे इसी शिक्षा देवै सै जो
उन ताहीं देणी न्ही चाहिए, अर ये पूरे घराने का बिश्वास खतम कर देवै
सै, अर वे यो इस खात्तर करै सै ताके उन ताहीं पईसे मिल सकै। 12 उन
म्ह तै एक जण्यै नै, जो उनका नबी सै, कह्या सै, "क्रेते नगर का माणस
जिस ताहीं वे नबी मान्नै सै उसनै क्रेती के माणस के बारें म्ह कह्या, के ये
सदा झूठ बोल्लै सै, ये जंगली-जानवरां की तरियां बरताव करै सै, ये
आलसी होवै सै अर ये भोत पेट्टू सै।" 13 या बात क्रेती माणसां के
बारें म्ह सच सै, इस करकै उननै सखताई तै चेतावनी दिया कर, के वे
यीशु मसीह की सच्ची शिक्षा पै बिश्वास करै। 14 अर यहूदिया की कथा
कहानियाँ अर माणसां के हुकम पै मन ना लगावै, जो सच तै भटक जावै
सै। 15 वे माणस जिनकै मन म्ह कोए पाप कोनी, उनकै खात्तर सारी
चीज शुद्ध सै, पर उन माणसां खात्तर जो बुरे सै, अर जो मसीह यीशु पै
बिश्वास कोनी करते, उन खात्तर कोए भी चीज शुद्ध कोनी, वे हर बखत
बुरे काम करै सै, क्यूँके उनका मन पूरी तरियां अशुद्ध हो लिया सै। 16 ये
झूठ्ठे शिक्षक कहवै सै, के हम परमेसवर नै जाणा सां, पर उनके काम
दिक्खै सै, के वो परमेसवर ताहीं न्ही जाणते क्यूँके वे घृणित अर हुकम
ना मानण आळे सै, अर किसे आच्छे काम कै लायक कोन्या।

**2** पर तीतुस तेरे खात्तर योए सही सै के तू बिश्वासियाँ ताहीं वोए सीखा
जो सच्ची शिक्षा कै मुताबिक हो। 2 यानी के बूढ़े माणस शान्त
गम्भीर अर संयमी हो, अर उनका बिश्वास, प्यार अर धीरज पक्का हो।
3 इस ढाळ बूढ़ी बिरबानियाँ का बरताव इसा हो के परमेसवर नै महिमा
मिलै, वे लाच्छण लगाण आळी अर पियक्कड़ न्ही हो, पर आच्छी बात
सिखाण आळी हो। 4 जवान बिरबानियाँ नै तीतुस तै न्ही बल्के बूढ़ी
बिरबानियाँ तै निर्देश पाणा चाहिए, ताके वो उन ताहीं सीखा सकै किस
तरियां अपणे धणी अर बाळकां तै प्यार करै। 5 अर वे मन पै काब्बू
राक्खण आळी, पतिव्रता, घर का कामकाज सम्भाळण आळी, भली
अर अपणे-अपणे धणी कै प्रति बिश्वास लायक हो, ताके कोए परमेसवर
के वचन की बुराई ना कर सकै। 6 इसे तरियां जवान माणसां नै भी
समझाया कर, के वे खराई तै चाल्लण आळे हो। 7 हरेक काम म्ह तू
अपणे आच्छे बरताव तै दुसरयां खात्तर एक मिसाल बण जा, जिब तू
बिश्वासियाँ ताहीं परमेसवर के बारें म्ह सिखावै सै, तो उन ताहीं आच्छे
मकसद तै सीखा, अर इसा सीखा ताके लोग तेरा आदर कर सकै। 8
तेरी शिक्षाओं म्ह हमेशा सच्चाई हो, जिसकी आलोचना ना हो सकै,
जिसतै बिरोधी नै म्हारै म्ह कोए दोष लगाण का मौक्का ना मिलै अर वो
खुद पै शर्मिन्दा हो जावै। 9 नौकरां नै समझा के अपणे-अपणे माल्लिक
कै कह्ये म्ह रहवै, अर सारी बात्तां म्ह उसनै राज्जी राक्खै, अर उल्ट
कै जवाब ना दे। 10 चोरी चलाकी ना करो, अर हमेशा यो दिक्खै के
वो बिश्वास लायक सै, अर थारे आच्छे सुभाव नै देखकै, वे भी म्हारे
उद्धारकर्ता परमेसवर की शिक्षा ताहीं सुणणा चाहवैगें। 11 परमेसवर नै
अपणा अनुग्रह इस बात म्ह जाहिर करया के उसनै मसीह यीशु ताहीं
म्हारा उद्धारकर्ता बणाकै भेज दिया, ताके हरेक माणस बचाए जा सकै।
12 अपणी दया के कारण परमेसवर म्हारे ताहीं सिखावै सै, के हम उन
तरिक्कां तै बरताव करणा बन्द कर द्या, जो उस ताहीं खुश न्ही कर
सकदे, अर इसी लालसा ना राक्खा जिसी अबिश्वासी लोग राक्खै सै,
पर बुध्दिमानी अर धार्मिकता तै बरताव करां, अर इसा बरताव करा जो
परमेसवर नै पसन्द हो, जिब तक हम दुनिया म्ह रहवां। (aiōn g165) 13
हम इस तरिक्कें तै बरताव करा, जिसा के हम उस अदभुत दिन की बाट
देखदे हो, जिसकी हम आस राक्खां सां, यो वो दिन सै जिब यीशु मसीह
जो म्हारा परमेसवर अर उद्धारकर्ता सै बड़ी महिमा म्ह इस दुनिया म्ह

बोहड़ के आवैगा। 14 इस मसीह यीशु नै अपणे-आप ताहीं म्हारे पापां
खात्तर बलिदान कर दिया, ताके हम सारे पापां तै आजाद हो जावां, अर
म्हारे ताहीं शुद्ध करया ताके हम उसके अपणे खास माणस बण जावां,
जो भले काम करण की बड़ी इच्छा राक्खै सै। 15 पूरे अधिकार कै गैल
इन सारी बात्तां की शिक्षा देते होए लोग्गां नै समझा अर उत्साहित करदा
रह, अर कोए तन्नै तुच्छ न्ही जाणण पावै।

**3** बिश्वासियाँ नै याद दुआ के हाकिमां अर अधिकारियां का आदर कर,
अर उनका हुकम मान्नै, अर दुसरयां का भला करदे रहो। 2 किसे
नै बदनाम ना करै, अर ना झगड़ालू बणै, पर दुसरे माणसां कै खात्तर
दया दिखाण आळे बणो, अर सारे माणसां कै गैल बड़ी नरमाई के गैल
रहवै। 3 क्यूँके हम भी पैहल्या बेअक्ल, परमेसवर का हुकम ना मानण
आळे, भ्रम म्ह पड़े होए अर न्यारी-न्यारी ढाळ की बुरी अभिलाषा अर
सुखभोगण की गुलामी म्ह, अर बैरभाव अर माणसां के प्रति जळण
करण म्ह जीवन बिताण लागरे थे, हम घृणा के लायक माणस थे, अर
हर कोए म्हारे तै घृणा करै था, अर हम भी उनतै घृणा करा थे। 4 पर
फेरभी परमेसवर जो म्हारा उद्धारकर्ता सै उसनै अपणी दया अर प्यार
हम माणसां पै दिखाया। 5 उसनै म्हारे ताहीं पापां के दण्ड तै बचाया,
अर यो धार्मिक काम्मां के जरिये न्ही होया जो हमनै खुद करे, पर उसनै
म्हारे पै दया करी। उसनै म्हारे ताहीं पवित्र आत्मा देण कै जरिये बचाया,
जो म्हारे पापां नै माफ करै सै, अर हमनै नई जिन्दगी अर नया सुभाव
देवै सै। 6 परमेसवर नै मुफ्त म्ह पवित्र आत्मा दिया ताके वो म्हारे म्ह
सामर्थी रूप तै काम करै क्यूँके मसीह यीशु म्हारे पापां खात्तर मरया
अर म्हारा उद्धारकर्ता बण गया। 7 ताके हम अनन्त जीवन की आस
राक्ख सका, जिसका परमेसवर नै अपणे माणसां ताहीं देण का वादा
करया सै, अर हमनै उसपै पूरा भरोस्सा सै, क्यूँके वो अपणी करुणा के
मुताबिक म्हारे ताहीं धर्मी बणावै सै। **(aiōnios g166)** 8 या बात सच
सै, अर मै चाहूँ सूं, के तू इन बात्तां के बारें म्ह मजबूती तै बोल्लै इस
करकै के जिननै परमेसवर पै बिश्वास करया सै, वे भले काम करण
खात्तर हमेशा ध्यान लगावैंगे। ये बात भली अर माणसां के फायदे
की सै। 9 पर बेवकूफी के विवादों, पीढियाँ, बिरोध अर झगड़ा तै जो
मूसा नबी के नियम-कायदा के बारें म्ह हो, इनतै बचा रह, क्यूँके वे
फायदेमन्द कोनी बल्के बेकार सै। 10 तू उन माणसां नै एक दो बार
समझा जो कलीसिया म्ह फूट गेरै सै, अर उन ताहीं इसा करण तै मना
कर, उसकै बाद उनपै और बखत बरबाद ना करै। 11 तन्नै पक्का बेरा
सै, के इस ढाळ का माणस भटक ग्या सै, अर अपणे काम्मां के जरिये
दोषी ठहराया जावैगा। 12 जिब मै तेरे धोरै अरतिमास या तुखिकुस नै
भेज्जूँ तो मेरै धोरै निकुपुलिस नगर आण की कोशिश करिये, क्यूँके
मन्नै ओड़ैए जाड्डा लिकाड़ण का मन बणाया सै। 13 जेनास वकील अर
अपुल्लोस जै सफर खात्तर आग्गै जावै, तो जो मदद थम उनकी कर
सको तो वा जरुर करियो। 14 इतणाए न्ही बल्के तू बिश्वासियाँ नै यो
सीखा, के वो अपणा ध्यान कड़ी मेहनत करण म्ह लगावै, ताके उन
माणसां खात्तर जिनकै धोरै सै कोनी उनकी जरूरत पूरी हो सकैं, अर वे
एक आच्छे मकसद के साथ जिन्दगी जी सकै। 15 मेरै सारे साथियाँ की
ओड़ तै तेरे ताहीं नमस्कार। जो बिश्वास कै कारण म्हारै तै प्यार करै सै,
उननै भी नमस्कार। थारे सारया पै परमेसवर का अनुग्रह होंदा रहवै।

# फिलेमोन

1 या चिट्ठी मुझ पौलुस, की ओड़ तै सै, जो मसीह यीशु का कैदी
सै। हे फिलेमोन, मेरी अर बिश्वासी भाई तीमुथियुस की ओड़ तै
तन्नै नमस्कार। तू म्हारा प्यारा मित्तर अर मसीह के काम करण म्ह
म्हारा साझीदार सै। 2 मै भाण अफफिया, अर अरखिप्पुस ताहीं जो
परमेसवर की सेवा एक सिपाही की तरियां करण लागरया सै, अर उस
कलीसिया नै भी लिखूँ सूं, जो फिलेमोन के घर म्ह कठ्ठी हो सै। 3 मै
प्रार्थना करुँ सूं, के म्हारे पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़
तै थमनै अनुग्रह अर शान्ति मिलती रहवै। 4 मै जिब भी थारे खात्तर
प्रार्थना करुँ सूं, तो मै सारी हाण थारे खात्तर परमेसवर का धन्यवाद
करुँ सूं। 5 मै प्रभु यीशु मसीह पै थारे बिश्वास अर परमेसवर के पवित्र
माणसां के प्रति प्यार के बारें म्ह सुणदा रहूँ सूं। 6 मै प्रार्थना करुँ सूं, के
जो बिश्वासियाँ गैल थारी साझेदारी सै, उन भली चिज्जां के जाणण के
जरिये जो परमेसवर नै म्हारे ताहीं दी सै, वा और घणी बढ़ती जावै। अर
या म्हारे मसीह की महिमा खात्तर हो। 7 क्यूँके हे बिश्वासी भाईयो, मै
भोत खुश सूं, अर मेरे प्रति थारे प्यार तै मै घणा उत्साहित सूं, अर इस
कारण पवित्र माणसां नै घणी खुशी मिली सै। 8 जो हक मेरे ताहीं
मसीह नै दिया सै, उसकी बजह तै मै थमनै हुकम दे सकूँ सूं, के थमनै के
करण की जरूरत सै, पर मै इसा कोनी करुँ, मै पौलुस, बुजुर्ग माणस
होण के नाते अर मसीह यीशु का कैदी होण के कारण थारे तै प्यार तै
बिनती करुँ सूं। 10 मेरी बिनती या सै के उनेसिमुस जो मेरै बाळक की
तरियां सै, वो मसीह म्ह मेरा आत्मिक बेट्टा जिब बण्या जिब मै कैद म्ह
था, थम उसपै दया करियो। 11 वो तो पैहला तेरे किमे काम का ना था,
पर इब तेरे अर मेरै दोनुआ कै खात्तर बड़े काम का सै। 12 उस्से नै यानी
जो मेरै दिल का टुकड़ा सै, मै तेरे धोरै भेज्जू सूं। 13 उसनै मै अपणे ए
धोरै राखणा चाहूँ था, ताके वो तेरी जगहां मेरी मदद कर सकै, जिब के
मै मसीह का सुसमाचार सुणाण कै खात्तर कैद म्ह सूं। 14 पर मन्नै
तेरी इच्छा बगैर कुछ भी न्ही करणा चाह्या। मै चाहूँ था के तू मेरी मदद
मजबूरी म्ह न्ही पर खुद की इच्छा तै खुशी तै करै। 15 हो सकै सै के
परमेसवर नै उनेसिमुस ताहीं, तेरे तै इस करकै थोड़े बखत खात्तर दूर
जाण का मौक्का दिया, ताके वो मसीह पै बिश्वास कर सकै, अर उसकी
बजह तै तू सदा खात्तर उसनै पा लेवै। (aiōnios g166) 16 पर इब वो
तेरा दास ए कोनी बल्के दास तै भी बढ़कै, यानी बिश्वासी भाई सै।
मै उसतै भोत प्यार करुँ सूं, पर इब तू मेरे तै भी ज्यादा उसतै प्यार
कर, दास की तरियां न्ही, पर बिश्वासी भाई की तरियां। 17 इस करकै
जै तू मन्नै अपणा साझीदार समझै सै, तो उनेसिमुस जिब थारे धोरै
बोहड़ के आवैगा, तो उसनै प्यार तै अपणा लियो, जिस तरियां थम मन्नै
अपणाओ सों। 18 जै उसनै तेरा कुछ भी नुकसान करया सै, या उसपै
तेरा कुछ कर्ज सै, तो आकै दे दियुँगा। 19 मै पौलुस अपणे हाथ तै
लिखूँ सूं, के उसका कर्जा मै आप दे दियुँगा, तू खुद जाणै सै, जै मै
तेरी मदद न्ही करदा, तो तन्नै नई जिन्दगी न्ही मिलती, इस करकै तू
जिन्दगी भर मेरा कर्जदार सै। 20 हे मेरे प्यारे भाई, मेरे खात्तर योए
कर क्यूँके हम बिश्वासी भाई सां, अर तेरे इसा करण तै मै मसीह म्ह
उत्साहित हो जाऊँगा। 21 मै तेरे पै भरोस्सा करकै तेरे तै लिखूँ सूं, अर
या जाणु सूं के जो कुछ मै कहूँ सूं, तू उसतै घणा बढ़कै करैगा। 22 अर
या भी कै मेरै खात्तर रुकण की जगहां तैयार राक्खै। मन्नै उम्मीद सै, के
परमेसवर थारी प्रार्थनायां का जवाब देवैगा, अर मै थारे धोरै आकै थमनै
देख पाऊँगा। 23 इपफ्रास, जो मेरै गैल जेळ म्ह कैद सै, क्यूँके वो यीशु
मसीह की सेवा करै सै थारे ताहीं नमस्कार कहवै सै। 24 अर मरकुस,
अरिस्तर्खुस, देमास अर लूका जो मेरे गैल परमेसवर का काम करणीये
सै, इनका भी तेरे ताहीं नमस्कार। 25 मै प्रार्थना करुँ सूं, के म्हारे प्रभु
यीशु मसीह का अनुग्रह थारे साथ होंदा रहवै। आमीन।

# इब्रानियों

1 पैहल्ड़े युग म्ह परमेसवर नै म्हारे पूर्वजां तै भोत बार अर अलग-
अलग ढाळ तै नबियाँ के जरिये बात करी। 2 पर इन आखरी के
दिनां म्ह म्हारै तै, अपणे बेट्टे के जरिये बात करी। परमेसवर नै सारी सृष्टि
की रचना अपणे बेट्टे के जरिये करी अर उसनै उस ताहीं सारी चिज्जां का
वारिस बणाया। (aiōn g165) 3 बेट्टा ए परमेसवर की महिमा का चाँदणा
सै अर उस म्ह हम देक्खां सां, के वो किसा सै, अर सारी चिज्जां नै
अपणे शक्तिशाली हुकम तै सम्भाळै सै। वो माणसां के पापां की माफी
का कारण बण्या, अर ऊँच्ची जगहां पै महिमामय कै सोळी ओड़ जा
बेठ्या, 4 इसा करण तै सुर्गदूत्तां तै उतनाए बढ़िया ठैहराया, जितना
उसनै बड़े ओद्दे का उसका पद सुर्गदूत्तां तै ऊँच्चा ठैहराया। 5 क्यूँके
परमेसवर नै कदे किसे सुर्गदूत तै न्ही कह्या, के "तू मेरा बेट्टा सै, आज मै
घोषणा करूँ सूं के, तू मेरा बेट्टा सै" अर सुर्गदूत्तां म्ह तै उसनै कद किसे
तै कह्या, के "मै उसका पिता होऊँगा, अर वो मेरा बेट्टा होवैगा?" 6 अर
जिब परमेसवर नै अपणे जेठ्ठे बेट्टे ताहीं इस दुनिया म्ह भेज्या, तो कहवै
सै, "परमेसवर के सारे सुर्गदूत उस ताहीं मोध्धे मुँह पड़कै प्रणाम करै।"
7 अर सुर्गदूत्तां कै बारै म्ह न्यू कहवै सै, "वो अपणे सुर्गदूत्तां ताहीं हवा,
अर अपणे सेवकां नै भड़कदी होई आग बणावै सै।" 8 पर बेट्टे कै बारै
म्ह कहवै सै, "हे परमेसवर, उसका राज युगायुग रहवैगा, तेरे राज्य का
राजदण्ड न्याय का राजदण्ड सै। (aiōn g165) 9 तन्नै धर्म तै प्यार अर
अधर्म तै बैर राख्या, इस कारण परमेसवर, तेरे परमेसवर नै, तेरे साथियाँ
तै बढ़कै हर्षरूपी तेल तै तेरा अभिषेक करया।" 10 अर यो के, "हे प्रभु,
शरुआत म्ह तन्नै धरती अर जो कुछ अकास म्ह सै उन ताहीं बणाया,
अर सुर्ग तेरे हाथ्थां की कारीगरी सै। 11 वे तो नाश हो जावैंगे, पर तू सदा
खात्तर जिन्दा रहवैगा, अर वे सारे लत्ते की ढाळ पुराणे हो जावैंगे, 12 अर
तू उन ताहीं चाद्दर की तरियां लपेटैगा, अर वे लत्ते की ढाळ बदल जावैंगे
पर तू कदे न्ही बदलैगा, अर तू सदा खात्तर जिन्दा रहवैगा।" 13 अर
सुर्गदूत्तां म्ह तै उसनै किसतै कद कह्या, "तू मेरै सोळी ओड़ बैठ, यानी
के तू हक की जगहां पै बैठ। जिब ताहीं के मै तेरे बैरियाँ नै पूरी तरियां
तै हरा ना द्यूँ?" 14 के वे सारे परमेसवर की सेवा-पाणी करण आळी
आत्मा कोनी, जो उद्धार पाण आळा कै खात्तर मदद करण नै भेजी जावै
सै?

2 इस करकै म्हारे ताहीं जो कुछ सिखाया गया था उसका पालन करण
खात्तर हमनै और सावधान रहणा चाहिए। तब हम सच्चाई तै दूर न्ही
जावांगे। 2 क्यूँके जो वचन सुर्गदूत्तां कै जरिये कह्या गया था। जिब वो
सच साबित होया अर हरेक अपराध अर हुकम ना मानण का परमेसवर
नै उन ताहीं दण्ड दिया। 3 तो हम माणस इसे महान् उद्धार नै अणदेखा
करकै किस तरियां बच सकां सां? इस महान् उद्धार की पैहली बार प्रभु
यीशु नै घोषणा करी थी, अर जिन चेल्यां नै उस ताहीं सुण्या, तो चेल्यां
नै म्हारे ताहीं साबित करकै दिखा दिया के यो सच सै। 4 अर गेल्या ए
परमेसवर भी अपणी मर्जी कै मुताबिक चमत्कार, अर अनोक्खे काम्मां,
अर कई ढाळ के सामर्थ के काम्मां, अर पवित्र आत्मा के वरदान्नां के
बांडण के जरिये इन बात्तां नै सच साबित करदा रहया। 5 उसनै उस
आण आळी दुनिया ताहीं जिसका जिक्र हम करण लागरे सां, सुर्गदूत्तां
कै अधीन न्ही करया, पर अपणे बेट्टे के अधीन कर दिया। 6 पवित्र ग्रन्थ
म्ह किते, किसे नै परमेसवर तै यो कह्या सै, के "माणस के सै के तू
उसकी सुधि लेवै सै? या माणस का बेट्टा के सै, के तू उसकी फिक्र करै
सै? 7 तन्नै उस ताहीं सुर्गदूत्तां तै थोड़ा ए कम महत्वपूर्ण बणाया, तन्नै
उस ताहीं राजा की तरियां महिमा अर सम्मान दिया, अर सब किमे
उसके अधीन कर दी। 8 तन्नै उस ताहीं सारी चिज्जां पै हक दिया।"
इसा लाग्गै सै के परमेसवर नै सारा कुछ उसकै अधीन कर दिया सै, उरै
ताहीं के कुछ भी न्ही बचा जो उसके अधीन ना हो, पर हम देख सका
सां, के सारी चिज्जें उसके अधीन म्ह न्ही। 9 पर हम यो देक्खां सां, के
यीशु ताहीं कुछ बखत खात्तर सुर्गदूत्तां तै कम करया गया था, ताके
परमेसवर के अनुग्रह तै वो हरेक किसे खात्तर मर सकै, क्यूँके उसनै
दुख ठाया अर मर ग्या, इस करकै परमेसवर नै उस ताहीं महिमा अर
सम्मान दिया। 10 परमेसवर नै जो कुछ भी बणाया सै, वो सारा अपणे
खात्तर सै, अर उस ताहीं योए आच्छा लाग्या के जिब वो भोत सारे
माणसां ताहीं अपणी महिमा म्ह साँझा करै, तो यीशु मसीह जो उनका
उद्धारकर्ता सै, उसके दुख ठाण कै जरिये उन ताहीं सिध्द बणा लेवैगा।
11 क्यूँके जो माणसां नै उनके पाप तै साफ करै सै, अर जिन माणसां के
पाप साफ होण लागरे सै, दोन्नु एक ए पिता परमेसवर की ऊलाद सै,
इस्से कारण वो उननै भाई-भाण कहण तै कोनी सरमान्दा। 12 अर वो
(मसीह) परमेसवर तै कहवै सै, "मै अपणे भाईयाँ ताहीं बताऊँगा के
तन्नै मेरे खात्तर कितने भले काम करे सै, अर जिब आराधना करण
खात्तर मण्डली म्ह कठ्ठे होंगे तो मै तेरी महिमा करूँगा।" 13 अर वो
दुबारा कहवै सै, के मै उन माणसां कै साथ सूं, "जो परमेसवर नै मेरे
ताहीं दिए सै।" 14 ज्यांतै जिब के परमेसवर के बच्चे सै, जो के माँस अर
लहू तै बणे सै, अर उसका बेट्टा (यीशु मसीह) भी इन्सान बण्या, इस
करकै वो एक इन्सान के रूप म्ह ए मर सकै था, अर सिर्फ मरण तै ए वो
शैतान की शक्ति नै तोड़ सकै था, जिसकै धोरै मौत की शक्ति थी। 15
अर इस तरियां यीशु नै उन सारे माणसां ताहीं मुक्त कर दिया जो हर
बखत गुलाम्मां की तरियां जीवै थे, अर वे मरण तै डरै थे। 16 क्यूँके
मसीह यीशु तो सुर्गदूत्तां ताहीं न्ही बल्के अब्राहम की पीढ़ी नै सम्भाळै
सै। 17 इस कारण उस ताहीं चाहिये था, के वो हर बात्तां म्ह बिश्वासी
भाईयाँ की तरियां बणै, ताके वो परमेसवर का महायाजक बण सकै, जो
दयालु अर बिश्वास जोग्गा सै, अर वो माणसां के पापां की माफी खात्तर
खुद नै बलिदान कर सकै। 18 क्यूँके यीशु का इम्तिहान हो लिया अर
उसनै खुद दुख ठाया सै, इस करकै वो इम्तिहान म्ह पड़े होए माणसां
की मदद कर सकै सै।

**3** ज्यांतै हे बिश्वासी भाईयो, थम जो परमेसवर के कुह्वाओ सों, सुर्ग
म्ह साझ्झी होण खात्तर बुलाये गये सों, यीशु पै ध्यान द्यों, जो म्हारे
खात्तर परमेसवर की ओड़ तै भेज्जा गया प्रेरित अर महायाजक सै,
जिसपै हम बिश्वास करा सां। 2 यीशु परमेसवर कै प्रति वफादार था,
जिस ताहीं उसनै नियुक्त करया था, जिसा मूसा नबी नै भी वफादारी तै
पूरा काम करया जो भी परमेसवर नै उस ताहीं करण खात्तर कह्या था।
3 जिसा के घर बणाण आळे माणस नै घर तै बढ़कै सम्मान मिलै सै।
इस्से तरियां यीशु मूसा नबी तै घणा सम्मान जोग्गा सै। क्यूँके हरेक घर
का कोए ना कोए बणाण आळा होवै सै, पर जिसनै सारा किमे बणाया
वो परमेसवर सै। 5 मूसा नबी तो परमेसवर के घर के माणसां खात्तर
सेवक की तरियां बिश्वास जोग्गा रहया। के जो मूसा नबी नै करया था,
वो दिखावै सै के परमेसवर आण आळा बखत म्ह के करण आळा सै। 6
पर परमेसवर के कुण्बे म्ह मसीह, तो एक बेट्टे के रूप म्ह बिश्वास लायक
सै, अर उस आस म्ह बिश्वास नै बणाए राक्खै सै, तो हमे उसका कुण्बा
सां। 7 जिसा परमेसवर अपणे पवित्र आत्मा के जरिये कहवै सै, "जै
आज थम परमेसवर की आवाज सुणो, 8 "तो अपणे मन ताहीं कठोर
ना करो, जिसा के छो दुवाण के बखत अर इम्तिहान के दिन जंगळ म्ह
थारे पूर्वजां नै करया था। 9 थारे पूर्वजां नै चाळीस साल तक मेरे महान्
काम देक्खण कै बाद भी चुनौती देन्दे होए मेरे ताहीं परख्या था। 10 इस
कारण मै उस बखत के माणसां तै गुस्सा रहया, अर कह्या, 'उननै मेरे
पाच्छै चालणा न्ही चाह्या, अर इसा करण तै इन्कार कर दिया जो मन्नै
उन ताहीं करण का आदेश दिया था।' 11 फेर मन्नै छो म्ह आकै कसम
खाकै कह्या, के 'उस आराम की जगहां म्ह थम बड़ण न्ही पाओगे, जित्त
मै उननै आराम देऊँगा।'" 12 हे बिश्वासी भाईयो, चौक्कस रहो के थारे
म्ह इसा बुरा अर अबिश्वासी मन ना हो, जिसतै थम जिन्दे परमेसवर तै
दूर हो जाओ। 13 जिब भी थम पवित्र ग्रन्थ नै यो कहते सुणो, "आज
का दिन" तो एक-दुसरे नै उत्साहित करते रहो, इसा ना हो पाप थारे
ताहीं धोक्खा देवै, अर थम परमेसवर कै खिलाफ जिद्दी हो जाओ। 14
क्यूँके जै हम अन्त तक मजबुत्ती कै साथ अपणे शरुआती बिश्वास नै
थाम्मे राक्खां सां, तो हम मसीह के साझ्झीदार बण जावां सां। 15 जिसा
पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, "जै आज थम परमेसवर का शब्द सुणो, तो अपणे
मनां नै कठोर ना करो, जिसा के छो दुवाण के बखत थारे पूर्वजां नै
करया था।" 16 कौण थे वे माणस जिननै परमेसवर की आवाज सुणकै
भी उस ताहीं छो दुवाया? ये वे माणस थे जिन ताहीं मूसा नबी मिस्र
देश तै बाहर लेकै गया था। 17 चाळीस साल तक परमेसवर ताहीं इन
माणसां नै गुस्सा दुवाया, ये इस्राएल के माणस थे, जिननै मरुस्थल म्ह
पाप करया अर वे मरगे, अर उनकी लाश जंगळ म्ह पड़ी रहीं? 18 अर
जिब परमेसवर नै कसम खाई के "वे उस आराम की जगहां म्ह कदे न्ही
बड़ पावैंगे, जित्त मै उननै आराम देऊँगा।" वो वास्तव म्ह उन माणसां के
बारें म्ह बात करै था जिननै उसका बिरोध करया था। 19 इस बात तै
हमनै यो बेरा लाग्या सै, के वे अपणे अबिश्वास कै कारण बड़ न्ही सके।

**4** इस करकै परमेसवर नै म्हारे ताहीं वादा करया सै, के हम आराम की
जगहां पै जावैंगे, क्यूँके आराम की जगहां म्ह बड़ण का वादा इब भी
सै, तो हमनै भोत सावधान रहणा चाहिए, इसा ना हो के थारे म्ह तै कोए
माणस आराम की जगहां जाण म्ह नाकामयाब हो जा, जिस ताहीं देण
का वादा परमेसवर नै म्हारे ताहीं करया सै। 2 जिस तरियां हमनै यीशु
मसीह के बारें म्ह सुसमाचार सुण्या, अर उन इस्राएल के माणसां नै भी
जिन नै आराम की जगहां म्ह बड़ण के बारें म्ह सुसमाचार सुण्या पर
उननै उस सुसमाचार पै बिश्वास न्ही करया, इस कारण उनकै खात्तर
संदेश बेकार ठैहराया। 3 पर म्हारे ताहीं जो परमेसवर नै कह्या सै, हम
उसपै भरोस्सा करां सां, अर हम आराम की जगहां म्ह बडांगे। जिसा
औरां खात्तर परमेसवर नै कह्या सै, "मन्नै अपणे छो म्ह कसम खाई के
वे मेरी आराम की जगहां म्ह बड़ण न्ही पावैंगें।" फेर भी उसके काम
दुनिया के बणाण तै पैहल्याए पूरे हो लिए थे। 4 क्यूँके सातमै दिन कै
बारै म्ह परमेसवर नै पवित्र ग्रन्थ म्ह न्यू कह्या सै, "परमेसवर नै सातमै
दिन अपणे सारे काम्मां ताहीं निपटा कै बिश्राम करया।" 5 हमनै यो भी
पढ़्या के उसनै बाद म्ह कह्या, के "वे मेरै आराम की जगहां म्ह बड़ण
न्ही पावैंगें।" 6 इस्राएल के वे माणस जिन ताहीं सुसमाचार सुणाया
गया था, वो आराम की जगहां म्ह बड़ण म्ह नाकामयाब रहे, क्यूँके उननै
परमेसवर के हुकम ताहीं कोनी मान्या था, पर उस आराम की जगहां म्ह
जाण का इब भी मौक्का सै। 7 ज्यांतै उसनै आराम की जगहां म्ह बड़ण
का एक और मौक्का तय करया, अर वो मौक्का आज सै। म्हारे पूर्वजां
के बिद्रोह के कई साल्लां बाद, दाऊद के मुँह तै यो कह्या था, "जै आज
थम उसकी आवाज सुणो, तो उस ताहीं सुणकै इन्कार ना करो।" 8 हम
यो भी जाणा सां के परमेसवर नै जो आराम की जगहां का वादा करया
सै, वो कनान देश कोनी, जिसपै यहोशू नै म्हारे पूर्वजां की अगुवाई करी
थी, जै यो कनान देश होन्दा, तो परमेसवर नै बाद म्ह यो न्ही कह्या
होगा, के एक और मौक्का सै। 9 यो भी हो सकै सै, के परमेसवर के
माणसां नै इस तरियां के तरिक्कें तै आराम करणा पड़ै, जिस तरियां तै
परमेसवर नै दुनिया बणाण के सातवे दिन आराम करया था। 10 क्यूँके
जो उसकै आराम की जगहां म्ह बड़्या सै, उसनै भी परमेसवर की ढाळ
अपणे काम पूरे करकै बिश्राम करया सै। 11 इस करकै हम उस आराम
की जगहां म्ह बड़ण की कोशिश बड़ी मेहनत कै साथ करा, ताके कोए
भी उन माणसां की तरियां ना बणे जिननै परमेसवर के हुकम ताहीं
मानण तै इन्कार कर दिया, फेर हम उसकी आराम की जगहां म्ह बड़ण
पावांगे। 12 क्यूँके परमेसवर का वचन जिन्दा, अर प्रभावशाली सै,
अर वो एक दोधारी तलवार तै भी घणा पैना सै। वो प्राण अर आत्मा
ताहीं, अर गाँठ-गाँठ अर गुद्दे-गुद्दे ताहीं न्यारा करकै आरम-पार पाड़ दे सै
अर मन की भावनायां अर विचारां ताहीं परख ले सै। 13 जिस ताहीं
लेखा देणा सै, उसकी नजर तै कोए भी प्राणी छुप्या कोनी। सारी चीज
उसके स्याम्ही साफ अर खुली होड़ सै। 14 ज्यांतै जिब म्हारा इसा बड्ड़ा
महायाजक सै, जो सुर्ग म्ह चल्या गया सै, यानिके परमेसवर का बेट्टा

यीशु, तो आओ, हम बिश्वास म्ह पक्के बणे रहवां जो हमनै सारे माणसां
के आग्गै स्वीकार करया सै। 15 क्यूँके म्हारा यो महायाजक जो यीशु
मसीह सै, म्हारी हरेक कमजोरियाँ नै जाणे सै, बल्के वो सारी बात्तां म्ह
म्हारै तरियां परख्या तो गया, फेर भी निष्पाप लिकड़या। 16 इस करकै
आओ, हम परमेसवर के स्याम्ही बिना डर के जावां जो करुणा तै भरा
होया सै, फेर परमेसवर म्हारै पै दया करैगा, अर जिब हमनै मदद की
जरूरत होगी तो वो म्हारी मदद करैगा।

**5** परमेसवर इस्राएल के माणसां म्ह तै एक महायाजक ताहीं चुणै सै,
अर वो महायाजक ताहीं नियुक्त करै सै, ताके वो उसकी सेवा भेट
चढ़ाकै, अर माणसां के पापां की माफी कै खात्तर बलि चढ़ाकै कर
सकै। 2 वो बेअक्ले अर भूले भटक्यां कै गेल्या नर्मी तै बरताव कर सकै
सै, ज्यांतै वो आप भी कमजोरी तै घिरया सै। 3 उसकै खात्तर एक
महायाजक के रूप म्ह अपणे अर माणसां कै पापां नै दूर करण खात्तर
बलि चढ़ाणा जरूरी सै। 4 कोए भी इन्सान अपणे-आपनै तै महायाजक
होण का पद न्ही ले सकता। एक माणस सिर्फ महायाजक जिब्बे बण
सकै सै, जिब परमेसवर उस ताहीं याजक होण कै खात्तर बुलावै सै,
जिस तरियां हारुन ताहीं परमेसवर नै पैहला महायाजक होण खात्तर
बुलाया था। 5 उस्से तरियां ए मसीह नै भी खुद ताहीं महायाजक बणाकै
खुद का सम्मान करण का फैसला कोनी करया, परमेसवर नै उस ताहीं
यो सम्मान दिया जिब उसनै कह्या, के “तू मेरा बेट्टा सै, आज मन्नै ए तेरे
ताहीं पैदा करया सै।” 6 एक और जगहां परमेसवर उस ताहीं दुबारा
कहवै सै, “तू मलिकिसिदक की रीत पै सारी हाण खात्तर याजक सै।”
(aiōn g165) 7 जिब यीशु इस दुनिया म्ह रहवै था, तो ठाड्डू शब्दां तै रुक्का
मार-मारकै अर आँसू बहा-बहाकै परमेसवर तै प्रार्थनाएँ अर बिनती करी,
जो उस ताहीं मौत तै बचा सकै था, अर आदरपूर्ण समर्पण कै कारण
परमेसवर नै उसकी सुण ली। 8 परमेसवर का बेट्टा होण पै भी मसीह
यीशु नै दुख ठा-ठाकै भी उसका हुकम मानना सिख्या। 9 फेर सिध्द हो
जाणकै बाद वो खुद उन सब खात्तर, जो उसके हुकमां नै मानणीयां कै
खात्तर अनन्त काल के उद्धार का कारण बणग्या। (aiōnios g166) 10 अर
उस ताहीं परमेसवर की ओड़ तै मलिकिसिदक की रीत पै महायाजक
का पद मिल्या। 11 इसकै बारै म्ह हमनै घणीए बात कहणी सै, पर
उनके बारें म्ह खुलकै जिक्र करणा मुश्किल सै, क्यूँके थम परमेसवर के
वचन के बारें म्ह जाणण खात्तर आलसी होगे सों। 12 बखत कै विचार तै
तो थमनै शिक्षा देण आळा बण जाणा चाहिए था, पर थमनै तो इब भी
इसे माणस की जरूरत सै, जो थारे ताहीं नये सिरे तै परमेसवर की
शिक्षा की शरुआती बात ए सिखावै, थम तो इब्बे भी उन छोट्टे बाळक
की ढाळ सों, जिन ताहीं दूध चाहिए, पर भारी खाणा न्ही। 13 याद
राक्खों जो माणस इब भी वचन की शरुआती शिक्षा नै सीखण लागरे
सै, वे न्ही जाणदे, के परमेसवर धर्मी बणण के बारें म्ह के कहवै सै, वो
दूध पीन्दे बाळक की तरियां सै। 14 पर जिस माणस की तुलना श्याणे
माणस तै करी जा सै, जो ठीक तै खाण चबा-चबा कै खा सकै सै, वो यो
माणस सै जिसका बिश्वास पक्का सै अर जो खरी शिक्षा नै समझ सकै
सै, उसनै आच्छे अर बुरे की पिच्छाण करणा सीखा लिया सै।

**6** इस करकै जिब म्हारे ताहीं मसीह के बारें म्ह शरु म्ह सिखाया गया
था, तो आओ हम उन ताहीं छोड़ के खरी शिक्षा पै चर्चा करण खात्तर
आग्गै बढ़दे जावां। शरुआती शिक्षा जिसा पाप तै भरे काम तै जो मौत नै
लेकै आवै सै, परमेसवर पै बिश्वास करण नै नीम की तरियां ना धरो,
2 अर बपतिस्मा अर हाथ धरण, अर मरे होया के जिन्दा उठण, अर
आखरी न्याय की शिक्षा रूपी नीम दुबारा ना बणावां। (aiōnios g166) 3
जै परमेसवर नै चाह्या तो मै थमनै खरी शिक्षा दिऊँगा। 4 क्यूँके जो
माणस अपणे बिश्वास नै खो दे सै, तो उन ताहीं फेर तै पश्चाताप करण
कै खात्तर उलटा न्ही ल्याया जा सकता। एक बार उननै परमेसवर की
सच्चाई नै जाणा अर सुर्ग तै वरदान्नां ताहीं पाया, अर बाकियाँ की
तरियां पवित्र आत्मा भी पाया। 5 अर उननै अनुभव करया था के
परमेसवर का वचन आच्छा सै, अर वे परमेसवर की आण आळी शक्ति
का अनुभव कर चुके थे। (aiōn g165) 6 उननै फेर तै उल्टा ल्याण का
कोए तरिक्का कोन्या, क्यूँके वे परमेसवर के बेट्टे ताहीं अपणे खात्तर
दुबारा क्रूस पै चढ़ावैं सै, अर सबके स्याम्ही उसपै कलंक लगावै सै। 7
जिन माणसां नै आच्छी शिक्षा मिलै सै, वे उस जमीन की तरियां सै,
जित्त बारिस होन्दी ए रहवै सै, जै जमीन बढ़िया सै, तो या किसान
खात्तर बढ़िया फसल देवै सै, अर उसपै परमेसवर की आशीष होवै सै।
8 पर दुसरे माणस उस जमीन की तरियां सै जो काण्डे अर खरपतवार
उगावै सै तो या बेकार सै। उस ताहीं परमेसवर के जरिये श्राप दिये जाण
का खतरा सै, अर वो आग तै नाश हो जावैगा। 9 हे प्यारे भाईयो, भलाए
हम इस ढाळ की बात करण लागरे सां, पर हम असलियत म्ह बिश्वास
न्ही करते के यो थारे खात्तर लाग्गू होवै सै। हमनै बिश्वास सै के थम
बढ़िया चिज्जां खात्तर बणाये गये सों, जो उद्धार कै साथ आवै सै। 10
जिसा के थमनै आच्छे काम करे सै, अर इब थम परमेसवर के नाम म्ह
बिश्वासी भाईयाँ कै खात्तर प्यार तै, सेवा के काम करण लागरे सों,
इसकी बजह तै परमेसवर थारे ताहीं भुल्लैगा न्ही, क्यूँके वो धर्मी सै।
11 आलसी ना बणो। पर कड़ी मेहनत करण आळा की तरियां थमनै
इन प्रेमपूर्वक काम्मां ताहीं जारी राखणा चाहिए, ताके परमेसवर के
वादे पाण खात्तर थारी आस पक्की हो। 13 जिब परमेसवर नै अब्राहम
तै करार करया, तो तब खुद परमेसवर तै बड्ड़ा कोए और न्ही था,
जिसकी कसम ली जा सकै, इस करकै अपणी खुद की कसम लेन्दे होए
परमेसवर नै अब्राहम तै कह्या, 14 “मै सचमुच तेरे ताहीं घणा आशीष
दियुँगा, अर तेरे वंशां नै अनगिणत बणा दिऊँगा।” 15 अब्राहम नै भोत
धीरज धरण कै बाद वादा का ईनाम मिल्या। 16 माणस तो अपणे तै
किसे बड़े का नाम लेकै कसम खाया करै सै, अर उन म्ह कसम के
जरिये बात का फैसला होवै सै, अर सारा विवाद खतम हो जावै सै। 17
योए कारण था, के परमेसवर नै भी कसम खाई थी। इस बात तै वो उन

माणसां नै साफ तरियां तै दिखाणा चाहवै था, के वो जो भी वादा करै
सै, उस ताहीं वो पूरा करै सै। 18 तो उरै दो बात सै उसका वादा अर
उसकी कसम जो कदे बदल न्ही सकदे अर जिनकै बारै म्ह परमेसवर
कदे झूठ कोनी बोल सकता। इस करकै हम जो परमेसवर कै धोरै बचण
आये सां अर जो आस उसनै म्हारे ताहीं दी सै उस ताहीं थाम्मे होए घणे
उत्साहित सां। 19 जिस तरियां किस्ती ताहीं लंगर तै बाँधया जावै सै, जो
किस्ती नै पकड़कै राक्खै सै, इस्से तरियां तै आस म्हारी जिन्दगी नै
मजबूत अर टिकाए राक्खै सै, अर म्हारी आस यीशु सै, वो परमेसवर कै
धोरै सुर्ग म्ह पवित्र मन्दर म्ह परदे कै पाच्छै पोहचा सै। 20 जित्त यीशु नै
मलिकिसिदक की रीत पै सारे हाण के बखत का महायाजक बणकै,
म्हारै खात्तर अगुवां के रूप म्ह दाखल होया सै। (aiōn g165)

**7** यो मलिकिसिदक शालेम नगर का राजा अर परमप्रधान परमेसवर
का याजक था, उनके नाम का मतलब “राजा” सै जो नियम कै
साथ न्याय करै सै, शालेम के राजा का मतलब सै “शान्ति का राजा।”
2 पवित्र ग्रन्थ म्ह उसके माँ-बाप, उसके पूर्वज, या उसकी मौत या जन्म
के बारें म्ह, कुछ भी न्ही लिख्या गया सै। वो हमेशा खात्तर एक याजक
सै। इस करकै वो परमेसवर के बेट्टे की तरियां सै। 3 जिब अब्राहम नै
चार राजां की हत्या कर दी थी, तो मलिकिसिदक नै उसतै मुलाकात
करी, अर उस ताहीं आशीर्वाद दिया। अब्राहम नै युध्द म्ह जीत हासिल
करी, अर सारी चिज्जां का दसमां हिस्सा भी दिया। 4 इब इसपै ध्यान
करो के वो किसा महान् था जिस ताहीं पूर्वज अब्राहम नै दुश्मनां की लूट
के बढ़िया तै बढ़िया माळ का दसमां हिस्सा दिया। 5 मूसा नबी के
नियम-कायदे बतावै सै के लेवी के वंशज जो याजक का पद पावै सै,
उननै इस्राएल के माणसां तै दसमां हिस्सा लेणा चाहिए, यानिके उसके
खुद के माणस तै, पर वे याजक अर दुसरे बिश्वासी भाईयाँ की तरियां
सै, क्यूँके वे सब अब्राहम के वंश के सै। 6 पर इसनै, जो लेवी-वंशी
भी न्ही था, अब्राहम तै दसमां हिस्सा लिया, फेर भी अब्राहम वो था
जिसकै धोरै परमेसवर का वादा था, फेर भी मलिकिसिदक नै उस ताहीं
आशीर्वाद दिया। 7 इस म्ह कोए शक कोनी के जो आशीर्वाद देवै सै, वो
उस माणस तै बड्डा हो सै जिस ताहीं आशीर्वाद देवै सै। 8 उरै तो याजक
दसमां हिस्सा लेवै सै, भलाए वो सिर्फ एक माणस सै, जो जीवै सै अर
फेर मर जावै सै, पर मलिकिसिदक, जिसनै अब्राहम तै दसमां हिस्सा
लिया, वो इब भी जिन्दा सै, जिसा के पवित्र ग्रन्थ कहवै सै। 9 के जिब
अब्राहम नै मलिकिसिदक ताहीं दसमां हिस्सा दिया, जिब ताहीं लेवी
माणसां का जन्म अब्राहम के वंश म्ह न्ही होया था। पर इब भी उसके
वंश होण के कारण, यो इस तरियां सै के लेवी नै खुद ही अब्राहम के
जरिये मलिकिसिदक ताहीं दसमां हिस्सा दिया। 10 क्यूँके जिस बखत
मलिकिसिदक उसकै पिता तै मिल्या, उस बखत वो अपणे पिता की देह
म्ह था। 11 माणसां ताहीं जिन याजकां के आधार पै नियम-कायदे दिए
गये थे, जो हारुन के परिवार का अर लेवी के गोत्र का था, पर ये याजक
सिध्द न्ही बण सकै। इस करकै यो जरूरी था, के एक और याजक
आवै, जो हारुन जिसा न्ही, पर मलिकिसिदक जिसा हो। 12 क्यूँके इब
एक्के तरियां का याजक कोनी, तो नियम-कायदे का भी बदलना जरूरी
सै। 13 क्यूँके हम मसीह के बारें म्ह ये बात करण लागरे सां, जो एक
अलग गोत्र तै थे। उस जनजात्ति म्ह तै किसे नै भी वेदी पै एक याजक
के रूप म्ह सेवा न्ही करी, 14 सब जाणै सै, के म्हारा प्रभु यीशु यहूदा के
गोत्र म्ह तै पैदा होया सै, मूसा नबी नै यहूदा के किसी भी वंशज के बारें
म्ह न्ही बताया, जो यहूदा के याजक बणगे अर यहूदा का कोए वंशज
कदे याजक न्ही बणा। 15 इब हम और भी आच्छी तरियां तै समझा सां,
जिब मलिकिसिदक कै तरियां एक और याजक पैदा होण आळा था, जो
के यीशु मसीह सै। 16 यीशु का याजक बणणा, नियम-कायदा नै पुगाण
पै, या लेवी के वंश म्ह तै पैदा होण पै आधारित कोनी। पर वो अपणे
अविनाशी जीवन की शक्ति के कारण याजक बणग्या। 17 क्यूँके उसकै
बारै म्ह पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, “तू मलिकिसिदक की रीत पै युगानुयुग
याजक सै।” (aiōn g165) 18 इस करकै, पैहल्ड़ी आज्ञा कमजोर अर
बेअसर होण कै कारण बदलगी। 19 (ज्यांतै के नियम-कायदे नै किसे
बात ताहीं सिध्द कोन्या करया), अर उसकी जगहां पै एक बेहतर उम्मीद
सै, जो के यीशु मसीह सै, जिसकै जरिये हम परमेसवर कै लोवै जा
सकां सां। 20 जिब यीशु मसीह ताहीं परमेसवर नै याजक बणा दिया
तो परमेसवर नै कसम खाई। 21 क्यूँके लेवी के वंश तो बिना कसम
याजक बणाए गये, पर यीशु मसीह बिना कसम के परमेसवर की ओड़
तै नियुक्त करया गया, जिसनै उसकै बारै म्ह कह्या, “प्रभु नै कसम खाई,
अर उसतै फेर ना पछतावैगा के तू युगानुयुग याजक सै।” (aiōn g165)
22 इस करकै यीशु नै म्हारे ताहीं परमेसवर कै गैल सब तै आच्छे करार
का वादा करै सै। 23 यीशु के याजक होण का एक और फायदा से,
पैहले तो घणी बड्डी गिणती म्ह याजक बणदे आये, क्यूँके हरेक याजक
की मौत के साथ उसकी सेवा खतम हो जावै थी। 24 यीशु युगानुयुग
जिन्दा रहवै सै, इस कारण उसके याजक का पद कोए न्ही ले सकता।
(aiōn g165) 25 इस्से खात्तर जो यीशु कै जरिये परमेसवर कै धोरै आवै
सै, वो उनका पूरा-पूरा उद्धार कर सकै सै, क्यूँके वो उनकै खात्तर बिनती
करण ताहीं सारी हाण जिन्दा सै। 26 इसाए महायाजक म्हारी जरूरतां नै
पूरा कर सकै सै, जो पवित्र, अर बेकसूर, शुद्ध, अर पापमुक्त हो, अर
सुर्ग तै भी जिस ताहीं ऊँच्चा करया होया हो। 27 जो महायाजक हारुन
के वंश तै सै, उसनै जरूरत कोनी के हरेक दिन पैहल्या अपणे पापां कै
खात्तर बलिदान चढ़ावैं, क्यूँके यीशु नै अपणे-आप ताहीं बलिदान चढ़ाकै
उसनै एक ए बर म्ह पूरा कर दिया। 28 क्यूँके नियम-कायदे तो कमजोर
माणसां ताहीं महायाजक नियुक्त करै सै, पर कसम जो नियम-कायदा
के बाद आवै सै, उस बेट्टे नै नियुक्त करै सै जो युगानुयुग कै खात्तर सिध्द
महायाजक सै। (aiōn g165)

**8** इब जो बात हम कहण लागरे सां उन म्ह तै सारया तै बड्डी बात या
सै म्हारे धोरै इस तरियां का महायाजक सै, जो सुर्ग पै महामहीम के
सिंहासन कै सोळी ओड़ सै, 2 म्हारा महायाजक सब तै घणी पवित्र

नबी के अधिकार का बिरोध करण के कारण नाश होगे। 12 जिब थम
परमेसवर के प्यार नै, याद करण कै खात्तर प्रीति भोज म्ह कठ्ठे होओ
सों, तो वे भी थारे म्ह शामिल हो जावै सै, तब वे उस समुन्दर म्ह लुक्ही
होए पत्थर की चट्टान की तरियां सै, जो थारे ताहीं डूबो सकै सै। वे उस
पाळी की तरियां सै जो सिर्फ अपणा पेट भरै सै, अर वे बिना पाणी के
बादल सै, जिन ताहीं हवा उड़ा ले जावै सै, वे पतझड़ के इसे दरखत सै,
जिन म्ह कदे फळ कोनी लाग्दे, अर ये जड़ तै उखड़गे सै। 13 ये समुन्दर
की तेज झाल के हिलोरे सै, जो अपणी गंदगी का झाग उछाळै सै, ये
लोग शर्मनाक काम करै सै, ये उन राह तै भटके होए तारां की ढाळ सै,
जो किसे नै सही राह न्ही दिखा सकदे, जिनकै खात्तर परमेसवर नै
सदा खात्तर घोर अन्धकार की जगहां तय कर राक्खी सै, जड़ै वो सदा
खात्तर रहवैंगे। (aiōn g165) 14 हनोक नै भी जो आदम की सातवीं पीढ़ी
म्ह तै था, इन माणसां कै बाबत या भविष्यवाणी करी थी, "देक्खों,
प्रभु अपणे लाखां पवित्र सुर्गदूत्तां कै गेल्या आवैगा, 15 तो उन सब
माणसां का न्याय करैगा, अर बुरे माणसां नै उनके बुरे काम्मां का अर
दुष्ट माणसां नै जिननै परमेसवर के बिरोध म्ह कड़वे शब्द इस्तमाल करे
थे, उन ताहीं कसूरवार ठहरावैगा।" 16 ये तो बेसबरे, बड़बड़ाण आळे,
अर अपणी मर्जिया कै मुताबिक लगातार बुरे काम करै सै, अर अपणे
मुँह तै घमण्ड की बात बोल्लै सै, वे अपणे फायदे कै खात्तर चापलूस्सी
की बात करै सै। 17 पर हे प्यारे भाईयो, थम इन बात्तां नै याद राक्खो,
जो म्हारे प्रभु यीशु मसीह के प्रेरित भोत पैहल्याए कहगे सै। 18 वे थमनै
कह्या करै थे, "के प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण तै पैहले इसे माणस भी
होवैंगे जो प्रभु का मजाक उड़ावैंगे, वे इसे माणस सै, जो अपणी बुरी
अभिलाषायां कै मुताबिक जिन्दगी जिवैंगे।" 19 ये वे माणस सै, जो थारे
म्ह फूट गेरै सै, अर जिन म्ह पवित्र आत्मा न्ही सै उनकी बुरी अभिलाषा,
उन ताहीं अपणे बस म्ह राक्खै सै। 20 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, थम
लगातार एक-दुसरे की बढ़ोतरी करते जाओ, अर आप्पस म्ह एक-दुसरे
नै सच्ची शिक्षा जिसपै थम बिश्वास करो सों, उसतै उत्साहित करदे रहों,
अर जिस तरियां पवित्र आत्मा थारे ताहीं अगुवाई करै सै थम प्रार्थना
करदे रहों। 21 थमनै यो जाणकै जीवन जीणा चाहिए, के परमेसवर थारे
तै प्यार करै सै, अर थम उस दिन की बाट देखदे रहो जिस दिन म्हारा

प्रभु यीशु मसीह बोहड़कै आवैगा ताके थमनै अनन्त जीवन मिलै, क्यूँके
उसनै म्हारे पै दया करी सै। (aiōnios g166) 22 उन माणसां पै दया करो
जिनका बिश्वास डामाडोल होरया सै। 23 घणखरे माणसां नै न्याय की
आग तै झपट्टा मारकै लिकाड़ो, अर दुसरे माणसां के प्रति दयालु रहों,
पर इसकै साथ चौक्कस भी रहों, उस लत्ते तै भी नफरत करो जो पाप
तै भरे काम्मां तै कलंकित हो गया सै। 24 वो एकमात्र सच्चा परमेसवर
सै, जो थमनै ठोक्कर खाण तै बचा सकै सै, अर वो थमनै बेकसूर अर
मगन करकै अपणे महिमा म्ह अपणे स्याम्ही खड्या करैगा। जो प्रभु
यीशु मसीह नै म्हारे खात्तर करया, उसकै जरिये परमेसवर नै म्हारे ताहीं
बचाया सै। 25 म्हारा प्रभु यीशु मसीह माणसां म्ह, परमेसवर की तारीफ
करण का कारण बणा, ताके वो पिच्छाण सकै, के शरुआत तै, इब अर
सदा कै खात्तर शक्ति अर अधिकार उस्से का सै। आमीन। (aiōn g165)

# प्रकाशित वाक्य

1 परमेसवर नै यीशु मसीह ताहीं वो गुप्त बातें दिखाई जो भोत तावळी
होण आळी सै, ताके वो अपणे दास्सां पै इन बात्तां नै जाहिर करै,
उसके बाद मसीह नै सुर्गदूत भेज्या, ताके अपणे दास यूहन्ना ताहीं
ये बात दिखावै। 2 यूहन्ना नै वो सब कुछ लिख लिया, जो उस ताहीं
दिखाया गया था, यानी वो वचन जो परमेसवर की ओड़ तै आया था, अर
जो कुछ भी मसीह यीशु नै कह्या था। 3 धन्य सै वे जो इस भविष्यवाणी
के वचन नै पढ़ै सै, अर वे जो सुणै सै अर इस म्ह लिक्खी होई बात्तां नै
मान्नै सै, क्यूँके ये बात तावळी होण आळी सै। 4 ये चिट्ठियाँ यूहन्ना की
ओड़ तै आसिया परदेस की सात कलीसियाओं के नाम सै। परमेसवर
पिता की ओड़ तै थमनै अनुग्रह अर शान्ति मिलै, जो सै, अर जो था,
अर जो आण आळा सै, अर इन सात आत्मायाँ की ओड़ तै जो उसकै
सिंहासन कै स्याम्ही सै। 5 अर यीशु मसीह जो बिश्वास जोग्गा गवाह
अर मरे होया म्ह तै जी उठण आळा म्ह तै जेट्ठा अर धरती के राजयां का
हाकिम सै, उसकी की ओड़ तै थारे ताहीं अनुग्रह अर शान्ति मिल्दी
रहवै। वो म्हारै तै प्यार करै सै, अर उसनै अपणे लहू कै जरिये म्हारै ताहीं
पाप तै छुटाया सै। 6 उसनै म्हारे ताहीं वे माणस बणा दिये सै, जिनका
परमेसवर राजा सै, अर उसनै म्हारे ताहीं परमेसवर जो उसका पिता सै,
उसका याजक बणा दिया सै, उस्से की महिमा अर पराक्रम युगानुयुग
रहवै। आमीन। (aiōn g165) 7 लखाओ, वो बादळां कै गेल्या आण आळा
सै, अर हरेक आँख उसनै देखैगी, बल्के जिननै उस ताहीं बेधा था, वे भी
उस ताहीं देखैंगें, अर धरती के सारे कुल उसकै कारण छात्ती पीट्टैंगें,
जिब उस ताहीं देक्खैंगे। हाँ। आमीन। 8 प्रभु परमेसवर यो कहवै सै, के
वो जो सै, अर जो था, अर जो आण आळा सै, जो सब तै शक्तिशाली सै,
“मै अल्फा अर ओमेगा सूं।” 9 मै यूहन्ना, जो थारा बिश्वासी भाई अर
मसीह कै खात्तर दुख सहण म्ह अर परमेसवर के राज्य म्ह, अर धीरज तै
दुख सहण म्ह साझ्झी सूं, जो दुख उन माणसां पै आया सै, जिनका
उसके साथ रिश्ता सै, मै पतमुस नाम कै टापू पै भेज दिया गया, क्यूँके
मन्नै परमेसवर के वचन का प्रचार करया था, अर मसीह यीशु के सच्चे
सन्देस ताहीं सुणाया था। 10 प्रभु के दिन, पवित्र आत्मा मेरे पै आ
ग्या, अर मन्नै अपणे पाच्छै तुरही बरगा बड्डा शब्द सुण्या। 11 उसनै
उसतै कह्या, के “जो कुछ तू देक्खै सै, उसनै किताब म्ह लिखकै सात्तु
कलीसियाओं कै धोरै भेजदे, जो इन नगरां म्ह सै, यानिके इफिसुस,
स्मुरना, पिरगमुन, थुआतीरा, सरदीस, फिलदिलफिया, अर लौदीकिया
ताहीं।” 12 फेर मन्नै उस ताहीं, जो मेरै तै बोल्लण लागरया था, देक्खण
कै खात्तर अपणा मुँह फेरया, अर पाच्छै घूमकै मन्नै सोन्ने की सात
दीवट देक्खी, 13 अर उन दीवटां कै बिचाळै माणस के बेट्टे कै बरगा एक
आदमी देख्या, जो पायां ताहीं के लत्ते पहरे, अर छात्ती पै सोन्ने का
पटुका बाँधे होड़ था। 14 उसके सिर के बाळ धोळी ऊन बल्के बर्फ की
ढाळ जमा धोळे थे, अर उसकी आँख आग की तरियां धधकण लागरी
थी। 15 अर उसके पैर भट्ठी म्ह तपा कै चमकाए होए पीत्तळ के जिसे थे,
अर उसका बोल घणे पाणी के गरजण जिसा था। 16 वो अपणे सोळे
हाथ म्ह सात तारे लिए होड़ था, अर उसकै मुँह म्ह तै पैन्नी दोधारी
तलवार लिकड़ै थी। उसका मुँह इस ढाळ बळै था, जिस ढाळ सूरज
करड़ी धूप के बखत चमकै सै। 17 जिब मन्नै उस ताहीं देख्या, तो उसके
पायां पै मुर्दा की ढाळ पड़ग्या। उसनै मेरै पै अपणा सोळा हाथ, धरकै
कह्या, “मतना डरै, मै पैहल्ड़ा अर आखरी अर जिन्दा सूं।” 18 मै मरग्या
था, अर इब देख मै युगानुयुग जीऊँ सूं, अर मौत अर पाताळ लोक की
ताळी मेरै धोरै सै। (aiōn g165, Hadēs g86) 19 इस करकै जो बात तन्नै
देक्खी सै अर जो बात होण लागरी सै अर जो बात इसकै पाच्छै होण
आळी सै, उन सारियां नै लिख ले। 20 इब मै उन सात तारां का भेद
जिन ताहीं तन्नै मेरै सोळे हाथ म्ह देख्या था अर उन सोन्ने की दीवटां का
भेद तन्नै बताऊँ सूं, वे सात तारे सात्तु कलीसियाओं के धोरै भेज्जे गये
सुर्गदूत सै, अर वे सात दीवट, सात कलीसिया सै।

2 उसनै मेरे ताहीं यो भी कह्या के इफिसुस नगर की कलीसिया के
सुर्गदूत नै न्यू लिख के, “जो सात्तु तारे अपणे सोळे हाथ म्ह लिए
होड़ सै, अर सोन्ने की सात्तु दीवटां कै बिचाळै हाँडै सै, वो न्यू कहवै सै”
2 के मै तेरे काम, अर मेहनत, अर तेरा धीरज जांणु सूं, अर मै जाणु सूं,
के तू बुरे माणसां की शिक्षा नै सह न्ही सकदा, अर जो अपणे-आपनै
प्रेरित कहवै सै, अर सै न्ही, उन ताहीं तन्नै परख कै झूठ्ठा पाया। 3 अर
तू धीरज धरै सै, अर मेरै नाम कै खात्तर दुख ठा-ठाकै भी तन्नै मेरी सेवा
करणा न्ही छोड्या। 4 पर मन्नै तेरे खिलाफ म्ह न्यू कहणा सै, के तेरे म्ह
वो प्यार न्ही रह्या जो तू पैहले मेरे तै करै था। 5 यो याद कर के तन्नै शरु
म्ह मेरे तै किसा प्यार करया था, अर इब उसा प्यार न्ही करदा, तू पाप
करणा छोड़ दे, अर जिसा तन्नै शरु म्ह मेरे तै प्यार करया था उसाए
प्यार कर, अर जै तू पाप करणा न्ही छोड़ैगा, तो मै तेरे धोरै आकै तेरी
दीवट नै उस जगहां तै हटा दियुँगा। 6 पर हाँ, तेरे म्ह या बात तो सै, के
तू नीकुलइयों के काम्मां तै नफरत करै सै, जिनतै मै भी नफरत करूँ
सूं। 7 जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण ले, के परमेसवर का आत्मा
कलीसिया तै के कहवै सै: वे लोग जो बुराई की ताकत पै जीत पावै सै,
मै जीवन कै दरखत म्ह तै जो जीवन देवै सै, जो सुर्गलोक म्ह सै, उस
ताहीं उस फळ म्ह तै खाण नै दियुँगा। 8 अर उसनै मेरे ताहीं स्मुरना नगर
की कलीसिया के सुर्गदूत ताहीं यो लिखण खात्तर कह्या, के, जो पैहल्ड़ा
अर आखरी सै, जो मर लिया था अर इब जिन्दा होग्या सै, वो न्यू कहवै
सै के, 9 मै तेरे क्लेश अर गरीबी नै जाणु सूं, (पर तू साहूकार सै), अर
जो माणस अपणे-आप ताहीं यहूदी कहवै सै, अर सै न्ही, पर वो शैतान
के झुण्ड म्ह तै सै, मै उनकी बुराई नै भी जाणु सूं। 10 जो दुख तन्नै
झेलणे होंगे, उनतै मत घबरा, क्यूँके देक्खो, शैतान अपणे माणसां के
जरिये थारे म्ह तै कितन्याँ ताहीं जेळखान्ने म्ह गेरैगा, ताके थम परखे
जाओ, अर थारे ताहीं दस दिन तक क्लेश ठाणा पड़ैगा। जान देण तक
बिश्वासी रह, तो मै थारी जीत के कारण ईनाम के तौर पै थमनै अनन्त

जिन्दगी देऊँगा। 11 जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण ले, के परमेसवर
का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै, वे लोग जो बुराई की ताकत पै
जीत पावै सै, उसनै दुसरी मौत तै नुकसान कोनी होवैगा। 12 अर उसनै
मेरे ताहीं पिरगमुन नगर की कलीसिया के सुर्गदूत ताहीं यो लिखण
खात्तर कह्या, के, "जिसकै धोरै दोधारी अर पैन्नी तलवार सै, वो न्यू
कहवै सै" 13 के मन्नै न्यू तो बेरा सै, तू ओड़ै रहवै सै जित्त शैतान का
राज सै, अर मेरै नाम पै स्थिर रहवै सै, अर मेरै पै बिश्वास करण तै
उन दिनां म्ह भी पाच्छै न्ही हट्या जिन म्ह मेरा बिश्वास जोग्गा गवाह
अन्तिपास, तेरे नगर म्ह उस जगहां पै मारया गया जित्त शैतान रहवै सै।
14 पर मन्नै तेरे खिलाफ म्ह न्यू कहणा सै, थम उन माणसां का बिरोध
कोनी करदे, जो पुराणे जमान्नै के नबी बिलाम की तरियां झूठ्ठी शिक्षा
सिखावै सै, बिलाम नै राजा बालाक ताहीं यो सिखाया, के इस्राएल के
माणसां तै पाप करवाण कै खात्तर के करणा चाहिए, के वे इम्तिहान म्ह
पड़े, अर पाप कर बेठ्ठै। उसनै उन ताहीं मूर्तियाँ के आग्गै चढ़ाई होड़
चिज्जां ताहीं खाणा अर अनैतिक जिन्दगी जीणा सिखाया। 15 उस्से
तरियां-ए तेरे उरै कितने तो इसे सै, जो नीकुलइयों की शिक्षा नै मान्नैं
सै। 16 इस करकै पाप करणा छोड़ दे, न्ही तो मै तेरे धोरै तावळा-ए
आऊँगा, अर झूठ्ठी शिक्षा देण आळे उन माणसां के खिलाफ अपणे
मुँह तै लिकड़ण आळी उस तलवार तै लड़ूँगा, जो के मेरा वचन सै।
17 जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण ले, के परमेसवर का आत्मा
कलीसिया तै के कहवै सै, वे लोग जो बुराई की ताकतां पै जीत पावै सै,
उस ताहीं मै गुप्त मन्ना म्ह तै दियुँगा, अर उस ताहीं एक धोळा पत्थर
भी दियुँगा, अर उस पत्थर पै एक नाम लिख्या होया होगा, जिस ताहीं
उसकै पाण आळे कै सिवाए और कोए न्ही जाणैगा। 18 अर उसनै मेरे
ताहीं थुआतीरा नगर की कलीसिया के सुर्गदूत ताहीं यो लिखण खात्तर
कह्या, के, मै परमेसवर का बेट्टा, जिसकी आँख आग की ज्वाला की
तरियां, अर जिसके पैर बढ़िया पीत्तळ कै जिसे सै, न्यू कहूँ सूं, के 19 मै
तेरे काम, तेरे प्यार, बिश्वास, सेवा, अर धीरज नै जांणु सूं, अर न्यू भी
जांणु सूं, के तेरे पाच्छले काम पैहल्ड़ा तै बढ़कै सै, जिब तन्नै मेरे पै
बिश्वास करया था। 20 पर मन्नै तेरे खिलाफ न्यू कहणा सै, के तू उस
जनानी इजेबेल नै रहण देवै सै, जो अपणे-आपनै नबी कहवै सै, अर मेरै
दास्सां नै जारी करण, अर मूर्तियाँ के आग्गै चढ़ाई होड़ चीज नै खाणा
सिखाकै भकावै सै। 21 मन्नै उस ताहीं पाप छोड़ण का मौक्का दिया,
पर वा अपणे जारीपणे के पाप नै छोड़णा कोनी चाहन्दी। 22 मै उस
ताहीं बीमार कर दियुँगा। अर जो उसकै गेल्या जारी करै सै, जै वे भी
उसकै बरगे काम्मां नै जो वा करै सै करणा न्ही छोड़ैगें, तो उननै मै
भारया दण्ड दियुँगा। 23 अर मै उसके चेल्यां नै मार दियुँगा, अर फेर
सारी कलीसिया नै बेरा पाट जावैगा, के हृदय अर मन जाँचण आळा
मै ए सूं, अर मै थारे म्ह तै हरेक नै उसकै काम्मां कै मुताबिक बदला
देऊँगा। 24 पर थम जो थुआतीरा के बाकी लोग जिननै इस झूठ्ठी शिक्षा
ताहीं न्ही मान्या, अर उन बात्तां नै जिन नै शैतान की गहरी बात कहवै सै,
उन म्ह भाग न्ही लेते, मै न्यू कहूँ सूं, के मै थारे ताहीं और हुकम कोनी
दियुँगा, पर मै जिब तक ना आ जाऊँ मेरे पै मजबुत्ती तै बिश्वास करते
रहों। 25 पर हाँ, जो थारे धोरै सै उसनै मेरै आण तक थाम्बे रहो। 26 वे
लोग जो बुराई की ताकतां पै जीत पावै सै, अर मेरे काम्मां कै मुताबिक
आखरी ताहीं करदा रहवै, मै उसनै देश-देश के माणसां पै राज करण का
हक देऊँगा। 27 मै उसनै भी राज करण का वोए हक देऊँगा जो मेरे
पिता नै मेरे ताहीं दिया सै, वो उनपै बिना दया के राज करैगा, अर वो
उन ताहीं चकणाचूर कर देवैगा, जिस ढाळ कुम्हार के माट्टी के बासण
चकणाचूर हो जावै सै। अर मन्नै भी इसाए हक अपणे पिता तै मिल्या
सै। 28 अर मै उसनै भोर का तारा देऊँगा। 29 जिसके कान हों, वो ध्यान
तै सुण ले, के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै।

**3** उसनै मेरे ताहीं यो भी कह्या के सरदीस नगर की कलीसिया के
सुर्गदूत नै लिख, के "जिसकै धोरै परमेसवर की सात आत्मा अर
सात तारे सै, वो न्यू कहवै सै," के मै तेरे काम्मां नै जांणु सूं, के तू मेरा
बिश्वास लायक बिश्वासी तो कुह्वावै सै, पर असल म्ह तन्नै मेरा कहणा
मानना छोड़ दिया सै। 2 इस करकै सावधान हो जा, अर अपणे बिश्वास
नै जो मेरे पै सै उसनै मजबूत कर, क्यूँके तेरे म्ह थोड़ा-सा ए बिश्वास
बाक्की सै, ताके तेरा बचा होड़ बिश्वास भी ना जान्दा रहवै, मै जाणु
सूं के तेरे काम अधूरे सै, पर तेरे काम्मां तै, जो तू करण लागरया सै
परमेसवर खुश कोनी। 3 इस करकै याद कर, के तन्नै किस तरियां तै
शिक्षा पाई अर सुणी थी, अर उस म्ह बण्या रह, अर पाप करणा छोड़
दे। जै तू जागदा न्ही रहवैगा, तो मै चोर की ढाळ आ जाऊँगा अर तन्नै
कदे भी न्ही बेरा पाट्टैगा, के मै किस बखत तेरे पै आण पडूँगा। 4 पर हाँ,
तेरे धोरै सरदीस म्ह कुछ लोग सै, जो पाप के जरिये अशुद्ध कोनी होए,
वे धोळे लत्ते पहरे होड़ मेरै गैल हाँडैगें क्यूँके वे इस लायक सै। 5 वे लोग
जो बुराई की ताकत पै जीत पावै सै, उस ताहीं इस्से ढाळ धोळे लत्ते
पिहराए जावैंगे, अर मै उसका नाम जीवन की किताब म्ह तै किसे तरियां
तै भी न्ही काटूगाँ, पर उसका नाम अपणे पिता अर उसके सुर्गदूत्तां कै
स्याम्ही मान ल्यूँगा के ये मेरे लोग सै। 6 जिसके कान हों, वो ध्यान तै
सुण ले, के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै। 7 अर
उसनै मेरे ताहीं यो भी कह्या सै, के फिलदिलफिया नगर की कलीसिया
के सुर्गदूत नै न्यू लिख के जो कहवै सै, मै पवित्र अर सच्चा सूं, अर मेरै
धोरै वा ताळी सै, जो राजा दाऊद की सै, जिब मै ताळी लेकै दरबाजा
खोल्लू सूं, तो उसनै कोए बन्द न्ही कर सकता, जिब मै ताळी लेकै
दरबाजा बन्द करुँ सूं, तो उसनै कोए खोल न्ही सकता, वो तेरे तै न्यू
कहवै सै के, 8 मन्नै तेरे काम्मां का बेरा सै, देख, मै जाणु सूं के तेरे
म्ह भोत कम काबलियत सै, पर तन्नै वा बात मान्नी सै जिसके बारें
म्ह मन्नै तेरे ताहीं कह्या था, अर तन्नै इस बात का इन्कार न्ही करया
के तू मेरे पै बिश्वास करै सै, इस करकै मन्नै एक दरबाजा खोल्या सै,
जिसनै कोए बन्द न्ही कर सकदा। 9 देख, जो शैतान के झुण्ड म्ह तै
सै, अर खुद नै यहूदी कहवै सै, पर सै न्ही, बल्के झूठ बोल्लै सै, देख,

मै इसा करुँगा, के वे आकै तेरे पायां म्ह मोध्धे पड़ैंगें, अर न्यू जाण
लेवैगें, के मन्नै तेरे तै प्यार करया सै। 10 क्यूँके जिब तेरे ताहीं सताया
जाण लागरया था, तो तन्नै मेरे वचन ताहीं धीरज तै पुगाया सै, उसकी
बजह तै मै भी तन्नै इम्तिहान कै उस बखत म्ह बचा के राक्खूँगा, जो
धरती पै रहण आळे माणसां नै परखण कै खात्तर साब्ती दुनिया पै आण
आळा सै। 11 मै तावळा-ए आण आळा सूं, अपणे बिश्वास म्ह मजबूत
बणो, ताके कोए थमनै थारा ईनाम लेण तै रोक ना पावै। 12 वे लोग जो
बुराई की ताकत पै जीत पावै सै, उन ताहीं मै अपणे परमेसवर कै मन्दर
म्ह खम्बा बणाऊँगा, वो फेर कदे बाहरणै न्ही लिकड़ैंगे, अर मै अपणे
परमेसवर का नाम, अर अपणे परमेसवर के नगर, यानिके नये यरुशलेम
का नाम, जो मेरै परमेसवर की ओड़ तै सुर्ग पै तै उतरण आळा सै, अर
अपणा नया नाम उसपै लिखूँगा। 13 जिसकै कान हों, ध्यान तै सुण ले
के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै। 14 अर उसनै मेरे
ताहीं यो भी कह्या सै, के “लौदीकिया नगर की कलीसिया के सुर्गदूत नै
न्यू लिख” के, जो आमीन, अर बिश्वास जोग्गा, अर सच्चा गवाह सै, अर
परमेसवर की सृष्टि का खास कारण सै, वो न्यू कहवै सै। 15 के मै तेरे
काम्मां नै जाणु सूं के तू उस पाणी की ढाळ सै, जो ना तो शीळा सै अर
ना तात्ता, आच्छा था के तू इन म्ह तै एक होन्दा 16 क्यूँके तू गुणगुणा
सै, अर ना शीळा अर ना तात्ता, मै तन्नै अपणे मुँह म्ह तै उगळण पै सूं।
17 तू जो कहवै सै, के मै धनी सूं, अर धनवान होग्या सूं, अर मन्नै किसे
चीज का घाट्टा न्ही, अर न्यू न्ही जाण्दा, के तू निरभाग, नीच, कंगाल,
आन्धा, अर उघाड़ा सै। 18 इस करकै मै तन्नै राय दियुँ सूं, के आग म्ह
त्याया होड़ सोन्ना मेरै तै मोल ले, के तू साहूकार हो जावै, अर धोळा
लत्ता ले-ले के पहर कै तन्नै अपणे उघाड़ेपण पै शर्म न्ही आवै, अर
अपणी आँखां म्ह लाण कै खात्तर सुरमा ले, के तू देक्खण लाग्गै। 19 मै
जिस-जिसतै प्यार राक्खूँ सूं, उन सारया ताहीं उल्हाणा अर ताड़ना
दियुँ सूं, इस करकै हिम्मत राख, अर पाप करणा छोड़ दे। 20 देख, मै
दरबाजे पै खड्या होया खटखटाऊँ सूं, जै कोए मेरा बोल सुणकै दरबाजा
खोल्लैगा, तो मै उसकै धोरै भित्तर आकै उसकै गेल्या खाणा खाऊँगा,
अर वो मेरै गेल्या। 21 जो जीत पावै, मै उस ताहीं अपणे गेल्या अपणे
सिंहासन पै बिठाऊँगा, जिसा मै भी जीत पाकै, अपणे पिता कै गेल्या
उसकै सिंहासन पै बैठ गया। 22 जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण लेवै
के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै।

**4** इन बात्तां कै पाच्छै जो मन्नै निगांह करी, तो के देक्खूँ सूं, के सुर्ग
म्ह एक दरबाजा खुल्या होया सै, अर ओड़ कोए था जो मेरे तै बात
करण लागरया था, अर जो बात करण लागरया था, वो वोए था जिसनै
मेरे तै पैहले बात करी थी, अर जिसकी आवाज तुरही के शब्द की तरियां
थी, अर उसनै मेरे तै कह्या, के “उरै ऊपरान आ ज्या, अर मै वे बात तन्नै
दिखाऊँगा, जिनका इन बात्तां कै पाच्छै पूरा होणा जरूरी सै।” 2 अर
जिब्बे पवित्र आत्मा मेरे पै आ ग्या, अर मै के देक्खूँ सूं, के एक सिंहासन
सुर्ग म्ह सै, अर उस सिंहासन पै कोए बेठ्या सै। 3 अर जो उसपै बेठ्या
सै, उसकी चमक सूर्यकान्त मणि अर माणिक्य पत्थर के समान थी, अर
उस सिंहासन कै चौगरदेकै मेघ-धनुष था, उसकी चमक पन्ने के समान
की थी। 4 अर उस सिंहासन कै चौगरदेकै चौबीस सिंहासन सै, अर इन
सिंहासनां पै चौबीस बुजुर्ग धोळे लत्ते पहरे होड़ बेठ्ठे सै, अर उनके सिरां
पै सोन्ने के ताज सै। 5 अर उस सिंहासन म्ह तै बिजळी चमकण की अर
गरजण की आवाज आण लागरी थी, अर सिंहासन कै स्याम्ही आग के
सात दिवें जळण लागरे सै, जो के परमेसवर की सात आत्मा सै। 6 अर
उस सिंहासन कै स्याम्ही पारस था जो के समुंदर जिसा चौड़ा था, अर
शीशे जिसा साफ था, सिंहासन कै बिचाळै अर सिंहासन कै चौगरदेकै
चार प्राणी सै, जिनकै आग्गै-पाच्छै आँखें-आँख सै। 7 पैहला प्राणी शेर
कै बरगा सै, अर दुसरा प्राणी का मुँह बळध कै बरगा सै, तीसरे प्राणी
का मुँह माणस कै बरगा सै, अर चौथा प्राणी उड़दे होड़ उकाब कै बरगा
सै। 8 अर च्यारु प्राणियाँ कै छ: , छ: पंख सै, उनकै उप्पर अर हरेक
जगहां ए आँख थी, बल्के पंखां के तळै भी, अर वे दिन-रात बिना आराम
करे न्यू कहवै सै, के पवित्र, पवित्र, पवित्र प्रभु परमेसवर, जो सब तै
शक्तिशाली था, अर जो था, जो सै, अर जो आण आळा सै। 9 अर जिब
वे प्राणी उसकी जो सिंहासन पै बेठ्या सै, अर जो युगानुयुग जीवै सै,
महिमा अर आदर अर धन्यवाद करैंगें, (aiōn g165) 10 फेर सब चौबीस
बुजुर्ग सिंहासन पै बैठण आळे कै स्याम्ही पड़ जावैंगे, अर उस ताहीं जो
युगानुयुग जीवै सै प्रणाम करैंगें, अर अपणे-अपणे ताज सिंहासन कै
स्याम्ही न्यू कहन्दे होए धर देवैगें। (aiōn g165) 11 “हे म्हारे प्रभु अर
परमेसवर, तू-ए महिमा, अर आदर, अर सामर्थ कै जोग्गा सै, क्यूँके तन्नै
ए सारी चिज्जां ताहीं बणाया अर वे तेरी-ए मर्जी तै थी अर रची गई।”

**5** अर जो सिंहासन पै बेठ्या था, मन्नै उसकै सोळे हाथ म्ह एक
किताब देक्खी, जो भीत्तर अर बाहरणै लिक्खी होड़ अर वा सात
मोंहर लाकै बन्द करी गई थी। 2 फेर मन्नै एक शक्तिशाली सुर्गदूत ताहीं
देख्या, जो जोर तै बोलण लागरया था, के इस किताब कै खोल्लण
अर उसकी मोंहर तोड़ण कै जोग्गा कौण सै? 3 पर ना सुर्ग म्ह, ना
धरती पै, ना धरती कै तळै कोए उस किताब नै खोल्लण या उस ताहीं
पढ़ण लायक कोए कोनी लिकड़्या। 4 अर मै फूट-फूटकै रोण लाग्या,
क्यूँके उस किताब ताहीं खोल्लण, या उस ताहीं पढ़ण लायक कोए
न्ही मिल्या। 5 फेर उन बुजुर्गां म्ह तै एक नै मेरै तै कह्या, मतना रोवै,
लखा, यहूदा कै गोत्र का वो शेर, जो दाऊद का मूल सै, उस किताब नै
खोल्लण अर उसकी सात्तु मोंहर तोड़ण कै खात्तर जयवन्त होया सै। 6
फेर मन्नै उस सिंहासन अर च्यारु प्राणियाँ अर उन बुजुर्गां कै बिच्चाळै,
मान्नो एक मारया होड़ मेम्ना खड्या देख्या जो पैहले मर ग्या था, पर इब
वो जिन्दा होग्या सै, उसकै सात सींग अर सात आँख थी, ये परमेसवर
की सात्तु आत्मा सै, जो साब्ती धरती पै भेज्जी गई सै। 7 उसनै आकै
उसकै सोळे हाथ तै जो सिंहासन पै बेठ्या था, वा किताब ले ली, 8 अर
जिब उसनै किताब ले ली, तो वे च्यारु प्राणी अर सब चौबीस बुजुर्ग
उस मेम्ने कै स्याम्ही झुकगे, अर हरेक हाथ म्ह वीणा अर धूप तै भरे

होड़ सोन्ने के कटोरे थे, ये तो पवित्र माणसां की प्रार्थना सै। 9 अर
वे यो नया गीत गाण लाग्गे, के तू इस किताब कै लेण, अर उसकी
मोहरां नै खोल्लण जोग्गा सै, क्यूँकि तन्नै मरकै अपणे लहू तै हरेक कुल,
अर भाषा, अर माणस, अर जात म्ह तै परमेसवर कै खात्तर माणसां
ताहीं मोल लिया सै। 10 अर उन ताहीं म्हारै परमेसवर कै खात्तर एक
राज्य अर याजक बणाया, ताके वो परमेसवर की सेवा करै, अर वे
धरती पै राज्य करै सै। 11 अर जिब मन्नै देख्या, तो उस सिंहासन अर
उन प्राणियाँ अर उन बुजुर्गां कै चौगरदेकै अनगिणत सुर्गदूत्तां का बोल
सुण्या, जिनकी गिणती लाक्खां अर करोड़ां की थी। 12 अर वे ऊँच्ची
आवाज म्ह गाण लागरे थे, के मारया होया मेम्ना ए सामर्थ, धन, ज्ञान,
ताकत, आदर, महिमा, अर धन्यवाद कै लायक सै। 13 फेर मन्नै सुर्ग
म्ह, धरती पै, अर धरती कै तळै, अर समुन्दर की सारी बणाई होड़
चिज्जां नै, अर सारा किमे, जो उन म्ह सै, उन ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या, के
"जो सिंहासन पै बेठ्या सै, उसका, अर मेम्ने का धन्यवाद हो, मेम्ना ए
सामर्थ, धन, ज्ञान, ताकत, आदर, महिमा के लायक सै, अर उसका
राज्य, युगानुयुग रहवै।" (aiōn g165) 14 अर च्यारु प्राणियाँ नै आमीन
कह्या, अर बुजुर्गां नै झुककै प्रणाम करया।

6 फेर मन्नै देख्या, के मेम्ने नै उन सात्तु मोहरां म्ह तै एक ताहीं खोल्या,
अर उन च्यारु प्राणियाँ म्ह तै एक का गरजण जिसा शब्द सुण्या, के
आ जाओ। 2 अर मन्नै निगांह करी, अर देक्खो, मन्नै एक धोळा घोड़ा
दिख्या, अर उसका सवार धनुष लिए होड़ सै, अर उस ताहीं एक ताज
पिहराया गया, अर वो सुर्ग तै चाल्या अर धरती पै लिकड़ा, जो पैहले तै
ए जीत चुका सै, अर फेर तै वो जीत जावैगा। 3 अर जिब मेम्ने नै दुसरी
मोंहर खोल्ली, तो मन्नै दुसरे प्राणी ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या, के आ। 4
फेर एकदम तै एक और घोड़ा लिकड़या, जो लाल रंग का था, उसकै
सवार ताहीं यो हक दिया गया, के धरती पै तै मेळ-मिलाप ठा ले, ताके
माणस एक-दुसरे नै मारै, अर उस ताहीं एक बड्डी तलवार दी गई थी। 5
अर जिब उसनै तीसरी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै तीसरे प्राणी ताहीं न्यू
कहन्दे सुण्या, के "आ" अर मन्नै निगांह करी, अर देक्खो, मन्नै एक
काळे घोड़े ताहीं लिकड़दे देख्या, अर उसकै सवार कै हाथ म्ह एक
ताखड़ी सै। 6 अर मन्नै उन च्यारु प्राणियाँ कै बिचाळै तै एक शब्द
न्यू कहन्दे सुण्या, के एक दीनार एक दिन की मजदूरी भोत सै, एक
किलो गेहूँ, या तीन किलो जौ लेण खात्तर, पर तेल अर अंगूर के रस की
किम्मत ना बदलिये। 7 अर जिब मेम्ने नै चौथी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै
चौथे प्राणी का बोल न्यू कहन्दे सुण्या, के आ। 8 अर मन्नै निगांह करी,
अर देक्खो, एक पीळा-सा घोड़ा सै, अर उसकै सवार का नाम मौत सै:
अर अधोलोक उसकै पाच्छै-पाच्छै आण लागरया था, अर उन ताहीं
धरती पै रहण आळे चार माणस (या एक चौथाई माणसां) म्ह तै एक-
एक ताहीं मारण का हक मिल्या, उननै तलवार, भूख, बीमारी, अर
धरती के जंगली-जानवरां कै जरिये माणसां ताहीं मार दिया। (Hadēs
g86) 9 अर जिब मेम्ने नै पाँचवी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै वेदी कै तळै
उनके प्राणां ताहीं देख्या, जो परमेसवर कै वचन कै कारण, अर उसपै
बिश्वास करण के कारण मारे गये थे। 10 अर उसनै जोर तै रुक्का मारकै
परमेसवर तै कह्या, हे माल्लिक, हे पवित्र, अर सच्चे प्रभु, तू इतनी बाट
क्यूँ देखण लागरया सै, उन बुरे माणसां ताहीं दण्ड देण खात्तर, जो इस
धरती पै रहण लागरे सै? हम तेरे तै बिनती करां सां, के तू उन माणसां तै
बदला ले, जिननै म्हारे ताहीं जान तै मार दिया सै। 11 अर उन म्ह तै
हरेक ताहीं धोळे लत्ते देकै, परमेसवर नै उनतै कह्या, के और थोड़ी-देर
ताहीं आराम करो, जिब ताहीं के थारे संगी दास, अर बिश्वासी भाई, जो
थारी तरियां मरण आळे सै, उनकी भी गिणती पूरी ना हो लेवै। 12 जिब
मेम्ने नै छटी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै देख्या, के एक बड्ड़ा हाल्लण
होया, अर सूरज का रंग मोट्टे काळे काम्बळ की ढाळ काळा पड़ग्या, अर
पूरा चाँद लहू जिसा लाल होग्या। 13 अर अकास के तारे धरती पै इस
ढाळ पड़गे जिस तरियां आँधी तै हालकै अंजीर कै दरखत म्ह तै काच्चे
फळ झड़ैं सै। 14 आसमान पाटग्या अर एक किताब की ढाळ सुकड
ग्या था, अर हरेक पहाड़, अर टापू, अपणी-अपणी जगहां तै हटगे।
15 अर इसका नतिज्जां यो होया के, धरती के राजा, प्रधान, सरदार,
साहूकार, अर सामर्थी माणस, हरेक गुलाम, अर हरेक आजाद माणस,
पहाड़ां की खोह म्ह, अर चट्टानां म्ह जा लुह्के। 16 अर पहाड़ां, अर
चट्टानां तै कहण लाग्गे, के "म्हारे ताहीं लह्को ल्यो, अर म्हारै ताहीं
उसकै मुँह तै जो सिंहासन पै बेठ्या सै, अर मेम्ने कै प्रकोप तै लह्को
ल्यो। 17 क्यूँके उनकै प्रकोप के भयानक दिन जिब परमेसवर अर
मेम्ना उन सारया का न्याय करैगा तो कोए भी उननै दण्ड तै बचा न्ही
पावैगा।"

7 उसकै पाच्छै मन्नै दुनिया कै च्यारु कुणयां पै चार सुर्गदूत खड़े
देक्खे, उन सुर्गदूत्तां नै परमेसवर तै यो हक मिल्या था, के वे दुनिया
के माणसां ताहीं मरी तै मारै, चाहे वे धरती पै हो या समुन्दर पै हो, उननै
हवा ताहीं धरती के च्यारु कुणयां पै तै रोक राख्या था, ताके हवा धरती,
समुन्दर, या किसी भी जंगल तै ना गुजरे, 2 अर मन्नै एक और सुर्गदूत
ताहीं पूरब दिशा की ओड़ आन्दे देख्या, उसके हाथ म्ह परमेसवर की
ओड़ तै एक मोंहर थी, जो युगानुयुग जिन्दा सै, उस सुर्गदूत नै ऊँच्ची
आवाज म्ह दुसरे चार सुर्गदूत्तां तै यो कह्या। 3 जिब ताहीं हम अपणे
परमेसवर के दास्सां कै माथ्थै पै मोंहर न्ही ला देवां, जद ताहीं धरती अर
समुन्दर अर दरख्तां ताहीं नुकसान ना पोहोचाईयो। 4 अर जिब सुर्गदूत्तां
नै मोंहर लगा ली, तो किसे नै मेरे ताहीं बताया के एक लाख चवाळीस
हजार पै मोंहर लगा दी गई सै, ये सारे लोग इस्राएल के बारहां गोत्र म्ह तै
सै। 5 यहूदा के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै मोंहर दी गई, रूबेन के गोत्र
म्ह तै बारहा हजार पै, गाद के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै। 6 अशेर के
गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, नप्ताली के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै,
मनश्शिह के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै। 7 शमौन के गोत्र म्ह तै बारहा
हजार पै, लेवी के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, इस्साकार के गोत्र म्ह तै
बारहा हजार पै। 8 जबूलून के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, यूसुफ के गोत्र

म्ह तै बारहा हजार पै अर बिन्यामीन के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै मोंहर
दी गई। 9 इसकै पाच्छै मन्नै निगांह करी, अर देक्खो, हरेक जात, अर
कुल, अर माणस अर भाषा म्ह तै एक इसी बड्डी भीड़, जिस ताहीं कोए
गिण न्ही सकै था धोळें लत्ते पैहरे, अर अपणे हात्थां म्ह खजूर की डाळी
लिए होए सिंहासन कै स्याम्ही अर मेम्ने कै स्याम्ही खड़ी सै। 10 अर
जोर तै रुक्का मारकै कहवै सै, के उद्धार म्हारे परमेसवर जो सिंहासन पै
विराजमान सै, अर मेम्ने की ओड़ तै आवै सै। 11 अर सारे सुर्गदूत,
उस सिंहासन, बुजुर्गां अर च्यारु प्राणियाँ कै चौगरदेकै खड़े सै, फेर
वे सिंहासन कै स्याम्ही मुँह कै बळ पड़गे, अर परमेसवर ताहीं प्रणाम
करकै कह्या, म्हारै परमेसवर की बड़ाई, 12 महिमा, ज्ञान, धन्यवाद,
आदर, सामर्थ, अर ताकत युगानुयुग बणी रहवै। आमीन। (aiōn g165)
13 इसपै बुजुर्गां म्ह तै एक नै मेरै तै कह्या, के तू जाणै सै, के या धोळी
पोशाक पैहरे होए कौण सै? अर कित्त तै आये सै? 14 मन्नै उसतै कह्या,
"हे माल्लिक, तन्नै ए बेरा सै।" उसनै मेरै तै कह्या, "ये वे सै, जो उस
बड़े क्लेश म्ह तै लिकड़कै आये सै, इन्नै अपणे-अपणे लत्ते मेम्ने कै लहू
म्ह धोकै धोळे करे सै।" 15 इस्से कारण वे परमेसवर कै सिंहासन कै
स्याम्ही खड़े सै, अर परमेसवर कै घर म्ह दिन-रात उसकी सेवा करै सै,
अर जो सिंहासन पै बेठ्या सै, वो उन म्ह रहवैगा अर उन ताहीं बचावैगा।
16 वे इब ना तो कदे भूक्खे होवैंगें अर ना तिसाए, अर ना तो सूरज की
गर्मी उन ताहीं झुलसावैगी अर ना कोए दुसरी गर्मी। 17 क्यूँके जो मेम्ना
सिंहासन कै बिचाळै सै वो उनकी रुखाळी करैगा, अर उन ताहीं जीवन
रूपी पाणी के चोवै कै धोरै ले जाया करैगा, अर परमेसवर उनकी आँखां
तै सारे आँसू पुंज देवैगा।

**8** अर जिब मेम्ने नै सातमी मोंहर खोल्ली, तो सुर्ग म्ह आध्धे घंटे ताहीं
सन्नाटा छा गया। 2 अर मन्नै उन सात्तु सुर्गदूत्तां ताहीं जो परमेसवर
कै स्याम्ही खड़े रहवैं सै, देख्या, अर उन ताहीं सात तुरही दी गई। 3 फेर
एक और सुर्गदूत सोन्ने का धूपदान लिए होड़ आया, अर वेदी कै लोवै
खड्या होया, अर उस ताहीं भोत सारी धूप दी गई, ताके वो उस ताहीं
सारे पवित्र माणसां की प्रार्थना कै साथ उस सोन्ने की वेदी पै भेट चढ़ावै
जो सिंहासन कै स्याम्ही सै। 4 अर सुर्गदूत्तां के हाथ म्ह लिये होए उस
धूपदान का धुम्मा, पवित्र माणसां की प्रार्थना के साथ परमेसवर कै धोरै
उप्पर पोहच ग्या। 5 अर सुर्गदूत नै धूपदान लेकै उस म्ह वेदी की आग
भरी, अर उस ताहीं धरती पै गेर दी, अर गरजण गड़गड़ाहट, बिजळी
चमकी अर हाल्लण होण लाग्या। 6 फेर वे सात्तु सुर्गदूत जिनकै धोरै
सात तुरही थी, उन ताहीं फुक्कण खात्तर त्यार होए। 7 पैहले सुर्गदूत नै
तुरही फूक्की, अर लहू तै मिले होड़ ओळे अर आग पैदा होई, अर धरती
पै गेरी गई, अर धरती का एक तिहाई हिस्सा जळग्या, अर दरख्तां का
तीसरा हिस्सा जळग्या, अर सारी हरी घास भी जळगी। 8 जिब दुसरे
सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, तो मान्नो आग जिसा जळदा होया एक बड्ड़ा
पहाड़ समुन्दर म्ह गेरया गया, अर समुन्दर का एक तिहाई हिस्सा लहू
म्ह होग्या। 9 अर समुन्दर की एक तिहाई बणाई होड़ चीज जो जिन्दी
थी मरगी, अर जहाज के तीसरे हिस्से का नाश होग्या। 10 अर तीसरे
सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, अर एक बड्ड़ा तारा जो मशाल की ढाळ जळै
था, सुर्ग तै टूट्या, अर नदियाँ कै तीसरे हिस्से पै, अर पाणी के चोवां
पै आण पड्या। 11 उस तारे का नाम नागदौना सै, अर एक तिहाई
हिस्से का पाणी नागदौना बरगा कड़वा होग्या, अर घणखरे माणस उस
पाणी कै कड़वे हो जाण तै मरगे। 12 अर चौथे सुर्गदूत नै तुरही फूक्की,
अर सूरज का एक तिहाई हिस्सा, अर चाँद का एक तिहाई हिस्सा अर
तारां कै एक तिहाई हिस्से पै आफ्फत आई, ताके उनका एक तिहाई
हिस्सा अन्धेरै म्ह डूब जावै, अर दिन कै एक तिहाई हिस्से म्ह चाँदणा
न्ही रहया, अर उस्से तरियां एक तिहाई रात भी बिना चाँदणे की हो गई।
13 जिब मन्नै फेर देख्या, तो अकास कै बिचाळै एक उकाब ताहीं उड़दे
अर ऊँच्चे शब्द तै न्यू कहन्दे सुण्या, "उन तीन सुर्गदूत्तां की तुरही के
शब्दां कै कारण, जिनका फूंकणा इब्बे बाक्की सै, धरती के बासिन्दयां
पै धिक्कार सै, धिक्कार, धिक्कार।"

**9** जिब पाँचमै सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, तो मन्नै सुर्ग तै धरती पै एक
तारा पड़दा होड़ देख्या, अर उस तारे ताहीं घणे अथाह कुण्ड की
ताळी दी गई। (Abyssos g12) 2 अर उसनै घणे अथाह कुण्ड ताहीं
खोल्या, अर कुण्ड म्ह तै बड्डी भट्ठी जिसा धुम्मा उठ्या, अर कुण्ड कै
धुम्मै तै सूरज अर आसमान म्ह अन्धेरा छाग्या। (Abyssos g12) 3 अर
उस धुम्मै म्ह भोत सारी टिड्डी लिकड़ी अर वे सारी धरती पै फैलगी, अर
उन ताहीं बिच्छुआ की तरियां माणसां कै लड़ण की शक्ति दी गई। 4 अर
उनतै कह्या गया, के ना धरती की घास ताहीं, ना किसे हरियाली ताहीं,
ना किसे दरखत ताहीं नुकसान पोहोचाओ, सिर्फ उन माणसां ताहीं
नुकसान पोहोचाओ, जिनकै माथ्थै पै परमेसवर की मोंहर कोनी। 5 अर
उनकी जान लेण का तो न्ही, पर पाँच महिन्ना तक माणसां ताहीं दर्द देण
का हक दिया गया, अर उनका दर्द इसा था, जिसा बिच्छु कै डंक मारण
तै माणस का होवै सै। 6 उन पाँच महिन्ना म्ह माणस मरण के तरिक्कें
टोहवैंगें, वे मरणा तो चाहवैंगे, पर वे मर न्ही पावैंगें। 7 अर उन टिड्डियाँ
के आकार लड़ाई कै खात्तर त्यार करे होए घोड्या कै जिसे थे, अर उनके
सिरां पै मान्नो सोन्ने के ताज थे, अर उनके मुँह माणसां बरगे थे। 8 अर
उनके बाळ लुगाईयाँ कै जिसे, अर दाँत शेरां कै जिसे थे। 9 अर उनका
शरीर मान्नो लोहे के कवच तै ढक्या होया था, अर उनके पंखां का शब्द
इसा था जिसा रथां अर भोत-से घोड्या का जो लड़ाई म्ह भाज्जै सै। 10
अर उनकी पूछ अर डंक बिच्छुआ के समान थी, अर उन ताहीं पाँच
महिन्ना तक माणसां नै दुख पोहोचाण की जो सामर्थ थी, वा उनकी
पुन्झड़ां म्ह थी। 11 घणे अथाह कुण्ड का दूत उनपै राजा था, उसका
नाम इब्रानी म्ह अबद्दोन, अर यूनानी म्ह अपुल्लयोन सै। (Abyssos g12)
12 पाँच महिन्ना बाद वा बिप्दा खतम हो जावैगी, लखाओ इब इनकै
पाच्छै दो बिप्दा और आण आळी सै। 13 अर जिब छटमै सुर्गदूत नै तुरही
फूक्की तो जो सोन्ने की वेदी परमेसवर कै स्याम्ही सै उसके सीन्गां म्ह
तै मन्नै इसा शब्द सुण्या। 14 मान्नो कोए छटमै सुर्गदूत तै जिसकै धोरै

तुरही थी कहण लागरया सै, के "उन चार सुर्गदूत्तां नै जो बड्डी नदी
फरात कै धोरै बन्धे होड़ सै, खोल दे।" 15 अर वे च्यारु सुर्गदूत जो उस
घड़ी, दिन, महिन्ने, या साल कै खात्तर एक तिहाई माणसां नै मारण
खात्तर छोड़ दिए गये थे। 16 उननै भोत बड़े घुड़सवारां की पलटन ताहीं
कठ्ठा करया जिनकी गिणती बीस करोड़ सै। 17 अर मन्नै अपणे दर्शन
म्ह घोड़े अर उसके इसे सवार दिक्खे, उनकै धोरै कवच था जो लाल,
गहरा नीला अर गन्धक की तरियां पीळा था, अर उन घोड्या के सिर शेर
कै सिर बरगे थे, अर उनके मुँह तै आग, अर धुम्मा, अर गन्धक लिकड़ै
थी। 18 इन तीन्नु महामारियाँ तै, यानिके आग, अर धुम्मा, अर गन्धक तै
जो उसके मुँह तै लिकड़ै थी, एक तिहाई माणस मारे गये। 19 क्यूँके
उन घोड्या की ताकत उनकै मुँह, अर उनकी पुन्झड़ां म्ह थी, ज्यांतै के
उनकी पुन्झड़ साँपां जिसी थी, अर उन पुन्झड़ां के सिर भी थे, अर इन्हे
तै वे दर्द देवैं थे। 20 अर बाकी माणस जो उन महामारियाँ तै न्ही मरे थे,
उननै अपणे बुरे काम करणे न्ही छोड्डे, जो के ये थे भुंडी ओपरी आत्मायाँ
की, अर सोन्ने, चान्दी, पीत्तळ, पत्थर, अर काठ की मूर्तियाँ की पूजा
करणा, जो ना देख, ना सुण, ना चाल सकै सै। 21 अर ना ए उननै खून
करणा, जादू-टोणा, जारी, अर चोरी करणा छोड्या।

**10** फेर मन्नै एक और शक्तिशाली सुर्गदूत ताहीं सुर्ग तै उतरदे देख्या,
जिसनै बाद्दळां ताहीं लत्यां के समान धारण करया होया था,
उसकै सिर पै मेघ-धनुष था, अर उसका मुँह सूरज जिसा अर उसके पाँ
आग कै खम्भे बरगे थे। 2 उसनै अपणा सोळा पाँ समुन्दर पै, अर ओळा
पाँ धरती पै धरया, अर उसके हाथ म्ह एक छोट्टी सी खुली होड़ किताब
थी, । 3 अर इतनी जोर तै चिल्लाया, जिस ढाळ शेर गरजै सै, अर जिब
वो चिल्लावै था तो गरजण के सात शब्द सुणाई दिए, जिननै मै समझ
न्ही पाया। 4 अर जिब सात्तु गरजण के शब्द सुणाई दे लिए, तो मै
लिखण पै था, अर मन्नै सुर्ग तै यो शब्द सुण्या, के जो बात गरजण के
उन सात शब्दां तै सुणी सै, उननै ल्ह्कोए राख, अर लिखै ना। 5 अर
जिस सुर्गदूत ताहीं मन्नै समुन्दर अर धरती पै खड़े होड़ देख्या था, उसनै
अपणा सोळा हाथ कसम खाण खात्तर सुर्ग कै कान्ही ठाया। 6 अर जो
युगानुयुग जिन्दा रहवैगा, अर जिसनै सुर्ग अर उस म्ह बसी होई चिज्जां
ताहीं, अर धरती अर उस म्ह बसी होई चिज्जां ताहीं, अर समुन्दर उस म्ह
बसी होई चिज्जां ताहीं बणाया सै, उस्से की कसम खाकै बोल्या, "इब
तो और वार न्ही होगी।" (aiōn g165) 7 जिब सातमै सुर्गदूत का तुरही
फूंक्कण का बखत होगा, तो परमेसवर की योजना पूरी हो जावैगी,
जिस ताहीं उसनै अपणे नबियाँ ताहीं बताया, जो उसकी सेवा करै सै,
पर वो योजना दुसरे माणसां पै जाहिर कोनी करी थी। 8 अर जिस शब्द
करण आळे ताहीं मन्नै सुर्ग तै बोलदे सुण्या था, वो फेर मेरै गेल्या बात
करण लाग्या, के जा, जो सुर्गदूत समुन्दर अर धरती पै खड्या सै, उसकै
हाथ म्ह की खुली होड़ किताब ले ले। 9 अर मन्नै सुर्गदूत कै धोरै जाकै
कह्या, "या छोट्टी किताब मन्नै दे, अर उसनै मेरै तै कह्या, 'ले इसनै खा
ले,' या तेरे मुँह म्ह शहद जिसी मिठ्ठी लाग्गैगी, पर या तेरा पेट कड़वा
कर देगी।" 10 ज्यांतै मै वा छोट्टी किताब उस सुर्गदूत कै हाथ म्ह तै लेकै
खाग्या, वा मेरै मुँह म्ह शहद जिसी मिठ्ठी तो लाग्गी, पर जिब मै उसनै
खाग्या, तो मेरा पेट कड़वा होग्या। 11 फेर मेरै तै न्यू कह्या गया, "तन्नै
घणेए माणसां, जात्तां, भाषा अर राजयां के बारें म्ह फेर तै भविष्यवाणी
करणी होगी।"

**11** फेर मेरै ताहीं नाप्पण कै खात्तर एक सरकण्डा दिया, जो नाप्पण
के यन्त्र जिसा था, अर किसे नै मेरे तै कह्या, "उठ, परमेसवर के
मन्दर अर वेदी ताहीं नाप ले, अर उस म्ह आराधना करण आळा की
गिणती करले। 2 अर मन्दर कै बाहर का आँगण छोड़दे, उसनै मतना
नाप, क्यूँके वो गैर यहूदियाँ ताहीं दिया गया सै, अर वे पवित्र नगर नै
बियाळीस महिन्ने ताहीं रौंदैगी। 3 अर मै अपणे दो गवाहां ताहीं यो हक
देऊँगा, के टाट ओढ़ होए एक हजार दो सौ साठ दिन ताहीं भविष्यवाणी
करै।" 4 ये वैए जैतून के दो दरखत अर दो दीवट की तरियां सै, जो
धरती कै प्रभु कै स्याम्ही खड़े रहवैं सै। 5 अर जै कोए उननै नुकसान
पोहचावै सै, तो उनकै मुँह तै आग लिकड़कै उनके बैरियाँ ताहीं भस्म
करै सै, अर जै कोए उन ताहीं नुकसान पोहोचाणा चाहवैगा, तो जरुर
इस्से ढाळ मारया जावैगा। 6 परमेसवर नै उन ताहीं हक दिया सै, के
उनकी भविष्यवाणी के दिनां म्ह अकास तै मिह न्ही बरसै, अर उननै यो
भी हक सै, के जिब-जिब वे चाहवैं जद-जद वे पाणी नै लहू म्ह बदल दे,
अर धरती पै हरेक ढाळ की बिप्दा ल्यावै। 7 अर जिब वे अपणी गवाही
दे लेवैगें, तो वो पशु जो घणे अथाह कुण्ड म्ह तै लिकड़ैगा, उनतै लड़कै
उन ताहीं जित्तैगा अर मार देवैगा। (Abyssos g12) 8 अर उनकी लाश उस
बड़े नगर कै चौक म्ह पड़ी रहवैंगीं, जित्त उनका प्रभु भी क्रूस पै चढ़ाया
गया था, जो आत्मिक तौर तै सदोम अर मिस्र देश कुह्वावै सै। 9 अर सारे
माणस, सारे कुल, सारी भाषा, अर सारी जात्तां के लोग उनकी लाश
साढ़े तीन दिन ताहीं देखदे रहवैंगें, अर उनकी लाश कब्र म्ह धरण न्ही
देवैगें। 10 अर धरती के बासिन्दे, उनके मरण तै राज्जी अर मग्न होवैंगें,
अर एक-दुसरे कै धोरै तोप्फे भेज्जैगें, क्यूँके इन दोनु नबियाँ नै धरती
के बासिन्दयां ताहीं भोत सताया था 11 अर साढ़े तीन दिन कै पाच्छै
परमेसवर कै कान्ही तै जीवन का साँस उन म्ह आ ग्या, अर वे अपणे
पायां कै बळ खड़े होग्ये, अर उनके देखण आळे डरगे। 12 अर उननै
सुर्ग तै एक बड्ड़ा बोल सुणाई दिया, के उरै ऊपरान आओ, न्यू सुण वे
बाद्दळां पै सवार होकै अपणे बैरियाँ के देखदे-देखदे सुर्ग पै चढ़गे। 13
फेर उस्से बखत एक बड्ड़ा भूकम्प यरुशलेम नगर म्ह होया, अर नगर
का दसमां हिस्सा पड़ग्या, अर उस भूकम्प तै सात हजार माणस मरगे
अर बाक्की बचे होड़ माणस डरगे, अर सुर्ग के परमेसवर की महिमा
करी। 14 दुसरी बिप्दा बीत ली, देक्खो, तीसरी बिप्दा तावळी आण
आळी सै। 15 अर जिब सातमै सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, तो सुर्ग म्ह इस
बारै म्ह बड़े-बड़े शब्द होण लाग्गे, के "दुनिया का राज्य म्हारै प्रभु का,
अर उसके मसीह का होग्या सै, अर वो युगानुयुग राज्य करैगा।" (aiōn
g165) 16 अर सब चौबीस बुजुर्ग जो परमेसवर कै स्याम्ही अपणे-अपणे

सिंहासन पै बेठ्ठे थे, मुँह कै बळ मोध्धे पड़कै परमेसवर की आराधना
करैंगें। 17 न्यू कहण लाग्गे, “के हे सर्वशक्तिमान प्रभु परमेसवर, जो सै,
अर जो था, हम तेरा धन्यवाद करा सां, के तन्नै अपणी बड्डी सामर्थ के
काम तै धरती पै राज करणा शरु करया। 18 अर दुसरी जात्तां कै छो
उठ्या, अर तेरा प्रकोप आण पड्या अर वो बखत आण पोंहच्या सै, के
मरे होया का न्याय करया जावै, अर तेरे दास नबियाँ अर पवित्र माणसां
ताहीं अर उन छोट्टे-बड़ा ताहीं जो तेरे नाम तै डरै सै, वो तेरी महिमा करै,
अर धरती पै जो माणस दुसरे माणसां नै बिगाड़ै सै, उन ताहीं नाश करा
जावै।” 19 फेर परमेसवर का जो मन्दर सुर्ग म्ह सै वो खोल्या गया, अर
उसकै मन्दर म्ह उसका करार का सन्दूक दिख्या, बिजळियाँ, शब्द,
गरजण अर भूकम्प होए अर बड़े ओळे पड़े।

**12** फेर इन बात्तां कै बाद सुर्ग पै एक बड़्ड़ा निशान दिख्या, यानिके
एक जनानी जो सूरज नै ओढ़े होड़ थी, अर चाँद उसकै पायां कै
तळै था, अर उसकै सिर पै बारहा तारां का ताज था। 2 अर वा गर्भवती
थी, अर किल्की मारै थी, क्यूँके जाप्पै का दर्द उसकै होण लाग्या था,
अर वा बाळक जाम्मण कै दर्द म्ह थी। 3 अर एक और निशान सुर्ग पै
दिख्या, अर देक्खो, एक भोत बड़्ड़ा लाल अजगर था जिसकै सात सिर
अर दस सींग थे, अर उसकै सिरां पै सात राजमुकुट थे। 4 अर उसकी
पुन्झड़ नै अकास के एक तिहाई हिस्से के तारे खिंचकै धरती पै गेर दिए,
अर वो अजगर उस जनानी के स्याम्ही जो जच्चा थी, खड्या होया, के
जिब वा बाळक जणै तो उसकै बाळक नै निगळ जावै। 5 अर उसकै
छोरा होया जो लोहे का राजदंड लिए होड़, सारी जात्तां पै राज करण पै
था, अर उसका बाळक चाणचक परमेसवर कै धोरै, अर उसकै सिंहासन
कै धोरै ठा कै पोहोचा दिया गया। 6 अर वा जनानी उस बण म्ह भाजगी,
जित्त परमेसवर की ओड़ तै उसकै खात्तर एक जगहां त्यार करी गई
थी, ताके ओड़ै एक हजार दो सौ साठ दिन ताहीं उसकी देखभाळ अर
उसका पालन-पोषण करया जावै। 7 फेर सुर्ग पै लड़ाई होई, मीकाईल
अर उसके सुर्गदूत अजगर तै लड़ण नै लिकड़े, अर अजगर अर उसके
दूत उसतै लड़े। 8 पर अजगर हार ग्या अर सुर्ग तै लिकाड़ दिया गया,
अर सुर्ग म्ह उनकै खात्तर फेर जगहां कोनी रही। 9 अर वो बड़ा अजगर
यानिके वोए पुराणा साँप, जो इब्लीस अर शैतान कुह्वावै सै, अर साब्ती
दुनिया नै भकाण आळा सै, धरती पै गेर दिया गया, अर उसके दूत
उसकै गैल गेर दिए गए। 10 फेर मन्नै सुर्ग पै तै यो बड़्ड़ा शब्द आन्दे
होड़ सुण्या, के इब म्हारा परमेसवर माणसां ताहीं बचा लेवैगा, अर वो
अपणी शक्ति का इस्तमाल करैगा, अर राजा की तरियां राज करैगा, इब
उसका मसीह दुनिया पै अपणा हक जतावैगा, क्यूँके शैतान परमेसवर
की हजुरी म्ह खड़ा होकै, जो दिन रात उसके दास्सां पै दोष लाया करै
था, वो सुर्ग तै गिरा दिया गया सै। 11 म्हारे बिश्वासियाँ नै शैतान ताहीं
हराया सै, अर वे मेम्ने कै लहू कै कारण, अर अपणी गवाही कै वचन कै
कारण, उसपै जीत्ते, अर उननै अपणे जी ताहीं प्यारा न्ही जाण्या, उरै
ताहीं के मौत भी सहण कर ली। 12 ज्यांतै, हे सुर्ग, अर उस म्ह रहण
आळो आनन्दित होओ, अर हे धरती, अर समुन्दर म्ह रहण आळो, थारे
पै धिक्कार सै! क्यूँके शैतान घणे छो कै गेल्या थारे धोरै उतर आया सै,
क्यूँके वो जाणै सै, के उसका थोड़ा-ए बखत और बच रया सै। 13 अर
जिब अजगर नै देख्या, के मै धरती पै गेर दिया गया सूं, तो उस जनानी
ताहीं जिन नै बेट्टा पैदा करया था, उसका पिच्छा करया। 14 अर उस
जनानी ताहीं बड़े उकाब के दो पंख दिए गये, के अजगर कै स्याम्ही तै
उड़ कै बण म्ह उस जगहां पोहच जावै, जित्त उसकी एक बखत, अर
समयों, अर आध्धे बखत ताहीं देख-रेख करी जावै। 15 अर अजगर नै
उस जनानी कै पाच्छै अपणे मुँह तै नदी की तरियां पाणी बहाया, के
उसनै नदी तै बहा दे। 16 पर धरती नै उस जनानी की मदद करी, अर
अपणा मुँह खोल कै उस नदी ताहीं जो अजगर नै अपणे मुँह तै बहाई
थी, पी लिया। 17 फेर अजगर नै जनानी पै गुस्सा करया, अर उसके
वंशजां ताहीं, जो परमेसवर के हुकम नै मान्नै सै, अर यीशु की गवाही
देण पै अटल सै, उनतै लड़ण नै गया।

**13** अर वो समुन्दर कै बालू पै जा खड्या होया। अर मन्नै एक
पशु ताहीं समुन्दर म्ह तै लिकड़दे होड़ देख्या, जिसके दस सींग
अर सात सिर थे, उसके सीन्गां पै दस राजमुकुट अर उसके सिरां पै
परमेसवर की बुराई के नाम लिक्खे होड़ थे। 2 अर जो पशु मन्नै देख्या,
वो चित्तै बरगा था, अर उसके पाँ भाल्लू जिसे, अर मुँह शेर कै बरगा था,
अर उस अजगर नै अपणी सामर्थ, अर अपणा सिंहासन, अर बड़्ड़ा
हक, उस ताहीं दे दिया। 3 अर मन्नै उसके सिरां म्ह तै एक पै इसा
जानलेवा घाव लाग्या होड़ देख्या, मान्नो वो मरण पै सै, फेर उसका
जानलेवा घाव ठीक होग्या, अर साब्ती धरती के माणस हैरान होगे अर
उस पशु के भगत बण जावैंगे। 4 अर उननै अजगर की पूजा करी, क्यूँके
उसनै पशु ताहीं अपणा हक दे दिया था, अर न्यू कहकै पशु की भी पूजा
करी, के इस पशु कै बरगा कौण सै? कौण उसतै लड़ सकै सै? 5 उस
ताहीं डींग मारण अर परमेसवर की बुराई करण का हक अर बियाळीस
महिन्ने ताहीं राज करण की इजाजत दी गई। 6 पशु नै, परमेसवर अर
उसकै नाम, उसके रहण की जगहां यानी सुर्ग अर उन सब की, जो सुर्ग
म्ह रहवै सै, उनकी बुराई करणा शरु कर दिया। 7 अर उस ताहीं न्यू हक
दिया गया, के पवित्र माणसां तै लड़ै, अर उनपै जीत पावै, अर उस ताहीं
हरेक कुल, अर माणस, अर भाषा, अर जात पै हक दिया गया। 8 अर
धरती पै रहण आळे वे सारे उस पशु की पूजा करैगें। मतलब जिनका
दुनिया की शरुआत के बाद के वे सारे माणस जिनके नाम उस मेम्ने की
जीवन की किताब म्ह लिक्खे न्ही गये सै। मेम्ना वोए सै जो मारया गया
सै। 9 जिसके कान हों वो ध्यान तै सुणै। 10 जिस ताहीं कैद म्ह पड़णा
सै, वो कैद म्ह पड़ैगा, जो तलवार तै मारैगा, जरूरी सै के वो तलवार तै
मारया जावैगा। पवित्र माणसां का धीरज दुख ठाण अर उसपै बिश्वास
करण म्ह सै। 11 फेर मन्नै एक और पशु ताहीं धरती म्ह तै लिकड़दे
देख्या, उसके मेम्ने की ढाळ दो सींग थे, अर वो अजगर की ढाळ बोल्लै
था। 12 अर यो उस पैहल्ड़े पशु का सारा हक उसकै स्याम्ही काम

म्ह ल्यावै था, अर धरती अर उसके बासिन्दयां तै उस पैहल्ड़े पशु की
जिसका जानलेवा घाव ठीक होग्या था, पूजा करै था। 13 अर वो बड़े-
बड़े निशान दिखावै था, उरै ताहीं के माणसां कै देखते-देखते सुर्ग तै
धरती पै आग बरसा देवै था। 14 अर उन चमत्कारां कै कारण जिन ताहीं
उस पशु कै स्याम्ही दिखाण का हक उस ताहीं दिया था, वो धरती के
बासिन्दयां ताहीं इस तरियां भकावै था, के धरती के बासिन्दयां तै कहवै
था, के जिस पशु कै तलवार लागरी थी, वो जिन्दा होग्या सै, उसकी
मूर्ति बणाओ। 15 अर उस ताहीं उस पशु की मूर्ति म्ह जी घाल्लण का
हक दिया गया, के पशु की मूर्ति बोल्लण लाग्गै, अर जितने माणस उस
पशु की मूर्ति की पूजा न्ही करै, उन ताहीं मरवा देवै। 16 अर उसनै छोट्टे,
बड़े, साहूकार, कंगाल, आजाद, गुलाम सारया कै सोळे हाथ या उनकै
माथ्थै पै छाप लगावाण खात्तर उन ताहीं मजबूर कर दिया। 17 के उस
ताहीं छोड़ जिसपै छाप यानिके उस पशु का नाम, या उसकै नाम का
अंक हो, अर कोए लेण-देण न्ही कर सकै। 18 ज्ञान इस्से म्ह सै: जिस
म्ह अकल हो वो इस पशु का अंक जोड़ ले, क्यूँके वो माणस का अंक
सै, अर उसका अंक छ: सौ छियासठ सै।

**14** पर उसकै बाद मन्नै कुछ और भी देख्या, वो मेम्ना सिय्योन पहाड़
पै खड्या सै, अर उसकै गेल्या एक लाख चवाळीस हजार माणस
सै, जिनकै माथ्थै पै उसका अर उसकै पिता का नाम लिख्या होड़ सै। 2
अर सुर्ग तै मन्नै एक इसा शब्द सुणाई दिया, जो पाणी की घणी धारा
अर बड़े गरजण जिसा शब्द था, अर जो शब्द मन्नै सुण्या, वो इसा
था, मान्नो वीणा बजाण आळे वीणा बजान्दे हों। 3 अर वे सिंहासन कै
स्याम्ही अर च्यारु प्राणियाँ अर बुजुर्गां कै स्याम्ही मान्नो, एक नया गीत
गाण लागरे थे, अर उन एक लाख चवाळीस हजार माणसां ताहीं छोड़
जो धरती पै तै छुड़ाए गये थे, कोए वो गीत न्ही सीख सकै था। 4 ये वे
सै, जो जनानियाँ कै गेल्या अशुद्ध न्ही होए, पर कुवांरे सै। ये वैए सै, के
जित्त किते मेम्ना जावै सै, वे उसकै पाच्छै हो लेवैं सै। जिस तरियां लोग
अपणी फसल म्ह तै पैहला फळ परमेसवर ताहीं चढ़ावै सै, उस्से तरियां
वो भी परमेसवर अर मेम्ने खात्तर पैहले फळ के रूप म्ह चढ़ाए गए सै।
5 अर उनके मुँह तै झूठ न्ही लिकड़या था, वे बेकसूर सै। 6 फेर मन्नै एक
और सुर्गदूत ताहीं अकास कै बिचाळै उड़दे होड़ देख्या जिसकै धोरै
धरती पै के बासिन्दयां की हरेक जात, अर कुल, अर भाषा, अर माणसां
ताहीं सुणाण कै खात्तर घणा सनातन सुसमाचार था। (aiōnios g166) 7
अर उसनै ऊँच्ची आवाज म्ह कह्या, "परमेसवर तै डरो, अर उसकी
महिमा करो, क्यूँके उसकै न्याय करण का बखत आण पोंहच्या सै, अर
उसकी आराधना करो, जिसनै सुर्ग अर धरती अर समुन्दर अर पाणी के
सोते बणाए।" 8 फेर इसकै पाच्छै एक और दुसरा सुर्गदूत न्यू कहन्दा
होड़ आया, के पड़ग्या, वो बड्ड़ा बेबीलोन नगर पड़ग्या जिसनै अपणी
जारी की कोपमय मदिरा सारी जात्तां ताहीं पिलाई सै। 9 फेर इनकै
पाच्छै एक और सुर्गदूत जोर तै न्यू कहन्दा होड़ आया, के जो कोए उस
पशु अर उसकी मूर्ति की पूजा करै, अर अपणे माथ्थै या अपणे हाथ पै
उसकी छाप ले। 10 तो वो परमेसवर के प्रकोप की निरी मदिरा जो
उसकै खुन्दक कै कटोरे म्ह घाल्ली गई सै, पीवैगा अर पवित्र सुर्गदूत्तां कै
स्याम्ही, अर मेम्ने कै स्याम्ही आग अर गन्धक की पीड़ा म्ह पड़ैगा। 11
अर उनकी पीड़ा का धुम्मा युगानुयुग उठदा रहवैगा, अर जो उस पशु अर
उसकी मूर्ति की पूजा करै सै, अर जो उसकै नाम की छाप लेवैं सै,
उन ताहीं दिन-रात चैन न्ही मिलैगा। (aiōn g165) 12 पवित्र माणसां का
धीरज इस्से म्ह सै, के धीरज तै दुख सहन्दे रहवै अर अन्त ताहीं मजबूत
बणकै परमेसवर के हुकमां नै मान्नै, अर यीशु पै बिश्वास राक्खैं। 13 फेर
मन्नै सुर्ग तै यो शब्द सुण्या, के लिख, जो मुर्दे प्रभु म्ह मरै सै, वे इब तै
धन्य सै, आत्मा कहवै सै, हाँ, क्यूँके वे अपणी मैहनतां तै आराम पावैंगें,
अर उनकै काम उनकै गेल्या हो लेवैगें। 14 अर मन्नै निगांह करी, अर
देक्खो, एक धोळा बाद्दळ सै, अर उस बाद्दळ पै माणस कै बेट्टे बरगा
कोए बेठ्या सै, जिसकै सिर पै सोन्ने का ताज अर हाथ म्ह तेज दराती
सै। 15 फेर एक और सुर्गदूत नै मन्दर म्ह तै लिकड़कै, उसतै जो बाद्दळ
पै बेठ्या था, जोर तै रुक्का मारकै कह्या, "के अपणी दराती ल्याकै
लामणी कर, क्यूँके लामणी का बखत आण पोंहच्या सै, ज्यांतै के धरती
की खेत्ती पक ली सै।" 16 इस करकै जो बाद्दळ पै बेठ्या था, उसनै
धरती पै अपणी दराती लाई, अर धरती की लामणी करी गई। 17 फेर
एक और सुर्गदूत उस मन्दर म्ह तै लिकड़या, जो सुर्ग म्ह सै, अर उसकै
धोरै भी तेज दराती थी। 18 फेर एक और सुर्गदूत जिस ताहीं आग पै
हक था, वेदी म्ह तै लिकड़या, अर जिसकै धोरै तेज दराती थी, उसतै
जोर तै बोल्या, "अपणी तेज दराती ल्याकै धरती की दाखलता के गुच्छे
काट ले, क्यूँके उसकी दाख पक ली सै।" 19 अर उस सुर्गदूत नै धरती
पै अपणी दराती लाई, अर धरती की दाखलता का फळ काटकै, अपणे
परमेसवर के प्रकोप के बड़े रस के कुण्ड म्ह घाल दिया। 20 अर नगर कै
बाहरणै उस रसकुण्ड म्ह अंगूर रौंदे गये, अर रसकुण्ड म्ह तै इतणा लहू
लिकड़या के वो नदी म्ह तबदील होग्या, जो के तीन सौ किलो मीटर
लम्बी अर इतनी गहरी थी, के उस म्ह घोड़े भी समा जावै।

**15** फेर इसकै बाद मन्नै सुर्ग म्ह एक और बड्ड़ा अर अदभुत निशान
देख्या, यानिके सात सुर्गदूत जिनकै धोरै सात आखरी बिप्दा थी,
क्यूँके उनके खतम हो जाण पै परमेसवर के प्रकोप का अंत सै। 2 फेर
मन्नै इसा लाग्या जणु मान्नो मै एक काँच के समुन्दर नै देखण लागरया
सूं, जिस म्ह आग मिली होई थी, मन्नै इस समुन्दर के किनारे पै उन
माणस ताहीं खड़े देख्या, जिननै उस बड़े पशु ताहीं हराया था, क्यूँके
उननै उसकी मूर्ति की आराधना करण तै अर उसकै नाम की मोहर
लगाण तै भी मना कर दिया था, उन माणसां के हाथ म्ह परमेसवर के
जरिये दी गई वीणा थी। 3 वे परमेसवर के दास मूसा नबी का गीत, अर
मेम्ने का गीत गा-गाकै कहवै थे, "हे सर्वशक्तिमान प्रभु परमेसवर, तेरे
काम महान्, अर अनोक्खे सै, हे युग-युग के राजा, तेरी चाल सही अर
सच्ची सै।" 4 "हे प्रभु, कौण तेरे तै न्ही डरैगा अर तेरे नाम की महिमा
न्ही करैगा? क्यूँके सिर्फ तू ए पवित्र सै। सारी जात आकै तेरे स्याम्ही

मोध्धे पड़कै प्रणाम करैगी, क्यूँके तेरे न्याय के काम दिखगे सै।" 5 जिब
माणसां नै गाणा बन्द कर दिया, तो मन्नै सुर्ग म्ह मन्दर ताहीं खुल्या
होया देख्या, जो के परमेसवर के तम्बू की तरियां था। 6 अर वे सात्तु
सुर्गदूत जिनकै धोरै सात्तु बिप्दा थी, शुद्ध अर चमकदी होई मलमल के
लत्ते पहरे होड़, छात्ती पै सुनहरे परणे बाँधे होड़ मन्दर तै लिकड़े। 7 अर
उन च्यारु प्राणियाँ म्ह तै एक नै उन सात सुर्गदूत्तां ताहीं परमेसवर के,
जो युगानुयुग जीवै सै, प्रकोप तै भरे होड़ सात सोन्ने के कटोरे दिए।
(aiōn g165) 8 अर परमेसवर की महिमा अर उसकी सामर्थ कै कारण
मन्दर धुम्मै तै भर गया, अर जिब तक उन सात्तु सुर्गदूत्तां की सात्तु बिप्दा
खतम न्ही होई तब तक कोए मन्दर म्ह न्ही जा सक्या।

16 फेर मन्नै मन्दर म्ह किसे ताहीं जोर तै उन सात्तु सुर्गदूत्तां तै न्यू
कहन्दे सुण्या के जाओ, परमेसवर कै प्रकोप के सात्तु कटोरयां
ताहीं धरती पै उंडेल द्यों। 2 इस करकै पैहल्ड़े सुर्गदूत नै जाकै अपणा
कटोरा धरती पै उंडेल दिया, अर उन माणसां का जिनपै पशु की छाप
थी, अर जो उसकी मूर्ति की पूजा करै थे, उनकै एक तरियां तै बुरा अर
दुख देण आळा फोड़ा लिकड़या। 3 अर दुसरे सुर्गदूत नै अपणा कटोरा
समुन्दर पै उंडेल दिया, अर वो मरे होए माणसां के लहू जिसा होग्या, अर
समुन्दर म्ह रहण आळा हरेक प्राणी मर ग्या। 4 अर तीसरे सुर्गदूत नै
अपणा कटोरा नदियाँ, अर पाणी के चोवां पै उंडेल दिया, अर वो लहू
बणग्या। 5 फेर मन्नै पाणी के अधिकारी सुर्गदूत ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या,
के हे पवित्र, जो सै, अर जो था, तू न्यायी सै, अर तन्नै यो न्याय करया।
6 क्यूँके उननै पवित्र माणसां, अर नबियाँ का लहू बहाया था, इस करकै
तन्नै उनतै लहू पियाया, क्यूँके वे इस्से जोग्गे सै। 7 दुबारा मन्नै वेदी तै
यो शब्द सुण्या, के हाँ! हे सर्वशक्तिमान प्रभु परमेसवर, तेरे फैसले
सही अर सच्चे सै। 8 अर चौथे सुर्गदूत नै अपणा कटोरा सूरज पै उंडेल
दिया, तो सूरज ताहीं यो हक दिया गया के वो माणसां नै अपणी गर्मी तै
झुलसा दे। 9 अर माणस घणी तपण तै झुळसगे, अर वे परमेसवर
कै नाम की, जिन ताहीं इन मुसीबतां पै हक सै, उस ताहीं श्राप देण
लाग्गे, अर ना ए पाप करणा छोड्या, ना उसकी महिमा करी। 10 अर
पाँचमै सुर्गदूत नै अपणा कटोरा उस पशु कै सिंहासन पै उंडेल दिया अर
उसके राज्य पै अन्धेरा छाग्या, अर माणस दर्द के मारे अपणी-अपणी
जीभ चबाण लाग्गे। 11 अर अपणे दर्दां अर फोड़यां कै कारण सुर्ग कै
